RNI NO.UPHIN/2010/36547
वर्ष 12 अंक 202
लखनऊ, शनिवार, 14 मई, 2022
पृष्ठ 16 मूल्य ₹ 3
लखनऊ
नगर संस्करण

लखनऊ, नई दिल्ली, रायपुर और फरीदाबाद से प्रकाशित

# पायनियर

www.dailypioneer.com





नडाल इटालियन ओपन के तीसरे दौर में हारे
स्पोर्ट्स-12


# ज्ञानवापी परिसर में आज से होगा सर्वे

## ● मुस्लिम पक्ष ने दी शीर्ष अदालत में चुनौती

**पायनियर समाचार सेवा।** वाराणसी



**वाराणसी** के ज्ञानवापी-श्रृंगार गौरी परिसर में ज्ञानवापी मस्जिद के अंदर वीडियोग्राफी सर्वे का काम शनिवार को शुरू होगा। जिलाधिकारी कौशल राज शर्मा ने शुक्रवार को बताया कि इस सिलसिले में सभी संबंधित पक्षों के साथ भी बैठक के बाद यह फैसला किया गया। मुस्लिम पक्ष ने स्थानीय अदालत के फैसले को उच्चतम न्यायालय में चुनौती दी है, मगर उसका कहना है कि यदि न्यायालय इस पर कोई फैसला नहीं देता है तो वह उच्च न्यायालय का दरवाजा भी खटखटा सकता है। तब तक वह ज्ञानवापी परिसर में वीडियोग्राफी-सर्वे कार्य में सहयोग करेगा।

जिलाधिकारी ने बताया कि शुक्रवार को सभी संबंधित पक्षों की एक महत्वपूर्ण बैठक हुई एवं उन सभी से अपील की गई कि वे अदालत द्वारा गठित आयोग के काम में पूरा सहयोग करें और कानून-व्यवस्था बनाए रखें। इस बैठक में मुस्लिम पक्ष के वकील भी मौजूद थे। शर्मा ने बताया कि ज्ञानवापी परिसर में आगे का वीडियो ग्राफी सर्वे कार्य शनिवार को शुरू होगा। दीवानी अदालत के न्यायाधीश (सीनियर डिविजन) रवि कुमार दिवाकर ने बृहस्पतिवार को मुस्लिम पक्ष की आपत्ति खारिज करते हुए ज्ञानवापी मस्जिद के अंदर भी सर्वे कराने और इस कार्य के लिए नियुक्त एडवोकेट कमिश्नर अजय मिश्रा को नहीं हटाने का निर्णय लिया था। इस बीच ज्ञानवापी मस्जिद की रखरखावकर्ता संस्था अंजुमन इंतजामिया मसाजिद के संयुक्त सचिव सैयद मोहम्मद यासीन ने पीटीआई-भाषा से बातचीत में कहा कि हमने सिविल जज रवि कुमार दिवाकर की अदालत द्वारा बृहस्पतिवार को पारित आदेश को उच्चतम न्यायालय में चुनौती दी है। न्यायालय ने कहा है कि वह इस पर कोई आदेश देने से पहले सभी फाइलें देखेगा। अगर वह इस मामले पर कोई आदेश नहीं देता है तो हम उच्च न्यायालय का दरवाजा भी खटखटा सकते हैं। उन्होंने कहा, "तब तक हम जिला अदालत द्वारा दिए गए आदेश के पालन में सहयोग करेंगे। इससे पहले, मुस्लिम पक्ष के वकील अभय नाथ यादव ने कहा था कि जिला अदालत के फैसले को उच्च न्यायालय में चुनौती देने के बारे में अभी कोई अंतिम फैसला नहीं लिया गया है तथा सलाह मशवरे के बाद ही इस पर कोई निर्णय लिया जाएगा।

उल्लेखनीय है कि वाराणसी की अदालत ने ज्ञानवापी श्रृंगार-गौरी परिसर का वीडियोग्राफी सर्वेक्षण कराने के लिए नियुक्त कोर्ट कमिश्नर को पक्षपात के आरोप में हटाने संबंधी याचिका बृहस्पतिवार को खारिज करते हुए स्पष्ट किया था कि ज्ञानवापी मस्जिद के अंदर भी वीडियोग्राफी कराई जाएगी। दीवानी अदालत के न्यायाधीश (सीनियर डिवीजन) दिवाकर ने कोर्ट कमिश्नर अजय मिश्रा को हटाने संबंधी याचिका को नामंजूर करते हुए विशाल सिंह को विशेष कोर्ट कमिश्नर और अजय प्रताप सिंह को सहायक कोर्ट कमिश्नर के तौर पर नियुक्त किया। अदालत ने इसके साथ ही संपूर्ण परिसर की वीडियोग्राफी करके 17 मई तक रिपोर्ट पेश करने के निर्देश भी दिए हैं। इस बीच, टीवी चैनलों पर मुस्लिम समाज के लोग शुक्रवार को ज्ञानवापी मस्जिद में कड़ी सुरक्षा के बीच नमाज़ पढ़ने जाते देखे गए।

## एडवोकेट कमिश्नर की जल्द नियुक्ति को दो याचिकाएं दायर

### श्री कृष्ण जन्मभूमि-शाही ईदगाह मस्जिद विवाद

**भाषा।** मथुरा

**मथुरा** की शाही मस्जिद ईदगाह में कथित रूप से हिंदू मंदिर के निशानों की पुष्टि के लिए एडवोकेट कमिश्नर की जल्द नियुक्ति के लिए मथुरा की अदालत में शुक्रवार को दो याचिकाएं दायर की गईं। शासकीय अधिवक्ता संजय गौर ने बताया कि सिविल जज (सीनियर डिविजन) ज्योति सिंह की अदालत में भगवान श्रीकृष्ण विराजमान की तरफ से मनीष यादव तथा दिनेश नामक एक अन्य व्यक्ति ने ए याचिकाएं दायर कीं।

मनीष यादव ने अदालत से निषेधाज्ञा आदेश भी जारी करने की गुजारिश की ताकि शाही मस्जिद ईदगाह के अंदर कथित हिंदू मंदिर के निशानों को बचाया जा सके, क्योंकि इस बात की आशंका है कि दूसरा पक्ष ईदगाह के अंदर मौजूद इन निशानों को मिटा सकता है जिससे इस याचिका का मूल्य उद्देश्य ही समाप्त हो जाएगा। गौरतलब है कि यह मामला इलाहाबाद उच्च न्यायालय के समक्ष भी पेश किया गया था। उच्च न्यायालय के न्यायाधीश न्यायमूर्ति सलिल कुमार राय ने बृहस्पतिवार को मनीष यादव की याचिका को निस्तारित करते हुए संबंधित निचली अदालत को निर्देश दिए थे कि वह अस्थाई निषेधाज्ञा याचिका के साथ-साथ श्री कृष्ण जन्मभूमि-शाही ईदगाह मस्जिद विवाद से संबंधित सभी लंबित मुद्दों को एक साथ जोड़ने संबंधी याचिका पर चार महीने के अंदर फैसला दे।

मनीष यादव ने 15 दिसंबर 2019 को उत्तर प्रदेश सुन्नी सेंट्रल वक्फ बोर्ड तथा अन्य के खिलाफ दायर मुकदमे में कहा था कि शाही मस्जिद ईदगाह (शेष पेज 4)

# मुंडका में आग का तांडव, 27 की मौत



**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

## ● रोहतक रोड पर मेट्रो स्टेशन के पास स्थित भवन में हैं कई कंपनियों के दफ्तर, सीसीटीवी व गोदाम

## ● प्रधानमंत्री ने व्यक्त की शोक संवेदना

**पश्चिमी** दिल्ली के रोहतक रोड पर मुंडका मेट्रो स्टेशन के पास शुक्रवार शाम तीन मंजिला इमारत में भीषण आग लग गई। इससे 27 लोगों की मौत हो गई। आग में झुलसने एवं छत से कूदने के कारण दर्जनों लोग घायल हो गए। बताया जा रहा है कि दुर्घटना के समय इमारत में करीब 300 लोग मौजूद थे। अधिकतर लोग निकल गए लेकिन कुछ ही मिनटों में आग ने पूरी इमारत को घेर लिया और धुएं में सीढ़ियां नहीं दिखने के कारण बड़ी संख्या में लोग अंदर फंस गए।

देर रात तक बचाव और राहत कार्य जारी था। पुलिस के अनुसार मरने वालों की संख्या बढ़ सकती है। आग लगते ही चारों ओर अफरा-तफरी मच गई और लोग बचाव के लिए इधर-उधर भागने लगे। बड़ी संख्या में लोग बिल्डिंग से बाहर निकल गए थे, लेकिन बहुत ही जल्द आग ने पूरी इमारत में चपेट में ले लिया और सीढ़ियों में धुआं भर गया। इससे लोगों को दिखना बंद हो गया और लोग वहीं फंस गए।

अग्निशमन विभाग के अधिकारियों के अनुसार, मुंडका मेट्रो स्टेशन के पिलर नंबर 544 के पास स्थित एक इमारत में आग लगने की सूचना शुक्रवार शाम करीब 4.40 बजे मिली थी। फौरन ही दमकल की 24 गाड़ियां घटना स्थल पर भेजी गईं। आग की स्थिति को देखते हुए और गाड़ियां मौके (शेष पेज 4)

## बस में आग लगी, चार की मौत, 20 घायल

**जम्मू (भाषा)।** कश्मीर के रियासी जिले के कटरा इलाके में शुक्रवार को एक बस में आग लग गई, जिससे इस हादसे में चार लोगों की मौत हो गई जबकि 20 अन्य घायल हो गए। अधिकारियों ने इसकी जानकारी दी। अधिकारियों के अनुसार, यह बस कटरा जा रही थी और इसी दौरान कटरा से तीन किलोमीटर पहले नोमाई के पास इसमें आग लग गई। उन्होंने बताया कि माता वैष्णो देवी जाने वाले श्रद्धालुओं के लिए कटरा आधार शिविर है। (शेष पेज 4)



कार्यवाहक पुलिस महानिदेशक देवेंद्र सिंह चौहान ने शुक्रवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से उनके आवास पर मुलाकात की

## सुप्रीम कोर्ट का नीट-पीजी-22 परीक्षा स्थगित करने से इनकार

**भाषा।** नई दिल्ली

**उच्चतम** न्यायालय ने डॉक्टरों की याचिका पर नीट-पीजी-2022 परीक्षा स्थगित करने से शुक्रवार को इनकार करते हुए कहा कि विलंब करने से डॉक्टर उपलब्ध नहीं होंगे और मरीजों की देखभाल पर गंभीर असर पड़ेगा। न्यायमूर्ति डी वाई चंद्रचूड़ और न्यायमूर्ति सूर्यकांत की पीठ ने कहा कि परीक्षा स्थगित करने से अफरा-तफरी और अनिश्चितता की स्थिति पैदा होगी और छात्रों के एक बड़े वर्ग पर इसका इसर पड़ेगा, जिन्होंने परीक्षा के लिए पंजीकरण कराया है।

पीठ ने कहा, दो लाख से अधिक उम्मीदवारों का एक बड़ा वर्ग है जो परीक्षा के लिए तैयारी कर चुका है तथा इस न्यायालय द्वारा परीक्षा आगे और स्थगित किए जाने से उनका कार्यक्रम प्रभावित होगा। इसके नतीजे में अफरातफरी और अस्थिरता की स्थिति पैदा होगी। पीठ ने कहा, इस मामले में आवश्यक तौर पर नीतिगत पहलू शामिल है और जबतक अदालत इस बात से संतुष्ट नहीं हो जाती है कि निर्णय बिना (शेष पेज 4)

# योगी सरकार के मंत्रियों की क्लास लेंगे पीएम मोदी

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

## ● आगामी 16 मई को अगवानी में तिरंगे के रंग से जगमग होगी राजधानी

**प्रधानमंत्री** नरेन्द्र मोदी आगामी 16 मई को अपनी यूपी यात्रा के दौरान योगी सरकार के मंत्रियों की क्लास लेगे। पीएम मोदी मंत्रियों के संग यहां बैठक करके सरकार के कामकाज को परखेगे और फिर उन्हे कुछ जरूरी टिप्स भी देगें। पीएम मोदी के साथ भोजन का भी सरकार के मंत्रियों को मौका मिलेगा। पीएम मोदी की प्रस्तावित यात्रा के मद्रेनजर सीएम योगी ने 16 मई को सभी मंत्रियों के कार्यक्रम रदद कर दिये है।

पीएम के कार्यक्रम की तैयारियों को खुद सीएम योगी लगातार समीक्षा कर रहे है। धानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 16 मई को कुशीनगर के बाद लखनऊ आना हैं। कुशीनगर में भगवान महात्मा बुद्ध की महापरिनिर्वाण स्थल का दर्शन करने के बाद प्रधानमंत्री लखनऊ पहुंचेंगे। लखनऊ में उनका प्रदेश की योगी आदित्यनाथ सरकार के मंत्रियों के साथ बैठक और भोजन का भी कार्यक्रम है। इसी को देखते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज सभी मंत्रियों को 16 मई के अपने सारे कार्यक्रम को रद करने का निर्देश दिया है। उन्हे लखनऊ में रहने को कहा गया है। पीएम के सम्मान में मुख्यमंत्री के सरकारी आवास पांच कालिदास मार्ग पर आयोजित होने वाले रात्रि भोज में राज्य सरकार के सभी मंत्री भी शामिल होंगे।

पीएम मोदी के आगमन के दृष्टिगत सभी मंत्रियों से कहा गया है कि वे अपनी कोरोना संक्रमण की जांच करा लें। सभी मंत्रियों को 16 मई की सुबह तक अपनी कोरोना जांच रिपोर्ट देनी होगी। कोरोना जांच रिपोर्ट 48 घंटे से पुरानी नहीं होनी चाहिए। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 16 मई की शाम को लखनऊ आएंगे। उस दिन एअरपोर्ट (शेष पेज 4)

## मोहाली विस्फोट में बब्बर खालसा व आईएसआई का हाथ, पांच गिरफ्तार

**भाषा।** चंडीगढ़

**पंजाब** पुलिस ने अपने मोहाली कार्यालय में आरपीजी हमले के सिलसिले में पांच लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इस मामले में आतंकवादी संगठन बब्बर खालसा इंटरनेशनल एवं पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी इंटर-सर्विसेज इंटेलीजेंस (आईएसआई) की सांठगांठ की ओर इशारा किया है। पुलिस महानिदेशक वी के भावरा ने शुक्रवार को यहां संवाददाता सम्मेलन में कहा कि छठा आरोपी एक अन्य मामले में पुलिस हिरासत में है। उन्होंने कहा कि घटना के पीछे की साजिश का पता लगा लिया गया है और पाकिस्तान की आईएसआई के इशारे पर आतंकवादी संगठन बब्बर खालसा इंटरनेशनल और गैंगस्टरों के बीच सांठगांठ का मामला सामने आया है। डीजीपी ने कहा कि मुख्य साजिशकर्ता तरनतारन निवासी लखबीर सिंह गैंगस्टर से आतंकवादी बने हरविंदर सिंह रिंडा का करीबी सहयोगी है। माना जाता है कि रिंडा पाकिस्तान में है। भवरा ने कहा कि गिरफ्तार किए गए पांच (शेष पेज 4)

# कांग्रेस को सुधारों की सख्त जरूरतः सोनिया

## ● रणनीति में बदलाव ढांचागत सुधार व रोजाना काम करने के तरीके में परिवर्तन लाना होगा

## ● देश को लगातार ध्रुवीकरण की स्थिति में रखना चाहते हैं पीएम मोदी

**पायनियर समाचार सेवा।** उदयपुर/नई दिल्ली

**कांग्रेस** अध्यक्ष सोनिया गांधी ने शुक्रवार को कहा कि पार्टी में तत्काल व्यापक सुधारों की जरूरत है, क्योंकि असाधारण परिस्थितियों में असाधारण कार्रवाई की आवश्यकता होती है।

राजस्थान के उदयपुर में तीन दिवसीय चिंतन शिविर के पहले दिन अपने उद्घाटन संबोधन में सोनिया ने

चिंतन शिविर



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर सीधा हमला बोलते हुए आरोप लगाया कि वह देश को लगातार ध्रुवीकरण की स्थिति में रखना चाहते हैं। साथ ही, क्रूर हमलों से अल्पसंख्यकों को खौफजदा रखने की कोशिशें हो रही हैं एवं राजनीतिक विरोधियों को धमकिया, डराया जा रहा है।

चिंतन शिविर में पहले दिन 'एक परिवार, एक टिकट' के फार्मूले को लागू करने पर चर्चा हुई। हालांकि यह नियम ऐसे परिवार पर लागू नहीं होगा, जिसका कोई अन्य सदस्य भी कांग्रेस के (शेष पेज 4)

## बाजार

| | | |
|---|---|---|
| सेंसेक्स | 52,793 | ↓ 136 |
| निफ्टी | 15,782 | ↓ 25 |
| सोना | 50,127 | ↓ 360 /10g |
| चांदी | 58,916 | ↓ 252 /kg |

## क्विक न्यूज

### हनुमानगढ़ी के महंत संतराम दास मेदान्ता में भर्ती

**लखनऊ।** अयोध्या में हनुमानगढ़ी उज्जैनियां पट्टी के महंत संतराम दास की तबियत बिगड़ने के बाद इलाज के लिए शुक्रवार को उन्हें लखनऊ के मेदांता अस्पताल में भर्ती कराया गया है। महंत बीते तीन दिनों से महंत लो ब्लड शुगर और खून की कमी से जूझ रहे रहे थे। स्थानीय चिकित्सकों की सलाह के बाद उन्हें यहां भर्ती कराया गया है। भर्ती होने के बाद डाक्टरों ने उनकी हालत स्थिर बताई है। महंत संतराम दास के साथ पुजारी राजू दास, रामकोट क्षेत्र के पार्षद रमेश दास सहित अन्य कई संत लखनऊ में उनके साथ मौजूद हैं।

## यूएई के राष्ट्रपति बिन जायद का निधन, भारत में आज राजकीय शोक

**दुबई।** संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के राष्ट्रपति एवं अबू धाबी के शासक शेख खलीफा बिन जायद अल नाह्यान का शुक्रवार को निधन हो गया। वह 73 साल के थे। स्थानीय मीडिया ने राष्ट्रपति से जुड़े मामलों के मंत्रालय के हवाले से शेख खलीफा के निधन की पुष्टि की। समाचार एजेंसी डब्ल्यूएएम ने कहा, राष्ट्रपति से जुड़े मामलों का मंत्रालय यूएई के राष्ट्रपति शेख खलीफा बिन जायद अल नाह्यान के निधन पर यूएई, अरब जगत, इस्लामी राष्ट्र और भारत के पीएम नरेंद्र मोदी समेत दुनियाभर के लोगों के प्रति संवेदना व्यक्त करता है। शेख खलीफा तीन नवंबर 2004 से यूएई के राष्ट्रपति और अबू धाबी के शासक के रूप में सेवाएं दे रहे थे। खलीज टाइम्स के मुताबिक, राष्ट्रपति से जुड़े मामलों के मंत्रालय ने शेख खलीफा के निधन पर 40 दिन के राष्ट्रीय शोक की घोषणा की है। इस दौरान राष्ट्रीय (शेष पेज 4)

# हर साल दस लाख पक्षी जान देकर चुका रहे विकास की कीमत

**अर्चना ज्योति।** नई दिल्ली

विश्व प्रवासी पक्षी दिवस

## ● कृत्रिम रोशनी से होती है प्रवासी पक्षियों को परेशानी, लैंप पोस्ट और बिजली के ऊंचे होर्डिंग बन रहे बाधा

**सात** समंदर पार से आने वाले लाखों-करोड़ों प्रवासी पक्षियों में से करीब 10 लाख पक्षियों को हर साल मानव के कथित विकास का खामियाजा अपनी जान देकर चुका रहे हैं। सड़कों और गलियों में लगे लैंपपोस्ट, बिजली के ऊंचे होर्डिंग से निकलने वाली कृत्रिम प्रकाश प्रदूषण से पक्षी न सिर्फ गंतव्य का रास्ता भटक रहे हैं, बल्कि मोबाइल और टीवी स्क्रीन से निकलने वाली रोशनी उनके स्वाभाव को भी प्रभावित कर रहा है।

विशेषज्ञों के अनुसार विश्व स्तर पर हर साल कृत्रिम रोशनी में दो फीसदी की हो रही बढ़ोतरी ने उड़ने वाले पक्षियों के जीवन को बदतर बना दिया है। इतना ही नहीं कृत्रिम रोशनी सर्दियों में पक्षियों के प्रजनन को प्रभावित करने के साथ उनके खान-पान और व्यवहार में बाधक बन रहा है। विश्व प्रवासी पक्षी दिवस (डब्ल्यूएमबीडी) की पूर्व संध्या पर विशेषज्ञों ने कहा कि प्रवासी पक्षियों की सुरक्षा के लिए यह वर्ष मानव निर्मित प्रकाश प्रदूषण के खतरे पर केंद्रित रहेगा। भारत में हर साल बड़ी संख्या में कई विदेशी पक्षी दूर देश से आते हैं। जिसमें एशियाई स्पैरो-हॉक, हैरियर्स, पेरेग्रीन फाल्कन, ऑस्प्रे, पैसिफिक गोल्डन प्लोवर, ग्रेलाग गूज, बार-हेडेड गूज, नॉर्दर्न शोवेलर, टफ्टेड डक, और अधिक सहित पक्षियों की कम से कम 229 प्रजातियां हर साल देश में पहुंचतीं हैं। विशेषज्ञों ने प्रकाश प्रदूषण की गंभीर



समस्या की तरफ ध्यान आकर्षित करते हुए कहा कि इससे प्रवासी पक्षियों के व्यवहार में बदलाव के साथ पक्षियों के प्रवास से वापसी तक आपसी संचार समन्वय और बॉडी क्लॉक (शरीर की आतंरिक घड़ी) पर प्रभावित होता है। दुनिया भर के पक्षी विशेषज्ञों ने विश्व के नीति निर्माताओं से पक्षियों पर प्रकाश प्रदूषण के प्रभाव को कम करने के लिए कदम उठाने का आह्वान किया है। उन्होंने बताया कि प्रवासी पक्षी रात में कृत्रिम प्रकाश से आकर्षित हो जाते हैं विशेष रूप से जब कम बादल, कोहरा, बारिश या कम ऊंचाई पर उड़ते हैं। पक्षी अपना रास्ता भटक कर रोशनी वाले क्षेत्रों में चक्कर लगाते हैं जिससे उनका ऊर्जा भंडार समाप्त होने से थकावट होने से शिकार होने के साथ गंभीर खतरे में पड़ जाते हैं। प्रवासी जंगली जानवर प्रजातियों के संरक्षण के कार्यकारी सचिव एमी फ्रेंकेल ने कहा कि प्राकृतिक अंधेरे का उसी तरह से संरक्षण मूल्य है जैसे स्वच्छ पानी, हवा और मिट्टी का।

विश्व प्रवासी पक्षी दिवस 2022 का एक प्रमुख लक्ष्य प्रकाश प्रदूषण के मुद्दे और प्रवासी पक्षियों पर इसके नकारात्मक प्रभावों के बारे में जागरूकता बढ़ाना है। इस समस्या का समाधान आसानी से उपलब्ध है और बस हम सभी को प्रमुख नीति निर्माताओं को निर्णय निर्माताओं को प्रकाश प्रदूषण को दूर करने के उपायों को अपनाने के लिए प्रोत्साहित करने की आवश्यकता है। अफ्रीकी-यूरेशियन प्रवासी जलपक्षी (एईडब्ल्यूए) के संरक्षण समझौते पर कार्यकारी सचिव जैक्स ट्रौविलीज़ ने कहा कि रात में सक्रिय पक्षी प्रकाश प्रदूषण के अत्यधिक प्रभावों का अनुभव करती है। रात्रि प्रवास करने वाले पक्षी जैसे बतख, गीज़, प्लोवर, सैंडपाइपर और सोंगबर्ड प्रकाश प्रदूषण से प्रभावित होते हैं, जिससे वे मार्ग भटक जाते हैं और इसके परिणाम घातक टकराव के साथ होता है। पेट्रेल और शीयरवाटर जैसे समुद्री पक्षी जमीन पर कृत्रिम रोशनी से आकर्षित होते हैं और चूहों और बिल्लियों के शिकार बन जाते हैं। समुद्री कछुओं, समुद्री पक्षियों और प्रवासी समुद्री पक्षियों को कवर करने वाले प्रकाश प्रदूषण पर दिशानिर्देशों का 2020 में सीएमएस पार्टियों द्वारा समर्थन किया गया था। उनकी सिफारिशों के बीच, दिशानिर्देशों ने सर्वोत्तम प्रकाश व्यवस्था के छह सिद्धांतों को निर्धारित किया। समुद्री कछुओं, समुद्री पक्षियों और प्रवासी शोरबर्ड्स को (शेष पेज 4)

## यूपी 32 करोड़ टीके की डोज देने वाला होगा पहला राज्य

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**सर्वाधिक** आबादी वाले यूपी में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के कुशल प्रबंधन का परिणाम है कि दूसरे प्रदेशों की अपेक्षा यूपी में सर्वाधिक कोरोना के टेस्ट और टीकाकरण किए जा चुके हैं। यूपी एकमात्र राज्य है जिसने 31 करोड़ 96 लाख से अधिक कोविड टीके की डोज लगाने और 11 करोड़ से अधिक सैम्पल की जांच की है। यूपी जल्द ही 32 करोड़ टीके की डोज देने वाला पहला राज्य होगा। ट्रिपल फोर की रणनीति के तहत यूपी ने कम समय में न सिर्फ संक्रमण पर काबू पाया बल्कि कोरोना के नए वेरिएंट के प्रसार को भी रोकने में सक्षम रहा। एग्रेसिव टेस्टिंग, ट्रेसिंग, त्वरित ट्रीटमेंट और तेज टीकाकरण की नीति के अच्छे परिणाम देखने को मिले हैं। जिसके चलते यूपी के कोविड प्रबंधन की आज विभिन्न वैश्विक संस्थाएं सराहना कर रही हैं। प्रदेश में कराए गए सीरो सर्विलांस के अनुसार तीसरी लहर के बाद लोगों में एंटीबॉडी की स्थिति पहले से काफी बेहतर हुई है। जिसका मुख्य कारण वैक्सीनेशन है। प्रदेश में 17 करोड़ 27 लाख को पहली डोज 14 करोड़ 40 लाख से अधिक को दूसरी डोज दी जा चुकी है। इसके साथ 29 लाख लोगों को प्रीकॉशन डोज दी जा चुकी है। प्रदेश में स्वच्छता, कोविड गाइडलाइन, प्रोटोकॉल, फोकस टेस्टिंग, टीकाकरण,

# गीडा को विकास और निवेश की सौगात देंगे सीएम योगी

● 1005 करोड़ रुपये के निवेश और करीब 2700 नए रोजगार का मार्ग होगा प्रशस्त

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**गोरखपुर** औद्योगिक विकास प्राधिकरण (गीडा) में औद्योगिक विकास की संभावनाओं को निरंतर तराश रहे मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ विकास की सौगात देने आ रहे हैं। रविवार को सीएम योगी गीडा में जहां 143 करोड़ रुपए के विकास कार्यों का लोकार्पण व शिलान्यास करेंगे वहीं छह नए निवेशकों को 45.5 एकड़ भूमि आवंटन का पत्र सौंपकर 1005 करोड़ रुपये के निवेश से करीब 2700 नए रोजगार का मार्ग प्रशस्त करेंगे। इसके पूर्व शनिवार को मुख्यमंत्री महंत दिग्विजय नाथ स्मृति पार्क में आयोजित समारोह के दौरान 144 करोड़ रुपए से अधिक की विकास परियोजनाओं का लोकार्पण व शिलान्यास करेंगे।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ शनिवार को गोरखपुर पहुंचेंगे। इसी दिन रामगढ़ताल क्षेत्र में स्थित महंत दिग्विजयनाथ स्मृति पार्क में आयोजित कार्यक्रम के दौरान सीएम 33.16 करोड़ रुपये की लागत वाली ग्रामीण अभियंत्रण विभाग और गोरखपुर विकास प्राधिकरण की 40 परियोजनाओं का लोकार्पण करेंगे। उनके हाथों 111.33 करोड़ रुपये की लागत वाली आवास विकास परिषद, बाढ़ खंड और लोक निर्माण विभाग की 21 परियोजनाओं का शिलान्यास भी होगा। मुख्यमंत्री के हाथों शिलान्यास वाली परियोजनाओं में ज्यादातर बाढ़ बचाव के उपायों से जुड़ी हैं। साथ ही गोला में कस्तूरबा गांधी बालिका छात्रावास (लागत 2 करोड़ 16 लाख 55 हजार रुपये) तथा राजकीय आईटीआई चरगांवा में ऑडिटोरियम (लागत 4 करोड़ 52 लाख रुपये) के निर्माण का शिलान्यास भी सीएम योगी करेंगे। गोरखपुर दौरे के दूसरे दिन रविवार को भी सीएम योगी के हाथों विकास की सौगात मिलने का सिलसिला जारी रहेगा। मुख्यमंत्री गीडा में निवेश का मार्ग प्रशस्त करने को उद्यमियों को अपने हाथों भूमि आवंटन पत्र सौंपेंगे। साथ ही गीडा क्षेत्र में बुनियादी सुविधाओं से जुड़े कई विकास कार्यों का लोकार्पण व शिलान्यास भी करेंगे।

गीडा में उद्योग लगाने की इच्छा जताने वाले केयान डिस्टलरी प्राइवेट लिमिटेड को 20 एकड़, तत्वा प्लास्टिक प्राइवेट लिमिटेड को 5.5 एकड़, सीपी मिल्क एंड फूड प्रोडक्ट प्राइवेट लिमिटेड, क्वार्ट्ज ओपलवेयर प्राइवेट लिमिटेड, आदित्य मोटर प्राइवेट लिमिटेड तथा बुद्धा मेडिकल ट्रस्ट को 5-5 एकड़ भूमि आवंटन पत्र का वितरण सीएम योगी के हाथों होगा।



नवनियुक्त महाधिवक्ता अजय मिश्रा ने मुख्यमंत्री से की मुलाकात

## केन्द्र सरकार के आठ वर्ष पूरे होने पर उत्सव मनायेगी भाजपा

**लखनऊ।** पीएम नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में आगामी 30 मई को केन्द्र सरकार के आठ वर्ष पूरे होने पर भाजपा द्वारा देशभर में बूथ स्तर तक आठ साल सेवा सुशासन और गरीब कल्याण कार्यक्रम मनाया जाएगा। प्रदेश अध्यक्ष स्वतंत्र देव सिंह व प्रदेश महामंत्री संगठन सुनील बंसल ने पार्टी के प्रदेश पदाधिकारियों, जिलाध्यक्षों व जिला प्रभारियों के साथ बैठक कर रणनीति तैयार की। पार्टी के मोर्चा प्रकोष्ठों के कार्यकर्ताओं द्वारा भी आठ साल सेवा सुशासन और गरीब कल्याण कार्यक्रम के तहत अलग-अलग प्रकार के कार्यक्रम व अभियान चलाए जाएगें। पार्टी के प्रदेश महामंत्री गोविन्द नारायण शुक्ला ने बताया कि आठ साल सेवा सुशासन और गरीब कल्याण कार्यक्रम के अन्तर्गत रिपोर्ट टू नेशन कार्यक्रम जिला स्तर पर आयोजित किए जाएगें। साथ ही केन्द्र व प्रदेश सरकार की विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों को कार्यक्रम में सम्मानित करने के लिए योजना भी बनाई गई है। केन्द्र सरकार की उपलब्धियों का पत्रक अभियान के तहत विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से जन-जन तक पहुंचाया जाएगा। उन्होंने बताया कि पार्टी द्वारा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में केन्द्र सरकार के आठ वर्ष पूर्ण होने पर सेवा सुशासन और गरीब कल्याण के विभिन्न कार्यक्रमों की रूपरेखा बूथ स्तर पर भी तैयार की गई है।

### मंत्री समूह के सुझाव पर शुरू हुई कवायद

## घर बैठे हो सकेगा सम्पत्तियों का कर निर्धारण

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**सम्पत्ति** कर निर्धारण में हेराफेरी पर अंकुश लगाने के लिये योगी सरकार कर निर्धारण की नयी व्यवस्था लाने जा रही है। प्रस्तावित व्यवस्था पूरी तरह हाईटेक होगी और लोग अपनी सम्पत्तियों का कर निर्धारण घर बैठे कर सके है। सरकार का मानना है कि नयी व्यवस्था के लागू होने से शहरी में रहने वालों को निकायों के चक्कर काटने से निजात मिलेगी तथा कर निर्धारण की प्रक्रिया को और अधिक पारदर्शी बनाया जा सकेगा।

फिलहाल नगर विकास विभाग ने पत्र लिखकर इस बार में लखनऊ, कानपुर, आगरा, गाजियाबाद, वाराणसी, गोरखपुर, प्रयागराज तथा बरेली सहित विभिन्न नगर निगमों से सुझाव मांगे है। अधिकारिक सूत्रों का कहना है कि सुझाव आने के बाद सम्पत्ति कर निर्धारण की प्रस्तावित व्यवस्था को जमीन पर उतारने का काम किया जाएगा। दरअसल योगी सरकार सत्ता की अपनी दूसरी पारी में राज्य की जनता की दिक्कतों पर पूरा फोकस कर रही है। सरकार की कोशिश है कि सरकार के कामकाज का तरीका कुछ ऐसा हो, जिससे लोगों को किसी भी तरह की दिक्कतों का सामना न करना पडे। अपनी इसी मंशा के तहत सीएम योगी ने अपने सभी मंत्रियों को जनता के बीच जाने और लोगों के फीडबैक से सरकार को अवगत कराने के निर्देश दिये है। मंत्रियों से मिलने वाले फीडबैक के आधार पर सरकार ने योजनाओं को बनाने तथा सरकार के कामकाज को आगे बढाने का निर्णय लिया है।

अधिकारिक सूत्रों का कहना है कि मंत्री समूह की ओर से आये फीडबैक के आधार पर कर निर्धारण की नयी व्यवस्था को लाने का काम शुरू हुआ है। सीएम योगी के निर्देश पर जनता की नब्ज टटोलने पहुंचे मंत्रियों की तरफ से मुख्यमंत्री को जो सुझाव मिले हैं, उनमे सबसे ज्यादा कर निर्धारण में गडबडी के हैं। मंत्री समूह के फीडबैक में यह बात सामने आयी है कि निकायों में कर निर्धारण में लोगों को बिना वजह परेशान किया जाता है। उन्हे पहले तो लम्बे-चौडे बिल थमाये जाते है और फिर बाद में संशोधन के नाम पर कम कर दिया जाता है। इन्ही शिकायतों को देखते हुये सरकार नयी व्यवस्था को लाने जा रही है। जानकारों का कहना है कि कर निर्धारण की नयी व्यवस्था में लोगों को नगर निगमों पर आश्रित नही होना पडेगा। वह स्वयं आंन लाइन अपनी सम्पत्ति के कर का निर्धारण करके टैक्स को जमा कर सकेगे।

## दारोगा भर्ती परीक्षा में धांधली करने वाले 57 अभ्यर्थी अब तक भेजे गए जेल

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**गलत** तरीकों से कंधे पर वर्दी धारण करने का ख्वाब सजाने वालों के सपने पुलिस महकमे की सख्ती के चलते धराशायी हो गए हैं। उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती बोर्ड के मुताबिक दारोगा के पद पर सीधी भर्ती 2020-21 की ऑनलाइन परीक्षा में धांधली करने वाले ऐसे 57 अभ्यर्थियों को अब तक गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका है।

प्रदेश में 12 जनवरी 2021 से 2 दिसंबर 2021 तक उपनिरीक्षक (दारोगा) नागरिक पुलिस व समकक्ष पदों पर सीधी भर्ती की ऑनलाइन परीक्षा आयोजित की गई। जिसके परिणाम के उपरांत डाक्यूमेंट वेरीफिकेशन (डीवी) और शारीरिक परीक्षण (पीएसटी) के लिए 36170 अभ्यर्थियों को बुलाया गया। बोर्ड के अनुसार इस दौरान जिन 57 अभ्यर्थियों के फिंगर प्रिंट मिसमैच हुए या उनके द्वारा अनुचित साधनों का प्रयोग कर आपराधिक कृत्य किया गया, उनके खिलाफ विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जेल भेजा गया। इसके साथ ही इन सभी अभ्यर्थियों को भर्ती की चयन प्रक्रिया से बाहर कर दिया गया है।

## तबादले की व्यवस्था का सख्ती से पालन होः दुर्गा शंकर मिश्र

**लखनऊ।** समूह ग के कर्मियों के तीन साल में तबादला किये जाने की सरकारी व्यवस्था की अनदेखी पर मुख्यसचिव दुर्गा शंकर मिश्र ने नाराजगी जतायी है। उन्होने सभी अपर मुख्य सचिव प्रमुख सचिव, सचिव तथा विभागाध्यक्षों को निर्धारित व्यवस्था को पारदर्शिता के साथ पालन कराये जाने के निर्देश दिये है। मुख्य सचिव ने कहा है कि सरकारी कार्यालयों में कार्य की शुचिता बनाये रखने के दृष्टिगत समूह ग के कार्मिकों का प्रत्येक 3 वर्ष के बाद तबादला किये जाने का प्रावधान है, लेकिन इसके विपरीत शासन के संज्ञान में यह आया है कि अभी भी उक्त आदेशों का कड़ाई से अनुपालन नहीं किया जा रहा है। शासनादेश में कहा गया है कि समूह ग के कार्मिकों का तबादले प्रत्येक 3 वर्ष के बाद प्रतिवर्ष 30 जून तक अनिवार्य रूप से कर दिया जाय। पत्र में कहा गया हे कि सभी विभागाध्यक्ष कार्यालयाध्यक्ष यह देखेंगे कि पटल, क्षेत्र परिवर्तन की व्यवस्था का कड़ाई से अनुपालन हो। संवेदनशील लोक व्यवहार के पदों के संबंध में भी व्यक्तिगत रूप से समीक्षा कर संबंधित कार्मिक का पटल, क्षेत्र परिवर्तन शीर्ष प्राथमिकता पर किया जाय। पत्र के मुताबिक यदि किसी कार्मिक का शासकीय कार्यहित में पटल, क्षेत्र परिवर्तन न किये जाने की अपरिहार्य परिस्थिति हो, तो इस संबंध में उन अपरिहार्य परिस्थितियों का उल्लेख करते आदेश जारी किया जाये।

## दो आईएएस अफसरों के तबादले

**लखनऊ।** प्रदेश सरकार ने शुक्रवार को दो आईएएस अधिकारियों का तबादला कर दिया। इसके तहत आयुष विभाग के अपर मुख्य सचिव डॉ. प्रशांत त्रिवेदी को प्रदेश का नया अपर मुख्य सचिव वित्त बनाया गया है। यह पद वरिष्ठ आईएएस अधिकारी राधा एस चौहान के केंद्रीय प्रतिनियुक्ति पर जाने के बाद से खाली था। त्रिवेदी के पास आयुष विभाग अतिरिक्त प्रभार के रूप में रहेगा।

इसके अलावा प्रमुख सचिव आवास नितिन रमेश गोकर्ण को प्रमुख सचिव राज्य कर विभाग का अतिरिक्त प्रभार दिया गया है। यह पद भी राधा एस चौहान के प्रतिनियुक्ति पर जाने की वजह से खाली चल रहा था। उल्लेखनीय है कि शासन ने बीते शुक्रवार को भी पांच आईएएस और सात पीसीएस अफसरों के तबादले किए थे।

**Notice-** I Mrs. Shikha Agarwal W/o Mr. Anoop Agarwal R/o T-10/502, Parsvnath Planet, Vibhuti Khand, Gomti Nagar, Lucknow-226010 am the allottee of Studio Suite No B-2/822 in the project "my Pad" situated at DLF City Center, Vibhuti Khand, Gomti Nagar Lucknow, Uttar Pradesh. I have lost Studio Buyer's Agreement of the said property. If found by someone please send it to the above-mentioned address.

# प्रदेश में अराजकता व अव्यवस्था का माहौलः अखिलेश

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**समाजवादी** पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने कहा है कि भाजपा सरकार के राज में उत्तर प्रदेश अव्यवस्था और अराजकता की भेंट चढ़ गया है। भाजपा की बहुचर्चित योजनाओं की पोलपट्टी अब जनता के सामने खुलती जा रही है। भाजपा की बड़ी दूकान के फीके पकवान से जनता ऊबती जा रही है। प्रशासनिक ढिलाई, अकर्मण्यता और भ्रष्टाचार से प्रदेश का राजनैतिक वातावरण प्रदूषित हो चला है।

स्वच्छ भारत मिशन के तहत ललितपुर में करोड़ों रुपए खर्च करने के बाद भी योजना का सही ढंग से कार्यान्वयन नहीं हो पा रहा है। अभी तक 14 गांवों में सामुदायिक शौचालय नहीं बन



सके हैं। जो बने भी हैं उनमें बड़े पैमाने पर कमियां उजागर हुई है। स्वच्छ भारत के नाम पर केवल भ्रष्टाचार हुआ है। गोरखपुर में मरीजों को विशिष्ट स्वास्थ्य सुविधाएं देने के लिए एम्स की स्थापना की गई। भाजपा सरकार में यह अव्यवस्था का केन्द्र बन गया है। समाजवादी सरकार ने एम्स के लिए मुफ्त जमीन उपलब्ध करायी थी। मुख्यमंत्री अपने गृह जनपद में बदइंतजामी के सिवाय कुछ नहीं दे सके है। एम्स में सुविधाओं का अभाव मरीजों पर भारी पड़ रहा है। मरीज को गोद में लेकर तीमारदार ओपीड़ी में बहुत मुश्किल से पहुंच पाते हैं। देवरिया में मरीजों को मिलने वाले भोजन में भी भ्रष्टाचार की शिकायते हैं। यहां मेडिकल कॉलेज में प्रसूताओं को पानी वाला दूध, पानी वाली सब्जी परोसी जा रही है। गर्भवती महिलाओं की समय से जांच भी नहीं हो रही है। डॉक्टर ओपीडी में समय से नहीं बैठते हैं।

उत्तर प्रदेश की भाजपा सरकार में सरकारी स्कूलों की बर्बादी नज़र आ रही है। परिषदीय स्कूलों में शौचालय और पीने के पानी के लिए बच्चे परेशान है। मिशन कायाकल्प के नाम पर करोड़ों रुपए फूंकने के बाद भी अव्यवस्था पर रोक नहीं है। समाजवादी पार्टी की सरकार ने गोमती नदी की सफाई कराकर शानदार रिवरफ्रंट बनाकर जनता को समर्पित किया था। सन् 2017 में भाजपा सरकार बनते ही राजनैतिक विद्वेषवश गोमती नदी के जल को मैला और गोमती रिवरफ्रंट को बर्बाद कर दिया गया जबकि गोमती रिवरफ्रंट लखनऊ का ऑक्सीजन बैंक है। भाजपा सरकार और मुख्यमंत्री समझते हैं कि विज्ञापनों और होर्डिंग के जरिए विकास के थोथे दावों से जनता को अनन्तकाल तक गुमराह किया जा सकता है। भाजपाई धोखाधड़ी के कारनामें एक-एक कर जनता के सामने आते जा रहे हैं। जनता से भाजपा सरकार सच्चाई नहीं छुपा सकती है। भाजपा सरकार झूठ और धोखाधड़ी के जवाब देने से बच नहीं सकती।

# टीम भावना के साथ निष्ठा से कार्य करेगी पुलिसः डीजीपी

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**यूपी** के कार्यवाहक डीजीपी बनाए गए देवेंद्र सिंह चौहान ने कहा है कि यूपी पुलिस एक परिवार की भाँति टीम भावना बनाए रखते हुए शासन की प्राथमिकताओं के अनुसार पूर्ण निष्ठा एवं ईमानदारी से कार्य करेगी। चौहान शुक्रवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मुलाकात के बाद पुलिस मुख्यालय पहुंचे और बतौर कार्यवाहक डीजीपी अपना पदभार ग्रहण किया।

उन्होंने अपने स्टाफ से मुलाकात करने के बाद भारतीय विदेश सेवा के प्रोबेशनरी अधिकारियों और प्रशिक्षु आईपीएस अधिकारियों से मुलाकात की। उसके साथ ही उनके साथ अपने अनुभव साझा किए। इसके साथ ही देश-विदेश के कई अहम मुद्दों पर चर्चा की। उसके बाद विभागीय लोगों से कानून.व्यवस्था को लेकर मीटिंग का दौर चलता रहा।

यह पहला मौका रहा जब नए डीजीपी के पद का कार्यभार ग्रहण करने के बाद आधिकारिक तौर पर न तो प्रेस कांफ्रेंस बुलाई गई और न ही देवेंद्र सिंह चौहान मीडिया मीडिया से मुखातिब हुए। हालांकि मुख्यालय द्वारा जानकारी दी गई कि कार्यवाहक डीजीपी ने कहा ने पदभार ग्रहण करने के बाद कहा कि मुख्यमंत्री एवं उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा निर्धारित प्राथमिकताओं का कड़ाई से अनुपालन कराते हुए कानून-व्यवस्था व अपराध नियंत्रण पर सख्ती तथा पूर्ण मनोयोग के साथ कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

उत्तर प्रदेश सरकार की प्राथमिकता के अनुरूप महिला सुरक्षा, बच्चों, बुजुर्गो व व्यापारी वर्ग की सुरक्षा के संबंध में भी कड़ाई से कार्रवाई की जाएगी। अपराध नियंत्रण के लिए आधुनिक तकनीकों एवं मानवीय संसाधनों का पूर्ण सदुपयोग किया जायेगा । उत्तर प्रदेश पुलिस के जवानों एवं पुलिस बल के अन्य सदस्यों की कठिनाइयों को दूर करने का यथासम्भव प्रयास किया जाएगा । पूर्व में प्रदेश एवं राष्ट्रीय मीडिया द्वारा जनहित के कार्यों को सम्पन्न कराने में अपना बहुमूल्य सहयोग प्रदान किया गया है, जिसके लिये उत्तर प्रदेश पुलिस उनका आभार व्यक्त करती है। उन्होंने भविष्य में भी इसी प्रकार के सहयोग की आशा जताई।

## प्रशिक्षु आईपीएस अफसरों से की भेंट, भ्रष्टाचार पर जीरो टालरेंस की नीति पर दिया बल



**नवनियुक्त का**र्यवाहक डीजीपी देवेंद्र सिंह चौहान ने पुलिस मुख्यालय स्थित सभागार में 43 वें आईपीएस इंडैक्शन कोर्स के 37 प्रशिक्षु आईपीएस अधिकारियों द्वारा शिष्टाचार भेंट की गई। प्रशिक्षु आईपीएस अधिकारियों सरदार बल्लभ भाई पटेल राष्ट्रीय पुलिस अकादमी हैदराबाद एवं डॉ. बीआर. अम्बेडकर उत्तर प्रदेश पुलिस अकादमी मुरादाबाद के 'स्टडी कम कल्चरल' प्रशिक्षण कार्यक्रम के अनुरूप पुलिस मुख्यालय में भेंटवार्ता, भ्रमण, प्रशिक्षण के लिए पहुंचे थे। प्रशिक्षु आईपीएस अधिकारियों को मार्गदर्शन देते हुए कार्यवाहक डीजीपी ने वर्तमान समय की चुनौतियों एवं उप्र सरकार की प्राथमिकताओं पर चर्चा करते हुए महिला सुरक्षा, सशक्तीकरण, अनुशासन व टीम भावना के अनुरूप आमजन से सीधा सम्पर्क व संवाद, पुलिस की कार्यप्रणाली में आधुनिक तकनीकों व मानव संसाधनों का पूर्ण सदुपयोग के साथ-साथ सफलता के मूलमंत्र सत्यनिष्ठा, नैतिकता, ईमानदारी एवं भ्रष्टाचार के प्रति जीरो टॉलरेन्स की नीति एवं शुचिता पर बल दिया तथा उनके जिज्ञासा भरे प्रश्नों का उत्तर देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की और उन्हें सर्टिफिक्रेट प्रदान किया।

## प्रशिक्षु आईएफएस अफसरों से साझा किए अपने अनुभव



**कार्यवाहक** डीजीपी ने पुलिस मुख्यालय स्थित सभागार में 2021 बैच के सात प्रशिक्षु आईएफएस अफसरों से भी शिष्टाचार भेंट की। प्रशिक्षु आईएफएस अफसरों द्वारा एसएसआईएफएस नई दिल्ली के इन्डैक्शन प्रशिक्षण कार्यक्रम के अनुरूप पुलिस मुख्यालय में वरिष्ठ अधिकारियों से मुलाकत व भेंटवार्ता की। डीजीपी ने विदेश सेवा के इन प्रशिक्षु अफसरों के साथ चर्चा करते हुए अपनी सेवाकाल के अनुभव उनके साथ साझा किए। उन्होंने प्रशिक्षु आईएफएस अफसरों को मार्गदर्शन देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर पुलिस मुख्यालय के वरिष्ठ पुलिस अधिकारी उपस्थित रहे।

पायनियर वर्गीकृत

**आवश्यकता**

JBS PG कालेज दुल्हदेपुर, टिकैतनगर, बाराबंकी को प्राचार्य की आवश्यकता है। योग्यता व अनुभव UGC/University के मानकानुसार। मूल प्रमाणपत्रों के साथ 7 दिन के अन्दर सम्पर्क करें। मो0-9415004449, 9140600858

**सूचना**

मेरी एल0आई0सी0 पालिसी नं0 213512276 में मेरा नाम आशुतोष चतुर्वेदी के स्थान पर अकाश गलत अंकित हो गया है जिसे पालिसी में सुधारकर सही नाम आशुतोष चतुर्वेदी अंकित किया जाय। पता बरगदवा चौबे गौरी सिद्धार्थ नगर।

**सूचना**

मैंने अपना नाम अनिल तुलस्यान पुत्र स्व. राधेश्याम तुलस्यान से बदल कर अनिल कुमार तुलस्यान पुत्र स्व0 राधेश्याम तुलस्यान कर लिया हैं। भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाए। अनिल कुमार तुलस्यान पुत्र स्व. राधेश्याम तुलस्यान निवासी बालाजी आगमन अपार्टमेंट, फ्लैट नं. 401, 128/186 के ब्लॉक, किदवई नगर, कानपुर नगर

**सूचना**

मैं चन्द्रावती पत्नी बालकृष्ण वर्मा निवासिनी 559 ख/268 श्रीनगर सिंगार नगर आलमबाग लखनऊ सूचित करती हूं कि मैंने अपनी पुत्री रंजना वर्मा व दामाद सोनू शुक्ला के कृत्य व व्यवहार आदि से परेशान होकर संबंध विच्छेद कर लिया है व अपनी चल अचल संपत्ति से बेदखल कर दिया हैं इनके द्वारा किये गये किसी अनैतिक कृत्य के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होंगे।

**सूचना**

सूच्य हो कि मैंने अपने पुत्रों रवि कुमार, ऋषि कुमार व रोहित को उनका चाल-चलन ठीक न होने के कारण अपनी समस्त चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। अब से उक्त तीनों के किसी भी कृत्य व लेन-देन से मेरा व मेरे परिवार का कोई वास्ता व सरोकार नहीं रहेगा। सुरेश कुमार पुत्र स्व0 छोटे लाल निवासी टेड़वा, पोस्ट लिल्सी, थाना रामकोट, तहसील-मिश्रिख जिला सीतापुर।

**REQUIRED**

**Bhagwanti Education Centre Degree College**
Mandhana Bithoor Road, Kanpur
Affiliated to Chhatrapati Shahu Ji Maharaj University, Kanpur
**Require Principal**
Educational Qualification as per C.S.J.M University Norms. Interested candidates may send their resume within 15 days to the college premises or Email Id-becdc.kanpur@gmail.com.
Manager

**कार्यालय नगर पंचायत महोना जनपद लखनऊ**

संख्याः-203/न0पं0म0/कु0 सूचना/2022-23 दिनांकः- 13.05.2022

**अल्पकालीन कुटेशन सूचना**

नगर पंचायत महोना जनपद लखनऊ में ट्राली मरम्मत एवं 16 एम0एम0 व 25 एम0एम० वायरिंग तार आपूर्ति का कार्य किये जाने हेतु दिनांक 18.05.2022 से दिनांक 23.05.2022 समय 12:00 बजे तक मुहरबन्द कुटेशन आमंत्रित किये जाते है। उक्त प्राप्त कुटेशन उपरोक्त तिथि को अपरान्ह 300 बजे कुटेशन दाताओं के समक्ष सक्षम अधिकारी द्वारा खोले जायेंगे। प्राप्त कुटेशनों को स्वीकार व अस्वीकार करने का अधिकार सक्षम अधिकारी में निहित होगा।

**अधिशासी अधिकारी** नगर पंचायत महोना लखनऊ
**अध्यक्ष** नगर पंचायत महोना लखनऊ

**कार्यालय नगर पंचायत समधन, कन्नौज**

पत्रांक 324, न0पं0समधन/2022 -23 दिनांक 04 मई 2022

**आवश्यक सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि नगर पंचायत समधन अपनी सीमा के अन्तर्गत निमित नालों/नालियों की सफाई ठेके के माध्यम से करवाना चाहती है जो व्यक्ति अथवा ठेकेदार अभिरूचि रखते हो वह दिनांक 19.05.2022 व समय 2.00 बजे को अपना-अपना सील. बंद कोटेशन कार्यालय मे निधारित समय से प्रस्तुत कर सकते है। नालों की सफाई निचले स्तर तक कराने हेतु यदि नालो की सफाई संतोष जनक नही पायी जाती है तो ठेकेदार का भुगतान रोक दिया जायेगा, साथ ही निर्धारित स्टाम्प पर अनुबंध कराना सुनिश्चित करें।

**अधिशासी अधिकारी** नगर पंचायत समधन कन्नौज।
**अध्यक्ष** नगर पंचायत समघन कन्नौज।

**कार्यालय नगर पालिका परिषद, घाटमपुर कानपुर नगर**

पत्रांक-/02/न0पा0प0घा0/दुकान नीलामी/2022-23
दिनांक 13.05.2022

**दुकान नीलामी सूचना**

सर्व साधारण एवं दुकान लेने वाले इच्छुक व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि नगर पालिका परिषद घाटमपुर कानपुर नगर सीमान्तर्गत मूसानगर रोड पर स्थित व्यवसायिक योजना के अन्तर्गत गाटा संख्या 464 में निर्मित 16 व्यवसायिक दुकानों के पश्चिम दिशा में निर्माणाधीन 02 दुकानों की नीलामी/किराये हेतु नीलामी की तिथि दिनांक 20.05.2022 नियत की जाती है। उक्त दिनांक को नीलामी न होने पर अगली तिथि 23.05.2022 व 27.05.2022 नियत्त की जाती है।

अतः सभी सम्बन्धित/इच्छुक व्यक्ति दुकान नीलामी दिनांक 20.05.2022 के 1 दिन पूर्व रू0 5,000.00 (पांच हजार मात्र) की धनराशि पंजीकरण आवेदन पत्र/जमानत धनराशि रू0 5,00,000.00 (पांच लाख मात्र) जमाकर नियत दिनांक 20.05.2022 की बोली में भाग ले सकते है। शेष नीलामी की शर्ते व नियम पूर्ववत् रहेगी जो कार्यालय दिवस में सम्बन्धित लिपिक से सम्पर्क कर जानकारी किसी भी समय देखी/प्राप्त की जा सकती है।

**अधिशासी अधिकारी** नगर पालिका परिषद घाटमपुर कानपुर नगर।
**अध्यक्ष** नगर पालिका परिषद घाटमपुर कानपुर नगर।

सीएमवाईके प्रिंटेक के लिए तथा उसी की ओर से मुद्रक एवं प्रकाशक नरेन्द्र कुमार द्वारा टिन टिन प्रिंटेक प्रा.लि. सी-33 अमौसी इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज लखनऊ से मुद्रित एवं चौथी मंजिल, सहारा शापिंग सेंटर, फैजाबाद रोड, लखनऊ से प्रकाशित। स्थानीय सम्पादकः विजय प्रकाश सिंह। फोनः (0522) 4036600 फैक्सः 2346443/2345582

# अतिक्रमण हटाने गए नगर निगम कर अधीक्षक सहित कर्मचारियों पर हमला

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

- नगर निगम और व्यापारियों ने नामजद दी तहरीर, एफआईआर दर्ज
- गाजीपुर थाने में सहायक नगर आयुक्त के साथ कर्मचारी हुए इक्ट्ठा

**भूतनाथ** मार्केट में अतिक्रमण हटाने गए नगर निगम कर अधीक्षक और कर्मचारियों को दबंगों ने मारपीट की। बीचबचाव करने गए व्यापारियों को भी दबंगों ने दौड़ाकर पीट दिया। घटना से नाराज नगर निगम कर्मचारियों और अधिकारियों ने क्षेत्रीय थाने में पहुंच कर विरोध किया। वहीं व्यापारियों ने नामजद एफआईआर करने की तहरीर देकर दबंग के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की। सहायक नगर आयुक्त सहित कर्मचारी संघ के पदाधिकारी ने एफआईआर दर्ज कर जेल भेजने की मांग की। डीसीपी प्राची सिंह ने कहा कि तहरीर के अधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। आगे विधिक कार्रवाई की जायेगी।

शुक्रवार को इंदिरानगर की भूतनाथ मार्केट में नगर निगम के कर अधीक्षक आरएस कुशवाहा ने अतिक्रमण हटाने का अभियान चलाया। अभी अतिक्रमण हटाना शुरू ही किया था कि कर्मचारियों को दबंग पटरी दुकानदार रमन दुबे और उसके साथियों ने अभद्रता करते हुए विरोध किया। पहले क र्मचारियों ने समझाया कि यह रुटीन वर्क है, जिसे हटाया जा रहा है। लेकिन दबंग पटरीदुकानदार नहीं माना, पटरी दुकानदार अपने साथियों के साथ मिलकर कर निरीक्षक राजेश और राजा को दौड़ा.दौड़ा कर पीटा। कर अधीक्षक ने विरोध किया तो उनके साथ भी दुर्व्यवहार और मारपीट किया। यही नहीं घटना को देखकर बचाने गए व्यापारी टिंकू शर्मा एवं प्रशांत को भी नहीं बख्शा। उन्हें भी दबंगों ने पीट दिया। घटना की जानकारी होते ही नगर निगम मुख्यालय के कर्मचारी और अ धिकारी मौके पर पहुंचे। आदर्श व्यापार मंडल के प्रदेश अध्यक्ष संजय गुप्ता भूतनाथ आदर्श व्यापार मंडल के पदाधिकारियों के साथ गाजीपुर थाने पहुंचे। यहां पुलिस के उच्चाधिकारियों से शिकायत की। मामला गंभीर होते देख डीसीपी नॉर्थ, एडीसीपी प्राची सिंह, एसीपी सुनील कुमार शर्मा मौके पर पहुंचे। वहीं दूसरी ओर नगर निगम की ओर से सहायक नगर आयुक्त प्रज्ञा सिंह और मुख्य कर निर्धारण अधिकारी अशोक सिंह और कर्मचारी संघ के पदाधिकारी भी मौके पर पहुंचे। पीड़ित नगर निगम कर्मचारी और पीड़ित व्यापारी ने दबंग रमन दुबे एवं उसके साथियों के नाम नामजद तहरीर दी।

नगर निगम की सहायक नगर आयुक्त प्रज्ञा सिंह ने कर्मचारियों और अधिकारियों पर हमले को गंभीरता से लिया। एफआईआर दर्ज होने तक मौके पर रहीं। हालांकि देर शाम तक दबंग पर कार्रवाई और संगीन धाराओं में एफआईआर दर्ज करने का दबाव अधिकारी बनाने का प्रयास करते रहे। एफआईआर दर्ज कराने को लेकर बड़ी संख्या में नगर निगम कर्मचारियों गाजीपुर थाने में डटे रहे, काफी दबाव पड़ने के बाद एफआईआर दर्ज कर ली गई। एडीसीपी प्राची सिंह ने कि मामले की गहनता से जांच कर दोषियों पर कार्रवाई की जायेगी।

## कैसरबाग सहित पूरे शहर में चला अभियान, जब्त किए ठेले व गुमटी

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**शहर** में नगर निगम द्वारा बड़े स्तर पर अभियान चलाया गया। इंदिरानगर में खुर्रमनगर, हजरतगंज में नूरमंजिल सहित विभिन्न इलाकों के जोनल अधिकारियों ने कार्रवाई कर अतिक्रमण को ध्वस्त किया। इस दौरान कई दुकानदारों ने विरोध किया, लेकिन पुलिस और प्रवर्तन दल की सख्ती से अभियान लगातार चलता रहा। शुक्रवार को जोनल अ धिकारी राजेश सिंह ने कैसरबाग चौराहे से जय हिंद मार्केट, बाल्मीकि चौराहे से नूर मंजिल, विक्रमादित्य मार्ग चौराहे से समाजवादी पार्टी कार्यालय तक अतिक्रमण अभियान चलाया। अभियान के दौरान कर अधीक्षक अनुप कुमार ठेले,गुमटी और नालों पर अतिक्रमण को हटाया गया। ऐशबाग में जोनल अधिकारी अरुण कुमार चौधरी ने राजाजीपुरम में ई ब्लाक मार्केट से टड़ियल हनुमान मंदिर के गेट तक, मुख्य मार्ग एवं उसके आस पास अतिक्रमण हटाया। अतिक्रमण के दौरान कई दुकानदारों ने विरोध भी किया, लेकिन सख्ती के चलते अतिक्रमण अभियान लगातार चलता रहा। अलीगंज की जोनल अधिकारी अंबी बिस्ट ने केशव नगर मोड़ पुलिस चौकी तक दोनों पटरियों पर अतिक्रमण को हटाया। यहां पर गंदगी के विरोध में अभियान चलाते हुए 50 दुकानदारों का चालान कर 2400 रुपए भी वसूल किया। इ सके अतिक्त आलमबाग, गोमतीगनर, हिंदनगर चौकी में अभियान चलाकर अतिक्रमण हटाया गया।



शुक्रवार को राजधानी में तेज धूप और गर्म हवाओं ने लोगों को किया बेहाल

## आकस्मिक निधन पर शिक्षकों के स्वजन भी करा सकेंगे ग्रेच्युटी का भुगतान

**लखनऊ।** बेसिक शिक्षा में तैनात शिक्षकों के लिए राहत भरी खबर है। शिक्षकों के आकस्मिक निधन पर अब उनके स्वजन ग्रेच्युटी का भुगतान करा सकेंगे, चाहे शिक्षक ने सेवाकाल में विकल्प पत्र भरा हो या नहीं। इस बावत बेसिक शिक्षा विभाग ने प्रस्ताव तैयार कर शासन को भेजा है, जिसमें विकल्प पत्र की अनिवार्यता को समाप्त करने की मांग की गयी है। ऐसी संभावना जताई जा रही है कि सरकार इस पर जल्द अनुमोदन दे सकती है। अभी तक विकल्प पत्र न भरने वाले शिक्षकों के स्वजनों को ग्रेच्युटी के भुगतान में काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता था। यहां तक ग्रेच्युटी को लेकर स्वजन कोर्ट तक का सहारा लेते थे। बेसिक शिक्षा विभाग के विद्यालयों में 70466 प्रधानाध्यापक व 367786 सहायक अध्यापक कार्यरत हैं। 60 वर्ष की आयु में सेवानिवृत्त का विकल्प देने वाले शिक्षकों को ग्रेच्युटी का भुगतान दिया जाता है। अभी तक तय तारीख तक विकल्प न देने वाले शिक्षकों के बारे में माना जाता था कि वे इस सुविधा का लाभ नहीं लेना चाहते। इस बावत ग्रेच्युटी भुगतान को लेकर परिषद सचिव प्रताप सिंह बघेल ने एक प्रस्ताव तैयार करा कर शासन को भेजा है। जिस पर अनुमोदन मिलने के बाद यह विकल्प पत्र वाली बाध्यता समाप्त हो जायेगी।

## हुसैनगंज में अवैध निर्माण सील किया गया

- बगैर नवशा स्वीकृत कराये किया जा रहा था निर्माण

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**हुसैनगंज** में एलडीए द्वारा अवैध निर्माण करने पर सीलिंग की कार्रवाई की गयी। विहित प्राधिकारी द्वारा दीप होटल के पीछे खड़ी हो रही इमारत बगैर स्वीकृत के था, जिस पर कार्रवाई की गयी। प्रवर्तन दल ने सील कर पुलिस अ भिरक्षा में सौंपा।

शुक्रवार को एलडीए द्वारा हुसैनगंज क्षेत्र में हो रहे एक अवैध निर्माण को सील किया गया। प्रवर्तन जोन.6 के जोनल अधिकारी राजीव कुमार ने बताया कि रिजवान, गुफ्रान व अन्य द्वारा दीप होटल के पीछे जहूरी गढैया, हुसैनगंज में प्राधिकरण से बगैर नक्शा स्वीकृत कराये अवैध निर्माण किया जा रहा था। इसके खिलाफ विहित न्यायालय में वाद योजित किया गया था। वाद पक्ष द्वारा निर्माण के सम्बन्ध में कोई स्वीकृत मानचित्र न दे पाने पर अवैध रूप से किये गये निर्माण को सील किये जाने के आदेश दिये गये थे। इस आदेश पर एलडीए प्रवर्तद दल ने प्रश्नगत स्थल को सील करके पुलिस अभिरक्षा में सौंप दिया गया।

## सामुहिक दुराचार के आरोपियों को 20 साल की सजा

विधि संवाददाता। लखनऊ



**विशेष** जज डा. अवनीश कुमार ने एक युवती से गैंगरेप करने वाले मुल्जिम अजय निषाद व रवि शुक्ला को 20 साल के सश्रम कारावास की सजा सुनाई है। उन्होंने मुल्जिमों पर अलग अलग 40 हजार का जुर्माना भी ठोंका है।

12 सितंबर 2014 को इस मामले की एफआईआर पीड़िता ने थाना कैंट में दर्ज कराई थी। सरकारी वकील दुर्गेश नंदिनी श्रीवास्तव व पंकज श्रीवास्तव के मुताबिक वह घर से भागकर आई थी। स्टेशन के पास रहती थी। उसे पेप्सी में नशीला पदार्थ मिलाकर पिला दिया गया था।

इसके अलावा एसीजेएम भव्या तिवारी ने गांव की एक महिला से छेड़छाड़ करने के मामले में मुल्जिम बबलू को एक साल की सजा सुनाई है। उन्होंने इस पर तीन हजार का जुर्माना भी ठोंका है। दो नवंबरए 2008 को पीड़िता ने इस मामले की एफ्आइआर थाना निगोंहा में दर्ज कराई थी। अभियोजन अधिकारी मनोज कुमार के मुताबिक पीड़िता अपने घर से शौच के लिए जा रही थी। रास्ते में मुल्जिम ने उसके साथ छेड़छाड़ की। वहीं दूसरी ओर पॉक्सो के विशेष जज राम बिलास प्रसाद ने सात साल के बच्चे के साथ अप्राकृतिक कृत्य करने का प्रयास करने वाले मुल्जिम गुड्डू रावत को पांच साल के करावास की सजा सुनाई है। उन्होंने इस पर 10 हजार का जुर्माना भी ठोंका है। सरकारी वकील शशि पाठक के मुताबिक 22 नवंबरए 2018 को इस मामले की एफ्आईआर बच्चे के पिता ने थाना कृष्णानगर में दर्ज कराई थी।

## डॉ. अमरजीत यादव कोऑर्डिनेटर नामित

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**अष्टम** अन्तराष्ट्रीय योग दिवस 21 जून को देखते हुए इस बार राज्य सरकार द्वारा व्यापक स्तर पर मनाने की तैयारी चल रही है। इसके अंतर्गत 21 मई से 21 जून 2022 तक योग अमृत माह मनाया जाएगा। इस बार सरकार की तरफ से कुल 7.5 करोड़ लोगों को इस भव्य कार्यक्रम से लोगों को जोड़ने का लक्ष्य रखा गया है। इसके लिए आयुष विभाग द्वारा कार्यक्रम के सफल आयोजन हेतु राज्य स्तरीय समिति का गठन किया गया है। जिसमें लखनऊ विश्वविद्यालय की फैकल्टी ऑफ योग एंड अल्टरनेटिव मेडिसिन के शिक्षक एवं कोऑर्डिनेटर डॉ अमरजीत यादव को समिति में कोऑर्डिनेटर नामित किया गया है।

## इलाज को लेकर केजीएमयू आने वाले मरीज को हर जानकारी का प्रसारण होः पाठक

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**प्रदेश** के उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने कहा कि इलाज के लिए संस्थान आने वाले मरीज को लेकर एक ऐसे प्रस्तावित कार्यक्रम का प्रसारण होना चाहिए, जिससे उन्हें अस्पताल परिसर में आने पर क्या-क्या करना चाहिए, अस्पताल परिसर में घुसते ही उसका स्वागत हो, उसका पर्चा कहां बनेगा, डाक्टर कहां मिलेगें आदि जानकारी मिल सके। इससे मरीज को अस्पताल में घर जैसा महसूस हो सकेगा और यह प्रसारण रेडियो केजीएमयू गूंज के माध्यम से होना चाहिए कि पंजीकरण कैसे होगा आनलाइन या फोन से। फोन न लगे तो एक चिट्ठी डालने हेतु सुझाव दिया। पाठक शुक्रवार को किंग जार्ज मेडिकल यूनिवर्सिटी में रेडियो केजीएमयू गूंज 89.6 मेगा हर्टज के 100 दिन पूरे होने पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे।

अपने संबोधन में उप मुख्यमंत्री ने कहा कि भारत का कोई भी चिकित्सा संस्थान ऐसा नहीं कर पाया जो आज केजीएमयू ने डॉ विनोद जैन के प्रयासों द्वारा करके दिखाया है। साथ ही कहा कि जब हम चिकित्सा क्षेत्र के जुड़ने का प्रण करते है तो हमारे ऊपर हमारी सामाजिक, नैतिक व नैसर्गिक जिम्मेदारी होती है उन जिम्मेदाारियों का निर्वहन कैसे करें। इस प्रकार का एक कार्यक्रम का आयोजन करें और इसका प्रसारण करें। इससे नये चिकित्सकों व मरीजों को अत्यधिक लाभ पहुंचेगा। विवि के कुलपति डॉ बिपिन पुरी ने ने बताया कि चिकित्सा विश्वविद्यालय के इतिहास में यह एक ऐतिहासिक दिन है और बताया 3 साल पहले केजीएमयू में कम्युनिटी रेडियो स्टेशन खोलने हेतु पत्र भेजा गया था। तीन साल के बाद सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय के सहयोग से लाइसेंस प्राप्त हुआ और 5 फरवरी 2022 को रेडियो केजीएमयू गूंज 89.6 मेगा हट्र्ज के प्रसारण पर आ गये। इस दौरान केजीएमयू रेडियो गूंज के अधिषासी अधिकारी प्रो विनोद जैन ने कम्यूनिटी रेडियों के बारे में पूरी जानकारी दी।

## पच्चीस लाख की लाटरी का झांसा देकर ठगे साढ़े बाइस हजार

- पीड़िता की शिकायत पर केस दर्ज

**मोहनलालगंज।** मोहनलालगंज मे ठग ने युवती को पच्चीस लाख की लाटरी लगने का झांसा देकर हजारो रूपये ठग लिए। लाटरी के पैसे न मिलने पर जब युवती ने पुलिस से शिकायत करने की बात कही तो ठग ने पच्चीस लाख का फर्जी चेक भेज दिया। युवती की शिकायत पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस के मुताबिक मोहनलालगंज के गनेशखेडा गांव के हरिद्वार की पुत्री गुडिया को पांच मई को फोन काल आई। काल करने वाले ने अपना नाम रांची निवासी सूरज महतो बताया। ठग ने युवती को पच्चीस लाख रूपये की लाटरी लगने की बात कही। ठग के झांसे में आई युवती ने ठग के बताए बैंक एकाउंट नंबर पर चार किस्तों में बाइस हजार पांच सौ रूपये डाल दिये लेकिन युवती को पच्चीस लाख रूपये नही मिले। युवती ने ठग को फोन कर रूपये न मिलने पर पुलिस से शिकायत करने की बात कही तो उसने युवती को पच्चीस लाख रुपए की फर्जी चेक भेज दी। युवती को जब अपने को ठगे जाने का एहसास हुआ तो शुक्रवार को उसने पुलिस से शिकायत की। इंस्पेक्टर अखिलेश कुमार मिश्र के मुताबिक युवती की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर पड़ताल की जा रही है।

## लखनऊ विश्वविद्यालय बनायेगा अपना हेल्थ बैंक

- वर्ष भर में एक बार होंगे छात्रों के हेल्थ चेकअप, जरूरत पड़ने पर राजधानीवासियों की भी होगी मदद

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**नए शैक्षणिक** सत्र 2022-23 के अंतर्गत लखनऊ विश्वविद्यालय अपना हेल्थ (डेटा) बैंक बनाएगा। इस हेल्थ बैंक के जरिये विवि में अध्ययनरत सभी स्टूडेंट्स के डेटा सुरक्षित रखे जाएंगे और छात्रों के स्वास्थ्य की मॉनिटरिंग भी की जाएगी। साथ ही वर्ष में एक बार स्टूडेंट्स का हेल्थ चेकअप कराया जाएगा। इतना ही नहीं जरूरत पड़ने पर विवि की तरफ से राजधानीवासियों की मदद भी की जायेगी।

विवि की तरफ से फार्मेसी इंस्टीट्यूट के जरिए प्रस्तावित इस हेल्थ बैंक में छात्रों के स्वास्थ्य से संबंधित सभी जानकारियां और उनकी रिपोर्ट डेटा के जरिए सुरक्षित रखी जायेंगी। जिससे जरूरत पड़ने पर डेटा के आधार पर आसानी से चीजें उपलब्ध कराई जा सके। वहीं छात्राओं में हीमोग्लोबिन की कमी की भी समय-समय पर जांच होगी। जिससे यह पता चल सके कि ब्लड में हीमोग्लोबिन की मात्रा कितनी है। योजना के चहले चरण में विवि अभी छात्राओं के हीमोग्लोबिन की जांच कराने की दिशा में पहल करने जा रहा है। यह जांच विवि के द्वितीय परिसर स्थित फार्मेसी इंस्टीट्यूट में होगी। इसके बाद छात्रों के सेहत की भी जांच कराई जायेगी। इसके पूर्व अभी हॉल ही में नवीन परिसर में विवि की तरफ से छात्राओं की बीएमआई और न्यूट्रीशन की जांच कराई गयी है। जबकि मुख्य परिसर में यह जांच शनिवार को प्रस्तावित है। जिसमें छात्राओं के बीएमआई की जांच के साथ ही भाषा विश्वविद्यालय के सहयोग से न्यूट्रीशन की जांच कराई जायेगी।

हेल्थ बैंक बनाने के पीछे विवि का मकसद है कि छात्रों के सेहत के साथ ही उनके बारे में और डेटा सुरक्षित रखे जा सकीं। जिससे जरूरत पड़ने पर न केवल विवि अपितु राजधानी के नागरिकों की भी मदद की जा सके। हालांकि राजधानी के नागरिकों की मदद का प्रस्ताव पहली बार नहीं हुआ है, इससे पूर्व भी कोरोना काल में विवि की तरफ से अभियान मिशन जिंदगी के तहत राजधानी के नागरिकों की मदद की गयी है।

> हेल्थ बैंक बनाने की दिशा में विवि विचार कर रहा है। जिससे छात्र-छात्राओं के सेहत का ख्याल रखा जा सके। साथ ही छात्रों के डेटा के आधार पर राजधानीवासियों की भी जरूरत पड़ने पर मदद की जा सके, क्योंकि जब ब्लड डोनेशन की बात आती है तो उसके लिए युवा की जरूरत होती है। विवि में 18 हजार के करीब छात्रों की स्ट्रेंथ है। ऐसे में विवि के साथ ही हम सामाजिक दायित्व के तहत जरूरत पड़ने पर राजधानी की भी मदद कर सकेंगे।
>
> **प्रो. पुनम टंडन**
> **(डीन, स्टूडेंट वेलफेयर, एलयू)**

## एलयू कुलपति ने किया कालेजों का औचक निरीक्षण

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**लखनऊ** विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर आलोक कुमार राय ने शुक्रवार को विश्वविद्यालय से सम्बद्ध महाविद्यालयों के नियमित निरीक्षण क्रम में हरदोई रोड स्थित एसएमडी पटेल महाविद्यालय तथा महावीर प्रसाद महाविद्यालय कच्छौना हरदोई, यूनिटी डिग्री कॉलेज तथा भालचन्द्र इंस्टिट्यूट लखनऊ का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने सभी महाविद्यालयों की शिक्षण व्यवस्था, चल रही कक्षाओं, कक्षा में शिक्षकों की उपस्थिति तथा महाविद्यालय में अनुमोदित शिक्षकों एवं शिक्षकों तथा छात्रों की उपस्थिति पंजिका की जाँच पड़ताल की। कुलपति ने कक्षाओं में जाकर उपस्थित छात्र-छात्राओं से शिक्षण, प्रयोगशाला एवं अन्य सुविधाओं के विषय में उनसे वार्ता भी की। उन्होंने उपर्युक्त व्यवस्थाओं के अन्तर्गत प्राप्त कमियों को तत्काल प्रभाव से दुरुस्त करने के निर्देश दिए तथा समुचित व्यवस्थाओं की सराहना भी की। निरीक्षण के दौरान कुलपति के साथ अधिष्ठाता छात्र कल्याण प्रोफेसर पूनम टंडन, कुलानुशासक प्रोफेसर राकेश द्विवेदी, अतिरिक्त कुलानुशासक डा आशीष अवस्थी, डॉक्टर राजेश्वर यादव डा. प्रवीश प्रकाश तथा डा गौरव सिंह उपस्थित थे।

# बिजली दरों में हो सकती है कमी

● पावर कार्पोरेशन के जबाब से उपभोक्ता परिषद ने जताई उम्मीद

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**प्रदेश** के उपभोक्ताओं की बिजली दरों में कमी किए जाने की उपभोक्ता परिषद की याचिका पर पावर कारपोरेशन द्वारा जो आयोग में शुक्रवार को जवाब दाखिल किया गया। पावर कारपोरेशन अपने जवाब में एक बार फिर उलझ गया है, जिससे यह बात साफ हो गई है कि अब बिजली दर की सुनवाई के बाद प्रदेश के उपभोक्ताओं की बिजली दरों में कमी करने से कोई नहीं रोक सकता। प्रदेश के विद्युत उपभोक्ताओं का बिजली कंपनियों पर निकल रहे लगभग 20596 करोड जो आप वर्ष 2021 – 22 तक बढ़कर 22045 करोड हो गया है के एवज में प्रदेश के विद्युत उपभोक्ताओं की बिजली दरों में कमी किए जाने के लिए उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत उपभोक्ता परिषद कि याचिका जिस पर उत्तर प्रदेश विद्युत नियामक आयोग ने पावर कारपोरेशन से जवाब तलब किया था जिस पर उत्तर प्रदेश पावर कारपोरेशन के मुख्य अभियंता रेगुलेटरी अफेयर्स यूनिट एकेश्रीवास्तव की तरफ से आज विद्युत नियामक आयोग में जवाब दाखिल कर दिया गया है उत्तर प्रदेश पावर काररेशन की तरफ से उपभोक्ता परिषद की याचिका पर जवाब देते हुए कहा गया की उपभोक्ता परिषद द्वारा रुपया 20596 करोड की गणना का डिटेल नहीं दिया गया है और आगे यह भी कहां गया कि इस मामले पर पावर कारपोरेशन द्वारा माननीय अपीलेट ट्रिब्यूनल नई दिल्ली में मुकदमा दाखिल किया गया है ऐसे में आयोग जैसा भी उचित निर्णय लेना चाहे। पावर कारपोरेशन द्वारा जवाब दाखिल होते ही उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत उपभोक्ता परिषद के अध्यक्ष व राज्य सलाहकार समिति के सदस्य अवधेश कुमार वर्मा ने नियामक आयोग के चेयरमैन श्री आर पी सिंह से आयोग में मुलाकात कर पावर कारपोरेशन के जवाब पर लिखित आपत्ति दाखिल करते हुए कहा जहां तक सवाल है पावर कारपोरेशन का यह कहना कि मामला अपीलेट ट्रिब्यूनल में विचाराधीन है तो यह पूरी तरह भ्रम में डालने की बात है। किसी भी न्यायालय में केवल मुकदमा दाखिल करने से प्रक्रिया पर रोक नही लगती। जब तक कि उस पर कोई स्टे आर्डर न जारी किया गया हो। इसलिये केवल मुकदमा दाखिल करके बिजली दरों में कमी की कार्यवाही को रोका नहीं जा सकता। आगे उपभोक्ता परिषद ने रुपया 20596 करोड की गणना पर कहा विद्युत नियामक आयोग ने अपने फैसले में निकाला है। ऐसे में इस गणना के आधार पर प्रदेश के विद्युत उपभोक्ताओं की बिजली दरों में अगले 5 वर्षों तक लगभग 7 प्रतिशत की कमी की जानी चाहिये। अथवा सभी उपभोक्ताओ की बिजली दरों में 1 वित्तीय वर्ष के लिए 35 प्रतिशत कमी की जाए।

### घरेलू बिजली कनेक्शन के लिए बीएल फर्म समाप्त

**मुख्यमंत्री** एवं ऊर्जा मंत्री की मंशा के अनुरूप प्रदेश की जनता को बिजली के घरेलू कनेक्शन आसानी से मिल जाये उसके लिये उप्र पावर कारपोरेषन ने तत्काल प्रभाव से प्रचलित व्यवस्था का सरलीकरण करते हुए बीएल फार्म की बाध्यता समाप्त कर दी है। झटपट पोर्टल पर अब घरेलू श्रेणी के बत्ती पंखा उपभोक्ताओं को संयोजन के लिए बीएल फार्म की आवश्यकता नहीं। यह जानकारी देते हुये प्रमुख सचिव ऊर्जा एवं उप्र पावर कारपोरेशन अध्यक्ष एम देवराज ने बताया है कि अभी तक घरेलू बत्ती पंखा के बिजली कनेक्शन के लिये बीएल फार्म जमा करना होता था। जनता की सुविधा के लिए यह नयी व्यवस्था आज से ही लागू कर दी गयी है।

# स्किल इण्डिया मिशन को गति दें: राज्यपाल

● शैक्षिक संस्थान विद्यार्थियों के कौशल विकास को प्राथमिकता दें

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**राज्यपाल** आनंदीबेन पटेल ने शुक्रवार को नई दिल्ली में एसोसिएटेड चैम्बर्स ऑफकॉमर्स एण्ड इंडस्ट्री ऑफइण्डिया (एसोचैम) द्वारा आयोजित 15वें अन्तरराष्ट्रीय एजूकेशन एण्ड स्किल डेवलपमेन्ट समिट में सहभाग किया। अपने सम्बोधन में राज्यपाल ने कहा कि एसोचैम संगठन से जुड़े महानुभाव जिस प्रकार देश के औद्योगिक विकास में योगदान दे रहे हैं, उसी प्रकार युवाओं के कौशल विकास को बढ़ाने में महत्वपूर्ण योगदान दें। आज प्रत्येक क्षेत्र में भारत के युवा अपना परचम लहराने के लिए आगे बढ़ रहे हैं। उन्होंने कहा कि हम सभी को स्किल इण्डिया मिशन को गति देनी है। राज्यपाल ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि संगठन एसोचैम भारतीय उद्योग और व्यावसायिक गतिविधियों के साथ-साथ शिक्षा के क्षेत्र में, विशेषकर उच्च शिक्षा के उत्थान की दिशा में काम कर रही है।

उन्होंने कहा कि दुनिया के लिए एक स्मार्ट और कुशल श्रम समाधान भारत दे सके, यह हमारे नौजवानों की कौशल रणनीति के मूल में होना चाहिए। तेजी से प्रौद्योगिकी बदल रही है, ऐसे में आने वाले वर्षों में कुशल लोगों की मांग तेजी से बढ़ेगी। इसलिए हमारे युवाओं को अपने कौशल को और निखारने का प्रयास अनवरत करना चाहिए। युवा कौशल विकास के जरिए खुद को और देश को आत्मनिर्भर बनाएं। आनंदीबेन पटेल ने कहा कि नई शिक्षा नीति में पुस्तकीय ज्ञान के साथ ही विद्यार्थियों को स्कूल और उच्च शिक्षा में व्यावसायिक और कौशल शिक्षा के पाठ्यक्रमों से दीक्षित किए जाने पर जोर दिया गया है।

### राष्ट्रीय बॉयलॉजी ओलम्पियाड में सीएमएस छात्र चयनित



**लखनऊ।** सिटी मोन्टेसरी स्कूल, गोमती नगर (प्रथम कैम्पस) के कक्षा-12 के छात्र कुमार यशस्वी ने होमी भाभा सेन्टर फार साइन्स एजूकेशन, मुंबई के तत्वावधान में राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित बॉयलॉजी ओलम्पियाड में चयनित होकर लखनऊ का गौरव पूरे देश में बढ़ाया है। उक्त जानकारी सीएमएस के मुख्य जन सम्पर्क अधिकारी हरि ओम शर्मा ने दी है। श्री शर्मा ने बताया कि इस प्रतियोगिता में देश भर के विद्यालयों से एक लाख से अधिक छात्रों ने प्रतिभाग किया, जिसमें कड़ी प्रतिस्पर्धा के बीच सीएमएस के मेधावी छात्र कुमार यशस्वी ने अपने ज्ञान-विज्ञान का परचम लहराकर यह उपलब्धि अर्जित की है। श्री शर्मा ने बताया कि प्रतियोगिता के फाइनल चरण में सफलता के उपरान्त इस छात्र को अन्तर्राष्ट्रीय बॉयलॉजी ओलम्पियाड में देश का प्रतिनिधित्व करने का अवसर मिलेगा। सीएमएस संस्थापक डा. जगदीश गाँधी ने चयनित छात्र के उज्जवल भविश्य की कामना की है।

### अब हर जिले में लगेगी ब्लड सेपरेटर यूनिट

**लखनऊ।** डेंगू के मरीजों को उनके जिले में आसानी से प्लेटलेट्स उपलब्ध कराने के लिए सरकार की तरफ से हर जिले में ब्लड सेपरेटर यूनिट खोलने के निर्देश दिये गये हैं। यह यूनिट सरकार की खास योजना 100 दिन के अंदर पूरी होगी। जिसके बाद मरीजों को आसानी से यह सुविधा उपलब्ध होगी। वर्तमान में प्रदेश के 28 जिलों में ही ब्लड सेपरेटर यूनिट है। इनके सबसे अधिक संख्या लखनऊ की है। स्वास्थ्य महानिदेशक डॉ वेदव्रत सिंह के अनुसार बाकी बचे 47 जिलों में ब्लड सेपरेटर यूनिट ब्लड बैंक में स्थापित की जायेगी। इसमें 31 उपकरण होंगे।

### बायोकेमिस्ट्री विभाग में अब सिर्फ जांच ही नहीं बल्कि डाक्टर भी होंगे तैयार

**लखनऊ।** किंग जार्ज मेडिकल यूनिवर्सिटी के बायोकेमिस्ट्री विभाग में अब सिर्फ जांच ही नहीं अपितु डॉक्टर भी तैयार किये जायेंगे। इसके लिए विभाग में पीजी कोर्स शुरू किया गया है। जिसमें दो छात्रों के दाखिले हुए हैं। यह जानकारी विभाग के विभाग प्रमुख डॉ अब्बास अली मेंहदी ने एक कार्यक्रम के दौरान दी है। डॉ मेंहदी ने कहा कि अभी विभाग में खून से जुड़ी जांचें हो रही हैं। इसमें लिवर, गुर्दा, ब्लड, गैस एनालिसिस समेत अन्य जांचें शामिल हैं। अब यहां पर पीजी की भी पढ़ाई होगी। इस मौके पर मेडिसिन विभाग की डीन डॉ उमा सिंह ने छात्रों को बधाई देते हुए कहा कि इलाज में बायोकेमेस्ट्री संबंधी जांच की काफी अहमियत है। कड़ी मेहनत और ईमानदारी से पढ़ाई करें। नई तकनीक सीखें ताकि इसका फायदा मरीजों को मिल सके।

### भाउराव देवरस ने भारत की गुरुकुल शिक्षा पद्धति को आगे बढ़ाया

**लखनऊ।** भाउराव देवरस शोध पीठ वाणिज्य विभाग लखनऊ विश्वविद्यालय की ओर से शुक्रवार को भाउराव देवरस की पुण्यतिथि पर पुष्पांजलि कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसका विषय सामाजिक उद्यमिता और युवा था। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता के रूप में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के अवध प्रांत के सह प्रचारक मनोज ने भाऊराव देवरस के जीवन के विभिन्न पहलुओं को बताया। जिसमें मुख्य रूप से उन्होंने बताया कि किस तरीके से डॉक्टर हेडगेवार जी ने 1925 में आरएसएस की स्थापना विजयदशमी के दिन की तथा भाऊराव देवरस नागपुर से आरएसएस के प्रचार हेतु लखनऊ विश्वविद्यालय आए तथा यहाँ पर उन्होंने बीकॉम और एलएलबी की पढ़ाई पूरी की। पैसों की तंगी के कारण उन्होंने अखबार बेचकर अपना पढ़ाई पूरी की तथा यहाँ पर उन्होंने बीकॉम एवं एलएलबी में टॉप किया साथ ही साथ छात्रसंघ के अध्यक्ष चुने गए। भाऊराव देवरस ने लखनऊ विश्वविद्यालय में संघ का प्रचार प्रसार किया तथा साथ ही साथ विद्या भारती की स्थापना की और पूरे देश भर में सरस्वती शिशु मंदिर की स्थापना की। पूरे देश में लगभग 15000-16000 स्कूल खोले गए। उन्होंने बताया कि किस तरह से लॉर्ड मैकाले ने भारत आकर भारत की शिक्षा पद्धति को नष्ट किया तथा भाउराव देवरस ने इन स्कूल के माध्यम से भारत की गुरुकुल शिक्षा पद्धति को आगे बढ़ाया तथा राष्ट्र निर्माण में अभूतपूर्व योगदान दिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रोफेसर सोमेश कुमार शुक्ल, निदेशक भाउराव देवरस शोध पीठ ने किया। इस मौके पर आयोजन में विभागाध्यक्ष प्रोफेसर अवधेश कुमार त्रिपाठी रहे।

### अब चिकित्सा प्रभारियों को लेना होगा क्लीनिकल राउंड

**लखनऊ।** राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के तहत चिकित्सा इकाइयों में चिकित्सीय सेवाओं/ सुविधाओं की निगरानी के लिए तैनात प्रभारियों को अब प्रतिदिन क्लीनिकल राउंड भी लगाना होगा। अभी तक प्रभारी केवल प्रशासनिक राउंड ही लगाते थे। इस बाबत एनएचएम की निदेशक अपर्णा यू ने आदेश जारी कर दिए हैं। यूपी एनएचएम की मिशन निदेशक अपर्णा यू की तरफ से जारी निर्देश में क्लीनिकल राउंड के के लिए रोस्टर बनाया गया है। जारी आदेश में कहा गया है कि क्लीनिकल राउंड के लिए एक टीम गठित की जाएगी जिसमें चिकित्सा प्रभारी के अलावा हास्पिटल मैनेजर, इंफेक्शन कंट्रोल नस, मैट्रन व विभाग के नामित नोडल अधिकारी शामिल होंगे। टीम द्वारा दैनिक आधार पर विभागों का मुआयना किया जाएगा। रोस्टर के हिसाब से प्रत्येक सोमवार को लेबर रूम व आपरेशन थियेटर, मंगलवार को आइपीडी व लैब, बुधवार को एसएनसीयू व एनआईसी, गुरुवार को फार्मेसी व ओपीडी, शुक्रवार को पीपीयू व इमर्जेंसी तथा शनिवार को अन्य विभाग का निरीक्षण करना होगा।

## एकेटीयू की सम सेमेस्टर परीक्षा में शामिल होंगे 1 लाख 15 हजार स्टूडेंट्स

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**डॉ.** एपीजे अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय के सत्र 2021-22 की सम सेमेस्टर यूजी एवं पीजी की रेगुलर एवं कैरीओवर की परीक्षा 25 मई से 15 जून तक होगी। परीक्षा के लिए पूरे प्रदेश में 117 केंद्र बनाये गये है। दो पालियों में होने वाली इस परीक्षा में करीब 1 लाख 15 हजार परीक्षार्थी बैठेंगे। परीक्षा की सुचिता को बनाये रखने के लिए विवि की तरफ से हर केंद्र पर दो-दो आब्जर्वर की तैनाती की गयी है।

परीक्षा के दौरान आब्जर्वर केंद्र पर रहेंगे। उधर विवि के कुलपति प्रो प्रदीप कुमार मिश्र ने 22 मार्च से 12 अप्रैल के बीच हुई विषम परीक्षा सेकेंड फेज की कॉपियों के मूल्यांकन को तेज करने का निर्देश दिया है। कॉपियों का मूल्यांकन पूरे प्रदेश में बने 80 केंद्रों पर किया जा रहा है। जहां परीक्षकों के साथ ही मुख्य परीक्षक भी मूल्यांकन कर रहे हैं। कॉपियों का मूल्यांकन डिजिटली किया जा रहा है। परीक्षक कॉपियों को कम्प्यूटर में जांच कर वहीं नंबर दे रहे हैं। इसके लिए कम्प्यूटर लैब को मूल्यांकन केंद्र बनाया गया है। गुणवत्तापूर्ण मूल्यांकन के लिए हर केंद्र पर मुख्य परीक्षक भी बनाये गये हैं, जो कॉपियों का मूल्यांकन कर रहे हैं।

# निगोहां में रोडवेज बस नहीं रुकने से यात्री नाराज, परिवहन मंत्री से मिलकर की शिकायत

संवाददाता। मोहनलालगंज



**निगोहां** कस्बे में रोडवेज बसें नही रुकने से नाराज लोग अपना गुस्सा सोशल मीडिया पर जाहिर कर विरोध जता रहे है। दैनिक यात्रियों का आरोप है कि रोजाना सुबह यहाँ से लखनऊ जाने के लिये सैकड़ो की संख्या में यात्री आते है। इस समस्या को लेकर निगोहा ग्राम प्रधान अभय दीक्षित ने केन्द्रीय राज्यमंत्री और परिवहन मंत्री से मिलकर निगोहां में बसों का ठहराव व बस अड्डा निर्माण की मांग की है। निगोहां के दैनिक यात्री राजेशएरामकुमार सदा शिवएराजेशए कौशलेंद्र ए किशलय मिश्रा बताते है कि निगोहा कस्बे से आसपास के करीब एक दर्जनों गांवों के सैकड़ों की तादात में दैनिक यात्री सुबह आकर सड़क किनारे खड़े हो जाते जिनमे छात्र.छात्राए भी शामिल रहती है। दैनिक यात्रियों का आरोप है कि रोजाना अधिकतर लोग आपने संस्थान व कालेज पहुचने में देरी हो जाती है।इसकी मुख्य वजह है कि रायबरेली लालगंज की तरफसे आने वाली रोडवेज बसे कस्बे में रोकते नही है। जब कभी दैनिक यात्री परेशान होकर बीच सड़क पर खड़े होकर बसे रोकने के लिये खड़े हो जाते है तो जो बसे रुक जाती है।उनमें गैलरी तक कि सवारियां भरी रहती है।

## आर्किटेक्चर फैकल्टी की तरफ से वॉक फार आरकॉज का आयोजन

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**डॉ.** एपीजे अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय के फैकल्टी ऑफ आर्किटेक्चर एंड प्लानिंग एवं लखनऊ आर्किटेक्ट एसोसिएशन द्वारा शुक्रवार को संयुक्त रुप से वॉक फॉर आरकॉज का आयोजन किया गया। इस आयोजन में मुख्य अतिथि आर्किटेक्ट गीता बाल कृष्ण शामिल हुई। आर्किटेक्ट गीता बालाकृष्णन ने हाल ही में कोलकाता से दिल्ली लगभग 1700 किलोमीटर का सफर पैदल इस उद्देश्य के साथ तय किया कि समाज में आर्किटेक्ट की महत्ता एवं लाभ के बारे में जागरूकता पैदा हो तथा समाज के हर वर्ग को इसका लाभ मिल सके। इसी उद्देश्य से लखनऊ में 3 किलोमीटर की सांकेतिक वॉक का आयोजन किया गया। यह वॉक रूमी दरवाजा से शुरू होकर फैकेल्टी आफआर्किटेक्चर एंड प्लानिंग कैंपस पर खत्म हुई। वॉक के बाद आर्किटेक्ट गीता बालकृष्णन ने यात्रा के बारे में विस्तार से प्रेजेंटेशन दिया तथा फैकेल्टी आफ आर्किटेक्चर के विद्यार्थियों को भी संबोधित किया।


## कार्यालय नगर पालिका परिषद घाटमपुर कानपुर नगर

पत्रांक – 101/ई–निविदा/गौशाला/2022–23 दिनांक– 13.05.2022

### ई–निविदा सूचना

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि वित्तीय वर्ष 2022–23 हेतु नगर पालिका परिषद घाटमपुर को गौवंश हेतु भूसा एवं चोकर की आवश्यकता है। उक्त सामग्री की आपूर्ति मे रूचि रखने वाले व्यक्ति/फर्म अपनी दरें (प्रति क्विंटल) निम्न तालिका मे दी गयी तिथि के अनुसार ई–निविदा आमंत्रित करती है। ई–निविदा मे प्रतिभाग करने हेतु रूपए 355–00 निविदा शुल्क कार्यालय मे जमा करते हुए तथा धरोहर धनराशि रूपए 10,000–00 की एफ0डी0आर0 नगर पालिका परिषद घाटमपुर के नाम बंधक करना अनिवार्य होगी। धरोहर धनराशि एक वर्ष के लिए बन्धक होगी। निविदा दाता व्यक्ति/फर्म को किसी भी विभाग द्वारा काली सूची में न डाला गया हो। निविदा दाता को आयकर एवं जीएसटी मे पंजीकृत होना अनिवार्य है। सफलीभूत निविदा दाता को निर्देश प्राप्त होने पर 02 दिवस के अन्दर आपूर्ति करना होगा। प्राप्त बिल से नियमानुसार देय करों की कटौतियाँ की जायेगी। साथ ही कार्य संतोषजनक पाये जाने एवं धन की उपलब्धता के अनुसार भुगतान किया जायेगा।

| क्र0 | ई–निविदा विवरण | अन्तिम दिनांक एवं समय |
|---|---|---|
| 1 | ई–निविदा डाउनलोड करने की तिथि | 15.05.2022 समय 09:00 बजे |
| 2 | ई–निविदा जमा/अपलोड करने की अन्तिम तिथि | 21.05.2022 समय 12:00 बजे |
| 3 | प्रपत्र जमा करने की अन्तिम तिथि | 21.05.2022 समय 01:00 बजे |
| 3 | तकनीकी ई–निविदा खोलने की तिथि | 21.05.2022 समय 02:00 बजे |
| 4 | वित्तीय ई–निविदा खोलने की तिथि | तकनीकी निविदा सत्यापन उपरान्त |

अधिशाषी अधिकारी
नगर पालिका परिषद घाटमपुर
कानपुर नगर

अध्यक्ष
नगर पालिका परिषद घाटमपुर
कानपुर नगर



## कार्यालय–जिला नगरीय विकास अभिकरण, संत कबीर नगर

पत्रांक 107/डूडा/2022–23 दिनांक–13.05.2022

### पूर्णकालिक ई–प्रोक्योरमेन्ट/ई–टेंडरिंग सूचना

एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि जिला नगरीय विकास अभिकरण (डूडा), संत कबीर नगर में ई–निविदा प्रणाली के अन्तर्गत फर्मो/ठेकेदारों से ई–निविदा पोर्टल https://etender.up.nic.in पर आमंत्रित की जाती है। ई–निविदा पोर्टल पर अपलोड की तिथि से 27.05.2022 को 12.00 बजे तक पोर्टल पर अपलोड की जा सकती है। कार्यो का विवरण एवं निविदा की नियम एवं शर्ते निम्नवत् है–

1. वेबसाईड पर ई–निविदा प्रकाशन की तिथि व समय — 17.05.2022 02.00 बजे अपरान्ह
2. ई–निविदा डाउनलोड की प्रारम्भ तिथि व समय — 17.05.2022 02.00 बजे अपरान्ह
3. ई–निविदा अपलोड की अन्तिम तिथि व समय — 27.05.2022 12.00 बजे मध्यान्ह
4. ई–निविदा टेक्निकल बिड् खोले जाने की तिथि व समय — 27.05.2022 03.00 बजे सायं
5. ई–निविदा वित्तीय बिड खोली जाने की तिथि व समय — 30.05.2022 04.00 बजे सायं

(मनोज कुमार सिंह)
अपर जिलाधिकारी (वि0रा0)/परियोजना निदेशक
जिला नगरीय विकास अभिकरण
संत कबीर नगर


## पेज एक का शेष

### एडवोकेट कमिश्नर...

कटरा केशव देव जी महाराज के मंदिर की 13.37 एकड़ जमीन के एक हिस्से पर बनी है। सुन्नी सेंट्रल वक्फ बोर्ड तथा शाही मस्जिद ईदगाह के वकीलों ने याचिकाओं में की गई आपत्तियों पर जवाब देने के लिए अदालत से समय मांगा था। मामले की अगली सुनवाई की तारीख एक जुलाई नियत की गई है।

### मुंडका में...

पर भेजी गईं। पुलिस ने भी इमारत को चारों ओर से घेर लिया। आग पर काबू पाने के लिए दमकल विभाग के अलावा डीडीएमए, सिविलि डिफेंस वॉलटयिर्स, स्थानीय पुलिस और स्थानीय लोग भी राहत और बचाव कार्य में जुटे रहे। एम्बुलेंस और पुलिस की गाड़ियां लगातार घायलों और शवों को अस्पताल पहुंचा रही थीं। पुलिस उपायुक्त समीर शर्मा ने कहा कि शुरुआती जांच में पता चला है कि तीन मंजिला वाणिज्य इमारत में कई कंपनियों के दफ्तर हैं। सीसीटीवी बनाने और मरम्मत करने एवं बेचने की कंपनी व उसका गोदाम है। आग इमारत की पहली मंजिल से लगनी शुरू हुई जहां सीसीटीवी कैमरा और राउटर निर्माता कंपनी का कार्यालय है। इस इमारत के मालिक को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। सीसीटीवी कंपनी का मालिक पुलिस की हिरासत में है।

### बस में...

अधिकारियों ने बताया कि घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जम्मू संभाग के अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक (एडीजी) मुकेश सिंह ने बताया कि प्रारंभिक जांच के दौरान घटना में किसी विस्फोटक के इस्तेमाल का संकेत नहीं मिला है, हालांकि, फोरेंसिक टीम आग लगने के कारणों का पता लगा रही है।

### सुप्रीम कोर्ट...

दिमाग लगाए या मनमाने तरीके से अधिकारियों द्वारा लिया गया है, तब तक अदालत द्वारा इसमें हस्तक्षेप करने का कोई कारण नहीं है। पीठ ने कहा कि किसी भी परीक्षा को स्थगित करने के गंभीर असर हो सकते हैं क्योंकि विद्यार्थियों के एक वर्ग की रुचि परीक्षा स्थगित करने में हो सकती है लेकिन अन्य विद्यार्थियों के बड़े हिस्से ने अध्ययन किया है और परीक्षा के लिए पंजीकृत कराया है, जो गंभीर रूप से प्रभावित हो सकते हैं। न्यायालय ने कहा, इन सबसे ऊपर मरीजों की देखरेख और इलाज, परीक्षा के लिए पंजीकरण कराने वाले डॉक्टरों और पंजीकरण नहीं कराने वाले डॉक्टरों के प्रतिस्पर्धी हित की लड़ाई में सर्वोपरि होना चाहिए। इसलिए हमारा विचार है कि इस प्रक्रिया में जो राहत मांगी गई है उसकी अनुमति नहीं दी जा सकती। इसलिए याचिका खारिज की जाती है।

### योगी सरकार...

से लेकर मुख्यमंत्री के सरकारी आवास पांच कालिदास मार्ग तक की सड़क को तिरंगी लाइटों से जगमग करने की तैयारी है। एअरपोर्ट से कालीदास मार्ग के बीच में कुछ जगह पर वर्टिकल गार्डेन बनाया जाएगा। जिससे रात में लाइटों के बीच फूल भी दिखाई दें। सड़क के दोनों तरफ के भाग को तिरंगा एलइडी लाइटों से सजाया जाए।पीएम मोदी यहां मुख्यमंत्री के सरकारी आवास में जाएंगे। जिसकी तैयारियों को लेकर अपर मुख्य सचिव अवनीश अवस्थी ने अधिकारियों के साथ तैयारियों का जायजा लिया। प्रधानमंत्री को शाम को आना और फिर कुछ घंटे बाद लौटना है। विदित हो कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी बुद्ध पूर्णिमा 16 मई को नेपाल के लुंबिनी जाकर वहां पर दर्शन करेंगे।

### मोहाली विस्फोट...

आरोपियों में विस्फोट करने वालों को आश्रय, साजो-सामान और हथियार मुहैया कराने वाले शामिल हैं।उन्होंने कहा कि रॉकेट चालित ग्रेनेड (आरपीजी) दागने में शामिल तीन लोग अब भी वांछित हैं। डीजीपी ने कहा कि इस मामले का एक आरोपी निशान सिंह पहले से ही किसी अन्य मामले में फरीदकोट पुलिस की हिरासत में है। उन्होंने कहा कि इस मामले में भी उन्हें गिरफ्तार किया जाएगा।तरनतारन निवासी निशान सिंह कई आपराधिक मामलों का सामना कर रहा है, जिसमें से एक हत्या के प्रयास से संबंधित है और दूसरा स्वापक औषधि एवं मन:प्रभावी पदार्थ (एनडीपीएस) अधिनियम के तहत है।सोमवार को एक दुस्साहसिक हमले में, मोहाली के सेक्टर 77 स्थित राज्य पुलिस के खुफिया विंग मुख्यालय पर एक रॉकेट से संचालित ग्रेनेड दागा गया।

### कांग्रेस को...

लिए लगातार पांच साल से अनुकरणीय कार्य कर रहा है। इससे गांधी परिवार के सदस्यों के लिए चुनाव लड़ने की गुंजाइश खुल जाएगी एवं पार्टी के अन्य वरिष्ठ नेताओं को अपने बेटे-बेटियों को टिकट सूची में जगह दिलाने की संभावना बढ़ जाएगी। कांग्रेस के नेताओं को स्पष्ट संदेश देते हुए सोनिया ने कहा कि पार्टी को अपनी कार्यशैली बदलनी ही होगी। सभी नेताओं को संगठन को अपनी व्यक्तिगत महत्वाकांक्षाओं से ऊपर रखना होगा। पार्टी ने सभी को बहुत कुछ दिया है, इसलिए यह समय इस कर्ज को चुकाने का है। शिविर में भाग ले रहे लगभग 450 प्रतिनिधियों से सोनिया गांधी ने पार्टी में बदलावों के लिए खुले दिमाग से विचार-विमर्श करने का आग्रह किया।

### यूएई के...

ध्वज आधा झुका रहेगा और सभी मंत्रालय, विभाग, संघीय व स्थानीय संस्थान शुक्रवार से काम करना बंद कर देंगे। शेख खलीफा ने अपने पिता मरहूम शेख जायद बिन सुल्तान अल नाह्यान की जगह ली थी, जिन्होंने 1971 में अमीरात के अस्तित्व में आने के बाद दो नवंबर 2004 को अपने निधन तक यूएई के पहले राष्ट्रपति के रूप में सेवाएं दी थीं। 1948 में जन्मे शेख खलीफा यूएई के दूसरे राष्ट्रपति और अबू धाबी अमीरात के 16वें शासक थे। वह शेख जायद के सबसे बड़े बेटे थे। यूएई का राष्ट्रपति बनने के बाद शेख खलीफा ने संघीय सरकार और अबू धाबी की सरकार के पुनर्गठन में बड़ी भूमिका निभाई थी। उनके शासन में यूएई ने विकास की नई ऊंचाइयां भी छुईं। भारत ने संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के राष्ट्रपति शेख खलीफा बिन ज़ायद अल नहयान के निधन के बाद शनिवार को एक दिन के राजकीय शोक की घोषणा की है। केंद्रीय गृह मंत्रालय की ओर से सभी राज्यों एवं केंद्र शासित प्रदेशों को जारी एक संदेश के अनुसार, भारत सरकार ने निर्णय किया है कि दिवंगत गणमान्य व्यक्ति के सम्मान में 14 मई को पूरे देश में एक दिन का राजकीय शोक रहेगा।

### हर साल...

कवर करने वाले प्रकाश प्रदूषण पर संयुक्त राष्ट्र पर्यावरण दिशानिर्देशों के बयान के अनुसार 2020 में सीएमएस पार्टियों द्वारा समर्थन किया गया था। उनकी सिफारिशों के बीच, दिशानिर्देशों ने सर्वोत्तम प्रकाश प्रथाओं के छह सिद्धांतों को निर्धारित किया और पर्यावरणीय प्रभाव आकलन के लिए कॉल किया। प्रासंगिक परियोजनाओं के लिए जिसके परिणामस्वरूप प्रकाश प्रदूषण हो सकता है। इन्हें एक निश्चित स्थल पर प्रकाश प्रदूषण के मुख्य स्त्रोतों पर विचार करना चाहिए, संभावित जंगली प्रजातियां जो प्रभावित हो सकती हैं, और महत्वपूर्ण आवासों और प्रवासी मार्गों से निकटता के बारे में तथ्य। बयान में कहा गया कि प्रवासी लैंडबर्ड्स और चमगादड़ों पर ध्यान केंद्रित करने वाले नए दिशानिर्देश वर्तमान में सीएमएस के तहत विकसित किए जा रहे हैं।

# हमें सदैव धर्म के मार्ग पर चलकर उसका अनुसरण करना चाहिए: योगी

- वीर शैव सम्मेलन का मुख्यमंत्री ने दीप-प्रज्जवलन कर किया शुभारंभ
- भारत में अलग-अलग पंथ और समुदाय हैं, परन्तु ये विभाजन के लिए नहीं है: सीएम

**पायनियर समाचार सेवा।** वाराणसी



मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ शुक्रवार को दो दिन के दौरे पर वाराणसी पहुंचे। मुख्यमंत्री वाराणसी में सबसे पहले जंगमवाड़ी मठ में आयोजित कार्यक्रम में शामिल हुए। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ दो दिनी काशी यात्रा पर लखनऊ से पहुंचे। संपूर्णानंद संस्कृत विवि के खेल मैदान में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ हेलीकाप्टर से पहुंचे। इस दौरान उनका स्वागत करने के लिए पार्टी की ओर से पदाधिकारी और प्रशासनिक अधिकारी भी मौजूद रहे। जंगमबाड़ी मठ में मुख्यमंत्री के आगमन को देखते हुए परिसर में सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गई। जंगमबाड़ी मठ पहुंचने के बाद सीएम का औपचारिक स्वागत किया गया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ मठ में आयोजित वीर शैव सम्मेलन में बतौर विशिष्ट अतिथि शामिल हुए। इसके बाद मठ में दीप प्रज्वलित कर सीएम योगी आदित्यनाथने आयोजन की औपचारिक शुरुआत की गई। इस दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को मठ प्रशासन की ओर से प्रसाद व धार्मिक वस्तुएं भेंट की गईं। यहां पर पीठाधीश्वर जगद्गुरु शिवाचार्य डा. चंद्रशेखर महास्वामी ने उनको स्मृति चिह्न प्रदान किया। इस दौरान उन्होंने मठ में पूजा अर्चना की और साधुओं से मुलाकात भी की। यहां पर मठ के देश भर से संत-महंत आए हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जंगमबाड़ी मठ में संतों को संबोधित किया और कहा कि भारत में अलग-अलग पंथ और समुदाय हैं, परन्तु ये विभाजन के लिए नहीं हैं। यह मंजिल तक पहुंचने के लिए अलग-अलग मार्ग हैं। लक्ष्य सबका एक ही है वसुधैव कुटुंबकम। वाराणसी के जंगमवाड़ी मठ में सीएम योगी आदित्यनाथ ने कहा कि हम सभी को सदैव धर्म के मार्ग पर चलकर उसका अनुसरण करना चाहिए। सीएम योगी ने कहा कि पूरे भारत को तो प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का नेतृत्व मिल रहा है। यही कारण है कि आज नई ऊर्जा के साथ भारत आगे बढ़ रहा है।

# सराहनीय कार्य करने वाली 25 महिला ग्राम प्रधानों को डीएम ने दिया प्रशस्ति पत्र

**संवाददाता।** मीरजापुर

**प्रोवेशन**, मिशन शक्ति फेज 4 के अंतर्गत मेगा इवेंट प्रधान सम्मेलन व नारी अभिप्रेरणा संगोष्ठी का आयोजन आज जिला पंचायत सभागार में जिला अधिकारी प्रवीण कुमार लक्षकार के अध्यक्षता में किया गया। बच्चों तथा महिलाओं की सुरक्षा संरक्षण तथा स्वावलंबन से संबंधित विभिन्न मुद्दों पर समाधान हेतु विचार विमर्श एवं जागरूकता तथा सरकार द्वारा संचालित योजनाओं के बारे में विस्तृत रूप से प्रचार प्रसार के लिए महिलाओं को जानकारी दी गई। इस मौके पर जिलाधिकारी प्रवीण कुमार लक्षकार, मुख्य विकास अधिकारी श्रीलक्ष्मी वीएस, अपर पुलिस अधीक्षक तथा जिला पंचायत राज अधिकारी के द्वारा ग्राम सभाओ में विकास के लिये विभिन्न स्तरो पर अच्छे कार्य करने वाली 25 महिला प्रधानो, नारी शक्तियों को प्रशस्ती पत्र देकर सम्मानित भी किया गया। कुछ महिला ग्राम प्रधानो के द्वारा अपने गॉव में कराये गये विकास कार्यो के बारे में भी जानकारी दी गयी। ग्राम प्रधानो को सम्बोधित करते हुये जिलाधिकारी के द्वारा बेटी बचाओं बेटी पढ़ाओ जागरूकता अभियान के तहत कई जानकारियां भी दी गई। जिलाधिकारी द्वारा कार्यक्रम में प्रधानों को गांव में किस प्रकार से लोगों की सेवा करें और किस प्रकार से सरकार की विभिन्न योजनाओं से लाभान्वित करें इसको लेकर महिला ग्राम प्रधानों को तमाम प्रकार की जानकारियां दी गई। महिला ग्राम प्रधान कैसे महिलाओ के उत्थान के लिए कार्य करें की आप उनके उम्मीदों पर खरे उतरे यही नहीं बच्चों और महिलाओं की उत्पीड़न के रोकथाम के लिए भी विभिन्न प्रकार की जानकारियां दिया गया। जिलाधिकारी ने कहा कि कोई भी जन प्रतिनिधि निर्वाचित होने के बाद सभी के लिये हो जाता है अतएव ग्राम प्रधान गॉव के प्रत्येक व्यक्ति के साथ बिना भेदभाव के जन कल्याणकारी योजनाओ को पहुॅचाने में अपना महत्वपूर्ण योगदान सुनिश्चित करें। उन्होने कहा कि जीपीडीपी योजना में प्राय: देखा जाता है कि शौचालय, नाली, खड़ंजा तक ही कार्य योजना सीमित बना दिया जाता है जबकि गॉव के चहुमुखी विकास के लिये जीपीडीपी योजनान्तर्गत वैक्सीनेशन टीकाकरण का कार्य, शिक्षा, कुपोषित बच्चो को पोषित बनाना, स्वास्थ्य परीक्षण विभिन्न पेंशन योजनाये, पेयजल, हैण्डपम्पो का मरम्मत, युवाओ के खेलकूद की व्यवस्था, सुमंगला योजना, शिक्षको की उपस्थिति आदि भी गॉव के विकास के लिये महत्वपूर्ण है इस दिशा में ग्राम प्रधान कार्य योजना बनाकर कार्य सुनिश्चित करें।

# हरसेवानन्द पब्लिक स्कूल बनपुरवां में बच्चों ने मचाया धमाल



**पायनियर समाचार सेवा।** वाराणसी

**गर्मी** की तपिश और लू के थपेड़ों ने जहाँ जन-मानस को त्रस्त कर रखा है, वहीं छोटे बच्चों की स्कूली समर पार्टी में बच्चों ने अपनी उछलकूद, तैराकी की मस्ती, विभिन्न खेल क्रियाओं, मौसमी फलों के उपयोग की प्रायोगिक क्रिया-कलाप इत्यादि से खूब आनन्दित हो रहे हैं। इससे वे न सिर्फ खेलकूद का आनन्द प्राप्त कर रहे हैं अपितु अपनें अध्यापकों द्वारा गर्मी से बचने, मौसमी फलों के उपयोग, पानी की उपयोगिता, अवशिष्ट पदार्थो से उपयोगी वस्तुओं को बनाने की कला भी सीख रहे हैं। ऐसी ही क्रिया विधि स्वामी हरसेवान्द पब्लिक स्कूल बनपुरवां में शुक्रवार को आयोजित की गयी। जिसमें प्ले ग्रुप के नन्हें मुन्ने बच्चों द्वारा टेबल मैनर के साथ तरबूज खाने की प्रतियोगिता यलो थीम के तहत की गयी। एलकेजी व यूकेजी के बच्चों ने फलों एवं सब्जियों पर आधारित थीम के अनुसार अपनी अपनी अभिव्यक्ति दी। कक्षा एक, दो व तीन ने क्रमश: पेन्टिंग, स्केचिंग एवं क्राफ्ट की कलाकारी प्रस्तुत की। इस तरह से बच्चों में प्रमुख रूप से आद्विक त्रिपाठी, आस्था यादव, रिद्धियांशी, सिद्धियांशी, शिरशिका, आस्तिक, रिद्धिमा, रूद्राक्षी, हेमाश्री, जयश्री, काव्यांश, तेजस, तनिष सहित सभी नन्हें-मुन्ने प्यारे बच्चों ने ग्रीष्मकालीन अवकाश होने से पूर्व स्कूल में आयोजित समर पार्टी में खूब धमाल मचाया। जिसमें प्रधानाचार्य डॉ एके चौबे, एके वर्मा, छात्रावास अधीक्षक लेफ्टिनेंट एमएस यादव (रिटायर्ड), मुकेश्वर सिंह, अनुराधा दीक्षित आदि लोग उपस्थित रहे।

# ज्ञानवापी मस्जिद में जुमे की नमाज को लेकर उमड़ी भीड़





**पायनियर समाचार सेवा।** वाराणसी

**ज्ञानवापी** मस्जिद मामले में गुरुवार को अदालत का आदेश आने के बाद शुक्रवार को जुमे की नमाज पढ़ने के लिए मुस्लिमों का हुजूम उमड़ पड़ा। शुक्रवार को ज्ञानवापी मस्जिद परिसर में मुस्लिमों की आम दिनों की अपेक्षा भीड़ काफी नजर आई। वहीं परिसर में भीड़ का अंदेशा पूर्व में ही होने की वजह से जिला पुलिस प्रशासन की ओर से पहले ही सुरक्षा व्यवस्था कड़ी करने के साथ ही मस्जिद परिक्षेत्र में काफी सुरक्षा बलों की तैनाती की गई है। वहीं इस मामले में मुस्लिम पक्ष ने सुप्रीम कोर्ट में भी कार्यवाही को रोकने की अपील की है। ज्ञानवापी परिक्षेत्र में फैसला आने के बाद से ही कमिश ?नर सहित तमाम अन्य अधिकारी दौरा कर सुरक्षा व्यवस्था की निगारानी करने के साथ ही परिसर में सुरक्षा बलों की तैनाती भी की जा रही है। दरअसल एडवोकेट कमिश्नर की कार्यवाही को लेकर परिसर को सीआरपीएफ के हवाले करने की प्रशासिनक तैयारी चल रही है ताकि यहां पर एडवोकेट कमिश्नर की कार्यवाही बिना विवाद और बाधा के पूरी हो सके। इस मामले में जिला प्रशासन ने अंजुमन इंतजामिया मसाजिद कमेटी से परिसर में लगे सभी प्रकार के तालों की चाबी की मांग की है। चाबी मांगने के बाद से ही ज्ञानवापी मस्जिद को लेकर गहमागहमी का दौर शुरू हो चुका है। वहीं शुक्रवार को जुमा की नमाज अदा करने के लिए मुस्लिमों की भारी भीड़ मस्जिद परिसर में दोपहर में उमड़ी। पूर्व में भी एडवोकेट कमिश्नर की कार्यवाही के दौरान मुस्लिम पक्ष के विरोध की वजह से कार्यवाही पूरी नहीं हो सकी थी। लिहाजा अदालत ने इस बार रोकटोक और बाधा पहुंचाने पर विधिक कार्रवाई करने की बात कही है। वहीं शुक्रवार को ज्ञानवापी मस्जिद में जुमे की नमाज पढ़ने के लिए उमड़ी भीड़ को नियंत्रित करने के लिए परिसर के पास पुलिस फोर्स की तैनाती की की गई है। कोर्ट के परिसर में वीडियो रिकार्डिंग के आदेश के बाद शुक्रवार को भारी संख्या में नमाजी ज्ञानवापी मस्जिद पहुंचे तो ज्ञानवापी में सुरक्षा व्यस्था बनाए रखने के लिए पुलिस भी अधिक संख्या में तैनात नजर आई।

# हिन्दी पत्रकारिता के क्षेत्र में विष्णु पराड़कर के योगदान से नयी पीढ़ी को अवगत कराना जरूरी

- काशी पत्रकार संघ के प्रतिनिधिमंडल से मुलाकात में महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री देवेन्द्र फड़नवीस ने व्यक्त किए विचार

**पायनियर समाचार सेवा।** वाराणसी।



**प्रख्यात** संपादकाचार्य बाबूराव विष्णु पराड़कर के हिंदी पत्रकारिता क्षेत्र में ऐतिहासिक योगदान की स्मृति को अक्षुण्ण बनाये रखने और नई पीढ़ी को इससे अवगत कराने की आवश्यकता है। इस दिशा में किये जाने वाले प्रयास को आगे बढ़ाने में हर स्तर पर महाराष्ट्र का पूर्ण सहयोग रहेगा। काशी पत्रकार संघ के प्रतिनिधिमंडल से शिष्टाचार भेंट में महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री देवेंद्र फड़नवीस ने उक्त विचार व्यक्त किये। होटल गेटवे ताज में इस भेंट के दौरान संघ के अध्यक्ष सुभाष चंद्र सिंह महामंत्री डॉ. अत्रि भारद्वाज पूर्व अध्यक्ष प्रो. राममोहन पाठक एवं पूर्व कार्य समिति के सदस्य अमित शर्मा ने माला पहनाकर, श्री उत्तरीय एवं स्मृति चिन्ह प्रदान कर श्री फड़नवीस का स्वागत किया। इस अवसर पर महाराष्ट्र के पूर्व गृह राज्य मंत्री एवं भाजपा नेता कृपाशंकर सिंह, पिंडरा के विधायक डॉ. अवधेश सिंह भी मौजूद रहे। पूर्व मुख्यमंत्री देवेंद्र फड्नवीस ने आश्वासन दिया कि महाराष्ट्र के सिंधु दुर्ग जिले के पराड़ गांव स्थित सम्पादकाचार्य बाबू राव विष्णु पराड़कर की जन्म स्थली पर शीघ्र ही भव्य स्मारक का निर्माण शुरू हो जाएगा। उन्होंने यह भी घोषणा की कि महाराष्ट्र में भाजपा की सरकार बनने पर वाराणसी स्थित पराड़कर स्मृति भवन का भी कायाकल्प किया जाएगा। ज्ञातव्य है कि महाराष्ट्र की पिछली भाजपा सरकार में मुख्यमंत्री रहे देवेंद्र फड्नवीस ने पराड़ में लगभग पाँच करोड़ की लागत से भव्य स्मारक बनाने की घोषणा की थी, लेकिन कोविड तथा महाराष्ट्र में अचानक सत्ता परिवर्तन के कारण यह परियोजना लंबित है। काशी पत्रकार संघ एवं मुंबई प्रेस क्लब के प्रतिनिधिमंडल ने दो वर्ष पूर्व काशी पत्रकार संघ के पूर्व अध्यक्ष प्रो. राम मोहन पाठक के नेतृत्व में देवेंद्र फड्नवीस से उनके आवास पर मुलाकात की थी।

# खेती की समस्याओं का होगा आसान समाधान

**वाराणसी।** भारत की सबसे बड़ी डिजिटल एग्री इनपुट्स प्लेटफॉर्म बिगहाट ने एक किसान उत्पादक संगठन कृषकोलॉजी के साथ भागीदार की है जो गाज़ीपुर उत्तर प्रदेश में खेती की समस्याओं का समाधान प्रदान करता है। इस नई सुविधा को हाल ही में लॉन्च किया गया है जिससे यह गाज़ीपुर का पहला सबसे बड़ा कृषि गोदाम बन गया है। सहयोग पर टिप्पणी करते हुए बिगहाट के सीईओ और सह.संस्थापक सतीश नुकाला ने कहा इस सहयोग के साथ हम यूपी, बिहार और नेपाल में लगभग 6 लाख किसानों तक पहुँच सकेंगे। हमारा लक्ष्य इस क्षेत्र के प्रत्येक किसान की सभी कृषि आवश्यकताओं के लिए एक वनस्टॉप समाधान बनना है। यह गठबंधन किसानों को असली कृषि इनपुट्स खरीदने के साथ साथ उचित कीमत पर अपनी उपज बेचने के लिए एक मंच भी प्रदान करेगा। इस अवसर पर कृषकोलॉजी के निदेशक हरेंद्र राय ने कहा गुणवत्ता वाले कृषि इनपुट्स की आपूर्ति, मिट्टी की जांच और फसलों के संबंध में तकनीकी सलाह सुनिश्चित करने के लिए हमने बिगहाट के साथ टाई अप किया है जो एक कृषि इनपुट्स ई.कॉमर्स प्लेटफॉर्म है।

# कोटेदारों को एफसीआई गोदाम से सीधे पहुंचेगा खाद्यान

**सकलडीहा/चन्दौली।** तहसील क्षेत्र के कोटेदारों के यहाँ अब सिंगल स्टेज डिलीवरी के माध्यम से खाद्यान्न पहुचाया जाएगा। जिसके तहत एफसीआई गोदाम व्यासनगर से सीधे राशन कोटेदारों के गोदामो तक पहुंचेगा। एसडीएम अजय मिश्रा ने शुक्रवार को कोटेदारों को सम्बोधित करते हुए जानकारी दी। इस दौरान एसडीएम ने पारदर्शी तरीके से राशन वितरण व कार्ड सत्यापन के साथ ही पात्र लाभार्थियों का आयुष्मान कार्ड बनवाने के लिए निर्देशित किया।तहसील सभागार में तीनों विकास खण्ड के उचित दर विक्रेताओं की मौजूदगी में एसडीएम अजय मिश्रा ने कहा कि शासन के मंशा अनुरूप आप लोग कार्य करे । इसमें किसी प्रकार की लापरवाही क्षम्य नही किया जाएगी।उन्होंने कहा कि आज से तहसील क्षेत्र में सिंगल स्टेज डिलीवरी की शुरुवात की जा रही हैं। जिसके तहत ब्लाक गोदाम के बजाय भारतीय खाद्य निगम के गोदाम से सीधे खाद्यान्न कोटे की दुकान पर पहुचेगा। जिसे पारदर्शी प्रक्रिया अपनाकर वितरण करे। इसके साथ ही कार्ड धारकों का सत्यापन का कार्य पूरा करे। ताकि पात्र लोगो को योजना का लाभ मिले। वही आयुष्मान कार्ड को लेकर भी एसडीएम ने चिंता जाहिर की। बोले तहसील क्षेत्र में केवल 54 प्रतिशत ही अंत्योदय कार्ड धारकों का आयुष्मान कार्ड बना हैं। इसमें आपको अंत्योदय कार्ड धारक को चिन्हित कर आयुष्मान पखवाड़ा में निशुल्क आयुष्मान कार्ड बनवाने के लिए प्रेरित करें । बैठक में क्षेत्रीय खाद्य अधिकारी विवेक श्रीवास्तव, पूर्ति निरीक्षक अमित द्विवेदी, केके मिश्रा, विक्रांत श्रीवास्तव, डिप्टी सीएमओ सहित तहसील क्षेत्र के सभी कोटेदार उपस्थित रहे।


## कार्यालय खण्ड विकास अधिकारी असोथर फतेहपुर

पत्रांक:-181/गौवंश-आश्रय स्थल/ई0 टेण्डर/भूसा-क्रय/2022-23 दिनांक:- 11.05.2022

**अल्पकालीन ई-निविदा आमन्त्रण सूचना**

निराश्रित गौवंश के भरण-पोषण की व्यवस्था हेतु वित्तीय वर्ष 2022-23 में भूसा की व्यवस्था के निर्धारण हेतु सर्विस प्रदाता फर्मो/एजेन्सियों से ऑनलाइन निविदायें उ0प्र0 का ई-प्रोक्योरमेंट की वेबसाइट etender.up.nic.in पर चाही गयी है।

| | |
|---|---|
| निविदा प्रकाशन की तिथि | दिनांक - 12.05.2022 |
| निविदा जमा करने की तिथि | दिनांक - 12.05.2022 से 18.05.2022 तक |
| निविदा खोलने की तिथि | दिनांक - 19.05.2022 अपरान्ह 01:00 बजे |

नोट- निविदा सम्बन्धी समस्त नियम एवं शर्तो की जानकारी उक्त वेबसाइट पर उपलब्ध है।

**खण्ड विकास अधिकारी**
**असोथर-फतेहपुर**


# जलस्तर नीचे खिसकने से हैण्डपम्पों से पानी निकलना हुआ कठिन

**बीजपुर/सोनभद्र।** विकास खण्ड म्योरपुर के न्याय पंचायत जरहां के विभिन्न ग्राम सभाओं में जैसे जैसे गर्मी का पारा बढ़ता जा रहा है वैसे वैसे जलस्तर भी नीचे घिसकता जा रहा है। गर्मी का पारा बढ़ने से जहाँ ग्राम सभा सिरसोती बीजपुर डोडहर नेमना जरहाँ रजमिलान महुली लीलाडेवा अंजानी पिण्डारी महरीकला झीलों सिंदूर व खम्हरिया के रहवासी किसी तरह दिन रात काटने को विवश व लाचार हैं वहीं दूसरी तरह जलस्तर नीचे घिसकने से ग्रामों के कई मुहल्लों में हैण्डपम्प भी पानी देना बंद कर दिए हैं अथवा यदि उनमें से किसी तरह बड़ी मुश्किल से पानी निकल रहा है। यदि वे थोड़ा बहुत पानी दे भी रहे हैं तो काफी मशक्कत से हैण्डपम्प चलाने के बाद ऐसे हालात में जहाँ के रहवासी सिर्फ हैण्डपम्प के सहारे हैं उनके समक्ष पेयजल व पानी की विषम समस्याएं भी उठ खड़ी हो गई हैं। वे दूर दराज के हैंडपम्पों या कुओं आदि पर से पानी लाकर किसी तरह से मजबुरी में अपना काम चलाने को लाचार हो रहे हैं।

# अनुपस्थित मिले नौ डाक्टरों व 14 अन्य कर्मचारियों का वेतन रोकने का निर्देश

**संवाददाता।** सोनभद्र



**शुक्रवार** को जनपद के दौरे पर आये निदेशक स्वास्थ्य निदेशालय ए के सिंह जिला अस्पताल पहुंचे तो वहा से मरीज को प्राइवेट अस्पताल में भेजने की जानकारी होने पर कडी नराजगी व्यक्त किया। उन्होंने डाक्टर के खिलाफ कार्यवाही करने का निर्देश दिया। इमरजेंसी, ओपीडी व जनरल वार्ड आदि का निरीक्षण कर सुधार कराने का निर्देश दिया। निरीक्षण के दौरान अनुपस्थित मिले नौ डाक्टरों व 14 अन्य कर्मचारियों का वेतन रोकने के साथ ही उनसे स्पष्टीकरण के लिए भी निर्देशित किया गया। निदेशक स्वास्थ्य ए के सिंह शुक्रवार को सुबह लगभग 8.45 बजे जनपद मुख्यालय स्थित जिला अस्पताल लोढी पहुंचे। अस्पताल परिसर में ही जमीन पर लेटे एक वृद्ध को देखा तो उससे पूछताछ करने लगे। इस पर वृद्ध मरीज ने उन्हें अपनी समस्या बताई मरीज ने बताया कि इमरजेंसी के डाक्टर ने उन्हें एक निजी अस्पताल जाने की सलाह दी है। मरीज की बात सुनते ही निदेशक स्वास्थ्य भड़क उठे। वह मरीज को साथ लेकर इमरजेंसी वार्ड में पहुंचे और वहां मौजूद डाक्टर से पूछताछ कर नाराजगी जताई। उन्होंने तत्काल वृद्ध मरीज को भर्ती कर इलाज करने का निर्देश दिया। उन्होंने व्हीलचेयर व स्ट्रेचर बंद कमरे में रखने पर भी कर्मियों को फटकार लगाई। इसके बाद उन्होंने दवा वितरण काउंटर का निरीक्षण कर जानकारी प्राप्त किया। ओपीडी वार्ड में पहुंच कर उन्होंने डाक्टर कक्ष का निरीक्षण किया। मौके से नौ डाक्टर समेत अन्य 14 कर्मचारी अनुपस्थित मिले। अनुपस्थित डाक्टरों व कर्मचारियों का वेतन रोकने के साथ ही विभागीय कार्यवाही के भी निर्देश दिए। ओपीडी वार्ड में उपस्थित मरीजो से भी जानकारी ली। मरीजों ने बताया कि सुबह आठ बजे से आये है, लेकिन अभी तक कोई डाक्टर देखने नही आया है, यह सुन कर निदेशक स्वास्थ्य भड़क उठे तथा संबंधितों के खिलाफ कार्यवाही का निर्देश दिया। इसके बाद उन्होंने जनरल वार्ड में भर्ती मरीजों का हाल जाना तथा अस्पताल से मिलने वाली दवाएं व भोजन आदि के बारे में जानकारी ली। मौके पर मौजूद सीएमएस को व्यवस्था सुविधाओं में सुधार करने के निर्देश दिए। निदेशक स्वास्थ्य ए के सिंह ने कहाकि अस्पताल में किसी भी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने बताया कि वे जिले में बढ़ते मलेरिया के रोगियों को लेकर निरीक्षण के लिए आये है। वे मलेरिया से जुड़े अधिकारियों व कर्मियों से इसके रोकथाम को लेकर बैठक कर चर्चा भी करेंगे।


## शुभम् हाउसिंग डेवलपमेंट फाईनेंस कम्पनी लिमिटेड

कार्पोरेट कार्यालय : 425, उद्योग विहार फेज-4, गुड़गांव-122015 (हरियाणा)
फोन : 0124-4212530/31/32,
ई-मेल : customercare@shubham.co वेबसाइट : www.shubham.co

**कब्जा सूचना (अचल सम्पत्तियों हेतु)**

जबकि, अधोहस्ताक्षरी ने शुभम् हाउसिंग डेवलपमेंट फायनेंस कम्पनी लिमिटेड (इसमें आगे शुभम कही गई है) के प्राधिकृत अधिकारी के रूप में, वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के तहत और प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली 2002, के नियम 3 के साथ पठित धारा 13(12) के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए मांग सूचना जारी की थी, जिसमें कर्जदारों से बकाया राशि का भुगतान उक्त सूचना की प्राप्ति की तिथि से 60 दिन के भीतर करने की मांग की गई थी।

कर्जदार राशि चुकाने में असफल रहे हैं, एतद्द्वारा कर्जदारों और जनसाधारण को सूचना दी जाती है कि अधोहस्ताक्षरी ने प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली 2002 के नियम 8 के साथ पठित उक्त अधिनियम की धारा 13(4) के तहत उसको प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए नीचे वर्णित संपत्ति का कब्जा प्राप्त कर लिया है।

कर्जदारों को विशेष रूप से तथा जन साधारण को एतद्द्वारा सम्पत्तियों के संबंध में संव्यवहार नहीं करने हेतु सावधान किया जाता है तथा सम्पत्तियों के संबंध में कोई भी संव्यवहार शुभम् हाउसिंग डेवलपमेंट फायनेंस कम्पनी लिमिटेड की निम्नवर्णित बकाया राशि तथा उस पर ब्याज अदा करने के बाद ही किया जा सकता है।

कर्जदार का ध्यान, प्रत्याभूत आस्तियों को छुड़ाने के लिए, उपलब्ध समय के संबंध में, अधिनियम की धारा 13 की उप-धारा (8) के प्रावधान की ओर आकृष्ट किया जाता है। विस्तृत विवरण नीचे दिया गया है :-

| क्र. सं. | ऋण सं./कर्जदार, सह-कर्जदार | मांग सूचना राशि | मांग सूचना की तिथि | सुरक्षित सम्पति | चस्पा करने की तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 0ALB1912000005025585 आनंद कुमार श्रीवास्तव, अंकिता श्रीवास्तव | रू. 4,42,082/- | 24-02-2022 | मकान नंबर 209एच/7ए, अराजी नंबर 534 का भाग, मौजा कसारी मसारी, मोहल्ला ओम प्रकाश सभासद नगर, तहसील -सदर, जिला-प्रयागराज, इलाहाबाद, उत्तर प्रदेश-211011 | 12-05-2022 |
| 2 | 0ALB2102000005035033 मनीष कुमार जायसवाल, साधना जायसवाल | रू. 29,38,414/- | 24-02-2022 | गाटा नंबर 493 एनजी, मौजा-कर्मा, परगना-अरैल, तहसील - करचना, जिला - इलाहाबाद, उत्तर प्रदेश-211008 | 12-05-2022 |
| 3 | 0KAN2103000005035984 पूनम गुप्ता, विनय कुमार शुक्ला, सोनू कुमार | रू. 8,65,023/- | 24-02-2022 | मकान नंबर 117/95-ए(3), हाता नंबर 95 का भाग, ग्राम काकादेव, तहसील एवं जिला कानपुर नगर, उत्तर प्रदेश-208025 | 12-05-2022 |
| 4 | 0LKW1610000005002315 सानू, ताज मोहम्मद | रू. 7,06,291/- | 24-02-2022 | प्लॉट नंबर 22 का भाग, खसरा नंबर 473, ग्राम बरौंरा हुसैन बाड़ी, वार्ड कन्हैया माधोपुर, लखनऊ, उत्तर प्रदेश - 226003 | 12-05-2022 |
| 5 | 0LKW2008000005029271 राजेश कुमार, कानूनी वारिस (मृतक एकता) | रू. 40,65,514/- | 24-02-2022 | मकान नंबर 6, प्लॉट नंबर 6 पर, खसरा नंबर 94, शर्मा सिटी, तकरोही, वार्ड शहीद भगत सिंह, लखनऊ, उत्तर प्रदेश - 226017 | 12-05-2022 |

स्थान : गुरूग्राम,
तिथि : 13-05-2022

प्राधिकृत अधिकारी,
शुभम् हाउसिंग डेवलपमेंट फाईनेंस कम्पनी लिमिटेड

## वैवाहिक बलात्कार

### मामला पहुंचा सुप्रीम कोर्ट

**हिंदू** विवाह संस्था का विकास शताब्दियों में हुआ है। इसलिए उसके मूल्य व स्वरूप स्थाई नहीं हैं। इसी कारण वे अब समाप्त भी किए जा सकते हैं। इन दोनों तथ्यों का अर्थ है कि विवाह संस्थान पत्थर पर खिंची लकीर नहीं है और पहले की तरह वह आज भी लगातार बदल रहा है। अपने बीच संबंधों तथा परस्पर सम्मान के मामले में दोनों साझीदारों की स्थिति समान है। संस्थान के विकास का प्रमाण है कि अब लिव-इन संबंधों, अंतर-धार्मिक विवाहों, प्रेम विवाहों, अंतर-जातीय विवाहों तथा समान-लिंग विवाहों की घटनायें सामने आ रही हैं। ये सभी प्रवृत्तियां उन पितृसत्तात्मक मूल्यों के विरोध में हैं जो परंपरागत रूप से हिंदू विवाहों पर हावी रहे हैं। आज इन सारी अवधारणाओं को कानून के अंतर्गत संरक्षण प्राप्त है। यहां तक कि कानून पंजीकृत विवाह को भी अनुमति देता है। आर्य समाज विवाह की ऐसी व्यवस्था का समर्थन करता है जो परंपराओं, पृथाओं, जाति व पितृसत्ता जैसे कट्टरपंथी मूल्यों को अस्वीकार करती है। शिक्षित, आर्थिक रूप से स्वतंत्र तथा उदारवादी सोच वाली महिलायें व पुरुष स्वयं तय करते हैं कि उनको कब और किससे विवाह करना है। हालांकि, विवाह संस्था तथा उसमें शामिल होने वाले लोगों के बीच हितों का टकराव भी है। अधिकाधिक लोग, खासकर महिलायें संस्थान के कारण अपने अधिकारों में कमी के खिलाफ आवाज उठा रही हैं। वे विवाह का



चरित्र स्वयं परिभाषित किए जा सकने वाले मूल्यों के आधार पर करना चाहते हैं। इसलिए सवाल यह है क्या यौन संबंध के मुद्दे पर वैवाहिक विवाद हो सकता है? क्या कानून को विवाह संस्था में आधे से अधिक युगलों के अधिकारों व पसंद के अधिकार को सुरक्षा देनी चाहिए जिनको संस्थान में व्याप्त तानाशाही के कारण अनदेखा किया जाता है? दिल्ली उच्च न्यायालय ने वैवाहिक बलात्कार के अपराधीकरण के मुद्दे पर परस्पर विरोधी फैसला दिया है।

भारतीय दंड संहिता की धारा 375 का अपवाद 2 विवाद का विषय है जिसके अंतर्गत यदि पत्नी नाबालिग न हो तो पति द्वारा पत्नी से बिना उसकी सहमति के जबरन सेक्स बलात्कार नहीं माना जाएगा। यदि पत्नी व पति कानून की नजरों में समान हैं तो यह उल्टा प्राविधान क्यों है जिसके चलते बिना सहमति के भी पति अपनी पत्नी से यौन संबंध स्थापित कर सकता है? तथ्य यह है कि अपवाद एकपक्षीय है और पितृसत्तात्मक पूर्वाग्रह स्पष्ट करता है। इससे यह तर्क भी सामने आता है कि समाज में अपवाद 2 का कोई स्थान नहीं होना चाहिए क्योंकि अन्य सारी चीजों के अलावा यह महिला के अपने शरीर पर अधिकार का उल्लंघन करता है। सामाजिक मानक के रूप में यह अपवाद महिला के सहमति के अधिकार का अपमान करता है। लेकिन इस दृष्टिकोण पर अलग- अलग राय रखने वाले न्यायाधीशों ने याचिकाकर्ताओं को सर्वोच्च न्यायालय में अपील करने की अनुमति दी है। यह स्वागत योग्य है। वर्तमान समय में समाज और उसके कानूनों को महिलाओं व पुरुषों की समानता का सम्मान करना और उसे सुरक्षा देनी चाहिए। महिलाओं को दबाने वाले पितृसत्तात्मक दृष्टिकोण के चलते शताब्दियों से उनके अधिकारों व पसंद को कुचला जा रहा है। ऐसे में समाज और कानून पर अतिरिक्त जिम्मेदारी है कि उनके अधिकारों को बहाल करें। एक समय महिलायें अपने पति का चयन 'स्वयंवर' के माध्यम से करती थीं, लेकिन बाद में उनकी परंपरागत स्वतंत्रता छीन ली गई और उनको पुरुष संरक्षण के आधीन कर दिया गया। वर्तमान समय में महिलायें अपना खोया हुआ दर्जा वापस पाने के लिए संघर्ष कर रही हैं। लेकिन उनको बताया जा रहा है कि विवाह का अर्थ उनको अपने पति द्वारा जबरन यौन संबंध को बर्दाश्त करने की जिम्मेदारी भी है। इस दृष्टिकोण पर स्वाभाविक रूप से सवाल उठ रहे हैं?

# पाकिस्तान में चीन की चुनौतियां

शारी बलूच के आत्मघाती हमले ने चीन की चिन्तायें व्यापक रूप से बढ़ा दी हैं। पाकिस्तान का पूरा समाज इनसे प्रभावित है।



**भूपिंदर सिंह**
(सेवानिवृत्त सैन्य अधिकारी व पूर्व उप-राज्यपाल)



आतंकवाद की वैश्विक 'नर्सरी' बन चुका पाकिस्तान धार्मिक-कट्टरपंथ का भी गंभीर शिकार है। इसके उसे भारी परिणाम भुगतने पड़े हैं। इससे पूर्व अमेरिकी विदेश सचिव हिलेरी क्लिंटन का वह कथन याद आ जाता है कि 'जो अपने पिछवाड़े सांप पालते हैं, वे केवल उनके पड़ोसियों को ही नहीं काटते हैं।' लगभग दो साल पहले पूर्व पाकिस्तानी प्रधानमंत्री इमरान खान ने स्वीकार किया था कि पाकिस्तान की धरती पर लगभग '30,000 से 40,000' आतंकी व चरमपंथी मौजूद हैं। पाकिस्तान में प्रशिक्षित व उससे हथियार प्राप्त हजारों आतंकी वास्तविक नियंत्रण रेखा-एलओसी के पार भारत में सक्रिय थे। लगभग इसी प्रकार वर्ष 2000 में आई संयुक्त राष्ट्रसंघ की एक रिपोर्ट में कहा गया था कि लगभग 6,000 पाकिस्तानी लड़ाके ड्यूरंड रेखा के पार अफगानिस्तान में भी सक्रिय हैं। इनमें से अधिकांश का संबंध पाकिस्तान पर निशाना लगाने वाले तहरीके तालिबान या पाकिस्तानी तालिबान से था।

लेकिन पाकिस्तानी आतंकियों की उपस्थिति केवल उसके संघीय शासन वाले कबीलाई क्षेत्रों, खैबर पख्तूनख्वा या पंजाब प्रांत तक सीमित नहीं है, बल्कि ये सबसे बड़े प्रांत बलूचिस्तान के कुछ क्षेत्रों में भी मौजूद हैं। 'पाकिस्तानी इंस्टीट्यूट फार कान्फ्लिक्ट एंड सिक्यूरिटी स्टडीज़' की एक रिपोर्ट के अनुसार, मार्च 2022 की तुलना में अप्रैल में आतंकी हमलों में आश्चर्यजनक रूप से 24 प्रतिशत वृद्धि हुई है। लेकिन यह बात समझ से परे है कि पाकिस्तान आधिकारिक रूप से पाकिस्तान तालिबान व आईएसआईएस-खुरासान गुट के समर्थन के पीछे 'भारतीय हाथ' की बात करता है।

पाकिस्तान अपरिहार्य रूप से एक विफल राष्ट्र की ओर बढ़ रहा है क्योंकि वह अतिवाद की जड़ों को उखाड़ कर समस्या के संपूर्ण समाधान का अनिच्छुक है। इसी कारण उस पर वैश्विक निगरानी एजेंसी वित्तीय कार्यवाही कार्यबल-एफएटीएफ द्वारा आतंकवाद का समर्थन करने के कारण लगातार 'काली सूची में डालने' की तलवार लटकी हुई है। पाकिस्तान में आधिकारिक रूप से पहली महिला आत्मघाती आतंकी के कारनामे से वहां आतंकवाद ने एक नाटकीय रूप ले लिया है। यह कारनामा बलूचिस्तान लिबरेशन आर्मी की शारी बलूच ने दर्ज कराया है। उनके द्वारा निशाने के चयन तथा भविष्य में उसके खतरनाक परिणामों के बारे में भी अनेक पक्षों में भय व्याप्त हो गया है। शारी ने खासकर कराची विश्वविद्यालय के कन्फ्यूशियस इंस्टीट्यूट के बाहर तीन चीनी नागरिकों पर निशाना लगा कर उनको मार डाला। यह तथ्य भी महत्वपूर्ण है कि शारी परंपरागत रूप से निरक्षर नहीं थीं, न ही उनका कभी उत्पीड़न हुआ था और उनकी पृष्ठभूमि भी अन्य आत्मघाती हमलावरों जैसी नहीं थी। शारी एमफिल उपाधि प्राप्त शिक्षक थीं, उनका एक दंत चिकित्सक से विवाह हुआ था और उनके परिवार के सदस्य स्थाई सरकारी नौकरियों में सुस्थापित थे। इसके बावजूद शारी पाकिस्तान में चीनियों की उपस्थिति से गहरे तक आहत थीं और इसी आहत भावना के कारण वे बलूचिस्तान लिबरेशन आर्मी-बीएलए की मजीद ब्रिगेड में शामिल हुई थीं तथा स्वयं आत्मघाती हमलावर की भूमिका चुनी थी।

इमरान खान युग में भले ही खतरनाक ढंग से अमेरिका-विरोधी विमर्श को बढ़ावा दिया गया था और शुरुआत में पाकिस्तानियों के बड़े तबके में इस दृष्टिकोण को स्वीकार्यता भी मिली थी। लेकिन इसके एकदम उलट ऐसा लगता है कि पाकिस्तानी जनता के मन में चीनी तेजी से अमेरिकनों का स्थान लेते जा रहे हैं और उनको पाकिस्तानी धरती पर नए साम्राज्यवादियों व उपनिवेशवादियों की तरह देखा जा रहा है। अफगानिस्तान से अमेरिकी सैनिकों की वापसी के बाद पाकिस्तान के संबंध अपने द्वारा ही तैयार किए गए अफगान तालिबान से लगातार खराब होते जा रहे हैं। पाकिस्तानी धरती पर बढ़ती हिंसा के कारण अनेक पाकिस्तानियों को यह सवाल पूछने पर मजबूर होना पड़ रहा है कि अफगान तालिबान के पक्ष में आ कर संयुक्त राज्य अमेरिका को राक्षस की तरह पेश करने का लाभ आखिरकार किसे मिला। पास्तिानी समाज में विभाजन खतरनाक रूप से तीखे होते जा रहे हैं जो शियाओं, अहमदियों व अन्य अल्पसंख्यकों के बीच पैदा हो रहे हैं।

तथाकथित 'नया पाकिस्तान' में सामाजिक विभाजन बढ़ने के साथ ही हिंसा और हमलों से कोई राहत नहीं मिल रही है। इस सारे रक्तपात और नरसंहार के साथ कमर तोड़ने वाली महंगाई तथा वैश्विक महामारी के कारण पैदा उथलपुथल ने आम आदमी को अत्यधिक संकट का शिकार बना दिया है। अनेक लोगों को लग रहा है कि उनका जीवन गंभीर संकट में है। इसके कारण जनता में पैदा होने वाला विस्फोटक गुस्सा अब केवल निरक्षरों व धार्मिक कट्टरपंथियों तक सीमित नहीं है, बल्कि यह शारी जैसे लोगों में भी फैल रहा है। उनको लगता है कि चीन ने सामाजिक-आर्थिक रूप से उनके देश पाकिस्तान को दलदल में फंसा दिया है तथा वह प्रभावी रूप से चीन का मुहरा या आश्रित देश बन गया है। स्वतंत्रता के बाद से ही ऐतिहासिक रूप से पाकिस्तान के विकास में उचित हिस्सेदारी से वंचित बलूच लोग खासकर बढ़ती चीनी उपस्थिति से परेशान हैं। बलूच जनता चीनियों को खूनी सूदखोर तथा अपनी जमीन, संसाधनों व संस्कृति पर कब्जावरों व लुटेरों की तरह देखती है।

चीन-पाकिस्तान आर्थिक गलियारे-सीपीईसी में निवेशों के वित्तीय व रणनीतिक उद्देश्यों के कारण चीनी आसानी से यहां से पीछे नहीं हटेंगे जिससे तनाव और बढ़ सकता है। चीनी सरकार के अनाधिकारिक मुखपत्र ग्लोबल टाइम्स ने चेतावनी देते हुए कहा, 'हम चेतावनी देना चाहते हैं कि चाहे पाकिस्तान के भीतर हो या बाहर, चीनी नागरिकों पर हमला करने वाली शक्तियों पर कठोरतम हमला किया जाएगा।' लेकिन वायस फार बलूच मिसिंग पर्सन्स-वीबीएमपी जैसे संगठनों ने दावा किया है कि 35,000 से अधिक बलूचों का अपहरण किया गया है या वे आश्चर्यजनक रूप से गायब हो गए हैं। इस कारण चीन के खिलाफ गुस्सा बढ़ रहा है। उनको बलूच नागरिकों की तुलना में मिलने वाले विशेषाधिकारों व विशिष्टता के कारण बलूचों की भावनायें आहत हो रही हैं, वे लगातार एकजुट हो रहे हैं तथा अपने गुस्से का प्रदर्शन कर रहे हैं। सीपीईसी की परिसंपत्तियों की सुरक्षा के लिए जिम्मेदार विशेष सुरक्षा डिवीजन की 34वीं लाइट इन्फैंट्री डिवीजन के 15,000 सैनिक व सैन्य अधिकारी इस प्रकार उभरने वाले विरोध के कारण भारी दबाव में हैं और स्वयं को नाकाफी पा रहे हैं। इसी कारण पाकिस्तान में बलूचिस्तान के ग्वादर में दूसरी प्रतिबद्ध 44वीं लाइट इन्फैंट्री डिवीजन तैयार की है। लेकिन पिछले साल सैनिक क्षमता में किए गए इस विस्तार के बावजूद नौ चीनियों पर निशाना लगा कर उनको उस समय मार डाला गया जब वे एक बस से अपर कोहिस्तान में यात्रा कर रहे थे। इसके बाद पाकिस्तान में रहने वाले चीनियों ने स्वयं को हथियारों से लैस करना शुरू किया। पाकिस्तानी जनता के विद्रोही दृष्टिकोण तथा चीनियों व औसत पाकिस्तानियों के बीच सांस्कृतिक भिन्नताओं के कारण दोनों के बीच परस्पर विश्वास पैदा करना बहुत कठिन हो गया है। केवल आने वाला समय ही तय करेगा कि चीन में रहने वाले अपने ही धर्म के उइगुरों पर होने वाले अत्याचार पर सरकारी पाकिस्तानी दृष्टिकोण के विरोध में पाकिस्तानी जनता कब उठ खड़ी होगी। ऐसे में पाकिस्तान से जबरन बाहर भगाए गए पूर्वी तुर्किस्तान इस्लामिक मूवमेंट-ईटीआईएम की वापसी अपरिहार्य है जो उइगुरों की प्रतिरोधी सेना है। शारी बलूच की अभूतपूर्व आत्मघाती हमलावर बनने की घटना पूरे पाकिस्तानी समाज में चीन के प्रति बढ़ती चिन्ता प्रकट करती है।

यह पूरे समाज को प्रभावित कर रही है। आंकड़ों से स्पष्ट है कि पुरुष आत्मघातियों की तुलना में महिला आत्मघातियों को आठ गुना अधिक प्रचार मिलता हे। उन पर आमतौर से संदेह नहीं किया जाता है और वे सुरक्षा व्यवस्थाओं को तोड़ कर पुरुष आतंकियों की तुलना में चार गुना अधिक लोगों को मार सकती हैं। बलूचिस्तान जैसे परंपरागत समाजों में इनसे भावनाओं में उबाल पैदा होता है जिससे बड़ी संख्या में पुरुष भी विद्रोह का मार्ग अपनाते हैं। यह प्रवृत्ति चीनियों के लिए अच्छी नहीं है क्योंकि उनके प्रति घृणा बढ़ती जा रही है। अमेरिकनों के बजाय अब उनको शोषण व विदेशी हस्तक्षेप का प्रमुख चेहरा माना जा रहा है।

# कोरोना के बाद अब एंटीबायोटिक प्रतिरोध संकट

**सुजाता शर्मा**
(जीवविज्ञानी प्रोफेसर)



मौजूदा कोविड-19 महामारी की मांगों को ध्यान में रखते हुए, रोगाणुरोधी प्रतिरोध प्रबंधन कार्यक्रमों को प्राथमिकता दी जानी चाहिए। 11 मार्च, 2020 को, विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्लूएचओ) ने सार्स-कोव-2 वायरस के कारण होने वाली बीमारी कोविड-19 को एक महामारी घोषित किया। दो साल बाद भी कोविड महामारी का साया हम पर छाया हुआ है। हालांकि दुनिया महामारी के बाद के चरण में जाने के लिए साहसी प्रयास कर रही है, मगर स्थिति ''एक कदम आगे, दो कदम पीछे'' जैसी है, क्योंकि इस वायरस के नए रूप अभी भी उभर रहे हैं।

कोविड-19 ने जीवन के हर पहलू में मुख्य स्थान ले लिया है। नीति निर्माताओं और चिकित्सा कर्मियों को अभी भी आग से लड़ने और कोविड मामलों की संख्या में कमी, मौतों और टीकाकरण के भीषण कार्य में उलझा पाया गया है। इसलिए, यह पूरी तरह से आश्चर्यजनक नहीं है कि एक और भावी वैश्विक संकट की गहराती छाया पर पर्याप्त ध्यान नहीं दिया जा रहा है। रोगाणुओं के कारण रोगाणुरोधी प्रतिरोध - जो अधिकांश दवाओं के प्रतिरोधी बनकर चुपचाप और गुप्त रूप से शक्ति प्राप्त कर रहे हैं - कोविड महामारी के आने से पहले ही एक वैश्विक चिंता थे। यह इस तथ्य से स्पष्ट था कि डब्ल्यूएचओ ने इसे वर्ष 2020 के लिए सार्वजनिक स्वास्थ्य के लिए वैश्विक प्राथमिकता के रूप में नामित किया था। रोगाणुरोधी प्रतिरोध स्वाभाविक रूप से होता है, लेकिन एंटीबायोटिक दवाओं के अति प्रयोग, एंटीबायोटिक खुराक का पालन न करने, पर्यावरण में कारखानों और अस्पतालों से अनुपचारित रसायनों की अनुचित डंपिंग , पशुधन को एंटीबायोटिक दवाओं की मनमानी खुराक और फसलों पर कीटनाशकों का अत्यधिक छिड़काव के कारण कई गुना तेजी से बढ़ जाता है।

यह अनुमान लगाया गया था कि दुनिया में एंटीबायोटिक प्रतिरोधी संक्रमणों के कारण हर साल दस लाख से अधिक मौतें हो रही थीं। उम्मीद थी कि वर्ष 2050 तक यह संख्या दस गुना बढ़ जाएगी। इस बात पर पहले से ही सहमति थी कि रोगाणुरोधी प्रतिरोध का टाइम बम टिक टिक कर रहा है, और आसन्न कयामत को फैलने से रोकने के लिए तत्काल, वैश्विक प्रयासों की आवश्यकता है। इसलिए, तथ्य यह है कि कई बैक्टीरिया पारंपरिक एंटीबायोटिक मोड से बाहर निकल रहे थे, जिसने बुरे दौर वाले सार्स-कोव-2 के प्रकट होने से बहुत पहले खतरे की घंटी बजा दी थी। भविष्य में 'पूर्व-एंटीबायोटिक' युग में आसन्न गोता मारने के डर ने





शोधकर्ताओं को निरंतर एवं प्रतिरोधी जीवाणु संक्रमण के लिए तत्काल व वैकल्पिक दवा चिकित्सा की तलाश करने के लिए मजबूर किया था। यह सुनिश्चित करने के लिए कि जरूरत और मांग के अनुसार संक्रमणों का इलाज किया जा रहा है, एंटीबायोटिक प्रबंधन कार्यक्रम को प्राथमिकता देने के लिए एक वैश्विक प्रयास किया गया था। इस बेचैन करने वाले परिदृश्य के बीच, 2019 में कोविड-19 महामारी आई, जिसने उनके सिर पर सबसे अच्छी तरह से रखी गई योजनाओं को उलट दिया। इसने न केवल जीवन को छीना और अर्थव्यवस्था को नुकसान पहुंचाया, बल्कि रोगाणुरोधी प्रतिरोध का मुकाबला करने के लिए किए जा रहे वैश्विक प्रयासों को भी पटरी से उतार दिया। उग्र महामारी से पैदा हुई दहशत ने कोविड-19 की समय पर और तत्काल प्रतिक्रिया के लिए जनशक्ति और वित्तीय संपत्तियों की योजना और रुख-परिवर्तन को तोड़ फोड़ दिया, जिससे कोविड महामारी से लड़ने के लिए स्वास्थ्य कर्मियों की तैनाती के कारण प्रयोगशालाओं का उत्पादन कम हो गया। नतीजतन, विभिन्न दबावों के बीच एंटीबायोटिक प्रतिरोध का परीक्षण और निगरानी धीमा हो गई। इस महामारी के अप्रत्याशित रूप से उभरने ने स्वास्थ्य सेवा प्रणाली को चकित कर दिया था। इससे अस्पताल में भर्ती होने, सुरक्षात्मक उपकरणों की कमी, लंबे समय तक अस्पताल में रहने, मृत्यु दर में वृद्धि और इसके परिणामस्वरूप कोविड रोगियों में सेकेंडरी जीवाणु संक्रमण हुआ। यह अनुमान लगाया गया है कि लगभग 70 प्रतिशत कोविड -19 रोगियों को एंटीबायोटिक चिकित्सा प्राप्त हुई। ज्यादातर मामलों में, कोविड पॉजिटिव रोगियों व अन्य वायरस और बैक्टीरिया के कारण होने वाले निमोनिया के लक्षण एक जैसे पाए गए और जिनमें भेदभाव करना कठिन पाया गया। इसके अलावा, सार्स-कोव-2 से संक्रमित होने से प्रतिरक्षा प्रणाली और कमजोर हो जाती है, जिससे घात लगाए बैक्टीरिया और फंगी या कवक द्वारा संक्रमण का अधिक प्रसार होता है। कई बार, कोविड -19 के परीक्षण में देरी, खासकर जब महामारी आबादी के बीच व्याप्त थी, श्वसन-मार्ग के संक्रमण के लक्षणों की शुरुआत पर एंटीबायोटिक दवाओं के अंधाधुंध डाक्टरी परामर्शों का कारण बनी।

पूरी दुनिया में लॉकडाउन से समस्या और बढ़ गई, जिसके कारण बहुत से लोग आवश्यक स्वास्थ्य देखभाल प्रणालियों तक नहीं पहुंच पा रहे थे। इसके कारण एंटीबायोटिक दवाओं की अनुचित और अनावश्यक बिक्री हुई। महामारी के कारण कई टीकाकरण कार्यक्रम रुक गए या पटरी से उतर गए, जिससे दवा प्रतिरोधी बैक्टीरिया के कारण होने वाली बीमारियों का प्रकोप बढ़ गया, जिन्हें अब तक दूर रखा गया था। कोविड महामारी से निपटने के वैश्विक प्रयासों ने इस बात का उदाहरण दिया है कि कैसे सभी राष्ट्रों के संयुक्त व सकारात्मक प्रयासों का एकचित्त उद्देश्य स्वास्थ्य-खतरे से लड़ने के लिए शानदार तरीके से काम कर सकता है। अभी भी मौजूदा महामारी की मांगों को ध्यान में रखते हुए, नए जोश और संशोधित कार्रवाई के साथ रोगाणुरोधी प्रतिरोध प्रबंधन कार्यक्रमों को प्राथमिकता देने की तत्काल आवश्यकता है।

सभी स्वास्थ्य देखभाल प्रणालियों के लिए एंटीबायोटिक स्टीवर्डशिप कार्यक्रम को अद्यतन बनाने और उनकी निगरानी की आवश्यकता है। इसके अतिरिक्त, नई एंटीबायोटिक दवाओं के लिए ड्रग पाइपलाइन को बुनियादी प्रयोगशालाओं से लेकर दवा कंपनियों तक सभी स्तरों पर नवीनीकृत करने की आवश्यकता है।

## आप की बात

### दंगाइयों को कठोर दंड

**भारत** में दंगों का इतिहास बहुत पुराना है। परंतु इतने सालों में बार-बार होते दंगे क्या किसी समस्या को सुलझा पाए हैं। दंगों से हमेशा तबाही ही होती आई है। ऐसा देखने में आता है कि किसी भी दंगे के बाद अराजकता फैलती है और जान-माल का नुकसान होता है। फिर भी ये दंगे बार बार होते है कभी घर्म के नाम पर, कभी जातिवाद के नाम पर या अन्य राजनैतिक कारणों से। परंतु जब सभी वर्ग कभी न कभी दंगो में नुकसान में रहते हैं तो ये दंगे बार-बार क्यों होते हैं? क्या कुछ लोग इनसे लाभ में भी रहते हैं? कुछ लोग इस दौरान अपनी व्यापारिक या व्यक्तिगत रंजिश निकालते हैं, लूटमार करते हैं और जब इन अराजक तत्वों को सजा नहीं मिलती या इतनी कम मिलती है कि लूट फायदे का सौदा लगती है तो ये दंगे बार-बार होते है। अगर इन तत्वों को कड़ी सजा मिले तो चाहे कोई राजनैतिक दल या व्यक्ति कितना भी उकसाए, इस घाटे के सौदे के लिए कोई भी उत्सुक नहीं होगा। उम्मीद करनी चाहिए कि राज्य सरकारें दंगाइयों की निष्पक्ष पहचान करा कर उनको इतनी कठोर सजा दिलाएंगी कि भविष्य में लोग दंगे करने या उनमें शामिल होने का नाम तक न लें।

– **पुनीत अरोड़ा**, मेरठ

### श्रीलंका में संकट

**श्रीलंका** की स्थिति दिन प्रतिदिन बिगड़ती जा रही है। चीन और जापान के भारी-भरकम कर्ज ने उसकी लुटिया डुबो दी है। कर्ज के कारण आवश्यक वस्तुओं का आयात बिल्कुल बंद हो चुका है। खाद्य सामग्री एवं दवाइयों की भारी किल्लत नागरिकों के सब्र का बांध तोड़ चुकी है। दुकानें खाली हो चुकी है एवं नागरिकों के पास भी पैसा नहीं है। आठ-नौ घंटे के पावर कट से जनजीवन अस्त व्यस्त हो चुका है। श्रीलंका में आंतरिक युद्ध की स्थिति निर्मित हो चुकी है। यहां सैनिक शासन की संभावना को भी नकारा नहीं जा सकता है। वंशवाद की राजनीति ने श्रीलंका को आर्थिक रूप से खोखला कर दिया है। जब जनता राशन एवं ईंधन का खर्च उठाने में अपने आप को असहाय महसूस करती है तो असंतोष की ज्वाला विकराल रूप धारण कर लेती है। भारत ने सहयोग का हाथ बढ़ाते हुए चावल आदि की आपूर्ति सुनिश्चित की है पर श्रीलंका में सामान्य स्थिति बहाल करने के लिए पूरी दुनिया के देशों को मदद के हाथ बढ़ाने होंगे। संयुक्त राष्ट्र संघ एवं अन्य अंतरराष्ट्रीय संस्थाओं को श्रीलंका को त्रासदी से बचाने हेतु सार्थक एवं त्वरित प्रयास करना चाहिए।

– **ललित महालकरी**, इंदौर

### यौन उत्पीड़न की समस्या

**कहा** जाता है कि भारत देश एक परुष प्रधान देश है जहां समाज में पुरुषों का ही वर्चस्व रहा है। और कुछ हद तक यह कथन सत्य भी लगता है। लेकिन इस धारणा ने हमें अनौपचारिक रूप से कहीं न कहीं नुकसान भी पहुंचाया है। एक बच्चा जब थोड़ा बड़ा होता है तो पूरा परिवार उसे यह बताने में अभिमान व्यक्त करता है कि तुम तो लड़के हो, तुम्हें किसी से डरने की जरूरत नहीं, लड़के रोते नहीं वो तो मजबूत होते हैं और जब बच्चा रोता है तो यह कहकर चूप करा देते हैं कि लड़की हो क्या। लड़के को खेलने के लिए बंदूक और गाड़ी दी जाती हैं। एक लड़की को घर से ही यह शिक्षा मिलती है कि कोई कुछ बोले जबान मत खोलना, खाना ही तो बनाना है क्या करोगी ज्यादा पढ़ लिखकर। हालांकि बच्चों व लड़कों के साथ बढ़ते अप्राकृतिक दुष्कर्म को देखते हुए आज जरूरत इस बात की भी है कि बच्चों को भी गुड टच और बैड टच बताया जाये। सभी प्रकार के यौन दुष्कर्म पर पाक्सो व अन्य कानून कठोरता से लागू हों।

– **मंगल सिंह**, लखनऊ

**पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से**
**responsemail.hindipioneer@gmail.com**
**पर भी भेज सकते है।**

## फरमाया



**हमारा** टीकाकरण कार्यक्रम दुनिया में सबसे बड़ा है। हमने 90 प्रतिशत जनसंख्या का टीकाकरण कर दिया है।

– **नरेन्द्र मोदी**
प्रधानमंत्री

**देश** पाकिस्तान की एकता व सुरक्षा के लिए सेना की ओर देखता है। सेना प्रमुख योग्य व बेदाग होना चाहिए ताकि जनता पाकिस्तानी सेना को सलाम करे।

– **मरियम नवाज़**
पीएमएल-एन की उपाध्यक्ष





**चिंतन** शिविर में आने वाले आधे प्रतिनिधि चालीस से कम आयु वाले हैं। इससे युवा नेतृत्व पर सोनिया की सोच स्पष्ट होती है।

– **सचिन पायलट**
कांग्रेसी नेता

# प्राविधिक शिक्षा मंत्री आशीष पटेल ने छात्र-छात्राओं को बांटे टैबलेट

● हंडिया पॉलिटेक्निक में आयोजित हुआ कार्यक्रम



छात्र-छात्राओं को टैबलेट देते कैबिनेट मंत्री आशीष पटेल।

**प्रयागराज।** प्रदेश के प्राविधिक शिक्षा उपभोक्ता संरक्षण एवं बाट माप मंत्री आशीष पटेल ने शुक्रवार को बतौर मुख्य अतिथि हंडिया पॉलिटेक्निक में प्रदेश सरकार द्वारा संचालित डीजी शक्ति योजना के तहत फ्री टैबलेट वितरित किया। साथ ही आयोजित कार्यक्रम में छात्र छात्राओं द्वारा प्रस्तुत माडल प्रदर्शनी का उद्घाटन भी किया। मंत्री आशीष पटेल ने कार्यक्रम में छात्र छात्राओं को टैबलेट बांटा। मुख्य अतिथि ने सरकार की महत्वाकांक्षी योजना डिजि शक्ति के सन्दर्भ में छात्र छात्राओं को डिजिटल शक्ति के माध्यम से प्रदेश के गरीब छात्र छात्राओं में उत्साहवर्धन किया। उन्होंने माडल प्रदर्शनी में प्रतिभाग करने वाले छात्र छात्राओं तथा मार्गदर्शन करने वाले अध्यापकों को बधाई दी।

कार्यक्रम में प्रयागराज जनपद स्थित प्राविधिक संस्थाओं राजकीय महिला पॉलिटेक्निक तेलियरगंज प्रयागराज के प्रधानाचार्य शैलेन्द्र प्रताप राजकीय महिला पॉलिटेक्निक मेजा प्रयागराज के प्रधानाचार्य शैलेन्द्र विक्रम एनआरआईपीटी के प्रधानाचार्य की ओर से विभागाध्यक्ष राकेश तिवारी आईईआरटी के निदेशक विमल मिश्र तथा आयोजक संस्था हंडिया पॉलिटेक्निक हंडिया प्रयागराज के प्रधानाचार्य बृजेश कुमार द्वारा संस्था का संक्षिप्त परिचय उपस्थित छात्र छात्राओं तथा क्षेत्रीय नागरिकों के समक्ष प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम का संचालन मेजर आर एम पाण्डेय ने किया। पॉलिटेक्निक चलो अभियान के तहत प्राविधिक शिक्षा में सहभागिता करने हेतु प्रेरित किया गया। संस्था के समस्त स्टॉफ़ व छात्र छात्राओं द्वारा कार्यक्रम के भव्य आयोजन में योगदान किया गया। कार्यक्रम में जनप्रतिनिधि पूर्व सांसद नागेन्द्र सिंह पटेल पूर्व विधायक प्रशान्त सिंह जिला पंचायत अध्यक्ष डा वी के सिंह उपस्थित रहे।

## अपना दल विधि मंच ने किया कैबिनेट मंत्री का स्वागत

**प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री आशीष पटेल के मंत्री बनने के बाद प्रयागराज में प्रथम आगमन पर अपना दल एस विधि मंच की ओर से हाईकोर्ट हनुमान मंदिर पर स्वागत अभिनंदन किया गया। स्वागत से अभिभूत मंत्री ने कहा अधिवक्ता हित के लिए जो भी सम्भव होगा वह करेंगे। कहा कि अधिवक्ताओं का सहयोग उन्हें हमेशा मिलता रहा है। इसके लिए वह एक एक अधिवक्ता के आभारी रहेंगे। अधिवक्ता प्रदीप तिवारी के नेतृत्व में अधिवक्ताओं ने हनुमान मंदिर को बचाने में हस्तक्षेप के लिए कैबिनेट मंत्री आशीष पटेल को ज्ञापन सौंपा। स्वागत करने वालों में विधि मंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष अभिषेक चौबे हाईकोर्ट के अधिवक्ता प्रदीप तिवारी हाईकोर्ट बार एसोसिएशन के कोषाध्यक्ष अरुण कुमार सिंह संयुक्त सचिव प्रेस आशुतोष त्रिपाठी, सर्वेश दुबे, धीरेंद्र पटेल, वीरेंद्र सिंह चौधरी, रमेश पटेल, राजकुमार मिश्रा, संजय कुमार त्रिपाठी, अंकित साहू, बृजेश सिंह पटेल आदि अधिवक्ता मौजूद रहे।

# पंडित दीनदयाल उपाध्याय के पदचिन्हों पर चलने के लें संकल्पः सिद्धार्थ नाथ सिंह

**पायनियर समाचार सेवा।** प्रयागराज



बच्चों को उपहार देते पूर्व मंत्री।

**पंडित दीनदयाल उपाध्याय** के पदचिन्हों पर चलने के संकल्प से मुझे समाज में कार्य करने की प्रेरणा मिलती है। यह बातें उत्तर प्रदेश सरकार के पूर्व कैबिनेट मंत्री और शहर पश्चिमी विधायक सिद्धार्थ नाथ सिंह ने महर्षि भारद्वाज चौराहे पर स्थित पंडित दीनदयाल उपाध्याय की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर गरीब बच्चों को खिलौने और वस्त्र वितरण कार्यक्रम के दौरान कहीं। सिद्धार्थ नाथ सिंह ने कहा कि अंत्योदय की परिकल्पना को साकार करने के लिए हर सामाजिक व्यक्ति को पंडित दीनदयाल उपाध्याय के पद चिन्हों पर अवश्य चलना चाहिए। जिससे समाज को नई प्रेरणा मिलती है। समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति के पास सरकार की जनकल्याणकारी योजनाएं पहुंचने लगी है तो निश्चित तौर से गांव समाज और प्रदेश का विकास और समृद्धि कोई रोक नहीं सकता है।

पूर्व मंत्री डा नरेंद्र कुमार सिंह गौर ने कहा गरीब और असहाय की मदद करना ही अंत्योदय परिकल्पना सही मायने में साकार होगी। गरीब और असहाय बच्चों को खिलौने और कपड़े वितरित करना ही समाज की सच्ची सेवा है। पूर्व मंत्री सिद्धार्थ नाथ सिंह ने गरीब बच्चों को खिलौने एवं वस्त्र देकर बच्चों का मनोबल बढ़ाया। इस मौके पर पूर्व महानगर अध्यक्ष शशि वार्ष्णेय मंडल अध्यक्ष अनिल भट्ट रामलोचन साहू राजू राय आदि उपस्थित रहे।

## 15 परिषदीय विद्यालयों में सोसाइटी ने बांटे 60 सीलिंग फैन

**मिल्कीपुर अयोध्या।** कैप्टन स्वर्गीय डीपी सिंह की स्मृति में रूरल डेवलपमेंट प्रोस्पेरिटी इनीशिएटिव सोसायटी गोकुला की ओर से मिल्कीपुर शिक्षा क्षेत्र अंतर्गत परिषदीय उच्च एवं प्राथमिक विद्यालयों के प्रधानाध्यापकों में सीलिंग फैन वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता सेवानिवृत्त इंजीनियर श्याम बहादुर सिंह ने की। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि खंड शिक्षाधिकारी मिल्कीपुर सुश्री रिचा सिंह रहीं। मिल्कीपुर शिक्षा क्षेत्र के कमपोजिट विद्यालय गोकुला परिसर में न्याय पंचायत क्षेत्र के परिषदीय विद्यालयों में अध्ययनरत नौनिहालों को भीषण गर्मी एवं तपिश से राहत दिलाने के उद्देश्य से सोसायटी की ओर से सीलिंग पंखा वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का संचालन उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ ब्लॉक इकाई मिल्कीपुर मुकेश प्रताप सिंह ने किया।

# डीएम के निरीक्षण में साफ-सफाई न मिलने पर प्रभारी चिकित्साधिकारी को कड़ी फटकार

● स्टॉक रजिस्टर एवं दवाओं की सही जानकारी न दे पाने पर फार्मासिस्ट चाका कमलेश कुमार एवं जसरा की दीपिका का वेतन रोकने के दिए निर्देश

**प्रयागराज।** डीएम संजय कुमार खत्री ने शुक्रवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र चाका एवं जसरा का औचक निरीक्षण किया। सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र चाका के निरीक्षण के दौरान उन्होंने चिकित्सकों सहित अन्य कर्मचारियों के बारे में जानकारी ली तथा प्रतिदिन कितने मरीजों का इलाज किया जा रहा है इसकी जानकारी ली। रजिस्टर का निरीक्षण किया। ओपीडी औसत से भी कम है। उसे सुधारने का निर्देश दिया। दवाओं की उपलब्धता की जानकारी ली तथा प्रतिदिन कितना दवाओं का वितरण किया गया। स्टॉक रजिस्टर सही न मिलने तथा सही उत्तर न दे पाने के कारण फार्मासिस्ट कमलेश कुमार का वेतन रोक दिया। सब स्टेशनों की जानकारी ली। प्रभारी चिकित्साधिकारी द्वारा बताया गया कि 26 सब स्टेशन है। उसकी सूची उपलब्ध कराने के निर्देश दिये हैं। उन्होंने एक्सरे कक्ष में मशीनों की क्रियाशीलता आदि को देखा। जिसमें मशीनें खराब थी। सीएमओ को निर्देशित किया कि तत्काल मशीनों को ठीक कराया जाये। पैथोलॉजी कक्ष का निरीक्षण कर किस टाइप की जांच की जा रही है कि जानकारी ली। जिस पर पैथोलॉजी प्रभारी द्वारा बताया गया कि मलेरिया शुगर ब्लडप्रेशर सहित कई अन्य बीमारियों की जांच की जाती है। आइज कक्ष आंख का निरीक्षण करते हुए जानकारी ली कि कितने मरीज आये तथा जांच प्रक्रिया के बारे में पूछा। सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र चाका में साफसफाई ठीक न पाये जाने पर प्रभारी चिकित्साधिकारी को कड़ी फटकार लगायी। सफाई कर्मी का वेतन रोकने के निर्देश दिये हैं। जिलाधिकारी ने सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र जसरा का भी निरीक्षण किया। वहां पर उन्होंने साफ सफाई ठीक न मिलने पर प्रभारी चिकित्साधिकारी डा तरुण पाठक को कड़ी फटकार लगायी तथा निरीक्षण के दौरान दवाओं का स्टॉक रजिस्टर ठीक न मिलने पर फर्मासिस्ट दीपिका का वेतन रोकने के निर्देश दिये हैं। स्वास्थ्य सेवाओं जैसे महत्वपूर्ण कार्यों में लापरवाही या उदासीनता कतई क्षम्य नहीं होगा। सीएमओ डा नानक सरन खण्ड विकास अधिकारी अमित मिश्रा उपस्थित रहे। डीएम संजय कुमार खत्री ने शुक्रवार को अस्थायी गो आश्रय स्थल कोटी जसरा का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान डीएम ने गोवंश आश्रय स्थल में कुल गोवंशों की संख्या के बारे में जानकारी ली। जिस पर प्रभारी पशु चिकित्साधिकारी द्वारा बताया कि गोआश्रय स्थल में कुल 152 गाय हैं। डीएम ने गर्भवती गायों को अलग शेड में व्यवस्थित करते हुए उनकी विशेष देखभाल किये जाने का निर्देश दिया है। उन्होंने अस्वस्थ गोवंशों को अलग रखकर उनके समुचित इलाज की व्यवस्था सुनिश्चित किये जाने के लिए कहा है। जिलाधिकारी ने गो आश्रय स्थल में गोवंशों के लिए की गयी व्यवस्था ठीक न मिलने पर कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए खण्ड विकास अधिकारी जसरा से स्पष्टीकरण एवं सचिव को मुखवालय से सम्बद्ध किये जाने के निर्देश दिये है। डीएम ने गोवंश आश्रय स्थल की व्यवस्थाओं के बारे में प्रभारी पशु चिकित्साधिकारी से जानकारी प्राप्त की।जिलाधिकारी संजय कुमार खत्री की अध्यक्षता में शुक्रवार को संगम सभागार में जिला पर्यावरण समिति जिला वृक्षारोपण समिति की बैठक हुई। नगरीय क्षेत्र प्रयागराज व जनपद के अन्य नगर निकायों में ठोस अपशिष्ट के सुरक्षित निस्तारण की स्थिति की समीक्षा की गयी। जिलाधिकारी ने वरुणा नदी व अस्सी नदी के पुनरुद्धार व कायाकल्प की तैयार की गयी कार्ययोजना के क्रियान्वयन के सम्बंध में जानकारी ली। जिलाधिकारी ने वृक्षारोपण कार्य की समीक्षा करते हुए कहा कि सभी विभाग निर्धारित लक्ष्य के अनुसार अभी से ही अपनी तैयारी पूरी कर लें। कहा साथ ही किसानों को भी वृक्षारोपण अभियान में फलदार वृक्ष ही उपलब्ध कराये जाएं। इस अवसर पर सीडीओ शिपु गिरि उपस्थित रहे।



प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र का निरीक्षण करते डीएम।

## क्विक न्यूज

### किसान सम्मान निधि के अपात्रों को चिन्हित कर वसूली शुरू

**भीटी, अम्बेडकरनगर।** शुक्रवार को तहसील सभागार में प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि के सोशल ऑडिट किये जाने के संबंध में राजस्व विभाग,कृषि विभाग व विकास विभाग की संयुक्त बैठक का आयोजन किया गया जिसमें जिले से भूमि संरक्षण अधिकारी/प्रभारी उपनिदेशक कृषि डॉ. राजमंगल ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि केंद्र व राज्य सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता की योजना है। इसमें प्रत्येके चार माह पर मुख्य फसलों की तैयारी किये जाने हेतु 2000 रुपया कुल 6000 रुपया सालाना कृषकों को दिया जाना है।इसके लिये वे सभी कृषक जिनका नाम खतौनी में है तथा वे उस भूमि पर कृषि कार्य करते हों तो परिवार में एक व्यक्ति पात्र होंगे। अपात्र वे हैं जो भूमिहीन हो, आयकरदाता हों, केंद्र या राज्य सरकार के कर्मचारी, कोई संवैधानिक पद धारक/मंत्री, संस्थागत भूमि धारक। बैठक को संबोधित करते हुए उपजिलाधिकारी सुनील कुमार ने बताया कि वर्तमान में 1 मई से 30 जून तक सोशल ऑडिट कार्यक्रम के तहत अपात्रों को चिंहित किया जाना है तथा उनसे वसूली भी की जानी है जिसके लिये लेखपाल, सेक्रेटरी, व कृषि विभाग के कर्मचारी संयुक रूप से जाँच व वसूली की कार्रवाई करेंगे। इसके अतिरिक्त जो पात्र व्यक्ति छूट गए हैं उनको इस योजना के तहत लाभान्वित किया जाएगा। बैठक का संचालन तहसीलदार सुनील कुमार ने किया व बैठक में सहायक विकास अधिकारी, क्षेत्रीय कृषि अधिकारी एवं समस्त राजस्व निरीक्षक व लेखपाल मौजूद रहे।

### उचित दर की दुकान के चयन के लिए खुली बैठक स्थगित

**गोंडा।** जिले के पंड़री कृपाल विकास खंड अन्तर्गत बकठोरवा गाँव में कोटे की दुकान के चयन के लिए आयोजित बैठक ग्राम प्रधान की अनुपस्थिति व कोरम न पूरा होने के कारण स्थगित कर दी गई। बकठोरवा गाँव की उचित दर दुकान का अनुबन्ध गत माह अनियमितता के आरोप में निरस्त कर दिया गया था और नई दुकान के चयन की प्रक्रिया प्रारम्भ कर दी गई थी। एडीओ पंचायत व पंचायत सेकेरेट्री की देखरेख में ग्रामसभा की खुली बैठक आयोजित की गई थी परन्तु प्रधान की अनुपस्थिति व कोरम न पूरा होने के कारण बैठक स्थगित कर दी गई। प्रधान की अनुपस्थिति के सम्बन्ध में जानकारी करने पर एडीओ पंचायत घनश्याम पांडेय ने बताया कि ग्राम प्रधान को पूर्व में बैठक की सूचना उपलब्ध कराया गया था, इसके बाद भी प्रधान द्वारा कोई रुचि नहीं लिया गया तथा बताया कि अभी कोई अग्रिम तिथि नियत नहीं की गई है। प्रधान प्रीति देवी ने एडीओ पंचायत घनश्याम पांडेय व पंचायत सेकरेट्री राजेश चौधरी पर मनमानी करने का आरोप लगाते हुए कहा कि ग्राम सभा की खुली बैठक के लिए अपरान्ह एक बजे का समय निर्धारित था, एडीओ पंचायत व पंचायत सेकरेट्री राजेश चौधरी ने निर्धारित समय से पहले ही बैठक की कार्यवाही प्रारम्भ कर प्रधान की अनुपस्थिति व कोरम के अभाव में बैठक को स्थगित कर दिया।

### गंगा चिल्ड्रेन एकेडमी में लगा दंत चिकित्सा शिविर

**अम्बेडकरनगर।** डेंटल सर्जन एसोसिएशन ऑफइंडिया एवं रामकृष्णा डेंटल एंड ओरल हेल्थ केयर सेंटर द्वारा गंगा चिल्ड्रेन एकेडमी, भीटी में आज 12 अप्रैल को दंत चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष एवं दंत चिकित्सक डॉ मनीष पाण्डेय द्वारा लगभग 900 बच्चो के दांतों की जांच की गयी। डॉ मनीष पाण्डेय ने बताया कि दाँतो एवं मुँह का ठीक से रखरखाव ना रखने के कारण बच्चों के दाँत पीले हो जाते है और अगर उन्हें इसी तरह छोड़ दिया जाए तो दांतो में सड़न पैदा हो जाती है। डॉ मनीष पाण्डेय ने बच्चों के दांतों की जांच कर के सही तरीके से ब्रश करने का तरीका बताया एवं उन्हें कोल्डड्रिंक, चॉकलेट एवं मिठाइयों कम खाने की सलाह दी। स्कूल की प्रधानाचार्या श्रीमती अलका मिश्रा ने बच्चों के अभिवावकों से उनके स्वास्थ्य के प्रति सजग रहने के लिए अपील की और कहा कि समय समय पर इसी तरह शिविर लगते रहेगे।

### मृतक होमगार्ड के आश्रितों को मिली 15 लाख अनुग्रह राशि

**अम्बेडकरनगर।** निर्वाचन ड्यूटी के दौरान होमगार्ड मृतक स्वर्गीय बुद्धि राम पाल निवासी गडेरिया का पूरा पोस्ट उतरेथू थाना इब्राहिमपुर जनपद अंबेडकरनगर की मृत्यु हो गई। मृत्यु के उपरांत निर्वाचन विभाग द्वारा उनके आश्रितों को रु. 15 लाख की अनुग्रह राशि प्रदान की गई। उक्त के क्रम में आज दोनों पुत्र जितेंद्र पाल तथा शिव शंकर पाल को जिलाधिकारी सैमुअल पॉल एन द्वारा उनके खाते में धनराशि स्थानांतरित करके प्रमाण पत्र उपलब्ध कराया गया।

### आलोक मिश्र नोएडा अथॉरिटी के पैनल अधिवक्ता नियुक्त

**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट के अधिवक्ता आलोक मिश्र नोएडा अथॉरिटी के पैनल अधिवक्ता नियुक्त किए गए हैं। इन्हें नोएडा प्राधिकरण की तरफसे हाईकोर्ट में मुकदमों की पैरवी करने के लिए अधिकृत किया गया है। इस आशय का आदेश विधि अधिकारी रवीन्द्र कुमार ने जारी किया है।

# कलेक्ट्रेट सभागार में खाद्य सुरक्षा सलाहकार समिति की बैठक सम्पन्न



**अम्बेडकरनगर।** खाद्य सुरक्षा एवं औषधि विभाग की कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी की अध्यक्षता में जनपद स्तरीय खाद्य सुरक्षा सलाहकार समिति की बैठक संपन्न हुई। उपाध्यक्ष के रूप में सीएमओ अंबेडकरनगर मौजूद रहे। राजवंश श्रीवास्तव सहायक आयुक्त खाद्य (पप) ने बैठक का एजेंडा रखते हुए बताया कि 100 दिवस के लक्ष्य में जनपद के पंजीकरण/लाइसेंस को 50 प्रतिशत बढ़ाना है,इस हेतु पी डी एस की दुकानों, आबकारी से संबंधित दुकानों तथा शीतगृहों के लाइसेंस जारी किये जाने हैं। साथ ही हाइजीन रेटिंग किया जाना है,इस क्रम में 5 प्रतिष्ठानों को जिलाधिकारी द्वारा हाइजीन रेटिंग का प्रमाणपत्र दिया गया। के0के0उपाध्याय मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी द्वारा बैठक में गत वर्ष के प्रवर्तन कार्य की जानकारी दी गई। जिलाधिकारी द्वारा निर्देश दिए गए कि अधिक से अधिक जागरूक करके ही मिलावट पर नियंत्रण किया जा सकता है।100 दिवस के लक्ष्य में सभी सदस्य विभागों को सहायता हेतु जिलाधिकारी ने निर्देश दिए। बैठक में जिला आपूर्ति अधिकारी, बेसिक शिक्षा अधिकारी, डीपीआरओ, सीओ सिटी, जिला सूचना अधिकारी, जिला आबकारी अधिकारी, अधिशासी अधिकारी टाण्डा व जलालपुर तथा खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन के सभी अधिकारी मौजूद रहे।

## क्षेत्रीय सेवायोजन कार्यालय में 19 को लगेगा रोजगार मेला

**अयोध्या।** क्षेत्रीय सेवायोजन कार्यालय परिसर अयोध्या में दिनांक 19 मई 2022 को प्रातः 10 बजे से एक रोजगार मेले का आयोजन किया जा रहा हैं। इस रोजगार मेले में निजी क्षेत्र की प्रतिष्ठित कम्पनी वर्धमान टेक्सटाइल्स प्रा0लि0 बद्दी ;हिमांचल प्रदेशद्ध एवं हुलेक्ट सर्विसेज आदि प्रतिभाग करेंगी। वर्धमान के लिए योग्यता कक्षा.8 से अधिकतम कक्षा.12 पास, आयु 18 वर्ष से 27 वर्ष तक होनी चाहिए। हुलेक्ट सर्विसेज के लिए शैक्षणिक योग्यता इण्टर पास साथ ही बाईक एवं स्मार्ट फोन होना आवश्यक है। कम्पनी में वेतन 12000 से 15000 होगा और इसका कार्य स्थल अयोध्या होगा, इच्छुक अभ्यर्थी सेवायोजन कार्यालय के पोर्टल पंजीकरण कराकर रोजगार मेला आईडी 5398 पर ऑनलाइन आवेदन कर प्रतिभाग कर सकते हैं। रोजगार मेले में प्रतिभाग करने हेतु अभ्यर्थी अपने समस्त शैक्षिक प्रमाण पत्रों के साथ उक्त दिनांक को कार्यालय में उपस्थित हों।

# खाद्य स्वच्छता के लिए एनटीपीसी आईसीएच को जिलाधिकारी ने दिया 5-स्टार प्रमाणपत्र

**अम्बेडकरनगर।** एनटीपीसी टांडा के मेसर्स इण्डियन काफी हाउस (आईसीएच) को जिलाधिकारी, सैमुअल पॉल एन. ने खाद्य स्वच्छता के लिए 5–स्टार प्रमाणपत्र से सम्मानित किया है। भोजन की गुणवत्ता और उचित स्वच्छता बनाए रखने के लिए जिलाधिकारी ने एनटीपीसी टांडा परिसर में स्थित आईसीएच की सराहना की। उन्होंने आईसीएच को भविष्य में भी उचित दरों पर अच्छी खाद्य गुणवत्ता बनाए रखने के लिए प्रेरित किया।

इस अवसर पर मुख्य महाप्रबंधक संजय कुमार सिंह ने न केवल एनटीपीसी टांडा बल्कि अन्य सभी परियोजनाओं में भोजन की गुणवत्ता बनाए रखने में आईसीएच के योगदान के लिए उनका धन्यवाद दिया। उन्होंने कोविड–19 की दोनो लहरों के दौरान आईसीएच के प्रयासों को याद किया और एनटीपीसी के प्रति उनके समर्पण की सराहना की।



उन्होंने कहा कि कोविड–19 की विषम परिस्थितियों में हम आई.सी.एच के सहयोग से ही निरंतर विद्युत उत्पादन करने में सफ्ल रहे है। उन्होंने इस उपलब्धि पर आई.सी.एच. को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी और कहा की मैं आशा करता हूँ कि भविष्य में भी खाद्य स्वच्छता में निरंतर अपनी दक्षता सिद्ध करेगें। एम. आई. बैजू, वरि0 प्रबंधक (आई.सी.एच, एनटीपीसी टांडा) ने खाद्य स्वच्छता के लिए 5–स्टार प्रमाणपत्र प्राप्त करने पर प्रसन्नता व्यक्त की और कहा की हम इससे और भी अच्छा करने के लिए प्रोत्साहित हुए है। मैं आई.सी.एच के सुचारु संचालन के लिए एनटीपीसी टांडा प्रबंधन द्वारा प्रदान किए गए निरंतर समर्थन के लिए भी आभारी हूँ। स्टेशन प्रबंधन के लगातार सहयोग से ही हम उच्च गुणवत्ता सेवा प्रदान कर पाते है।

# सचलदल ने एक परीक्षार्थी को अनुचित साधन का प्रयोग करते पकड़ा

● दोनों पालियों की परीक्षा का कुलपति ने किया औचक निरीक्षण



**अयोध्या।** डॉ राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय की बीएड बीएससी एवं एलएलएम परीक्षा का शुक्रवार को कुलपति प्रो रविशंकर सिंह ने औचक निरीक्षण किया। परिसर में एलएलएम की प्रथम पाली की परीक्षा का कुलपति द्वारा निरीक्षण किया गया। परीक्षा के दौरान छात्रों से संवाद कर प्रश्न.पत्रों का अवलोकन किया। वहीं बीएनकेबी महाविद्यालय के प्रथम पाली में विश्वविद्यालय के सचलदल ने एक परीक्षार्थी को अनुचित साधन का प्रयोग करते हुए पकड़ा। वहीं दूसरी ओर द्वितीय पाली की परीक्षा में कुलपति प्रो रविशंकर सिंह ने परीक्षा नियंत्रक उमानाथ व विशेष सचल दल के साथ अयोध्या एवं सुल्तानपुर जनपद के कई परीक्षा केन्द्रों का किया मुआयना। जिसमें रामनेवाज सिंह महाविद्यालय, कुमारगंज, चन्द्रबली सिंह उर्मिला महाविद्यालय, आशादेवी महाविद्यालय, कुमारगंज, श्याम बक्श सिंह महाविद्यालय, हलिया बलदेव सिंह भाले महाविद्यालय, सुल्तानपुर शामिल रहे। इन केन्द्रों पर कुलपति प्रो सिंह ने विशेष सचलदल से सघन तलाशी कराई। कुलपति ने सीसीटीवी कैमरे के संचालन की पड़ताल करते हुए पारदर्शिता के साथ परीक्षा सम्पन्न कराये जाने का निर्देश दिया। विश्वविद्यालय के मीडिया प्रभारी ने बताया कि परीक्षा की शुचिता बनाये रखने के लिए कुलपति प्रो रविशंकर सिंह द्वारा दोनों पालियों में विभिन्न केन्द्रों का औचक निरीक्षण किया है। प्रथम पाली में परिसर में एलएलएम प्रथम सेमेस्टर की परीक्षा का जायजा लिया। द्वितीय पाली में अयोध्या के साथ सुल्तानपुर के केन्द्रों का मुआयना किया। दोनों पालियों की परीक्षा में लगभग 70 हजार परीक्षार्थी शामिल रहे।

# प्रशासन को कोर्ट के फैसले का कड़ाई से कराना चाहिए पालन

● ज्ञानवापी श्रृंगार गौरी परिसर को लेकर अदालत के फैसले से संत और सनातन समाज खुश

**संवाददाता।** अयोध्या

**काशी विश्वनाथ भगवान** की नगरी वाराणसी जिला अदालत ने ज्ञानवापी श्रृंगार गौरी परिसर का वीडियो ग्राफी सर्वेक्षण कराने के आदेश और कोर्ट कमिश्नर को बरकरार रखते हुए 2 सहायक कोर्ट कमिश्नर की नियुक्ति भी कर दी और साथ ही जिला प्रशासन और प्रदेश सरकार को आदेश दिया कि सर्वे के दौरान अगर कोई व्यक्ति आपत्ति करता है या उपद्रव करता है तो उसके खिलाफ एफआई आर हो और अगर तहखाने की चाबी नहीं मिलती है तो ताला तोड़कर के भी सर्वे किया जाए और आगामी 17 मई को कोर्ट में सर्वे का पूरा विवरण प्रस्तुत किया जाए।

कोर्ट के आदेश का भगवान श्री राम नगरी अयोध्या सहित पूरे देश के संत समाज ने स्वागत किया और कहा कि बहुत जल्द भगवान शंकर के द्वारा निर्मित ज्ञानवापी का सच सबके सामने आ जाएगा और वीडियोग्राफी के बाद दूध का दूध और पानी का पानी हो जाएगा। कोर्ट ने बहुत अच्छा फैसला दिया है जिला प्रशासन और प्रदेश सरकार को कोर्ट के फैसले का कड़ाई से पालन कराना चाहिए।

## फैसले का स्वागत, प्रतिदिन पूजा का आदेश भी होगाः शुकदेव दास

**अयोध्या।** फटिक शीला बगही धाम आश्रम के पीठाधीश्वर महंत डॉ शुकदेव दास जी महाराज ने बताया की सनातन धर्म के अनुयाई चैत्र मास की चतुर्थी तिथि को मां श्रृंगार गौरी की पूजा करने परिसर में जाते थे और जब एक दिन पूजा हो सकती है तो प्रतिदिन क्यों नहीं। क्या किसी व्यक्ति को एक दिन भोजन दिया जाए और कहा जाए कि 12 महीने उसको कुछ नहीं खाना है तो क्या वह जिंदा रहेगा सनातन धर्म में देवी देवताओं को मूर्त और जीवित रूप में माना जाता है इसलिए उनकी प्रतिदिन पूजा होनी चाहिए कोर्ट का फैसला स्वागत योग्य है और सर्वे से सच्चाई सबके सामने आ जाएगी। माताओं की मांग को कोर्ट ने स्वीकार किया सर्वे के बाद आशा है कि प्रतिदिन पूजा का आदेश भी होगा।



फटिक शीला बगही धाम आश्रम के पीठाधीश्वर महंत डॉ शुकदेव दास

## आक्रांताओ ने सनातन संस्कृति को नष्ट कियाः परशुराम दास

**अयोध्या।** श्री पंच तेरह भाई त्यागी सिद्ध पीठ हनुमान किला के पीठाधीश्वर महंत परशुराम दास महाराज ने बताया सनातन धर्म आदि धर्म है और सनातन के बाद ही सभी धर्मों की उत्पत्ति हुई है भारत देवभूमि है और जब आक्रांताओं ने आक्रमण किया तो हमारी सनातन संस्कृति को नष्ट करने की कोशिश की लेकिन उसके साथ आज भी उपलब्ध हैं जिसका जीता जागता उदाहरण काशी में ज्ञानवापी मंदिर है जहां जबरदस्ती मस्जिद बनाई गई आज भी श्रृंगार गौरी की पूजा कहां होती है कुछ लोगों ने कोर्ट के फैसले को ना मानकर सर्वे को रोकने का कार्य किया आज कोर्ट ने दोबारा फैसला दिया है यह स्वागत योग्य है और प्रशासन को शक्ति के साथ सर्वे कर आना चाहिए।



सिद्ध पीठ हनुमान किला के पीठाधीश्वर महंत परशुराम दास महाराज

## सर्वे से सच्चाई सामने आएगीरू राम उजागर दास

**अयोध्या।** परमहंस आश्रम के व्यवस्थापक श्री राम उजागर दास जी महाराज ने बताया कि जिस प्रकार ज्ञानवापी से हिंदू जन भावना जुड़ी हुई है और जिस प्रकार से श्रृंगार गौरी मैया के पूजन के लिए हमारी माताएं कोर्ट गई है कि उनको प्रतिदिन पूजन की अनुमति दी जाए। कोर्ट ने वीडियोग्राफी का आदेश दिया लेकिन मस्जिद परिसर की देखरेख करने वाले लोग ने इसका विरोध किया आज कोर्ट ने दोबारा फैसला दिया है कि शक्ति के साथ सर्वे किया जाए यह स्वागत योग्य है हमारी माताओं और समस्त सनातन धर्म के मानने वालों की विजय हुई है निश्चित ही सर्वे से सच्चाई सामने आएगी और प्रतिदिन मां श्रृंगार गौरी की पूजा करने का अवसर प्राप्त होगा।



परमहंस आश्रम के व्यवस्थापक राम उजागर दास जी महाराज

स्मार्टफोन-टैबलेट पाकर छात्रों के खिले चेहरे...

# स्मार्टफोन युवाओं को आगे बढ़ाने में होंगे सहायकः सुरेश राही

● 500 छात्र-छात्राओं को बांटे गए स्मार्टफोन व टैबलेट

संवाददाता। सीतापुर



**स्मार्टफोन और** टैबलेट पाकर छात्र-छात्राओं के चेहरे पर मुस्कान तैर गई। सीतापुर शिक्षण संस्थान के अन्तर्गत संचालित सीतापुर शिक्षा संस्थान के अंतर्गत संचालित विभिन्न शिक्षण संस्थानों में अध्यनरत छात्र छात्राओं को उत्तर प्रदेश सरकार की डिजी शक्ति योजना के अंतर्गत तकनीकी सशक्तिकरण हेतु टैबलेट एवं स्मार्ट फोन वितरण का सीतापुर शिक्षा संस्थान सभागार में किया गया। मुख्य अतिथि कारागार राज्यमंत्री सुरेश राही ने छात्र-छात्राओं को बताया कि वह इस योजना में वह छात्र-छात्राएं लाभांवित हो सकेंगी, जो किन्ही कारणों से स्मार्टफोन व टैबलेट खरीद नहीं सकते है। राज्यमंत्री ने कहा कि स्मार्टफोन युवाओं को आगे बढ़ाने में सहायक होंगे। समारोह में पांच सौ छात्र-छात्राओं को टैबलेट व स्मार्टफोन वितरित किए गए। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि एसडीएम सदर अनिल कुमार, सीतापुर शिक्षा संस्थान अध्यक्षा तनुश्री मेहरोत्रा, उपाध्यक्षा इषिता मेहरोत्रा, सचिव डा. सुमन मेहरोत्रा, कुलसचिव मनोज शर्मा, निर्देश प्रवेश प्रकोष्ठ जेपी सिंह, डा. सीमा कपूर समस्त प्राचार्य, विभागाध्यक्ष, गैरशैक्षणिक कर्मचारी एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहीं।

# आंधी-पानी ने बिजली की गुल, 24 घंटे बाद भी व्यवस्था बेपटरी

● टूटे 22 पोल नहीं हुए दुरुस्त, 1000 गांव अंधेरे में,

● पानी को लेकर त्राहि-त्राहि भीषण गर्मी में बूंद-बूंद पानी को तरसे शहरी और ग्रामीण

● बिसवां इलाके में 320 गांव की नहीं बहाल हो सकी बिजली सप्लाई, संदना इलाके के 250, ऐलिया इलाके के 150 गांव अंधेरे में, कसमंडा इलाके में भी 100 गांवों में 24 घंटे से बिजली ठप

संवाददाता। सीतापुर

**गुरुवार को** आंधी हवाओं और बारिश के चलते कई गांवों के तथा मुख्य मार्गों में दर्जनों पेड़ और करीब 50 से अधिक विद्युत पोल और विद्युत लाइन गिर गयी जिसमे कोई जन हानि तो नहीं हुई है लेकिन पेड़ और विद्युत पोल गिरने से नगरीय और ग्रामीण क्षेत्रों विद्युत आपूर्ति बाधित हो गयी हलांकि नगरीय क्षेत्रों में छोटी मोटी फाल्टों को दुरुस्त कर 5 से 6 घण्टे के बाद विद्युत आपूर्ति बहाल कर दी गयी जबकी ग्रामीण क्षेत्रों के करीब 400 गावो में से 80 गांवो में अर्धरात्रि तक विद्युत आपूर्ति शुरू हो गयी जबकी करीब 320 गांव अंधेरे में डूबे रहे और वहाँ की विधुत आपूर्ति पूरी तरह ठप रही अधिकारियों और कर्मचारियों की माने तो करीब 30 से 40 प्रतिशत गांवों में विद्युत आपूर्ति एक दो दिन बहाल हो जाएगी जबकि पहले की तरह इन सभी गांवो की विद्युत आपूर्ति बहाल होने में 5 से 7 दिन लग जाएंगे। अवर अभियन्ता वी के सिंह ने बताया कि नगरीय क्षेत्र की विद्युत आपूर्ति पूरी तरह दुरुस्त कर ली गयी है और वो चल रही है जबकी ग्रामीण क्षेत्रों 25 प्रतिशत विधुत आपूर्ति दुरुस्त कर चला दी गयी समूचे क्षेत्र में 40 पोल और एच टी एलटी करीब 100 इंसुलेटर विद्युत लाइन तथा अन्य सामान क्षतिग्रस्त हो गए है जिनका एस्टीमेट बनाकर विधुत उपखण्ड अधिकारी के माध्यम से उपजिलाधिकारी को संस्तुति के लिए भेजा गया है सेंक्शन होने पर जल्द ही काम शुरू हो जाएगा। विद्युत खंड अधिकारी विशाल शर्मा का कहना है करीब 40 से 50 पोल टूटे है इनका एस्टीमेट बनाकर भेजा जा रहा है एक दो दिन में विधुत आपूर्ति सामान्य कर ली जाएगी जिन गांव में अभी तक विद्युत आपूर्ति प्रभावित है उनमें मानपुर बन्नीराय इटदहा गोवर्धनपुर परसेहरा न्यूराजपुर कहीमारा मौजमपुर करौंदीपुर दानापुर दाशापुर किशनपुर अलाउद्दीपुर मोहारी इटदहापुरवा बढ़हीपुर रमईपुर फतेहपुर अहमदाबाद ईश्वरीपुरवा बदनापुर चंपापुर घाटमपुर बलदेव नगर दूधियापुर शुक्लनपुरवा शीतलपुरवा दमैला सरवाहनपुर लीलापुरवा कटिया नसीरपुर अनंत सिंह सलेमपुर पचघरा कारीपुर जसवंतनगर बन्नीखरेला राजापुर भुड़कुड़ी जमालपुर धर्मपुर महाराजनगर गजनीपुर कल्हापुर सतारगंज इसेपुर बिरहमापुर त्यौला सजनापुर शंकरपुर त्यौला कटरा अटारी दौदापुर शादीपुर बघपुरवा रमवापुर देव शर्मा त्रिलोकपुर बारहसिंघा कौवाखेरा जलाबाद लघनिया इत्यादि गावो मैं विद्युत आपूर्ति पूरी तरीके से ध्वस्त हैं। इन गांवों में विधुत आपूर्ति बहाल कर ली गयी है उनमें नगरीय क्षेत्र के अलावा ईदगाहपुरवा नईबस्ती सत्तीनपुरवा, बेनीपुर, बरगदिया, भगवानपुर, क्योंटी, बिसेण्डी, कटियापुरवा, रुक्नापुर, मैनापुर, नसीरपुर, कुमदौरा, देवकलिया, नईबस्ती, जलालपुर, सहरीसराय, निजामाबाद, कबीला बाद, कोटरा, जोगीपुर, बेलझरिया, संजयनगर, राजडीह, शेखनपुरवा, निपनिया, पैग़रवा निपनिया इटियाशाहिद इत्यादि में विद्युत आपूर्ति बहाल हो गयी है। विकासखंड गोंदलामऊ में दो पॉवर हाउस 33 केवी है एक गोंदलामऊ में दूसरा संदना में दोनों पावर हाउस कल जब से आधी आने के बाद दोनों पावर हाउस ठप पड़े है लोग घरों में पानी के लिये परेशान है करीब 250 गांव अंधेरे में डूबे किसान सिचाई के लिये परेशान है। विकास खण्ड एलिया के इमलिया सुल्तानपुर 33/11 व काजी कमालपुर 33/11 की कल से आंधी पानी आने के बाद से 150 गांव अंधेरे में डूब गए वही पीने के पानी को भी तरस रहे हैं कई जगह जो गौशाला बने हुए हैं उनको भी पानी मिलने में बड़ी आफत हो रही है ऐसे में जब जी अमित यादव से बात की गई तो उन्होंने बताया कई जगह खंभे गिर गए हैं शाम तक सुचारू रूप से बिजली मिलने की संभावना है कल से ही पूरा स्टाफसुधार में लगा हुआ है जल्द से जल्द सुधार हो जाएगा। कसमंडा ब्लाक के भी 100 के आसपास गांवो में 24 घंटे से अंधेरा कायम है। शहर के कई मोहल्लो में भी बिजली व्यवस्था बहाल नहीं हो सकी है, मोहल्ला खूबपुर, अहाता कसान, शमशेरबाग, गौशाला, तरीनपुर, वालदा कालोनी की बिजली सप्लाई चालू नहीं हो सकी, इसका भवानीपुर फीडर पर आंधी पानी की सबसे ज्यादा मार पड़ी, पुराने सीतापुर में 12 बजे बिजली तो सप्लाई हो गई, लेकिन बूंद-बूंद पानी के लिए नगर वासी तरसते नजर आए।

तीन दिन से पुलिस लाइन में पानी को लेकर मचा हड़कंप...

# तीन दिन से बूंद-बूंद पानी को तरसे पुलिसजनों के परिवार

● पानी टंकी की पाइप कटने से घरों में नहीं पहुंचा पानी, बाहर से खरीदकर पानी पीने को मजबूर दिखे पुलिस के परिवार, पानी की पाइप लाइन को ठीक करने का पुलिस कर्मियों ने मोर्चा संभाला

संवाददाता। सीतापुर

**आपकी सेवा** में तत्पर रहने वाली पुलिस के परिवार इस समय भीषण गर्मी में बूंद-बूंद पानी को तरस रहे है, जी हां हम बात कर रहे है, पुलिस लाइन स्थित उस कालोनी की जिस में पुलिस के परिवार रहते है, इनकी संख्या ढ़ाई से तीन हजार के आसपास होनी बताई जा रही है। दिन रात आमजन की सेवा में लगे पुलिस बल के परिवार पिछले तीन दिनों से बूंद-बूंद पानी को तरस रहे है, उन्हें पीने और नहाने के लिए पानी खरीदना पड़ रहा है, इस अहम समस्या को दूर करने में भी उनके परिवार के मुखिया तत्पर नजर नहीं आ रहे है, बताया जा रहा है, पुलिस लाइन परिसर में अंडर ग्राउंड पिछाई गई पाइप कट जाने से पुलिस लाइन स्थित सरकारी आवासो में सप्लाई होने वाला पानी बंद हो गया, जिस वजह से पानी को लेकर त्राहि त्राहि मची हुई है। आलम देखिए जब इनकी समस्या को दूर करने के लिए जिम्मेदारों ने कोई प्रयास नहीं किए तो ठुक मोर्चे पर पुलिस कर्मियों को ही उतरना पड़ा। पाइप लाइन को सही करने की जद्दोजहद आरक्षियों ने अपने हाथों से शुरू कर दी। और जमीन की खुदाई की तो देखा पाइप लाइन लीक थी और कहीं-कहीं कट चुकी थी जिस वजह से लीकेज की समस्या से उनके यहां पानी नहीं पहुंच पा रहा था। वहां पर जब पायनियर की टीम ने जानकारी ली तो पता चला कि पुलिस लाइन कालोनी में तीन दिन से पानी न आने की भीषण समस्या है, थोड़ा-थोड़ा पानी आता है उसी से काम चला लेते है, पानी पीने के लिए बाहर से मंगवाते है। आपको बता दें कि जो पुलिस सबकी मदद व सुरक्षा के लिए हमेशा आगे खड़ी रहती है उसके लिए न तो कोई अधिकारी आगे आया और न ही कोई सांसद, विधायक बावजूद इसके अनुशासन की डोर में बंधा पुलिस परिवार अपनी इस परेशानियों पर भी मुंह खोलने को तैयार नहीं है, जबकि वहां के हालात सब कुछ बयां कर दे रहे है, आई इंडिया के कैमरे में कैद हुई इन तस्वीरों को जरा गौर से देखिए कि पानी के पाइप लाइन को दुरुस्त करने में पुलिस कर्मियों ने कैसे मौर्चा संभाला हुआ है, दूसरी तरफ पीने के लिए और नहाने के लिए लोग पानी खरीदते हुए नजर आ रहे है। घरों में पानी के कंटेनर मंगाए जा रहे है। हम उम्मीद करेंगे कि जिम्मेदार अपने परिवार के दुख-दर्द को समझेंगे और उनको बूंद-बूंद पानी के लिए तरसने नहीं देंगे।

# बोले पीड़ित- सांसद, विधायक नहीं दे रहे ध्यान!



**सीतापुर।** आदर्श नगर सेक्टर 1 नैपालपुर के लोग इन दिनों जलभराव व सड़क न बनने की समस्या से काफी परेशान है, मोहल्ले में स्थित तालाब की वजह से लोगो को पानी से होकर निकलना पड़ रहा है। जबकि वहां पर सीवर लाइन बनने के लिए शासन से पैसा भी स्वीकृत हो गया था, इसके बावजूद कार्य पूरा नहीं हो सका। जिस वजह से पानी की समस्या से वहां के रहने वाले नागरिको को इस समस्या से निजात नहीं मिली है। आपको बता दें कि वहां की रहने वाली आबादी करीब 20 हजार है, फिर भी वहां पर न तो कोई अधिकारी उधर ध्यान देता है और न ही कोई जनप्रतिनिधि। इससे परेशान होकर शुक्रवार को मोहल्ले के लोग जिलाधिकारी कार्यालय पहुंचे जहां पर डीएम से मिलकर अपनी समस्या बताई और उसके निराकरण के लिए मांग की। जिलाधिकारी को प्रार्थना पत्र देने के बाद पायनियर को समस्या बताई।

● आदर्श नगर नैपालापुर सेक्टर 1 में सड़क का निर्माण न होने से करीब 20 हजार की आबादी जलभराव से परेशान

● अधिकारी, जनप्रतिनिधि नहीं दे रहे समस्या पर ध्यान

## क्विक न्यूज

### हेलो! मैं एसडीएम बोल रहा हूं, खाल खींचकर भूसा भर दूंगा

● सचिव के गुर्गे ने फोन पर दी प्रधान प्रतिनिधि को जान से मारने की धमकी

**सीतापुर।** हरगांव विकास खंड क्षेत्र के एक गांव के प्रधान प्रतिनिधि को ग्राम पंचायत सचिव के गुर्गे ने फर्जी एसडीएम बनकर फोन पर धमकी देते हुए खाल खींचकर जान से मारने को कहा ।प्रधान प्रतिनिधि ने सहम कर थाना हरगांव में एक प्रार्थना पत्र देकर अपने जान माल की सुरक्षा की मांग की है ।प्राप्त जानकारी के अनुसार हरगांव थाना क्षेत्र के ग्राम बरोसा के प्रधान प्रतिनिधि दानिस खां को बरोसा की पूर्व ग्राम पंचायत सचिव फरहा इकबाल जो कि अपूर्ण पंचायत भवन को लेकर प्रधान से अनबन होने के चलते उन्हें ग्राम से ब्लाक के प्रशासनिक अधिकारी ने हटाकर वहां पर ग्राम पंचायत सचिव कुलदीप कुमार की तैनाती कर दी थी ।इससे नाराज होकर सचिव फरहा इकबाल ने अपने गुर्गे के व्दारा प्रधान प्रतिनिधि दानिस खां को जान से मारने की फोन पर धमकी दी।जिससे पीडित ने थाने पर तहरीर देकर मुकदमा दर्ज करने की गुहार लगाई है ।

### भट्ठा मालिकों को दी गई नोटिस

**मोहम्मदी-खीरी।** तहसील मोहम्मदी मे आज बडी कार्रवाई मानक विहीन भट्ठा मालिकों को नोटिस के माध्यम से दी गयी थी। जिसमें एक भट्ठा बंद करा दिया गया है। अन्य मालिकों को अंतिम मौका दिया गया। उपजिलाधिकारी पंकज श्रीवास्तव के नेतृत्व में आज टीम ने एक भट्टे पर पहुच कर एभट्टे पर लगी कच्ची ईटो को बुलडोजर से ध्वस्त कर दियाए दोपहर को सूचना मिली कि मोहम्मदी से गोकन की ओर पुलिस प्रशासन व अन्य अधिकारियों की टीम जिसमें जेसीबी एपानी से भर भरे टैंकर और अधिकारियों की टीम कहीं जा रहे हैं, लोगों ने कयास लगाना शुरू किया कि कहीं बड़ी कार्रवाई होने जा रही है, इस संबंध में खनन अधिकारी ने बताया की उप जिला अधिकारी के नेतृत्व में बनी टीम जिसमें तहसीलदार सुशील प्रताप सिंह पर्यावरण अधिकारी क्राइम क्राइम इस्पेक्टरएपुलिस की टीम ने एक भट्टे पर कार्यवाही की है जिसमे भट्टे की मिट्टी की रॉयल्टी तथा प्रदूषण एनओसी नही था अभी औरो पर कार्यवाही की जाऐगी जिन पर रॉयल्टी नही जमा है या प्रदूषण एनओसी नहीं है उन पर कार्रवाई की जा रही है।

### सड़क दुर्घटना में पत्नी की मौत, पति घायल

**बरेली।** रिश्तेदार के घर से वापस लौट रहे बाइक सवार दंपत्ति को टैंकर ने टक्कर मार दी जिससे पत्नी की मौके पर ही मौत हो गई और पति गंभीर रूप से घायल हो गया पुलिस ने मृतका के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। फतेहगंज पश्चिमी थाना क्षेत्र में हुई सड़क दुर्घटना में बदायूं से दातागंज थाना क्षेत्र के गांव कमुआ गोटिया निवासी 35 वर्षीय आशा बती की मौत हो गई और उसका पति विजेंद्र उर्फ नन्हे लाल गंभीर रूप से घायल हो गया पोस्टमार्टम हाउस पर मौजूद मृतका के परिजनों ने बताया कि आशाबती अपने पति के साथ फतेहगंज पश्चिमी के गांव हुकम पुर निवासी अपनी नंद के घर गई थी जहां उसके बेटे का विवाह होने वाला है आशा पति के साथ ननद को भात पहनाने के लिए गई थी लेकिन वह किसी बात पर विवाद होने के बाद वह पति के साथ अपने घर वापस लौट रही थी उसके साथ 2 साल की बेटी भी थी लेकिन कुछ दूर चलने के बाद उसकी बाइक को एक टैंकर ने टक्कर मार दी जिससे बाइक सवार दंपत्ति गंभीर रूप से घायल हो गए और बेटी बाल-बाल बच गई स्थानीय लोगों ने दुर्घटना की सूचना पुलिस को दी मौके पर पहुंची पुलिस ने दोनों घायलों को इलाज के लिए एक निजी अस्पताल भेजा जहां आशा वती को डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया।

### नहर में डूब कर युवक की मौत

**बरेली।** दवा एजेंसी पर काम करने वाले युवक की नहर में डूब कर मौत हो गई उसके दोस्त ने घटना की जानकारी पुलिस को दी मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को पानी से निकालकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा और जांच शुरू कर दी। बारादरी थाना क्षेत्र के मुहल्ला संजय नगर निवासी 19 वर्षीय रवि कश्यप पुत्र ओमप्रकाश कश्यप की लाश कल शाम को नवाबगंज थाना क्षेत्र में शाही गांव के पास नहर में तैरती पाई गई पोस्टमार्टम हाउस पर मौजूद मृतक के घर वालों ने बताया कि रवि एक दवा एजेंसी पर काम करता था और शहर व आसपास के इलाकों में दबाव पहुंचाने का काम करता था वह कल दिन में एजेंसी से दवा लेकर नवाबगंज पहुंचाने के लिए गया था उसके साथ बारादरी के डोहरा गोटिया का रहने वाला एक दोस्त भी था लेकिन शाही गांव के पास नहर में डूबने से रवि कश्यप की मौत हो गई इसकी सूचना साथ में मौजूद दोस्त ने घटना की जानकारी एजेंसी के मालिक की दी जो मौके पर पहुंच गए।

# अतिक्रमण हटान व नालों की सफाई का चला अभियान



संवाददाता। मैलानी-खीरी

**भारत** के प्रधानमंत्री के सपने स्वच्छ भारत मिशन को सफल बनाने व जनता के हित को देखते हुए नगर पंचायत अधिशाषी अधिकारी राजेश चौधरी, कार्यालय कर्मचारी इमरान, दिलशाद हुसैन, सफाई नायक राकेश कुमार, सफाई नायक जय प्रकाश नगर में खुटार रोड तिकुनिया तिराहे से फारेस्ट बैरियर नगर पंचायत की सीमा तक रोड के किनारे नालों को सफाई कर्मचारियों व जेसीबी द्वारा हटाकर नालों की तली धार सफाई का कार्य सुबह से शाम तक चलता रहा साथ ही अधिशाषी अधिकारी राजेश चौधरी ने रोड के अतिक्रमण फैलाने को रोड के किनारे लगे सामान को हटाने के सख्त निर्देश दिए। इस मौके पर नगर पंचायत के सफाई कर्मचारियों द्वारा नाले बेहतर सफाई का कार्य किया गया।

# मोहल्लों में कैंप लगाकर दौरान दो दिनों में बने 245 गोल्डन कार्ड

● मोहल्लों में कैंप लगाकर चलाया जा रहा अभियान

संवाददाता। लखीमपुर खीरी

**मोहल्ला मोहल्ला** कैंप लगाकर आयुष्मान गोल्डन कार्ड बनाने का अभियान चलाया जा रहा है जिसके अंतर्गत 2 दिनों में 245 गोल्डन कार्ड बनाए गए।

कार्यक्रम के नोडल अधिकारी डा. बीसी पंत ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की महत्वाकांक्षी योजना आयुष्मान भारत से लाभार्थियों को सीधा जोड़ने के लिए मोहल्ला-मोहल्ला अभियान चलाया जा रहा है। इसके अंतर्गत चल रहे पखवाड़े से शहरी लाभार्थियों को जोड़ने के लिए अब मोहल्लों में कैंप लगाकर गोल्डन कार्ड बनाए जा रहे हैं। अभियान के अंतर्गत 2 दिनों में 245 गोल्डन कार्ड बनाए गए। जिसमें 11 से 14 मई तक मोहल्ला शिवपुरी, द्वारिकापुरी, भुईफोरवानाथ व शांतिनगर के लाभार्थियों के गोल्डन कार्ड बनवाए जा रहे हैं। पहले दिन 11 मई को 175 कार्ड बने वहीं 12 मई को दूसरे दिन 170 गोल्डन कार्ड बनाए गए हैं। जिन मोहल्लों में कैंप लगाकर अभियान चलाया जा रहा है वहां के लोगों को जागरूक करने के लिए भी स्वास्थ्य विभाग की टीम लगातार मोहल्ले के संभ्रांत लोगों से संपर्क कर लाभार्थियों को कैंप स्थल तक लाने का प्रयास कर रही है। यही कारण है की गोल्डन कार्ड बनने की गति में काफी तेजी आई है। इस योजना का लाभ आम जनमानस तक पहुंचे इसके लिए लाभार्थी कैंप स्थल पर अपना राशन कार्ड का आधार कार्ड ले जाकर लिस्ट में अपने नाम होने और ना होने की जानकारी भी कर सकता है। यह सभी लाभार्थी अब प्रधानमंत्री बीमा योजना के अंतर्गत 5 लाख रुपए तक के मेडिकल देने का लाभ उठा पाएंगे। इसके अंतर्गत एक साल में प्रति परिवार 5 लाख तक का इलाज कराया जा सकता है। कैंप का संचालन जिला प्रोग्राम कोऑर्डिनेटर डा. अक्षत व जिला सूचना प्रबंधक आशुतोष श्रीवास्तव द्वारा किया जा रहा है।



# मस्जिद के पीछे रुई व मोबिल के गोदाम में लगी आग

● मौके पर पहुंची दमकल दस्ते की कई गाड़ियां

● समाचार लिखे जाने तक नहीं पाया जा सका आग पर काबू

संवाददाता। लखीमपुर खीरी



**शहर के** रिहायसी इलाके की सुनहरी मस्जिद के पीछे रुई और मोबिल के गोदाम में भयानक आग लग गई। दमकल की कई गाड़ियां मौके पर पहुंची।

शुक्रवार को शहर की सुनहरी मस्जिद के पीछे रुई और मोबिल के गोदाम में अज्ञात कारणों के चलते आग लग गई। आग ने विकराल रूप धारण कर लिया। दमकल की कई गाड़ियां आग बुझाने के लिए मौके पर पहुंची। लेकिन भीषण आग पर काबू नहीं पाया जा सका। जिस समय आग लगी थी उस समय मस्जिद में लोग नमाज पढ़ रहे थे जिसके बाद इलाके में भगदड़ मच गई।

मौके पर भारी पुलिस बल भी तैनात किया गया। आग इतनी भयानक है कि आसपास के दुकानदारों को वहां से बाहर निकाला गया ताकि कहीं आग की लपटों में किसी की जनहानि न हो जाए। वहीं मौके पर फायर सर्विस आफिसर मुकीम उल हक भी मौके पर पहुंचे। सीओ सदर संदीप सिंह भी मौके पर पहुंचे हैं। भीड़ को काबू किया जा रहा है। आग पर काबू पाने के लिए दमकल की और भी गाड़ियां बुलाई गई हैं।

# खीरी में प्रशासन ने चिन्हित किए 231 अवैध विद्यालय

● बीएसए बोले, अवैध विद्यालयों की दें सूचना, नाम रहेगा गोपनीय

● निघासन में सबसे ज्यादा 70 विद्यालय मिले अवैध

संवाददाता। लखीमपुर खीरी

**खीरी में** अवैध स्कूलों पर शिकंजा कसने का अभियान डीएम महेंद्र बहादुर सिंह के निर्देश पर शुरू हुआ। बीएसए डा. लक्ष्मीकांत पांडे ने डीएम का निर्देश मिलते ही जिले में 231 अवैध स्कूलों को चिन्हित कर उन्हें नोटिस जारी करते हुए उनके विरुद्ध कार्यवाही शुरू कर दी।

बीएसए डा. लक्ष्मीकांत पांडे ने बताया कि चिन्हित सभी अवैध 231 विद्यालयों को नोटिस जारी कर दी गई। उन्होंने बताया कि यदि इन विद्यालयों द्वारा अवैध संचालन बंद नहीं किया गया तो पुलिस की सहायता लेकर प्रभावी कार्यवाही अमल में लाई जाएगी वहीं 10 हजार प्रतिदिन के हिसाब से जुर्माना भी लगाया जाएगा।

बीएसए ने बताया कि कुंभी में 9, रमियाबेहड़ 5, मितौली 21, बिजुआ 24, ईसानगर 13, पलिया 13, बांकेगंज 6, बेहजम 10, फूलबेहड़ 24, लखीमपुर 25, निघासन 70, धौरहरा 7 सहित गोला नगर क्षेत्र में चार अवैध विद्यालयों को चिन्हित किया गया। उन्होंने बताया कि जिले में कोई भी व्यक्ति अवैध विद्यालयों की सूचना उन्हें ए क्षेत्रीय खंड शिक्षा अधिकारी को दे सकता है।

उनका नाम गोपनीय रखा जाएगा तथा जांच में अवैध मिले विद्यालयों पर प्रभावी कार्यवाही अमल में लाई जाएगी।

# रेड क्रॉस की जिला कोआर्डीनेटर सम्मानित

● राज्यपाल व उपमुख्यमंत्री ने कोविड काल में उत्कृष्ट कार्य के लिए पुरस्कार से नवाजा

संवाददाता। लखीमपुर खीरी



**इंडियन** रेड क्रॉस सोसाइटी लखनऊ उत्तर प्रदेश द्वारा विश्व रेड क्रॉस दिवस के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में राज्यपाल आनंदीबेन पटेल एवं उप मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश ब्रजेश पाठक द्वारा डा. हिमा बिंदु नायक महासचिव रेड क्रॉस उत्तर प्रदेश व अखिलेंद्र शाही वाइस चैयरमेन रेड क्रॉस उत्तर प्रदेश की उपस्थिति में आरती श्रीवास्तव जिला कोऑर्डिनेटर रेड क्रॉस खीरी को कोविड एवं अन्य आपदाओं के समय अभूतपूर्व सेवाओं हेतु सम्मानित किया गया। डॉ अंजली नाथ संरक्षक सदस्य रेड क्रॉस खीरी को पैटर्न सदस्य का सर्टिफिकेट प्रदान कर सम्मानित किया गया एवं अधिवक्ता अनुराग सक्सेना रेड क्रॉस को रक्तदान/कोविड में दी गयी सेवाओं हेतु रेड क्रॉस अवार्ड से सम्मानित किया।इस अवसर पर राज्यपाल आनंदीबेन पटेल उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने विभिन्न जनपदों के रेड क्रॉस स्वयंसेवियों के साथ 8 जिलाधिकारियों, मिर्जापुर के मंडलायुक्त योगेश्वर राम मिश्रा को भी सम्मानित किया। राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने रेड क्रॉस जिला शाखाओं से योग के लिए जनमानस को प्रेरित करने व रेड क्रॉस सदस्यता अभियान चलाने हेतु भी आग्रह किया। रेडक्रॉस महासचिव हिमा बिंदु नायक ने आरती श्रीवास्तव के नेतृत्व में जनपद खीरी में हो रहे कार्यो की प्रशंसा करते हुए कहा कि एक साल की छोटी बेटी के साथ बाढ़ एवं कोविड जैसी आपदाओं में कार्य करना प्रशंसनीय है। अखिलेंद्र शाही वाइस चैयरमेन रेड क्रॉस उत्तर प्रदेश ने भी इंडियन रेड क्रॉस सोसाइटी खीरी के कार्यो की प्रशंसा करते हुए कहा हमारे रेड क्रॉस स्वयंसेवी विषम परिस्थितियों में भी मानवता के हितों के लिए अपना सर्वश्रेष्ठ देने का प्रयत्न करते हैं।

# औरंगजेब की मजार पर जाने से अकबरुद्दीन पर भड़की शिवसेना

**भाषा। औरंगाबाद/-मुंबई**





**शिवसेना ने** शुक्रवार को कहा कि ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन (एआईएमआईएम) के नेता अकबरुद्दीन ओवैसी द्वारा महाराष्ट्र के औरंगाबाद जिले के खुल्दाबाद में स्थित औरंगजेब के मकबरे के दौरे का उद्देश्य राज्य में माहौल खराब करना था और 17वीं सदी के मुगल बादशाह को मानने वालों का वही परिणाम होगा जो औरंगजेब का हुआ था।

यहां एक रैली को संबोधित करने से पहले ओवैसी बृहस्पतिवार को जिले में स्थित औरंगजेब के मकबरे पर गए थे। शिवसेना सांसद और पार्टी प्रवक्ता संजय राउत ने कहा कि औरंगजेब ने छत्रपति शिवाजी महाराज से युद्ध किया और उनके निधन के बाद 25 साल तक मराठाओं से लड़ाई की। राउत ने संवाददाताओं से कहा, वह एक आक्रांता था जिसने महाराष्ट्र पर आक्रमण किया और मंदिर तोड़े। उन्होंने कहा कि औरंगजेब के मकबरे पर नमाज पढ़कर ओवैसी बंधु महाराष्ट्र को चुनौती दे रहे हैं। उन्होंने कहा, ओवैसी बंधु महाराष्ट्र के माहौल को खराब करने के उद्देश्य से राजनीति कर रहे हैं। हमने इस चुनौती को स्वीकार किया है। हमने औरंगजेब को इसी मिट्टी में दफन किया था। उसे (औरंगजेब) मानने वाले अगर राजनीति करना चाहते हैं तो उनका भी महाराष्ट्र में यही हश्र होगा। राउत ने कहा, आप संभाजीनगर (औरंगाबाद) आते रहिए और औरंगजेब को श्रद्धांजलि देते रहिए, आप हमें और महाराष्ट्र को चिढ़ाते रहिए। लेकिन मैं कहना चाहता हूं कि मराठाओं ने महाराष्ट्र में औरंगजेब की कब्र खोदी थी। आप (औरंगजेब) अब उसके मकबरे पर नमाज पढ़ रहे हैं। समय आएगा जब आप भी उसी कब्र में होंगे। शिवसेना के पूर्व सांसद चंद्रकांत खैरे और पार्टी की औरंगाबाद जिला इकाई के प्रमुख एवं विधान परिषद के सदस्य अंबादास दानवे ने मकबरे पर जाने के ओवैसी के कदम की कड़ी ओलाचना की।

हालांकि एआईएमआईएम के सांसद इम्तियाज जलील ने ओवैसी का बचाव करते हुए कहा कि इसका कोई और अर्थ निकालने की जरूरत नहीं है। खैरे ने कहा, अकबरुद्दीन ओवैसी के औरंगजेब के मकबरे पर जाने का मकसद समझ नहीं आता। हमें उनका एक पुराना बयान याद है, जिसमें उन्होंने कहा था कि कोई भी औरंगजेब के मकबरे पर नहीं जाता है। अगर वह समाज में समस्या उत्पन्न करने के लिए ऐसा कर रहे हैं, तो हम इसे बर्दाशत नहीं करेंगे।

दानवे ने कहा, ओवैसी का औरंगजेब के मकबरे पर जाना कोई आश्चर्य की बात नहीं है। निजाम, रजाकारों (हैदराबाद के निज़ाम द्वारा 1947-48 के दौरान रियासत के भारत के साथ विलय का विरोध करने के लिए तैनात अर्धसैनिक स्वयंसेवी बल) और पहले के इस्लामी राजवंशों की सोच एक जैसी ही है। उनकी विचारधारा के तहत ही ओवैसी मकबरे पर गए लेकिन जो मुसलमान देश के कल्याण के बारे में सोचते हैं उन्हें एआईएमआईएम और ओवैसी से दूर रहना चाहिए। ओवैसी के इस कदम का बचाव करते हुए जलील ने कहा, खुल्दाबाद में कई मकबरे हैं, जिनका एक अच्छा-खासा इतिहास भी है। जो कोई भी खुल्दाबाद आता है औरंगजेब के मकबरे पर जाता है। इसका कोई और अर्थ निकालने की जरूरत नहीं है। भाजपा के विधायक नितेश राणे ने संवाददाताओं से कहा, अकबरुद्दीन ओवैसी को पता है कि महाराष्ट्र में एक कमजोर सरकार है और उन्हें (मकबरे का दौरा करने के बाद भी) कोई छू भी नहीं सकता। इस सरकार के हिंदुत्व की यह सच्चाई है।

बाद में राणे ने ट्वीट किया, मैं पुलिस से 10 मिनट के लिए हटने की अपील करता हूं। और इसके बाद अगर उन्हें (ओवैसी) औरंगजेब के पास नहीं भेज दिया तो हम शिवाजी महाराज के सच्चे सिपाही नहीं। ओवैसी पर कार्वाई की बात करने पर महाराष्ट्र कांग्रेस प्रवक्ता सचिन सावंत ने भाजपा से पूछा, भाजपा नेताओं को यह बताना चाहिए कि भारतीय दंड संहिता की किस धारा के तहत किसी व्यक्ति के मकबरे का दौरा करने पर उस पर मामला दर्ज किया जा सकता है। सावंत ने कहा कि जब भाजपा के वरिष्ठ नेता लालकृष्ण आडवाणी पाकिस्तान में जिन्ना के मकबरे पर गए थे तब उनके विरुद्ध कौन सी कार्वाई की गई थी।



कुल्लू में भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा साथ में हिप्र के मुख्यमंत्री जय राम ठाकुर व अन्य नेता रैली के दौरान अभिवादन करते हुए।

## राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद 15 से 21 मई तक दो कैरेबियाई देशों के दौरे पर जाएंगे

**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद 15 मई से जमैका और सेंट विंसेंट एंड ग्रेनेडाइन्स (एसवीजी) के एक सप्ताह के दौरे पर रहेंगे। यह किसी भारतीय राष्ट्राध्यक्ष की इन दो कैरेबियाई देशों की पहली यात्रा है। विदेश मंत्रालय में सचिव (पूर्व) सौरभ कुमार ने संवाददाताओं से कहा कि राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद की यह यात्रा कैरेबियाई क्षेत्र के देशों के साथ भारत के उच्च-स्तरीय जुड़ाव की निरंतरता को दर्शाती है और छोटे विकासशील द्वीपीय देशों के साथ काम करने की प्रतिबद्धता पर जोर देती है। राष्ट्रपति कोविंद 15 से 21 मई तक जमैका और सेंट विंसेंट एंड ग्रेनेडाइन्स (एसवीजी) की आधिकारिक यात्रा करेंगे। यह इन देशों की किसी भारतीय राष्ट्राध्यक्ष की पहली यात्रा होगी। कोविंद 15 से 18 मई तक जमैका में रहेंगे, इस दौरान वह अपने समकक्ष, जमैका के गवर्नर जनरल सर पैट्रिक एलन के साथ प्रतिनिधिमंडल स्तर की वार्ता करेंगे।

## राज्यसभा ने लोकतंत्र को मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाईः उपराष्ट्रपति



**नई दिल्ली।** उपराष्ट्रपति एम वेंकैया नायडू ने शुक्रवार को कहा कि संसद के उच्च सदन यानी राज्यसभा ने देश के लोकतंत्र को मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। वर्ष 1952 में आज ही के दिन (13 मई) राज्यसभा का पहला सत्र बुलाया गया था। इसके उल्लेख करते हुए राज्यसभा के सभापति नायडू ने सिलसिलेवार ट्वीट में उक्त बात कही और सांसदों से संविधान निर्माताओं के सपनों को साकार करने की दिशा में काम करने की अपील की। 13 मई 1952 को आज ही के दिन राज्यसभा का पहला सत्र आहूत किया गया था। तब से ले कर आज तक, भारतीय संसद के उच्च सदन ने हमारे लोकतंत्र को मजबूत करने में महत्ती भूमिका निभाई है। उन्होंने कहा, माननीय सदस्यों का आह्वान करता हूं कि वे हमारे संविधान निर्माताओं की अपेक्षाओं को साकार करें, लोकतांत्रिक विमर्श को समृद्ध करें और संसदीय आचरण के अनुकरणीय मानदंड स्थापित करें।

उपराष्ट्रपति वेंकैया नायडू ने इस अवसर पर राज्यसभा के सदस्यों और सचिवालय के सभी कर्मचारियों को शुभकामनाएं दी। ज्ञात हो कि पहली बार 3 अप्रैल, 1952 को राज्यसभा गठित की गई थी और इसकी पहली बैठक 13 मई, 1952 को हुई थी। इसे पहले काउंसिल ऑफ स्टेट्स कहा जाता था। 23 अगस्त, 1954 को काउंसिल ऑफ स्टेट्स को हिन्दी में राज्यसभा कहे जाने की घोषणा हुई थी। देश के पहले उपराष्ट्रपति डॉक्टर सर्वपल्ली राधाकृष्णन राज्यसभा के पहले सभापति थे।

## मोहाली विस्फोट मामले में पांच गिरफ्तार, पुलिस ने कहा- बब्बर खालसा, आईएसआई के बीच साठगांठ

**चंडीगढ़।** पंजाब पुलिस ने अपने मोहाली कार्यालय में आरपीजी हमले के सिलसिले में पांच लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इस मामले में आतंकवादी संगठन बब्बर खालसा इंटरनेशनल एवं पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी इंटर-सर्विसेज इंटेलीजेंस (आईएसआई) की सांठगांठ की ओर इशारा किया है। पुलिस महानिदेशक वी के भावरा ने शुक्रवार को यहां संवाददाता सम्मेलन में कहा कि छठा आरोपी एक अन्य मामले में पुलिस हिरासत में है। उन्होंने कहा कि घटना के पीछे की साजिश का पता लगा लिया गया है और पाकिस्तान की आईएसआई के इशारे पर आतंकवादी संगठन बब्बर खालसा इंटरनेशनल और गैंगस्टरों के बीच सांठगांठ का मामला सामने आया है। डीजीपी ने कहा कि मुख्य साजिशकर्ता तरनतारन निवासी लखबीर सिंह गैंगस्टर से आतंकवादी बने हरविंदर सिंह रिंडा का करीबी सहयोगी है।

## बीएसएफ आईजी ने कश्मीर के सीमावर्ती इलाके में सुविधाओं की कमी को रेखांकित किया

**श्रीनगर।** कश्मीर में तैनात सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) के एक वरिष्ठ अधिकारी ने घाटी में नियंत्रण रेखा से लगे इलाकों की आबादी के लिए स्वास्थ्य, स्कूली शिक्षा और मोबाइल संपर्क जैसी मूलभूत सुविधाओं की कमी को रेखांकित किया है। सरकारी कर्मचारी विरले ही इन दूर दराज के इलाकों का दौरा करते हैं। बीएसएफ के महानिरीक्षक (आईजी) राजू बाबू ने जम्मू-कश्मीर में कश्मीर के संभागीय आयुक्त पांडुरंग पोले को पत्र लिखा है। उन्होंने यह पत्र कुपवाड़ा जिले के सीमावर्ती इलाके माछल सेक्टर में किए गए दौरे के बाद लिखा है। सिंह ने कहा कि स्थानीय लोगों ने कई मुद्दों पर उनसे शिकायत की जिनका सामना वे कर रहे हैं। स्कूलों में शिक्षकों की अनुपलब्धता, बिजली की लचर आपूर्ति, खराब मोबाइल और इंटरनेट संपर्क की कमी, एनडीए और नीट जैसी प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कराने में मदद करने के लिए कोचिंग संस्थानों की अनुपलब्धता इन शिकायतों में शामिल हैं। आईजी ने कहा कि इन अग्रिम इलाकों और गांवों में अधिकतर मूलभूत सुविधाओं की कमी है। यह स्थिति तब है जब देश आजादी का अमृत महोत्सव मना रहा है।

आयुक्त से अपील की कि वह जिम्मेदार सरकारी अधिकारियों को सीमावर्ती इलाकों पर अधिक ध्यान देने का निर्देश दें। सिंह ने कहा कि विभिन्न सरकारी विभागों के क्षेत्र में कार्यरत कर्मी इन इलाकों में रुकना पसंद नहीं करते और कुपवाड़ा या साथ लगे बांदीपोरा चले जाते हैं। वे विरले ही शम्सबाड़ी पर्वता श्रंखला को पार करते हैं जहां के तंगधार बाउल, केरन, माछल और गुरेज घाटी जैसे इलाकों में बड़ी आबादी रहती है। आयुक्त से अपील की कि वह कुछ कदम प्राथमिकता के आधार पर उठाएं ताकि सीमावर्ती इलाकों में रह रहे लोगों की मदद हो सके। वह उसी सेक्टर के कुछ अग्रिम इलाकों का अगले सप्ताह दोबारा दौरा करेंगे और बीएसएफ द्वारा लगाए गए कुछ चिकित्सा शिविरों का उद्घाटन करेंगे।

## क्विक न्यूज

### केन्द्रीय गृह सचिव ने अमरनाथ यात्रा के लिए सुरक्षा संबंधी तैयारियों की समीक्षा की

**नई दिल्ली।** केन्द्रीय गृह सचिव अजय भल्ला ने दो वर्ष के बाद शुरू होने जा रही अमरनाथ यात्रा के लिए शुक्रवार को सुरक्षा संबंधी तैयारियों की समीक्षा की। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अमरनाथ यात्रा 30 जून से शुरू हो रही है। यह यात्रा वर्ष 2021 और 2020 में कोरोना वायरस संक्रमण के कारण नही हो सकी थी। वर्ष 2019 में संविधान के अनुच्छेद 370के अधिकतर प्रावधानों को समाप्त करने से पूर्व इस यात्रा को तय समय से जल्दी खत्म कर दिया गया था। अधिकारियों ने बताया कि गृह सचिव ने अर्धसैनिक बलों और जम्मू कश्मीर प्रशासन के शीर्ष अधिकारियों के साथ अमरनाथ यात्रा के लिए सुरक्षा संबंधी तैयारियों की समीक्षा की। उन्होंने बताया कि पहलगाम और बालटाल यात्रा मार्गों में जम्मू कश्मीर पुलिस के अलावा अर्ध सैनिक बलों के 10,000 जवानों (सौ कंपनी) को तैनात किए जाने की संभावना है। तीन लाख श्रद्धालुओं के शामिल होने की उम्मीद है। अमरनाथ यात्रा 11अगस्त को समाप्त होगी। सीआरपीएफ के महानिदेशक और बीएसएफ के महा निदेशक पंकज सिंह और अन्य अधिकारी व्यक्तिगत रूप से बैठक में शामिल हुए वही जम्मू कश्मीर के अधिकारियो ने वीडियो कॉन्फ्रेंस के जरिए इसमें हिस्सा लिया।

### केरल में अभिनेत्री की मौत, पुलिस ने पति को हिरासत में लिया

**कोझीकोड।** केरल पुलिस ने यहां एक मॉडल और अभिनेत्री की मौत के बाद शुक्रवार को मृतका के 31 वर्षीय पति को हिरासत में ले लिया। बृहस्पतिवार रात को 20 वर्षीय शहाना का शव उसके घर पर लटका हुआ मिला था। हमें बृहस्पतिवार रात को घटना की जानकारी मिली। हमने दंड प्रक्रिया संहिता की धारा 174 के तहत एक मामला दर्ज किया है। पुलिस ने इस संबंध में आरोपी सज्जाद को हिरासत में लिया है, जिसपर शहाना के परिवार ने हमले और हत्या समेत अन्य आरोप लगाए हैं।

### बाबुल सुप्रियो को विधानसभा की चार स्थाई समितियों का सदस्य नियुक्त किया गया

**कोलकाता।** तृणमूल कांग्रेस के विधायक बाबुल सुप्रियो को गृह मामलो समेत पश्चिम बंगाल विधानसभा की चार स्थाई समितियों का सदस्य बनाया गया है। बालीगंज से विधायक सुप्रियो को कार्मिक और प्रशासनिक सुधार, बंदी प्रशासन तथा विधि एवं न्यायिक मामलों की स्थाई समितियों का भी सदस्य नियुक्त किया गया। विधानसभा सचिवालय के एक अधिकारी ने शुक्रवार को कहा कि यह नियुक्ति 12 मई से प्रभावी होगी। सुप्रियो पिछले महीने बालीगंज सीट पर उपचुनाव में विजई हुए थे और उन्हें बुधवार को विधायक पद की शपथ दिलाई गई।

### ब्रिटिश काउंसिल-आर्ट एक्स ने भारत व ब्रिटेन से 12 फेलो की घोषणा की

**नई दिल्ली।** ब्रिटिश काउंसिल और आर्ट एक्स कंपनी ने भारत और ब्रिटेन के 12 फेलो का चयन किया है। यह चयन इंटरनेशनल पब्लिशिंग फेलोशिप 2022ः इंडिया (आईपीएफ 2022) के लिए किया गया है। इस फेलोशिप का मकसद दोनों देशों के अनुवाद प्रकाशन तंत्र के बीच संवाद और आदान-प्रदान की सुविधा प्रदान करना है। यह एक साल का कार्यक्रम होगा। भारत की ओर से चुने गए लोगों में बिजल वछरजानी (प्रथम बुक्स), राहुल सोनी (हार्पर कॉलिन्स इंडिया), रमन श्रेष्ठ (रचना बुक्स), रिद्धि मैत्रा (बीईई बुक्स), सरबजीत गारछा (कॉपर कॉइन पब्लिशिंग) और योगेश मैत्रेय (पैंथर्स पॉ पब्लिकेशन) शामिल है।

### डाक्टर रजनीश सिंह को मिला प्रतिष्ठित सम्मान

**नई दिल्ली।** करोना काल में अनाथ हुए बच्चों की इंटरमीडियट तक की शिक्षा में मदद करने के लिए अंबेडकर नगर के भाजपा जिला उपाध्यक्ष डाक्टर रजनीश सिंह एक बड़ी भूमिका अदा कर रहे हैं। डाक्टर रजनीश यह सुनश्चित करते हैं कि अनाथ बच्चों को कॉपी, किताब, ड्रेस जैसी किसी भी समस्या से जूझना ना पड़े। यही नहीं डॉक्टर रजनीश बच्चों को मुफ्त राशन का प्रबंधन भी करवाते हैं। रजनीश सिंह की इस पहल का स्थानीय स्तर पर तो स्वागत तो हो ही रहा है। साथ ही उनके समाजिक कार्यों में योगदान को देखते हुए उन्हें साईं सेवा संस्थान ट्रस्ट द्वारा सोशल सर्विस अवॉर्ड से सम्मानित भी किया गया है। इस मौके पर साकेत हॉस्पिटल के एमडी डाक्टर रजनीश सिंह ने कहा मुझे इस बात का एहसास है कि करोना में अपनों को खोने का दर्द क्या होता है। दिक्कत तब और बड़ जाती है जब परिवार को चलाने वाला सदस्य ही करोना का शिकार हो जाए। डाक्टर रजनीश का ये भी कहना है कि उनका उद्देश्य ये भी है कि महामारी के चलते इन बच्चों की पढ़ाई पर कोई आंच ना आए और वे तनावमुक्त होकर अपनी पढ़ाई जारी रख सकें। साईं सेवा संस्थान ट्रस्ट के सचिव निखिल सिंह का कहना है कि डॉक्टर रजनीश को ये सम्मान देते हुए बेहद गर्व महसूस हो रहा है और वह इस सम्मान के सही हकदार हैं।





गुवाहाटी में भारी बारिश के बाद सड़क पर भरे हुए पानी में केले के तने की नाव बनाकर जाता हुआ युवक।

## मध्य प्रदेश सरकार राज्य में मदरसों में राष्ट्रगान को अनिवार्य करने पर विचार कर सकती हैः मंत्री

**भोपाल।** पड़ोसी राज्य उत्तर प्रदेश में मदरसों में राष्ट्रगान गायन अनिवार्य कर दिए जाने के बाद मध्य प्रदेश के गृहमंत्री ने कहा कि उनके राज्य में भी इसी तरह के कदम पर विचार किया जा सकता है। उन्होंने यहां पत्रकारों द्वारा पूछे गए एक सवाल के जवाब में शुक्रवार को यह बयान दिया। इसके अलावा मध्य प्रदेश भाजपा प्रमुख विष्णु दत्त शर्मा ने कहा कि देश भर के सभी शैक्षणिक संस्थानों में जन गण मन का पाठ किया जाना चाहिए।

उत्तर प्रदेश के सभी मदरसों में बृहस्पतिवार से राष्ट्रगान जन गण मन गाना अनिवार्य कर दिया गया है। उत्तर प्रदेश मदरसा शिक्षा बोर्ड के रजिस्ट्रार ने नौ मई को सभी जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारियों को इस आशय का आदेश जारी किया। पत्रकारों से बात करते हुए मध्य प्रदेश के मंत्री मिश्रा ने कहा कि राष्ट्रगान हर जगह गाया जाना चाहिए। उन्होंने कहा, यह अच्छी बात है। यह एक राष्ट्रगान है और इसे हर जगह गाया जा सकता है। यह पूछे जाने पर कि क्या इसी तरह का निर्णय मध्य प्रदेश में लागू किया जा सकता है, मिश्रा ने कहा, यह विचार का विषय है... इस पर विचार किया जा सकता है।

क्या मप्र में भी मदरसों में राष्ट्रगान गाया जाना चाहिए के सवाल पर प्रदेश भाजपा अध्यक्ष शर्मा ने कहा, हम किसी को पाकिस्तान का राष्ट्रगान गाने के लिए नहीं कह रहे हैं। हम सिर्फ मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश और देश के कोने-कोने में स्थित शिक्षण संस्थानों में राष्ट्रगान और राष्ट्रीय गीत और भारत माता की जय के नारे लगाने के लिए कह रहे हैं। उन्होंने कहा, अगर ऐसा हो रहा है और ऐसा फैसला लिया गया है तो यह स्वागत योग्य कदम है।

## जम्मू-कश्मीर में आतंकियों से संबंध के मामले में प्रोफेसर-पुलिसकर्मी और शिक्षक बर्खास्त

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर प्रशासन ने शुक्रवार को आतंकी समूहों से कथित संबंध के मामले में तीन सरकारी कर्मचारियों को बर्खास्त कर दिया जिसमें कश्मीर विश्वविद्यालय का एक प्रोफेसर, एक शिक्षक और एक पुलिसकर्मी शामिल है। संविधान के अनुच्छेद 311 (12)(सी) के तहत गठित समिति की सिफारिश पर तीनों को बर्खास्त किया गया। अनुच्छेद 311 (12)(सी) राज्य की सुरक्षा के हित में बिना जांच किए ही किसी व्यक्ति को बर्खास्त करने की अनुमति देता है। पिछल साल से अब तक जम्मू-कश्मीर में विशेष प्रावधान का इस्तेमाल करके बर्खास्त किए गए सरकारी कर्मचारियों की संख्या बढ़कर 37 हो गई है। बर्खास्त किए गए लोगों में कश्मीर विश्वविद्यालय के रसायन विज्ञान विभाग का प्रोफेसर अल्ताफ हुसैन पंडित, सरकारी शिक्षक मोहम्मद मकबूल हाजम और जम्मू-कश्मीर पुलिस का पुलिसकर्मी गुलाम रसूल शामिल है।

## प्रधानमंत्री के न्यूनतम सरकार, अधिकतम शासन का मतलब ध्रुवीकरण करना और डर का माहौल बनाना हैः सोनिया

**उदयपुर।** कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी ने शुक्रवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर तीखा प्रहार किया और आरोप लगाया कि उनके न्यूनतम सरकार, अधिकतम शासन (मिनिमम गवर्नमेंट, मैक्सिमम गवर्नेंस) का मतलब लगातार ध्रुवीकरण करना और डर का माहौल बनाना है। उन्होंने कांग्रेस के नवसंकल्प चिंतिन शिविर की शुरुआत के मौके पर पार्टी में बड़े सुधार की बात की और नेताओं का आह्वान किया कि वे विशाल सामूहिक प्रयासों के जरिए पार्टी में नई जान फूंकें क्योंकि अब पार्टी का कर्ज उतारने का समय आ गया है। कांग्रेस के चिंतन शिविर की शुरुआत हुई।

सोनिया गांधी ने कहा, चिंतिन शिविर हमें यह अवसर देता है कि हम देश के सामने खड़ी उन चुनौतियों पर चर्चा करें जो भाजपा और आरएसएस द्वारा पैदा की गई हैं। इस शिविर में राष्ट्रीय मुद्दों और संगठन पर बोल्ड चिंतन होगा। कांग्रेस अध्यक्ष ने प्रधानमंत्री पर निशाना साधते हुए कहा, यह स्पष्ट हो गया है कि प्रधानमंत्री और उनके साथियों की ओर से न्यूनतम सरकार, अधिकतम शासन की जो बात की जाती है उसका क्या मतलब है? इसका मतलब निरंतर ध्रुवीकरण करना और डर का माहौल बनाना है। इस सरकार के न्यूनतम सरकार, अधिकतम शासन का मतलब अल्पसंख्यकों को डराना है जबकि अल्पसंख्यक देश के बराबर के नागरिक हैं। इस सरकार के न्यूनतम सरकार, अधिकतम शासन का मतलब राजनीतिक विरोधियों को डराना धमकाना, उन्हें बदनाम करना और सरकारी एजेंसियों का दुरुपयोग कर उन्हें जेल में डालना है। सोनिया गांधी के अनुसार, भाजपा सरकार के न्यूनतम सरकार, अधिकतम शासन का मतलब यह है कि इतिहास पर फिर से गौर किया जाए, स्वतंत्रता सेनानियों के योगदान को कमतर किया जाए तथा महात्मा गांधी के हत्यारों का महिमामंडन किया जाए।

## हिंदी से नौकरी मिलने के दावे पर तमिलनाडु के मंत्री ने तंज कसा

**कोयंबटूर।** तमिलनाडु के उच्च शिक्षा मंत्री के. पोनमुडी ने शुक्रवार को कहा कि राज्य सरकार दो भाषाओं के फॉर्मूले की अपनी नीति को जारी रखेगी। इसके साथ ही उन्होंने कथित तौर पर हिंदी थोपने के किसी भी प्रयास की आलोचना की और इस दावे पर सवाल उठाया कि हिंदी भाषा सीखने से रोजगार मिलेगा। हिंदी सीखने वालों के लिए नौकरी उपलब्ध होने के संबंध में जोर देने वालों पर निशाना साधते हुए मंत्री ने पूछा कि अभी शहर में पानी पुरी कौन लोग बेच रहे हैं। उनका इशारा स्पष्ट रूप से इस व्यापार में शामिल मुख्यतया हिंदी भाषी विक्रेताओं की ओर था। उनकी टिप्पणी यहां भरथियार विश्वविद्यालय के 37वें दीक्षांत समारोह में आई। इस समारोह की अध्यक्षता राज्य के राज्यपाल आर एन रवि ने की जो विश्वविद्यालय के कुलाधिपति भी हैं। मंत्री ने हिंदी थोपने के खिलाफ सत्तारूढ़ द्रविड़ मुनेत्र कषम (द्रमुक) के रुख को दोहराया।

## देशमुख के कंधे का ऑपरेशन सरकारी अस्पताल में हो सकता, निजी अस्पताल की जरूरत नही : अदालत

**मुंबई।** यहां की एक विशेष अदालत ने शुक्रवार को महाराष्ट्र के पूर्व गृहमंत्री अनिल देशमुख को निजी अस्पताल में कंधे का ऑपरेशन करने की अनुमति देने से इंकार कर दिया। अदालत ने कहा कि उनका उपचार मुंबई के सरकारी जेजे अस्पताल में कराया जा सकता है। उल्लेखनीय है कि देशमुख ने अदालत से अनुरोध किया था कि कंधे की हड्डी खिसकने का उपचार और सर्जरी कराने के लिए उन्हें उनकी इच्छा के निजी अस्पताल में अस्थाई तौर पर स्थानांतरित करने की अनुमति दी जाए। राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) के नेता ने इस पर आने वाले खर्च को भी वहन करने की पेशकश की थी। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने हालांकि, उनकी अर्जी का विरोध किया था। ईडी ने तर्क दिया था कि जेजे अस्पताल में भी सर्जरी की सारी सुविधाएं और प्रशिक्षित डॉक्टर हैं। अदालत ने देशमुख की अर्जी को खारिज करते हुए कहा कि वह जेजे अस्पताल में सर्जरी व इलाज करा सकते हैं।

देशमुख को पिछले साल नवंबर में ईडी ने धनशोधन के एक मामले में गिरफ्तार किया था। वह इस समय न्यायिक हिरासत में हैं। सीबीआई ने शिवसेना नीत महा विकास अघाडी (एमवीए) सरकार में गृहमंत्री रहे देशमुख के खिलाफ मुंबई के पूर्व पुलिस आयुक्त परमबीर सिंह द्वारा वसूली के लगाए गए आरोपों के आधार पर भ्रष्टाचार का मामला दर्ज किया था। इस प्राथमिकी के आधार पर ईडी ने उनके खिलाफ धनशोधन का मामला दर्ज किया। ईडी ने दावा किया है कि देशमुख ने अपने पद का दुरुपयोग करते हुए मुंबई के विभिन्न बार से 4.70 करोड़ रुपए की वसूली की। एजेंसी ने आरोप लगाया कि देशमुख परिवार ने इस राशि का नागपुर से संचालित श्री साई शिक्षण संस्थान के जरिए धनशोधन किया।



कराड में अलफांसो आम को बेचता हुआ दुकानदार।

# जी-7 की बैठक में रूस के खिलाफ एकता की अपील

## ● यूक्रेन की वित्तीय मदद करेगा यूरोपीय संघ

**एपी।** वीसेनहॉस (जर्मनी)

**दुनिया** के सात अमीर देशों (जी-7) के विदेश मंत्रियों की जर्मनी में संपन्न बैठक के दौरान शुक्रवार को यूरोपीय संघ(ईयू) के विदेश मामलों के प्रमुख ने कहा कि ईयू रूसी हमले से बचाव और हथियार खरीदने के लिए यूक्रेन को 52 करोड़ अमेरिकी डॉलर की और सहायता देगा।

यूरोपीय संघ के विदेश मामलों संबंधी उच्च प्रतिनिधि जोसेप बोरेल ने उम्मीद जताई कि कुछ देशों के संदेह के बावजूद जल्द ही यूरोपीय संघ के सदस्य देश रूस के खिलाफ तेल प्रतिबंध लगाने पर सहमत हो जाएंगे। जर्मनी के बाल्टिक सागर तट पर वीसेनहॉस में जी-7 देशों के विदेश मंत्रियों की बैठक से ठीक पहले बोरेल ने कहा, हम यूक्रेन की सेना की सहायता के लिए 52 करोड़ डॉलर की और मदद देंगे। यह राशि भारी हथियार खरीदने के लिए आवंटित की जा रही है। इसी के साथ यूरोपीय संघ की ओर से यूक्रेन को मिलने वाली कुल वित्तीय मदद का आंकड़ा 2.1 अरब डॉलर पर पहुंच गया है। बोरेल ने कहा कि बैठक में जर्मनी, ब्रिटेन, कनाडा, फ्रांस, इटली, जापान और अमेरिका के शीर्ष कूटनीतिज्ञ भाग ले रहे हैं। उन्होंने कहा कि इस बैठक में रूस पर और आर्थिक प्रतिबंध लगाकर दबाव बनाने, मॉस्को को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अलग-थलग करने और रूस की ओर से फैलाई जा रही झूठी खबरों पर रोक लगाने की योजना बनाई जाएगी। रूस पर संभावित तेल प्रतिबंध को लेकर यूरोपीय संघ के राजनयिकों का सोमवार से बातचीत प्रस्तावित है। हालांकि हंगरी ने इस कदम का विरोध किया है, क्योंकि वह तेल के लिए रूस से आयात पर बहुत अधिक निर्भर है। बहरहाल, बोरेल ने उम्मीद व्यक्त की है।

## युद्ध अपराध के आरोपी रूसी सैनिक के खिलाफ यूक्रेन में मुकदमा

**एपी।** कीव



**यूक्रेन** के एक नागरिक की हत्या के आरोपी रूसी सैनिक के खिलाफ शुक्रवार को यहां मुकदमा शुरू हुआ, जो मॉस्को के अपने पड़ोसी देश पर आक्रमण के बाद से युद्ध अपराध से संबंधित पहला मुकदमा है। यूक्रेन की राजधानी में एक छोटे से अदालत कक्ष के अंदर बड़ी संख्या में पत्रकार मौजूद थे जहां मुकदमे की शुरुआत के लिए संदिग्ध एक छोटे से कांच के कक्ष में दिखाई दिया। इस मामले ने रूसी बलों द्वारा बार-बार अत्याचार के आरोपों के बीच अंतरराष्ट्रीय स्तर पर ध्यान आकर्षित किया। सार्जेंट वादिम शिशिमारिन (21) पर उत्तरपूर्वी गांव चुपखिवका में 62 वर्षीय व्यक्ति के सिर में गोली मारने का आरोप है। युद्ध के कानूनों और नियमों से संबंधित यूक्रेनी आपराधिक संहिता की धारा में वर्णित दंड के तहत उसे आजीवन कारावास तक की सजा का सामना करना पड़ सकता है।

## रूस ने फिनलैंड को नाटो में शामिल होने को लेकर चेतावनी दी

**एपी।** कीव

**फिनलैंड** के नेता बृहस्पतिवार को उत्तर अटलांटिक संधि संगठन (नाटो) में शामिल होने के पक्ष में सामने आए और स्वीडन भी कुछ दिनों के भीतर ऐसा कर सकता है। रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के यूक्रेन पर हमले ने मॉस्को के पड़ोसियों के बीच भय पैदा कर दिया है, जिसके बाद दोनों देशों ने नाटो में शामिल होने की दिशा में ऐतिहासिक कदम उठाया है। वहीं, क्रेमलिन ने चेतावनी देते हुए कहा कि उसे जवाबी कार्वाई के तौर पर सैन्य-तकनीकी कदम उठाने के लिए विवश होना पड़ेगा। इस बीच, रूसी सेना ने औद्योगिक डोनबास क्षेत्र पर कब्जा जमाने के अभियान के तौर पर मध्य, उत्तरी और पूर्वी यूक्रेन के इलाकों में हमले किए, जबकि यूक्रेन ने उत्तरपूर्व में कुछ शहरों और गांवों को फिर से अपने कब्जे में ले लिया है। संघर्ष शुरू होने के बाद से रूस के एक सैनिक पर युद्ध अपराध के पहले मुकदमे की सुनवाई कीव में शुक्रवार को शुरू होने की संभावना है।



पेरिस में द्विपक्षीय वार्ता के लिए फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रॉन, बाएं, अर्जेंटीना के राष्ट्रपति अल्बर्टो फर्नांडीज का पेरिस के एलिसी पैलेस में स्वागत करते हुए

# नोटों से कोविड वायरस फैलने का खतरा नहीं: अध्ययन

**भाषा।** वाशिंगटन

**हाल** ही में किए गए एक अध्ययन से स्पष्ट हुआ है कि कोविड-19 बीमारी फैलाने वाला वायरस सार्स-कोव-2 नकद नोट पर लगभग तुरंत ही अक्षम हो जाता है। प्लस वन नामक पत्रिका में प्रकाशित एक शोध में कहा गया है कि कोविड की रोकथाम के उपाय के रूप में नकदी के बदले क्रेडिट या डेबिट कार्ड के उपयोग की सलाह देना उचित नहीं है। शोधकर्ताओं ने पाया कि वायरस प्लास्टिक मनी कार्ड पर अधिक स्थिरता दिखाता है और 48 घंटे बाद भी वायरस बना रहता है।

शोधकर्ताओं ने कहा कि अध्ययन में नमूने के तौर पर शामिल किए गए नोट पर किसी भी वायरस का पता नहीं चला। अमेरिका के ब्रिघम यंग विश्वविद्यालय (बीवाईयू) के प्रोफेसर व अध्ययन के लेखक रिचर्ड रॉबिसन ने कहा कि महामारी की शुरुआत में काफी जोर था कि व्यवसायों के दौरान नकदी का उपयोग बंद कर दिया जाए और सभी व्यवसायों में इस सलाह का पालन किया गया। रॉबिसन ने कहा, मैंने सोचा, एक मिनट प्रतीक्षा करें, इसका समर्थन करने के लिए आंकड़े कहां हैं? और कोई आंकड़ा नहीं था। हमने यह गौर करने का फैसला किया कि यह तर्कसंगत था या नहीं, और पता चला कि यह तर्कसंगत नहीं था। शोधकर्ताओं ने नोटों के साथ ही सिक्कों और कार्डों के भी नमूना लिए और चार बार वायरस का पता लगाने के लिए परीक्षण किए गए। 30 मिनट, चार घंटे, 24 घंटे और 48 घंटे के अंतराल पर वायरस की जांच की गई। शोधकर्ताओं ने पाया कि डॉलर (नोट) पर 30 मिनट के बाद कोरोना वायरस का पता लगाना मुश्किल था।

## नए कोष को मंजूरी नहीं मिली तो ठंड में बढ़ सकते हैं कोरोना के मामले: झा

**वाशिंगटन (एपी)।** व्हाइट हाउस के कोविड-19 समन्वयक डॉ. आशीष झा ने बृहस्पतिवार को आगाह किया कि अगर अमेरिकी संसद ने अधिक टीकों और उपचार सुविधाओं के लिए नए कोष को जल्द मंजूरी नहीं दी तो देश में पतझड़ और ठंड के मौसम में कोरोना वायरस संक्रमण के मामले बढ़ सकते हैं। झा ने द एसोसिएटेड प्रेस को दिए एक साक्षात्कार में कहा कि कोविड-19 के खिलाफ अमेरिकियों की प्रतिरोधक क्षमता कम हो रही है, जबकि वायरस अधिक संक्रामक रूप अख्तियार कर रहा है, इसलिए संक्रमण से बचाव के लिए ज्यादातर लोगों को बूस्टर खुराक लगवाने की जरूरत है। उनका यह बयान ऐसे समय में आया है, जब व्हाइट हाउस ने हाल ही में कहा था कि अमेरिका में इस साल के अंत तक कोरोना वायरस संक्रमण के 10 करोड़ मामले आ सकते हैं।

## अविश्वास प्रस्ताव के फैसले पर सुप्रीम कोर्ट के निर्णय की समीक्षा चाहते हैं इमरान खान

**इस्लामाबाद (भाषा)।** पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान ने अविश्वास प्रस्ताव को लेकर तत्कालीन नेशनल असेंबली स्पीकर के फैसले पर शीर्ष अदालत के सात अप्रैल के निर्णय को चुनौती देते हुए सुप्रीम कोर्ट में एक पुनर्विचार याचिका दायर की है। सुप्रीम कोर्ट ने क्रिकेटर से नेता बने खान के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव को रद्द करने के नेशनल असेंबली के स्पीकर कासिम सूरी के विवादास्पद कदम को खारिज कर दिया था। खान की पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ पार्टी से जुड़े सूरी ने तीन अप्रैल को पूर्व प्रधानमंत्री के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव को खारिज करते हुए दावा किया था कि यह सरकार को हटाने की विदेशी साजिश से जुड़ा है इसलिए स्वीकार किए जाने योग्य नहीं है। कुछ मिनटों बाद ही राष्ट्रपति आरिफ अल्वी ने खान के परामर्श पर नेशनल असेंबली को भंग कर दिया था। खान प्रभावी रूप से बहुमत खो चुके थे।

# भारत के साथ सार्थक व रचनात्मक संवाद का माहौल नहीं है: पाकिस्तान

**भाषा।** इस्लामाबाद

**पाकिस्तान** ने सार्थक, रचनात्मक संवाद का उचित माहौल न होने के कारण भारत के साथ निकट भविष्य में किसी भी वार्ता की संभावना को खारिज कर दिया है। विदेश कार्यालय के प्रवक्ता असीम इफ्तिखार ने बृहस्पतिवार को साप्ताहिक संवाददाता सम्मेलन के दौरान भारत के साथ संबंधों पर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर में यह टिप्पणी की। उनसे प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ की अगुवाई वाली पाकिस्तान की नई सरकार के रुख और नई दिल्ली में एक व्यापार मंत्री की नियुक्ति के संदर्भ में ए सवाल पूछे गए थे।

इफ्तिखार ने कहा कि इस मुद्दे पर राष्ट्रीय आम सहमति है और पूर्ववर्ती सरकारों ने भारत के साथ विवादों के शांतिपूर्ण समाधान की नीति को ही अपनाया है। उन्होंने कहा, कूटनीति में आप दरवाजे कभी भी बंद नहीं करते हैं। विदेश कार्यालय के प्रवक्ता ने कहा कि विवादों के कूटनीतिक समाधान की पाकिस्तान की इच्छा के बावजूद सार्थक, रचनात्मक संवाद का माहौल नहीं है। मालूम हो कि भारत ने बार-बार पाकिस्तान से कहा है कि वह आंतक, शत्रुता और हिंसा से मुक्त माहौल में उसके साथ सामान्य पड़ोसी संबंध की आकांक्षा रखता है। भारत ने कहा है कि आतंकवाद और शत्रुता से मुक्त माहौल का निर्माण करने की जिम्मेदारी पाकिस्तान की है। पाकिस्तान के दो वर्ष से भी अधिक समय बाद नई दिल्ली में अपने उच्चायोग में एक व्यापार मंत्री नियुक्त करने के निर्णय के बाद दोनों देशों के बीच वार्ता बहाल होने की उम्मीदें फिर से जग गई हैं। बहरहाल, वाणिज्य मंत्रालय ने बृहस्पतिवार को एक बयान में भारत की ओर व्यापार नीति में किसी भी बदलाव से मना किया। शहबाज शरीफ के पाकिस्तान का प्रधानमंत्री निर्वाचित होने के बाद उनके और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के बीच संदेशों का आदान-प्रदान हुआ था। पाकिस्तान का प्रधानमंत्री बनने के तुरंत बाद शरीफ ने अपने भाषण में कश्मीर में अनुच्छेद 370 निरस्त किए जाने का मुद्दा उठाया था।

# नेपाल में सड़क दुर्घटना में कम से कम 14 की मौत

**काठमांडू (भाषा)।** नेपाल में शुक्रवार को पर्वतीय इलाके में एक सड़क पर वाहन के फिसलकर 500 फुट गहरी खाई में गिरने से उसमें सवार लोगों में से कम से कम 14 की मौत हो गई और 10 अन्य घायल हो गए। यह दुर्घटना स्यांगजा जिले में अरखलबस के पास हुई। पुलिस ने कहा कि कम से कम 14 लोगों की मौत हो गई और 10 अन्य घायल हो गए। उन्होंने कहा कि जीप में मतदाताओं को मतदान केंद्रों तक ले जाया जा रहा था। नेपाल में शुक्रवार को स्थानीय निकायों के चुनाव हो रहे हैं। देश में पर्वतीय क्षेत्र अधिक होने के कारण यहां अकसर सड़क दुर्घटनाएं होती रहती हैं।

## प्यूर्टो रिको के पास एक नौका के पलटने से 11 लोगों की मौत, अन्य 31 को बचाया गया

**सैन जुआन (प्यूर्टो रिको)।** प्यूर्टो रिको के पास एक द्वीप के उत्तर में एक नौका के पलटने से 11 लोगों की मौत हो गई, जबकि 31 अन्य लोगों को बचा लिया गया है। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। ऐसा संदेह है कि नौका में शरणार्थी सवार थे। अमेरिकी तटरक्षक बल के प्रवक्ता रिकॉर्डो कॉस्ट्रोडैड ने बताया कि नौका पर सवार लोगों की सटीक संख्या का अभी पता नहीं चल पाया है। व्यापक स्तर पर बचाव कार्य अब भी जारी है। उन्होंने कहा, हम अधिक से अधिक लोगों को बचाने की कोशिश कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि हैती के कम से कम आठ नागरिकों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है, हालांकि नौका पर सवार सभी लोग किस देश के नागरिक थे इसकी तत्काल कोई जानकारी नहीं मिल गई है।

# शेयर बाजारों में लगातार छठे दिन रही गिरावट

## ● सेंसेक्स 137 अंक टूटा

**भाषा।** मुंबई







**मुद्रास्फीति** को लेकर चिंताएं बढ़ने और विदेशी निवेशकों की बिकवाली जारी रहने से घरेलू शेयर बाजारों में शुक्रवार को भी गिरावट का रुख रहा। मानक सूचकांक अंतिम क्षणों में मुनाफावसूली के दबाव में आकर लगातार छठे दिन नुकसान के साथ बंद हुए। विदेशी संस्थागत निवेशकों के बिकवाल बने रहने और अर्थव्यवस्था के वृहद आर्थिक आंकड़ों से निवेशकों के मन में आशंका हावी दिखी। कमजोर कारोबारी धारणा का असर बाजार के प्रदर्शन पर नजर आया।

बीएसई का तीस शेयरों वाला मानक सूचकांक सेंसेक्स कारोबार के अंत में 136.69 अंक यानी 0.26 प्रतिशत गिरकर 52,793.62 अंक पर रहा। यह सेंसेक्स का 30 जुलाई, 2021 के बाद का निम्नतम स्तर है। कारोबार के दौरान सेंसेक्स 855.4 अंक उछलकर 53,785.71 अंक तक पहुंच गया था लेकिन अंतिम घंटे में मुनाफावसूली का जोर रहने से यह नीचे गिर गया।

इसी तरह एनएसई का मानक सूचकांक निफ्टी भी 25.85 अंक यानी 0.16 प्रतिशत गिरकर 15,782.15 अंक पर आ गया। सेंसेक्स में शामिल कंपनियों में से एसबीआई सर्वाधिक 3.76 प्रतिशत के घाटे में रही। हालांकि देश के सबसे बड़े बैंक ने चौथी तिमाही में अपना एकल शुद्ध लाभ 41 प्रतिशत बढ़कर 9,114 करोड़ रुपए रहने की घोषणा की लेकिन यह बाजार के अनुमानों से कम रहा। आईसीआईसीआई बैंक, एनटीपीसी, भारती एयरटेल, बजाज फिनसर्व, एक्सिस बैंक और मारुति सुजुकी को भी कारोबार के दौरान 2.65 प्रतिशत तक का नुकसान उठाना पड़ा इसके उलट सन फार्मा, महिंद्रा एंड महिंद्रा, आईटीसी, एचयूएल, टाइटन और रिलायंस के शेयर 3.76 प्रतिशत तक के लाभ में रहे। साप्ताहिक आधार पर सेंसेक्स ने पांच कारोबारी दिवसों में 2,041.96 अंक यानी 3.72 प्रतिशत का नुकसान झेला है।

## अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपए में एक पैसे का सुधार, 77.49 पर रहा

**मुंबई (भाषा)।** मुद्रास्फीति संबंधी चिंताओं और अमेरिकी मुद्रा की मजबूती के चलते रुपए ने शुक्रवार को अपनी शुरुआती बढ़त गंवा दी और अमेरिकी डॉलर के मुकाबले सिर्फ एक पैसे की तेजी के साथ 77.49 (अनंतिम) के स्तर पर बंद हुआ। विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने कहा कि अन्य क्षेत्रीय मुद्राओं में कमजोरी और निराशाजनक आर्थिक आंकड़ों का रुपए पर असर पड़ा। दिन के कारोबार में रुपया एक सीमित दायरे में रहा। इस दौरान भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के हस्तक्षेप से रुपए की गिरावट को थामने में थोड़ी मदद मिली। अंतर-बैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया डॉलर के मुकाबले 77.35 पर खुला और दिन के कारोबार में 77.26 से 77.49 के दायरे में रहा। कारोबार के अंत में रुपया 77.49 पर बंद हुआ, जो पिछले बंद भाव से सिर्फ एक पैसे की बढ़त दर्शाता है। रुपया बृहस्पतिवार को अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 25 पैसे टूटकर 77.50 के रिकॉर्ड निचले स्तर पर बंद हुआ था।

# भारत-यूएई व्यापार समझौते से पैदा होंगे रोजगार के व्यापक अवसर: गोयल

## ● पांच वर्षों के भीतर 15 अरब अमेरिकी डॉलर से अधिक तक बढ़ाने की उम्मीद

**भाषा।** मुंबई



**वाणिज्य** और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने शुक्रवार को कहा कि भारत और संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के बीच व्यापक व्यापार समझौता देश में रोजगार के बड़े अवसर पैदा करने और घरेलू अर्थव्यवस्था के विकास को बढ़ावा देने में मदद करेगा। इस द्विपक्षीय समझौते से माल में द्विपक्षीय व्यापार को 100 अरब अमेरिकी डॉलर से अधिक और सेवाओं में व्यापार को पांच वर्षों के भीतर 15 अरब अमेरिकी डॉलर से अधिक तक बढ़ाने की उम्मीद है।

समझौते को आधिकारिक तौर पर व्यापक आर्थिक भागीदारी समझौते (सीईपीए) का नाम दिया गया है। यह एक मई से लागू हो गया है। गोयल ने यहां यूएई के अर्थव्यवस्था मंत्री अब्दुल्ला बिन तोक अल मारी के साथ मीडिया को संबोधित करते हुए कहा कि यह समझौता कई क्षेत्रों मसलन कपड़ा, रत्न तथा आभूषण, औषधीय और कृषि जैसे उत्पादों के लिए प्रवेश द्वार है। उन्होंने कहा कि इस साझेदारी से दोनों देशों के द्विपक्षीय व्यापार के लगभग 250 अरब अमेरिकी डॉलर तक जाने का अनुमान है। गोयल ने कहा, यह साझेदारी यूएई के अलावा अफ्रीकी क्षेत्र में भी आर्थिक विकास और नौकरियों को काफी बढ़ावा देगा। उन्होंने कहा कि यह समझौता न केवल यूएई बल्कि अन्य देशों में भी भारतीय व्यवसायों के लिए द्वार खोलेगा क्योंकि यूएई, अफ्रीका के बड़े हिस्से, स्वतंत्र राज्यों के राष्ट्रमंडल (सीआईएस) देशों और खाड़ी क्षेत्र के लिए एक पारगमन बिंदु है। सीआईएस देशों में आर्मेनिया, अजरबैजान, बेलारूस, जॉर्जिया, कजाकिस्तान, किर्गिस्तान, माल्दोवा, रूस और ताजिकिस्तान शामिल हैं।

## अर्बन एक्सिस की उपलब्धि

**नई दिल्ली।** यह सर्टिफिकेट इस बात का नया सबूत है कि अर्बन एक्सिस इंफ्राटैक लिमिटेड बढ़ते लग्ज़री लाइफस्टाइल ग्राहकों की जरूरतों को पूरा करने के लिए अपने मैनेजमेंट सिस्टम को ग्लोबल स्टेंडर्ड्स तक पहुंचाने के लिए प्रतिबद्ध है। भारतीय रिएल एस्टेट सेक्टर के प्रमुख हिस्सेदार के रूप में अपनी साख दिखाते हुए अर्बन एक्सिस इंफ्राटैक लिमिटेड ने हाल ही में क्वालिटी मैनेजमेंट सिस्टम के लिए अंतरराष्ट्रीय मानकीकरण संगठन आईएसओ का प्रमाण 9001, 2015 प्राप्त किया है। रॉयल इंपैक्ट सर्टिफिकेशन से प्राप्त यह प्रमाण अर्बन एक्सिस को ग्राहकों की जरूरतों और ग्राहकों की तसल्ली के अनुरूप क्वालिटी स्पेस जैसे अपार्टमेंट्स और विला के डिजाइन डवलपमेंट और निर्माण को मान्यता देने के लिए मिला है। इस शानदार उपलब्धि के बारे में अर्बन एक्सिस के कार्यकारी अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक शशांक गुप्ता ने कहाएश्हमें रॉयल सर्टिफिकेशन लिमिटेड से यह मान्यता मिलने का बेहद हर्ष है। मैं इस उपलब्धि के लिए टीम को बधाई देता हूं।

## तोशिबा का पुणे नगर निगम से अनुबंध

**पुणे।** तोशिबा इंफ्रास्ट्रक्चर सिस्टम्स एंड सॉल्यूशंस कॉरपोरेशन की पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी तोशिबा वाटर सॉल्यूशंस प्राइवेट लिमिटेड ने घोषणा की कि पर्यावरण नियंत्रण . तोशिबा वाटर सॉल्यूशंस संयुक्त उपक्रम को पुणे नगर निगम से 11 एसटीपी के साथ मुख्य सीवरों के 15 वर्ष तक संचालन और रखरखाव के लिए अनुबंध किया है। तेजी से आर्थिक विकास के साथ बढ़ती आबादी के कारण पुणे में मुला माथा नदी में छोड़े गए गंदे पानी में वृद्धि हुई है। शहर में उत्पन्न होने वाले सभी गंदे पानी के उपचार की क्षमता का अभाव है। अपनी क्षमता से अधिक गंदे पानी को ठीक से उपचारित किए बिना मुला.मुथा नदी में बहा दिया जाता है। इसलिएए पुणे को गंदे पानी के उपचार संयंत्रों के निर्माण की तत्काल आवश्यकता है ताकि सभी गंदे पानी का उपचार किया जा सके।मुला.मुथा नदी कायाकल्प परियोजना का उद्देश्य मुला.मुथा नदी की स्थिति और पुणे शहर और नदी बेसिन के निवासियों के स्वच्छता और रहने के वातावरण में सुधार करना है।

# रेलवे ने छह साल में 72,000 गैर-जरूरी पदों को किया खत्म

**भाषा।** नई दिल्ली

**आधिकारिक** दस्तावेजों के अनुसार देश के सबसे बड़े नियोक्ता भारतीय रेलवे ने पिछले छह वर्षों में 72,000 से अधिक पदों को खत्म कर दिया है। हालांकि इस अवधि में 81,000 पदों को खत्म करने का प्रस्ताव रखा था।

उपलब्ध दस्तावेजों के मुताबिक खत्म किए गए सभी पद ग्रुप सी और ग्रुप डी श्रेणी के हैं जो रेलवे के संचालन में नई प्रौद्योगिकी का इस्तेमाल बढ़ने के कारण अब बेमानी हो गए हैं। इसलिए रेलवे ने भविष्य में इन पदों पर भर्ती नहीं करने का फैसला किया है। हालांकि वर्तमान में इन पदों पर कार्यरत कर्मचारियों को रेलवे के विभिन्न विभागों में समायोजित किए जाने की संभावना है। अधिकारियों ने कहा कि इन पदों को खत्म करने का फैसला करना पड़ा क्योंकि अब रेलवे का संचालन आधुनिक और डिजिटल हो गया है।

उपलब्ध दस्तावेजों के अनुसार रेलवे के 16 जोन में वित्त वर्ष 2015-16 से लेकर 2020-21 के दौरान 56,888 गैर-जरूरी पदों को खत्म कर दिया गया। प्रस्ताव के मुताबिक 15,495 और पदों को खत्म किया जाना है। उत्तर रेलवे ने 9,000 से अधिक पदों को खत्म किया, जबकि दक्षिण पूर्व रेलवे ने लगभग 4,677 पदों को खत्म किया। दक्षिण रेलवे ने 7,524 और पूर्वी रेलवे ने 5,700 से अधिक पदों को समाप्त कर दिया है। सूत्रों ने कहा कि वित्त वर्ष 2021-22 के लिए कर्मचारियों का एक कार्य-अध्ययन अंतिम चरण में है। उम्मीद है कि प्रक्रिया पूरी होने के बाद करीब 9,000 और पदों को खत्म किया जाएगा। सूत्रों के मुताबिक, रेलवे में आउटसोर्सिंग बढ़ने के कारण भी स्वीकृत पदों की संख्या घट रही है। रेलवे को अपनी कुल आय का एक-तिहाई हिस्सा वेतन एवं पेंशन पर खर्च करना पड़ता है।

## आरआरए ने 239 बेकार परिपत्रों को वापस लेने की सिफारिश की: आरबीआई

**मुंबई (भाषा)।** भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने शुक्रवार को कहा कि विनियमन समीक्षा प्राधिकरण (आरआरए) ने अब बेकार हो चुके 239 परिपत्रों को वापस लेने की सिफारिश की है। आरबीआई के अनुसार आरआरए की ताजा सिफारिश लागू हो जाने के बाद वापस लिए गए ऐसे गैरजरूरी परिपत्रों की कुल संख्या 714 हो जाएगी। आरआरए 2.0 का गठन आरबीआई के निर्देशों की समीक्षा, अनावश्यक और एक जैसे निर्देशों को हटाने तथा विनियमित संस्थाओं पर अनुपालन बोझ को कम करने के लिए किया गया था।

आरबीआई ने कहा, आरआरए 2.0 ने अतिरिक्त 239 परिपत्रों को वापस लेने की सिफारिश की है। इसके साथ, वापस लिए गए ऐसे कुल परिपत्रों की संख्या 714 हो जाएगी। इससे पहले आरबीआई ने इस महीने की शुरुआत में बताया था कि आरआरए ने 225 अन्य परिपत्रों को वापस लेने की सिफारिश की है।

# एसबीआई का चौथी तिमाही का लाभ 41 फीसदी बढ़कर 9,114 करोड़ रुपए पर

**भाषा।** नई दिल्ली

स्टेट बैंक ऑफ इंडिया — 4थी तिमाही 2021-22 (करोड़ ₹ में)

| | 31 मार्च 2021 | 31 मार्च 2022 | पिछले वर्ष की तुलना में वृद्धि % |
|---|---|---|---|
| आय | 103430.64 | 108034.66 | 4.45 |
| व्यय | 82252.58 | 86067.81 | 4.64 |
| संचालन लाभ | 21178.06 | 21966.87 | 3.72 |
| कर-पूर्व लाभ | 9661.35 | 13857.69 | 43.43 |
| शुद्ध लाभ | 6125.52 | 9549.13 | 55.89 |
| प्र.शे.आय (₹) | 6.86 | 10.70 | |

अंकेक्षित, समेकित — पीटीआई ग्राफिक

**फंसे** कर्ज में कमी आने से भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) का मार्च 2022 में खत्म चौथी तिमाही में एकल शुद्ध लाभ 41 फीसदी बढ़कर 9,114 करोड़ रुपए हो गया। एसबीआई ने शेयर बाजारों को बताया कि 2020-21 की जनवरी से मार्च की तिमाही में बैंक को 6,451 करोड़ रुपए का लाभ हुआ था। उसने बताया कि मार्च तिमाही में बैंक की कुल आय मामूली रूप से बढ़कर 82,613 करोड़ रुपए हो गई जो पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि में 81,327 करोड़ रुपए थी। समीक्षाधीन तिमाही में ब्याज से प्राप्त शुद्ध आय 15 फीसदी बढ़कर 31,198 करोड़ रुपए हो गई जो एक साल पहले समान अवधि में 27,067 करोड़ रुपए थी। समेकित रूप से बैंक का शुद्ध लाभ 56 फीसदी की वृद्धि के साथ 9,549 करोड़ रुपए रहा जो पिछले वित्त वर्ष की चौथी तिमाही में 6,126 करोड़ रुपए था। एसबीआई के चेयरमैन दिनेश खारा ने कहा, बैंक ने व्यवसाय, लाभप्रदता और परिसंपत्ति गुणवत्ता मानकों में काफी अच्छे परिणाम दिए हैं। हमने अपनी बैलेंस शीट को भविष्य के किसी भी झटके से बचाने के लिए पर्याप्त आकस्मिक प्रावधान भी किए हैं। उन्होंने संवाददाताओं से कहा, मैं काफी आशावादी हूं और आगे भी अपने प्रदर्शन में सुधार को लेकर आश्वस्त हूं। खारा ने कहा कि बैंक ने उन खातों के लिए पर्याप्त प्रावधान किए हैं, जहां किसी भी तरह का तनाव दिख रहा है।

## जोगानी रेइनफोर्समेन्ट को मिला महाराष्ट्र गौरव अवार्ड

**मुंबई।** जानीमानी कांक्रीट फाइबर निर्माता कंपनी जोगानी रेइनफोर्समेन्ट ए क्रेक कंट्रोल के लिए पोलीफाइबर बनाती है, महेश कुमार के कुशल नेतृत्व में जोगानी उद्योग समूह, टेक्निकल टेक्सटाइल पोलीप्रोप्लिन फाइबरए इन्जीनियरिंग फाइबर और अद्यतन तकनीकी पोलीफाइबर 3 के क्षेत्र में अग्रसर कार्य कर रहा है । श्री महेश कुमार को अनेक पुरस्कार एवं सम्मान प्राप्त हुए है ए जोगानी रेइनफोर्समेन्ट को महाराष्ट्र सरकार के इन्डस्ट्रीज मिनिस्टर सुभाष देसाई द्वारा महाराष्ट्र गौरव अवार्ड से सम्मानित किया गया है।

## भूमि पेडनेकर के साथ नया कैंपेन

**लखनऊ।** मेकअप ब्राण्ड मैक कॉस्मेटिक्स ने अपनी ब्राण्ड अम्बेसडरए एक्टर भूमि पेडनेकर के साथ नया कैंपेन शुरू किया हैए जिसमें वे मैक की बेस्टसैलर मैट एवं रेट्रो मैट रेंज में अपनी पांच पसंदीदा सुपरस्टार लिप्सटिक्स को चुनती नज़र आती हैं।120 से अधिक आकर्षक शेड्स वाली इस रेंज को लोंग वियरिंग लिप्सटिक फॉर्मूला में तैयार किया गया है, जो इंटेसए नॉन.फेडिंग कलर के साथ बेहतरीन मैट फिनिश देती हैं। ष् लॉन्च के अवसर पर करेन थॉम्पसनए ब्राण्ड मैनेजर मैक कॉस्मेटिक्स इंडिया ने कहाष्हमारे बेस्टसैलर्स और उनकी पसंदीदा लिप्सटिक्स के लिए भूमि के साथ जुड़ते हुए हमें बेहद खुशी का अनुभव हो रहा है. ये पांचों शेड्स भारतीयों के लिए परफेक्ट हैं।

# मस्क ने ट्विटर के खरीद सौदे को अस्थाई तौर पर किया स्थगित

**एपी।** लंदन

**अरबपति** उद्यमी एलन मस्क ने शुक्रवार को कहा कि माइक्रो ब्लॉगिंग मंच ट्विटर को 44 अरब डॉलर में खरीदने की उनकी प्रस्तावित योजना स्पैम एवं फर्जी खातों से जुड़े ब्योरे आने तक अस्थाई तौर पर स्थगित की जा रही है।

मस्क ने ट्विटर के ही मंच से जारी एक संदेश में सौदे को अस्थाई तौर पर रोकने की जानकारी दी। हालांकि यह साफ नहीं हो पाया है कि स्पैम एवं फर्जी खातों से जुड़े ब्योरा इस सौदे को जारी रखने के लिए कितना बड़ा जोखिम खड़ा कर सकता है। ट्विटर में पारदर्शिता की पुरजोर वकालत करने वाले मस्क शुरू से ही इस सोशल मीडिया मंच को फर्जी खातों से मुक्त करने की बात करते रहे हैं। ऐसा लगता है कि मस्क इसके जरिए यह सवाल उठाने की कोशिश कर रहे हैं कि ट्विटर कहीं इन खातों को कम करके तो नहीं बता रही। ट्विटर के सबसे बड़े शेयरधारक मस्क ने 44 अरब डॉलर में इसका अधिग्रहण करने की घोषणा की थी। इसके लिए कोष जुटाना भी शुरू कर दिया गया था। टेस्ला के मुखिया मस्क ने एक ट्वीट में रायटर्स की दो मई की रिपोर्ट को संलग्न किया है। इसमें ट्विटर की एक तिमाही रिपोर्ट के हवाले से अनुमान लगाया गया था कि स्पैम एवं फर्जी खाते, ट्विटर के कुल मौद्रीकरण-योग्य दैनिक सक्रिय उपयोगकर्ताओं के मुकाबले पांच प्रतिशत से कम हैं। मस्क ने कहा, ट्विटर सौदा अस्थाई रूप से लंबित है, जब तक कि यह गणना नहीं हो जाती कि क्या स्पैम या फर्जी खाते वास्तव में कुल उपयोगकर्ताओं के मुकाबले पांच प्रतिशत से कम हैं। उन्होंने संदेह जताया है कि फर्जी खातों की संख्या इतनी कम है। बृहस्पतिवार को ही ट्विटर के दो बड़े अधिकारियों को हटाया गया है।

# काशी से कोई खाली हाथ नहीं जाता: योगी

## ● भारत की ओर उम्मीद भरी निगाहों से देख रहा विश्व: सीएम

पायनियर समाचार सेवा। वाराणसी




**आजादी के** अमृत महोत्सव वर्ष में पूरा विश्व भारत की ओर उम्मीद भरी निगाहों से देख रहा है। काशी आज पूरे देश का नेतृत्व कर रहा है, यहाँ के लोगो ने यहाँ से सांसद नही, प्रधानमंत्री चुन कर भेजा है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ अपने दो दिवसीय वाराणसी दौरे के दौरान शुक्रवार को डीएवी पीजी कॉलेज मे आजादी के अमृत महोत्सव पर समर्पित चौरी-चौरा शताब्दी वर्ष के अवसर पर आयोजित चौरी-चौरा: अपराजेय समर के नाट्य दृश्यांकन के अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में लोगों को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि काशी जो भी आया कुछ लेकर ही लौटा है, यहाँ से कोई खाली हाथ नहीं जाता है। उन्होंने कहा कि भारतवर्ष में जनभावना का सम्मान सदैव सर्वोपरि रहा है, चौरी-चौरा की घटना उसी जनभावना का परिचायक है। चौरी-चौरा की लड़ाई सामान्य मानव, ग्रामीण समाज ने स्वयं लड़ी। यह अत्यंत गौरव का विषय है कि चौरी चौरा पर पहला नाट्य मंचन उस जगह हो रहा है, जिसका संबंध मदन मोहन मालवीय जी से है। मालवीय जी ने ही इस घटना का मुकदमा लड़ा और न जाने कितनो को फांसी के फंदे पर झूलने से बचाया। आज उन्ही के काशी हिंदू विश्वविद्यालय के अंग डीएवी पीजी कॉलेज ने इसका मंचन करायाए जो अभिनन्दन के पात्र है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने यह भी कहा कि भारत अब आत्मनिर्भर भारत की ओर तेजी से बढ़ रहा है। काशी में बना काशी विश्वनाथ धाम अर्थव्यवस्था के लिए बड़ा सहयोग किया है। धाम से समाज को कितना लाभ हुआ, समाज के अंतिम स्तर तक कार्य करने वाले के जीवन स्तर में कोई भी बदलाव आया कि नहीं यह जानना और समाज को उससे अवगत कराने का शोध कार्य भी डीएवी पीजी कॉलेज कर रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि आगामी 25 वर्ष भारत के लिए अमृत वर्ष के रूप में होंगे, जिसमे एक नए भारत का उत्थान पूरी दुनिया देखेगी।

स्वागत भाषण देते हुए प्राचार्य डॉ. सत्यदेव सिंह ने कहा कि अंग्रेजी हुकूमत ने भारतीयों को बड़ी त्रासदियाँ दी है, उसकी एक बानगी मात्र है चौरी चौरा की घटना, हम उसका स्मरण कर आजादी के सभी नायकों को नमन कर रहे है। उन्होंने यह भी कहा कि हमारा महाविद्यालय प्रधानमंत्री के विजन डिजिटल लर्निंग पर मजबूती से काम कर रहे है।

# रामपुर में हुआ देश के पहले अमृत सरोवर का उद्घाटन

## ● केंद्रीय मंत्री मुख्तार अब्बास नकवी ने किया लोकार्पण

भाषा। रामपुर



**केंद्रीय** मंत्री मुख्तार अब्बास नकवी ने शुक्रवार को रामपुर जिले में देश के पहले अमृत सरोवर का उद्घाटन किया। नकवी ने रामपुर जिले के पटवाई इलाके में इस अमृत सरोवर का लोकार्पण किया। इस दौरान उत्तर प्रदेश के जल शक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह भी मौजूद थे। नकवी ने इस मौके पर कहा कि लोगों की सहभागिता और पंचायत तथा जिला प्रशासन की मुस्तैदी की वजह से इस अमृत सरोवर को इतने कम समय में तैयार किया जा सका।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मन की बात कार्यक्रम में भी इस सरोवर के निर्माण कार्य का जिक्र किया था। गौरतलब है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आजादी की 75 वीं वर्षगांठ पर हर जिले में 75 अमृत सरोवर बनाने का आह्वान किया है ताकि देश में पर्यावरण तथा जल संरक्षण कार्य को मजबूती मिल सके।

नकवी ने कहा कि अमृत सरोवर से न सिर्फ पर्यावरण और जल का संरक्षण किया जा सकेगा बल्कि यह आसपास के लोगों के लिए आकर्षण का एक केंद्र भी बनेगा। उनका कहना था कि साथ ही इस सरोवर के इर्द-गिर्द फव्वारे, रोशनी तथा मनोरंजन एवं फूड कोर्ट की सुविधाएं भी उपलब्ध होंगी एवं लोग सरोवर में नौकायन का आनंद भी उठा सकेंगे। इस मौके पर उत्तर प्रदेश के जल शक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह ने कहा कि राज्य के हर जिले में ऐसे 75-75 अमृत सरोवर बनाने का काम तेज गति से चल रहा है। उन्होंने कहा कि यह इस बात का बहुत बड़ा उदाहरण है कि किस तरह से सरकार और समाज के बीच आपसी समन्वय से बड़े बदलाव लाए जा सकते हैं।

# अध्यापिका के साथ दुष्कर्म कर वीडियो बनाया अब धर्म परिवर्तन का दबाव डाल रहा युवक

भाषा। शाहजहांपुर

**उत्तर** प्रदेश के शाहजहांपुर जिले में एक सरकारी स्कूल की अध्यापिका के साथ दूसरे धर्म के युवक ने कथित तौर पर दुष्कर्म कर उसका वीडियो बना लिया और अब वह उस पर धर्म परिवर्तन का दबाव बना रहा है। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि पीड़ित महिला की शिकायत पर आरोपी युवक समेत पांच लोगों के खिलाफ बृहस्पतिवार देर रात दुराचार और विधि विरुद्ध धर्म परिवर्तन समेत अन्य धाराओं के तहत मामला दर्ज कर लिया गया। पुलिस अधीक्षक (नगर) संजय कुमार ने शुक्रवार को पीटीआई-भाषा को पीड़िता द्वारा दर्ज कराई गई रिपोर्ट के हवाले से बताया कि कांठ थाना क्षेत्र के एक प्राथमिक विद्यालय में कार्यरत 28 वर्षीय अध्यापिका चार मई को जब अपने घर जा रही थी, तभी बरेंडा गांव के रहने वाले आरोपी आमिर ने उसे घर छोड़ने का प्रस्ताव दिया। रिपोर्ट के मुताबिक, चूंकि आमिर उसी गांव का रहने वाला है, जहां पीड़िता पढ़ाती है, इसलिए वह आरोपी के साथ घर की ओर चल पड़ी। कुमार के अनुसार, रास्ते में आरोपी ने पीड़िता को नशीला द्रव्य सुंघा दिया, जिससे वह बेहोश हो गई। उन्होंने बताया कि इसके बाद आरोपी पीड़िता को अपने घर ले गया और वहां उसके साथ कथित तौर पर दुष्कर्म कर घटना का वीडियो बना लिया। कुमार के मुताबिक, पीड़िता ने आरोप लगाया है कि आरोपी की मां, बहन, भाई समेत पांच परिजन उस पर मुस्लिम धर्म अपनाने और आमिर से शादी करने का दबाव बना रहे हैं। कुमार ने बताया कि मामले के पांचों आरोपी फरार हैं और पुलिस ने उनकी गिरफ्तारी के लिए एक टीम बना दी है।

## किसान की गोली मारकर हत्या

**बागपत।** बागपत में चांदीनगर थानाक्षेत्र के मंसूरपुर गांव में एक किसान की गोली मारकर हत्या कर दी गई। सुबह खेत पर पहुंचे किसानों ने स्वजन और पुलिस को घटना की जानकारी दी। पुलिस अधीक्षक बागपत नीरज कुमार जादौन ने बताया कि शुक्रवार सुबह करीब साढ़े सात बजे मंसूरपुर गांव के खेतों में मदनपाल (65) नामक ग्रामीण का शव मिला है। सूचना मिलने पर पुलिस शव को पोस्टमार्टम के लिए ले गई। बागपत के पुलिस अधीक्षक के अनुसार मृतक के परिजनों गांव के युवक सनी को नामजद करते हुए हत्या की तहरीर दी है,जिसके आधार पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर घटना की जांच शुरु कर दी है। इंस्पेक्टर जनक सिंह चौहान के अनुसार मंसूरपुर गांव के मदनपाल का खेत ललियाना लहचौड़ा मार्ग पर है।

# किशोरी के साथ दुष्कर्म, आरोपी फरार

**सहारनपुर।** उत्तर प्रदेश के सहारनपुर जिले में नागल थानाक्षेत्र के एक गांव में खेत पर मजदूरी करने गई किशोरी से युवक ने देशी पिस्तौल दिखाकर कथित रूप से दुष्कर्म किया। सहारनपुर के पुलिस अधीक्षक नगर राजेश कुमार ने बताया कि बृहस्पतिवार को नागल थानाक्षेत्र में 16 वर्षीया किशोरी अपनी पड़ोसन के साथ एक किसान के खेत पर काम करने गई थी, जहां दूसरे समुदाय के एक युवक ने उसे खेत में अकेला पाकर खींच लिया। कुमार के अनुसार युवक ने पिस्तौल दिखाकर उसे जान से मारने की धमकी दी और जबरन उसके साथ दुष्कर्म किया। पुलिस ने बताया कि बाद में आसपास के खेतों मे काम करने वाले जब कुछ लोग वहां पहुंचे तो दुष्कर्मी युवक खेतों के रास्ते वहां से फरार हो गया। किशोरी ने पूरे घटनाक्रम की जानकारी अपने परिजनों को दी। मामले की तहरीर नागल थाने में दर्ज करा दी गई। पुलिस मामला दर्ज कर किशोरी को परीक्षण के लिए ले गई।

# युवक बना रहा था शादी का दबाव परेशान नाबालिग छात्रा ने की खुदकुशी

भाषा। मुजफ्फरनगर

**उत्तर** प्रदेश के शामली जिले के कैराना थाना क्षेत्र के बिनरा गांव में 16 वर्षीय एक छात्रा ने एक युवक द्वारा कथित तौर पर प्रताड़ित किए जाने के बाद आत्महत्या कर ली। पुलिस ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि पीड़िता के पिता द्वारा दर्ज शिकायत के अनुसार, खंडरौली गांव में एक युवक नौवीं कक्षा की छात्रा पर शादी के लिए दबाव बना रहा था और वह स्कूल जाते समय रोजाना उसे परेशान किया करता था। शिकायत के मुताबिक, युवक से तंग आकर छात्रा ने स्कूल जाना छोड़ दिया था, जिसके बाद वह उसे फोन पर परेशान करने लगा था। पीड़िता के पिता ने आरोप लगाया कि युवक से परेशान होकर उसकी बेटी ने बृहस्पतिवार शाम अपने कमरे में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। थाना प्रभारी अनिल कापरवन के मुताबिक, पुलिस ने आरोपी युवक के खिलाफ आत्महत्या के लिए उकसाने का मामला दर्ज कर लिया है और उसकी गिरफ्तारी की कोशिशें जारी हैं। उन्होंने बताया कि छात्रा का शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

## मारपीट में युवक की मौत, ग्रामीणों ने सड़क पर शव रखकर किया प्रदर्शन

**सुलतानपुर।** सुलतानपुर जिले के करौंदीकला क्षेत्र में जमीन के विवाद को लेकर एक युवक की पीट-पीट कर हत्या कर दी गई। इस घटना से नाराज ग्रामीणों ने शव को सड़क पर रखकर प्रदर्शन किया। पुलिस सूत्रों ने यहां बताया कि जिले के करौंदीकला थाना क्षेत्र में अमनाईकपुर का राकेश (38) बुधवार को दो पक्षों के बीच हुई मारपीट में गंभीर रूप से घायल कर हो गया था। सूत्रों के अनुसार हालत गंभीर होने पर उसे लखनऊट्रामा सेंटर रेफर कर दिया गया था, जहां इलाज के दौरान मौत हो गई। उन्होंने बताया कि राकेश का शव गांव आने के बाद ग्रामीणों ने दशगरपारा मोड़ के पास शव को सड़क पर रखकर प्रदर्शन शुरू कर दिया। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और लोगो को समझाने-बुझाने की कोशिश की, लेकिन ग्रामीण आरोपियों के विरुद्ध कठोर कार्वाई की मांग को लेकर अड़े रहे। तब कादीपुर के पुलिस क्षेत्राधिकारी डॉक्टर राधेश्याम शर्मा ने मौके पर पहुंचकर ग्रामीणों को समझाया बुझाया, जिसके बाद जाम खुल सका। सूत्रों ने बताया कि पुलिस ने इस सिलसिले में मुकदमा दर्ज कर आवश्यक कार्वाई की है।

# थाने में आत्महत्या का प्रयास करने वाली लड़की की मौत

**अलीगढ़।** अलीगढ़ जिले के विजयगढ़ थाने में आत्महत्या की कोशिश के दौरान गम्भीर रूप से जख्मी हुई 19 वर्षीय एक लड़की की शुक्रवार को मौत हो गई। पुलिस सूत्रों ने यहां बताया कि विजयगढ़ इलाके की यह लड़की करीब एक महीने से लापता थी। उसके परिजन ने एटा जिले के आकाश तथा एक अन्य व्यक्ति के खिलाफ उसे बहला-फुसलाकर अपने साथ ले जाने के आरोप में मुकदमा दर्ज कराया था। पिछली पांच मई को लड़की का पता लग गया था और पुलिस उसे विजयगढ़ थाने ले आई थी। सूत्रों ने बताया कि इस मामले में कानूनी कार्यवाही पूरी की जा रही थी और लड़की को बुधवार को मजिस्ट्रेट के सामने पेश किया जाना था, मगर मंगलवार रात को वह थाने में पहली मंजिल से कूद गई। उसे गम्भीर रूप से घायल हालत में जवाहर लाल नेहरू मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां शुक्रवार को उसकी मौत हो गई।

# किशोरी से बलात्कार के मामले में दोषी को 10 साल कारावास की सजा

**बलिया।** बलिया जिले की एक स्थानीय अदालत ने 16 वर्षीय एक किशोरी को अगवा कर उसका बलात्कार करने के मामले में एक आरोपी को दोषी करार देते हुए उसे 10 साल के सश्रम कारावास की सजा सुनाई है। अभियोजन विभाग के संयुक्त निदेशक सुरेश पाठक ने शुक्रवार को बताया कि जिले के चितबड़ागांव थाना क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली किशोरी का ऋषिकेश यादव ने 10 दिसम्बर, 2018 को अपहरण कर लिया था और उसके साथ बलात्कार किया था। किशोरी के पिता की शिकायत पर चितबड़ागांव कोतवाली में यादव के विरुद्ध भारतीय दंड संहिता एवं यौन अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम की सुसंगत धाराओं के तहत नामजद मुकदमा दर्ज किया गया था। विशेष न्यायाधीश गोविंद मोहन ने अभियोजन एवं बचाव पक्ष की दलीलें सुनने के बाद यादव को दोषी करार देते हुए 10 साल के सश्रम कारावास एवं 65 हजार रुपए के जुर्माने की सजा सुनाई।

# चिकित्सा अधीक्षक ने वार्डों का किया औचक निरीक्षण

## ● साफ-सफाई मुकम्मल करने के दिए निर्देश, स्वास्थ्य सेवाओं में लापरवाही पर दी सख्त चेतावनी, मरीजों से दवा समेत अन्य स्वास्थ्य सुविधाओं की ली जानकारी

संवाददाता। मऊ



**जिला** अस्पताल के वरिष्ठ दंत रोग विशेषज्ञ डॉण् सीपी आर्या ने चिकित्सा अधीक्षक का पदभार ग्रहण करने के उपरांत शुक्रवार को सौ बेड जिला संयुक्त चिकित्सालय के विभिन्न वार्डों का गहनता के साथ औचक निरीक्षण किया। औचक निरीक्षण के दौरान चिकित्सा अधीक्षक ने अस्पताल में मुकम्मल साफसफाई को लेकर स्वास्थ्य कर्मियों को सख्त दिशा निर्देश दिया। साथ ही साथ वार्डों में भर्ती मरीजों को दवा समेत अन्य सभी चिकित्सकीय सुविधाएं सही तरीके से उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। चेताया कि शासन की मंशा के अनुरुप स्वास्थ्य सुविधाओं में लापरवाही किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।जिला अस्पताल के वरिष्ठ दंत रोग विशेषज्ञ डॉण् सीपी आर्या को स्वास्थ्य विभाग द्वारा चिकित्सा अधीक्षक का पदभार हस्तान्तरित किया गया है। जिला अस्पताल के चिकित्सा अधीक्षक का पदभार ग्रहण करने के बाद डॉण् आर्या ने जिला अस्पताल में चिकित्सकीय सुविधा मुकम्मल करने को लेकर ठोस कवायद करना शुरु कर दिया है। इस क्रम में शुक्रवार को चिकित्सा अधीक्षक डॉण् सीपी आर्या ने सौ बेड के जिला संयुक्त चिकित्सालय के सभी वार्डों का औचक निरीक्षण किया। औचक निरीक्षण के दौरान चिकित्सा अधीक्षक ने सबसे पहले जिला अस्पताल के इमरजेंसी वार्ड में भर्ती मरीजों से मिल रही स्वास्थ्य सेवाओं के बारे में गहनता के साथ जानकारी हासिल किया। साथ ही साथ उन्होंने नर्सों के ड्यूटी चार्ट व रजिस्टर की भी जांच.पड़ताल किया। नर्सों की उपस्थिति रजिस्टर में ड्यूटी में तैनात सभी नर्स उपस्थित पाई गईं। चिकित्सा अधीक्षक ने ड्यूटी पर तैनात वार्ड व्यायए स्वीपर समेत अन्य स्वास्थ्य कर्मियों को अस्पताल के सभी वार्डों की मुकम्मल साफसफाई का सख्त निर्देश दिया। चेताया कि शासन के मंशा के अनुरुप स्वास्थ्य सेवाओं की अनदेखी को किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। लापरवाही करने वाले स्वास्थ्य कर्मियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई किया जाएगा। निरीक्षण के दौरान मुख्य रुप से हेल्प डेस्क मैनेजर राम प्रवेश यादवए मैट्रन ज्ञानमती देवीए सफाई सुपरवाइजर दिनेश कुमार आदि स्वास्थ्य कर्मचारी उपस्थित रहे।

### ईएमओ व रेडियोलाजिस्ट के लिए चल रही कवायद

**मऊ ।** जिला संयुक्त चिकित्सालय में रिक्त पड़े छह आकिस्मक चिकित्साधिकारी (ईएमओ) एवं रेडियोलाजिस्ट का पद काफी दिनों से रिक्त होने के कारण मरीजों व तीमारदारों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है। मरीजों व तीमारदारों की समस्या के बाबत चिकित्सा अधीक्षक डॉ. सीपी आर्या ने ठोस कवायद करना शुरु कर दिया है। उन्होंने विभाग के उच्चाधिकारियों को समस्या से अवगत कराने के साथ ही घोसी विधान सभा के पूर्व विधायक विजय राजभर से भी वार्ता किया। पूर्व विधायक विजय राजभर ने आश्वासन दिया कि जल्द ही मुख्यमंत्री से मिलकर जिला अस्पताल में रिक्त पड़े पदों पर भर्ती कराया जाएगा।

# परिषदीय स्कूलों के बच्चों का डाकघरों में हो सकेगा आधार पंजीकरण हो सकेगा

पायनियर समाचार सेवा। वाराणसी

**परिषदीय** स्कूलों में पढ़ने वाले बच्चों के आधार पंजीकरण को लेकर डाक विभाग ने पहल की है और अब इन बच्चों का डाकघरों में आसानी से आधार पंजीकरण हो सकेगा। वाराणसी परिक्षेत्र के पोस्टमास्टर जनरल कृष्ण कुमार यादव से मुलाकात कर जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, वाराणसी डॉ. राकेश सिंह ने इस संबंध में अनुरोध किया, जिसे स्वीकारते हुए उन्होंने इस पर त्वरित कार्यवाही के आदेश दिए हैं। इसके अलावा इन बच्चों और उनके अभिभावकों के डाक विभाग द्वारा इण्डिया पोस्ट पेमेंट्स बैंक में खाते भी खोले जायेंगे ताकि डीबीटी के तहत मिलने वाली शासकीय योजनाओं का लाभ भी इन्हें तुरंत प्राप्त हो सके। पोस्टमास्टर जनरल ने परिषदीय स्कूलों में पढ़ने वाली बच्चियों के सुकन्या समृद्धि खाता खोलने की पहल पर भी जोर दिया, ताकि इन बच्चियों का भविष्य अभी से सुरक्षित किया जा सके। प्रधानमंत्री द्वारा 'बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ' अभियान के तहत आरम्भ इस योजना में मात्र 250 रूपये से 10 साल तक की बच्चियों का सुकन्या खाता खुलवाया जा सकता है। इसी क्रम में बच्चों के उज्ज्वल भविष्य हेतु डाकघरों में न्यूनतम 500 रुपये से पीपीएफ खाते भी खुलवाए जा सकेंगे।

## खुशहाल परिवारों का हिस्सा बनने की घोषणा की

**वाराणसी।** एमजी मोटर इंडिया ने भारत में 1 लाख खुशहाल परिवारों का हिस्सा बनने की घोषणा की है। यह लगातार नवाचार, अनुभव जन्य ग्राहक सेवा और स्थायित्व तथा समुदाय के प्रति समर्पण पर केन्द्रित इस ब्रांड कीयात्रा में एक नई उपलब्धि है। आपूर्तिकर्ताओं, और ग्राहकों पर केन्द्रितठोस बुनियाद स्थापित करने के बाद मिले प्यार का नतीजा है।

# 30 जून तक चलेगा पानी नहीं, केवल स्तनपान अभियान

**अयोध्या ।** जिलाधिकारी नितीश कुमार ने बताया कि 06 माह तक के शिशुओं में केवल स्तनपान सुनिश्चित कराना है। मां का दूध शिशु के लिए अमृत के समान होता है तथा शिशु एवं बाल शिशु मृत्यु दर में कमी लाने के लिए आवश्यक है कि जन्म के एक घंटे के अंदर शिशु का स्तनपान प्रारम्भ करा दिया जायें व 06 माह की आयु तक शिशु को केवल स्तनपान ही कराया जायें। उन्होंने गर्मियों में शिशुओं में केवल स्तनपान सम्बंधी व्यवहार सुनिश्चित करने हेतु 10 मई से 30 जून 2022 तक समस्त कंवर्जेस विभागों, जन प्रतिनिधियों तथा डेबलपमेंट पार्टनर्स के सहयोग से पानी नही, केवल स्तनपान अभियान आयोजित किया जाना है, जिससे केवल स्तनपान की दर में वृद्धि होने के अपेक्षित परिणाम प्राप्त होने के साथ ही शिशु मृत्युदर में भी सुधार लाया जा सकेगा।

# जन्म पंजीकरण कराने में आशा की महत्वपूर्ण भूमिका: जिलाधिकारी

संवाददाता। मीरजापुर

**जिलाधिकारी** प्रवीण कुमार लक्षकार की अध्यक्षता में शुक्रवार को कलेक्ट्रेट सभागार में बच्चो के जन्म पंजीकरण कराने से सम्बन्धित बैठक आहूत की गयी। स्वास्थ्य विभाग द्वारा आयोजित इस बैठक में विभिन्न बिन्दुओ पर चर्चा के उपरान्त जिलाधिकारी ने कहा कि जन्म पंजीकरण प्रत्येक बच्चे का अधिकार है इससे बच्चे की पहचान स्थापित होती है तथा स्वास्थ्य शिक्षा, सामाजिक सुरक्षा आदि का लाभ पाने में बच्चे के लिये मद्दगार साबित होता है। उन्होने कहा कि रजिस्टार द्वारा दिया गया जन्म प्रमाण पत्र जन्म तिथि का विधिक प्रमाणन है तथा स्कूल में नामाकंन, राशन कार्डो में शिशु का नाम बढ़ाने आगे चलकर मतदान का अधिकार ड्राविंग लाइसेंस पासपोर्ट व सरकारी एवं गैर सरकारी सेवाओ में प्रवेश व लाभ लेने में मद्दगार साबित होते है। जिलाधिकारी ने कहा कि कोशिश यह किया जाय कि जिस स्थान पर बच्चे का जन्म हुआ है उसी स्थान, क्षेत्र के रजिस्टार.जन्म मृत्यु के कार्यालय में बच्चे का जन्म पंजीकरण कराया जा सकता हैं। इसके अलावा प्रत्येक सीएचसी, पीएचसी प्रभारी चिकित्साधिकारी भी यह सुनिश्चित करे कि अस्पतालो में बच्चे के जन्म के तत्काल बाद ही उनका पंजीकरण करा दिया जाय। इसी प्रकार नगर पालिका परिषद में भी नियमानुसार कार्यवाही सुनिश्चित किया जाय। उन्होने कहा कि यदि बच्चे का जन्म अस्पताल में हुआ है और जिनका जन्म पंजीकरण अभी तक नही हुआ है ऐसे बच्चो की सूची तैयार कर आशा कार्यकत्रियोद्वारा अस्पताल को उपलब्ध कराया जायेगा तथा जन्म प्रमाण पत्र एकत्रित करते हुये बच्चे के माता पिता या परिवार के सदस्य को उपलब्ध कराया जायेगा। इस अवसर पर स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियो द्वारा जन्म पंजीकरण के बारे में बताया गया कि जन्म का पंजीकरण 21 दिन के अन्दर कराकर निशुल्क प्रमाण पत्र प्राप्त किया जा सकता हैं।जन्म के 21 दिन से 30 दिन के भीतर पंजीकरण कराने पर 02 रूपया का विलम्ब शुल्क देना होगा तथा जन्म के 30 दिन से एक वर्ष के भीतर पंजीकरण कराने पर शपथ पत्र तथा रूपया 05 विलम्ब शुल्क पर ग्रामीण क्षेत्र के लिये जिला पंचायत राज अधिकारी व नगरीय क्षेत्र के लिये उप मुख्य चिकित्साधिकरी की लिखित अनुज्ञा पर प्रमाण पत्र निर्गत किया जायेगा। 01 वर्ष की अवधि के पश्चात पंजीकरण कराये जाने पर 10 रूपये का विलम्ब शुल्क, शपथ पत्र तथा प्रथम श्रेणी मजिस्ट्रेट, उप जिलाधिकारी, नगर मजिस्ट्रेट की लिखित अनुज्ञा पर प्रमाण पत्र जारी किया जायेगा।

# डंपर से कुचलकर दो सगे भाइयों की मौत

**कन्नौज।** कन्नौज जिले के उमर्दा चौकी क्षेत्र में तिर्वा बेला रोड पर एक डंफर (सामान ढोने वाला ट्रक) ने शुक्रवार सुबह एक मोटरसाइकिल में टक्कर मार दी। हादसे में मोटरसाइकिल सवार दो सगे भाइयों की मौत हो गई। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने यह जानकारी दी। इंदरगढ़ के थानाध्यक्ष कमल भाटी के मुताबिक, औरैया के बिधूना थाना क्षेत्र के सुनील राजपूत (19) अपने भाई मोहित राजपूत (17) के साथ बृहस्पतिवार को एक रिश्तेदार की पुत्री की शादी में शामिल होने के लिए विधइपुरवा गांव गए थे।उन्होंने बताया कि शादी समारोह में शामिल होने के बाद दोनों भाई शुक्रवार सुबह मोटरसाइकिल से अपने घर लौट रहे थे। इस दौरान, तिर्वा बेला रोड पर उमर्दा के निचली गंग नहर के पास निकारीपुरवा गांव के सामने पीछे से आ रहे एक डंपर ने उनकी बाइक में टक्कर मार दी। भाटी के अनुसार, टक्कर इतनी तेज थी कि दोनों भाई उछलकर डंपर के नीचे आ गए।

# नवागत खण्ड शिक्षाधिकारी का हुआ सम्मान



संवाददाता। चकिया/चन्दौली

**राष्ट्रीय** शैक्षिक महासंघ द्वारा ब्लॉक संसाधन केंद्र पर नवागत खण्ड शिक्षा अधिकारी सुरेंद्र प्रसाद सहाय का संघ के पदाधिकारियों द्वारा माला पहनाकर, अंगवस्त्रम एवं स्मृतिचिह्न के साथ स्वागत किया गया। साथ ही उनके वैवाहिक वर्षगाँठ की बधाई दी गई। इस मौके पर राष्ट्रीय शैक्षिक संघ की ब्लॉक अध्यक्ष रीता पाण्डेय ने नवागत खंड शिक्षा अधिकारी को पुष्पगुच्छ के साथ स्वागत किया तथा शिक्षकों की समस्याओं पर अपना विचार व्यक्त किया। इस पर खंड शिक्षाधिकारी ने कहा कि शिक्षकों समस्याओं का निस्तारण प्राथमिकता के तौर पर किया जाएगा। इस अवसर पर पदाधिकारी जयप्रकाश भारती संगठन मंत्री, वेदप्रकाश सिंह उपाध्यक्ष, मो शरीफ संयुक्त मंत्री, संतोष कुमार जिला कार्यकारिणी सदस्य, बिनोद त्रिपाठी उपाध्यक्ष, मीना वर्मा कोषाध्यक्ष, आशुतोष जिला प्रतिनिधि, उपेंद्र सिंह उपाध्यक्ष सहित राज्य पुरस्कार प्राप्त शिक्षक राजेश पटेल, राज्य स्तरीय प्रतियोगिता की विजेता अनुराधा कुमारी, विवेकानंद तिवारी, अतुल उपाध्याय, राजीव कुमार, मृत्युंजय सिंह सहित नोडल शिक्षक संकुल, अन्य शिक्षक एवं मीडिया बंधु मौजूद थे।

# बेयरस्टो-लिविंगस्टोन की पारी से पंजाब चमका

## ● आरसीबी को 54 रन से हराया

भाषा। मुंबई

**पंजाब किंग्स ने** जॉनी बेयरस्टो (66 रन) और लियाम लिविंगस्टोन (70 रन) के अर्धशतकों के बाद शानदार गेंदबाजी की बदौलत शुक्रवार को यहां इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) मैच में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर (आरसीबी) को 54 रन से हराकर दो महत्वपूर्ण अंक अपने खाते में डाले। पंजाब किंग्स को टूर्नामेंट में बने रहने के लिए इस मैच में जीत की दरकार थी और इस दमदार जीत ने उसके नेट रन रेट में भी इजाफा किया। अब पंजाब के 12 मैचों में 12 अंक हो गए हैं जिससे टीम तालिका में छठे स्थान पर पहुंच गई है जबकि आरसीबी 14 अंक से चौथे स्थान पर बरकरार है लेकिन उसका नेट रन रेट नेगेटिव में है। बेयरस्टो की 29 गेंद में सात छक्के और चार चौके जड़ित पारी द्वारा दिलाई गई आक्रामक शुरूआत के बाद लिविंगस्टोन (42 गेंद, पांच चौके, चार छक्के) के अर्धशतक से पंजाब किंग्स ने नौ विकेट पर 209 रन का चुनौतीपूर्ण स्कोर खड़ा किया जिसमें 14 छक्के और 16 चौके जड़े थे जिससे 148 रन सिर्फ चौकों-छक्कों से ही बने। लक्ष्य का पीछा करने उतरी आरसीबी ने पावरप्ले में 44 रन पर तीन विकेट गंवा दिए थे लेकिन ग्लेन मैक्सवेल (35) और रजत पाटीदार (26) के बीच चौथे विकेट के लिए बनी 64 रन की साझेदारी से टीम संभलने के बावजूद 20 ओवर में नौ विकेट पर 155 रन ही बना सकी। पंजाब किंग्स के गेंदबाजों विशेषकर कागिसो रबाडा ने शानदार प्रदर्शन किया। विराट कोहली (20 रन) के रूप में पहला विकेट हासिल करने के बाद उन्होंने चार ओवर में 21 रन देकर तीन विकेट अपने नाम किए। ऋषि धवन (36 रन देकर) ने एक ही ओवर में दो विकेट निकाले और राहुल चाहर ने 37 रन देकर दो विकेट प्राप्त किए। हरप्रीत बरार ने मैक्सवेल और अर्शदीप सिंह ने फॉर्म में चल रहे विकेटकीपर बल्लेबाज दिनेश कार्तिक के अहम विकेट चटकाए। इससे पहले बेयरस्टो और लिविंगस्टोन की शानदार बल्लेबाजी के बावजूद आरसीबी के लिए वानिंदु हसारंगा ने बीच के ओवरों में और हर्षल पटेल ने डेथ ओवर में शानदार गेंदबाजी की। हसारंगा ने चार ओवर में महज 15 रन देकर दो विकेट झटके। इससे विकेट लेने के मामले में वह इस आईपीएल सत्र में युजवेंद्र चहल की बराबरी पर पहुंच गए, दोनों के 23-23 विकेट हैं। हर्षल पटेल ने अंतिम ओवर में दो विकेट से चार ओवर में 34 रन देकर चार विकेट झटके। जोश हेजलवुड आरसीबी के लिए सबसे ज्यादा महंगे साबित हुए जिन्होंने चार ओवर में 64 रन और मोहम्मद सिराज ने दो ओवर में 36 रन लुटा दिए। बल्लेबाजी का न्यौता मिलने के बाद सलामी बल्लेबाज बेयरस्टो ने आते ही अपने इरादे जाहिर कर दिए थे। उन्होंने ग्लेन मैक्सवेल के पहले ओवर में ओवर पिच गेंद पर शानदार छक्का जड़कर हाथ खोले और फिर दूसरे ओवर में हेजलवुड पर दो छक्के और दो चौके लगाकर अपनी टीम के खाते में 22 रन जोड़ दिए। सलामी बल्लेबाज शिखर धवन (21 रन, 15 गेंद, दो चौके, एक छक्का) ने भी हाथ खोलने शुरू किए और अगले ओवर की पहली गेंद को चौके के लिए भेजा, जिसके बाद बेयरस्टो ने भी बैकवर्ड स्क्वायर लेग पर छक्का जड़ दिया। धवन ने फिर हेजलवुड की गेंद पर एक और चौका लगाया। इन दोनों की बदौलत पंजाब किंग्स ने चार ओवर पूरे होने से पहले ही 50 रन बना लिए थे। पांचवें ओवर में मैक्सवेल की पहली गेंद को धवन ने लांग आन पर छक्का लगाया। पर इसी ओवर में वह जोखिम भरा शॉट खेलने की कोशिश में बोल्ड हो गए और पहला विकेट 60 रन के स्कोर पर गिरा। बेयरस्टो को रन जुटाने की रफ्तार इसी तरह जारी रही जिन्होंने पावरप्ले के अंतिम ओवर में सिराज पर एक चौका और तीन छक्के जड़कर 23 रन जोड़े और अपना अर्धशतक भी पूरा किया। छह ओवर बाद टीम का स्कोर एक विकेट पर 83 रन था जो उनका पावरप्ले में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन भी रहा। भानुका राजपक्षे तीन गेंद खेलने के बाद हसारंगा की गेंद को हवा में उठा बैठे और पटेल ने आसान कैच लपक लिया। लिविंगस्टोन बेयरस्टो का अच्छा साथ निभा रहे थे जिससे टीम ने नौवें ओवर में 100 रन पूरे कर लिए थे। रनगति पर लगाम कसने के लिए आखिरकार आरसीबी को सफलता शाहबाज अहमद ने 10वें ओवर में दिलाई।


लिविंगस्टोन

### स्कोरबोर्ड

**पंजाब किंग्स** : बेयरस्टो का सिराज बो शाहबाज अहमद 66,धवन बो मैक्सवेल 21,राजपक्षे का पटेल बो हसारंगा 01,लिविंगस्टोन का कार्तिक बो पटेल 70,अग्रवाल का हसारंगा बो पटेल 19,शर्मा का हसारंगा 09,बरार का कार्तिक बो पटेल 07,धवन का मैक्सवेल बो पटेल 07,चाहर रन आउट 02,रबाडा नाबाद 00,**अतिरिक्त** : 07,**कुल** : 20 ओवर में नौ विकेट पर 209 रन,**विकेट पतन** :1-60, 2-85, 3-101, 4-152, 5-164, 6-173, 7-206, 8-207, 9-209,**गेंदबाजी** : मैक्सवेल 2-0-17-1,हेजलवुड 4-0-64-0,सिराज 2-0-36-0,वानिंदु हसारंगा 4-0-15-2, अहमद 4-0-40-1, पटेल 4-0-34-4

# आईपीएल में आगे नही खेल पाएंगे कमिन्स

## ● कूल्हे की चोट से उबरने के लिए स्वदेश लौटेंगे



भाषा। मेलबर्न

**केकेआर** के तेज गेंदबाज पैट कमिन्स आईपीएल में आगे नहीं खेल पाएंगे और कूल्हे की मामूली चोट से उबरने के लिए स्वदेश लौटेंगे। क्रिकेट.कॉम.एयू की रिपोर्ट के अनुसार आस्ट्रेलियाई टेस्ट कप्तान कमिन्स राष्ट्रीय टीम के अगले महीने के श्रीलंका दौरे से पहले पूर्ण फिटनेस हासिल करने के लिए सिडनी लौट रहे हैं। कमिन्स को केकेआर ने 7.25 करोड़ रुपए में खरीदा था।क्रिकेट आस्ट्रेलिया की वेबसाइट के बाद केकेआर ने भी इस बात की पुष्टि की। पैट कमिंस कूल्हे की हल्की चोट के कारण टाटा इंडियन प्रीमियर लीग के बाकी बचे मैचों से बाहर हो गए है। वह दो सप्ताह के आराम और रिहैबिलिटेशन के लिए ऑस्ट्रेलिया लौट आए हैं। रपोर्ट में कहा गया है कि कमिन्स के पूरी तरह फिट होने में एक पखवाड़े का समय लगने की संभावना है।

## भारत के लिए खेलेंगे उमरान, लेकिन सिर्फ तेज रफ्तार काफी नही होगी : नोर्किया

**नई दिल्ली।** दक्षिण अफ्रीका के स्टार तेज गेंदबाज एनरिक नोर्किया ने शुक्रवार को कहा कि उमरान मलिक निश्चित रूप से भारत के लिए खेलेंगे लेकिन अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट की चुनौतियों से निपटने के लिए केवल तेज रफ्तार काफी नहीं होगी बल्कि इस युवा को अपने कौशल का बेहतरीन ढंग से इस्तेमाल करना होगा। विश्व क्रिकेट के सबसे तेज गेंदबाजों में से एक नोर्किया ने कूल्हे की चोट के कारण चार महीने आराम के बाद इस आईपीएल में वापसी की है। उनसे जब भारत के उभरते ही तेज गेंदबाज के बारे में पूछा गया जो लगातार 90 मील प्रति घंटे से तेज की रफ्तार से गेंदबाजी कर रहा है तो उन्होंने कहा, मुझे पूरा भरोसा है कि उमरान निकट भविष्य में भारत के लिए अहम खिलाड़ियों में से एक होगा। उन्होंने कहा, भाग्य भी इसमें अहम भूमिका निभाएगा। लेकिन सबसे अहम बात है कि आप कितनी बेहतरीन गेंदबाजी करते हो, यह इस पर निर्भर करेगा क्योंकि हमने देखा है कि जो तेज गेंद फेंकी जा रही हैं।

## पूर्व चैम्पियन आमिर खान ने मुक्केबाजी से संन्यास की घोषणा की

**लंदन।** पूर्व लाइट-वेल्टरवेट विश्व चैम्पियन आमिर खान ने शानदार करियर के बाद मुक्केबाजी से संन्यास लेने की घोषणा की जिसमें 2004 एथेंस ओलंपिक में रजत पदक भी शामिल रहा। आमिर खान ने ट्विटर पर कहा, अब संन्यास लेने का समय आ गया है। पैंतीस साल के इस मुक्केबाज ने कहा, मैं भाग्यशाली हूं कि मेरा 27 साल का करियर शानदार रहा।

## सीनियर राष्ट्रीय महिला हॉकी : ओडिशा बड़ी जीत से क्वार्टर फाइनल में

**भोपाल।** ओडिशा ने शुक्रवार को यहां पूल एच के अपने अंतिम मैच में हिमाचल प्रदेश को 8-0 से करारी शिकस्त देकर 12वी सीनियर महिला राष्ट्रीय हॉकी चैंपियनशिप के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। दिन के अन्य मैचों में केरल ने पूल एच में तेलंगाना को 8-0 से पराजित किया जबकि दिल्ली ने पूल जी मे गोवा को 5-1 से हराया, लेकिन इसके बावजूद ए दोनों टीम अंतिम आठ में जगह नही बना पाई। क्वार्टर फाइनल शनिवार को खेले जाएंगे जिसमें महाराष्ट्र का सामना झारखंड से, हरियाणा का उत्तर प्रदेश से, पंजाब का कर्नाटक से और मध्य प्रदेश का सामना ओडिशा से होगा।

## फिडे अध्यक्ष ने आनंद को चुनाव लड़ने के लिए अपनी टीम में शामिल किया

**चेन्नई।** इस साल जुलाई-अगस्त मे यहां 44 वे शतरंज ओलंपियाड के दौरान होने वाले चुनावों में अगर मौजूदा अध्यक्ष अर्कडी ड्वोरकोविच को फिर से इस पद के लिए चुना जाता है तो भारतीय दिग्गज विश्वनाथन आनंद विश्व शतरंज महासंघ (फिडे) के उपाध्यक्ष (डिप्टी प्रेसिडेंट) बन जाएंगे। ड्वोरकोविच ने अपनी टीम के बारे में घोषणा करते हुए कहा, प्रिय सहयोगियो और शतरंज के दोस्तों, फिडे अध्यक्ष के चुनाव के लिए मुझे अपनी टीम पेश करने मे खुशी हो रही है। मेरी टीम इस प्रकार है अर्कडी ड्वोरकोविच - अध्यक्ष , विश्वनाथन आनंद- उपाध्यक्ष (डिप्टी प्रेसिडेंट) , झू चेन - कोषाध्यक्ष, जोरान औलिन-जॉनसन - उपाध्यक्ष (वाइस प्रेसिडेंट), माहिर मामेदोव - उपाध्यक्ष (वाइस प्रेसिडेंट)।

## जाम्बिया ने भारत के खिलाफ मैत्री मैच रद्द किया

**नई दिल्ली।** भारत के खिलाफ अंतरराष्ट्रीय मैत्री मैच खेलने के लिए अपनी उपलब्धता की पुष्टि करने के तीन दिन बाद, जाम्बिया के फुटबॉल संघ ने खिलाड़ियों की अनुपलब्धता के कारण मैच को रद्द कर दिया।भारतीय पुरुष सीनियर टीम को 25 मई को दोहा में उच्च रैंकिंग वाली जाम्बिया के खिलाफ खेलना था। जाम्बिया फुटबॉल संघ के महासचिव एड्रियन काशल ने भारतीय समकक्ष कुशाल दास को लिखे अपने पत्र में कहा, हमें आपको यह बताते हुए खेद हो रहा है कि25 मई 2022 को भारत के खिलाफ होने वाली मैत्री मैच के लिए हम अपने पेशेवर खिलाड़ियों की सेवाओं को लेने में विफल रहे। अधिकांश खिलाड़ी सत्र के समाप्त होने वाले मैचो पर ध्यान दे रहे है, जिससे शिविर मे शामिल होना व्यावहारिक रूप से असंभव है। यह मैच आगामी एएफसी एशियाई कप क्वालीफायर के अंतिम दौर के लिए भारत की तैयारी का हिस्सा था। क्वालीफायर के अंतिम दौर के मैच आठ जून से कोलकाता में खेले जाएंगे।

# उम्मीदें जीवंत रखने के लिए एक दूसरे का सामना करेंगे सनराइजर्स और केकेआर

भाषा। पुणे







## ● आज होगी भिड़ंत

**लगातार चार** मैचों में हार के बाद वापसी के लिए संघर्षरत सनराइजर्स हैदराबाद को इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में अपनी उम्मीदें जीवंत रखने के लिए कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के खिलाफ शनिवार को यहां होने वाले मैच में गेंदबाजी से जुड़ी अपनी समस्याओं को दूर करना होगा। लगातार पांच मैचों में जीत के बाद लगातार चार हार से सनराइजर्स की आईपीएल प्लेऑफ में पहुंचने की उम्मीदों को झटका लगा है। उसके 11 मैचों में 10 अंक हैं और उसे प्लेऑफ में जगह बनाने की उम्मीद जीवंत रखने के लिए बाकी बचे तीनों मैच जीतने होंगे। केकेआर के 12 मैचों में 10 अंक हैं और वह बाहर होने के कगार पर है। श्रेयस अय्यर की अगुवाई वाली टीम के केवल दो मैच बचे हुए हैं और इनमें जीत से भी वह 14 अंक तक ही पहुंच पाएगी जो कि प्लेऑफ में पहुंचने के लिए पर्याप्त नहीं हो सकते क्योंकि राजस्थान रॉयल्स और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर (आरसीबी) 12 मैचों में 14 अंक लेकर शीर्ष चार में बने हुए हैं। केकेआर की मुश्किलें हालांकि अनुभवी तेज गेंदबाज पैट कमिंस के टूर्नामेंट से हटने से बढ़ गई हैं। पिछले मैच में टीम ने टिम साउदी और पैट कमिन्स दोनों को अंतिम एकादश में शामिल किया था और इन दोनों ने मिलकर चार विकेट लिए थे। कमिन्स कूल्हे की मामूली चोट से उबरने के लिए स्वदेश लौट रहे हैं।सनराइजर्स को पिछले मैचों में हार का मुख्य कारण उसके मुख्य गेंदबाजों वाशिंगटन सुंदर और टी नटराजन का चोटिल होना तथा तेज गेंदबाज उमरान मलिक का अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाना है। इसका अंदाजा इससे लगाया जा सकता है कि सनराइजर्स के खिलाफ विपक्षी टीम ने पिछले चार मैचों में 190 से अधिक रन बनाए। आरसीबी के खिलाफ पिछले मैच में सनराइजर्स ने फजलहक फारूकी और कार्तिक त्यागी को आजमाया लेकिन वे भी नहीं चल पाए, जिससे टीम की परेशानियां बढ़ गई। बल्लेबाजी विभाग में सनराइजर्स के पास अच्छे बल्लेबाज हैं लेकिन कप्तान केन विलियमसन को अधिक जिम्मेदारी निभानी होगी। वह अभी तक केवल एक अर्धशतक लगा पाए हैं। अभिषेक शर्मा ने टीम को अच्छी शुरुआत दिलाई है लेकिन यह युवा बल्लेबाज पारी को नहीं संवार पा रहा है। राहुल त्रिपाठी, निकोलस पूरण और एडेन मार्करम भी रन बना रहे हैं लेकिन सनराइजर्स के बल्लेबाजों को गेंदबाजों से सहयोग की जरूरत है। दूसरी तरफ केकेआर को अंतिम एकादश में लगातार बदलाव का खामियाजा भुगतना पड़ा है। उसकी टीम हालांकि मुंबई इंडियन्स पर जीत के बाद इस मैच में उतरेगी।

# भारत ने चार और स्वर्ण पदक जीते

भाषा। नई दिल्ली

## ● जूनियर निशानेबाजी विश्व कप

**भारतीय निशानेबाजों** ने शुक्रवार को जर्मनी के सुहल में आईएसएसएफ जूनियर विश्व कप में दबदबा जारी रखते हुए पुरुष और महिला और पुरुष एयर राइफल और पिस्टल टीम स्पर्धाओं में चार और स्वर्ण पदक जीते। इस तरह भारत के आठ स्वर्ण और छह रजत से कुल 14 पदक हो गए हैं। आस्ट्रेलिया, फ्रांस, पोलैंड और बुल्गारिया ने स्पर्धा में दाव पर लगे चार स्वर्ण पदक जीते। भारत के लिए शुक्रवार को स्वर्ण पदक जीतने की शुरुआत पुरुष 10 मीटर एयर राइफल में रूद्रांक्ष पाटिल, पार्थ मखिजा और उमामहेश मादीनेनी की तिकड़ी ने स्पेन को 16-8 से हराकर की। यह रूद्रांक्ष और पार्थ दोनों के लिए प्रतियोगिता का दूसरा स्वर्ण पदक था। फिर मनु भाकर, पलक और ईशा सिंह की तिकड़ी ने जूनियर महिला 10 मीटर एयर पिस्टल टीम स्पर्धा में जार्जिया को 16-8 के समान अंतर से पराजित किया। तीसरा स्वर्ण पदक एयर राइफल महिला टीम स्पर्धा से मिला। इसमें आर्या बोरसे, जीना खिट्टा और रमिता की तिकड़ी ने कोरिया को 17-9 से हराया। पुरुष एयर पिस्टल टीम ने भारत को दिन का चौथा स्वर्ण पदक दिलाया जिसमें सौरभ चौधरी, शिवा नरवाल और सरबजोत सिंह ने उज्बेकिस्तान की तिकड़ी को 17-9 से पराजित किया। भारत ने पुरुष और महिला ट्रैप टीम स्पर्धा के भी स्वर्ण पदक दौर में जगह बना ली है जिससे कम से कम दो रजत पदक तो पक्के हो हैं।



# कलाई की चोट के कारण रूपिंदर एशिया कप से बाहर

## ● लकड़ा करेंगे भारतीय टीम की अगुआई

भाषा। बेंगलुरु

**भारतीय पुरुष** हॉकी टीम को शुक्रवार को एक करारा झटका लगा जब कप्तान रूपिंदर पाल सिंह कलाई की चोट के कारण आगामी पुरुष एशिया कप हॉकी टूर्नामेंट से बाहर हो गए। हॉकी इंडिया के अनुसार शीर्ष ड्रैग फ्लिकर रूपिंदर ट्रेनिंग सत्र के दौरान कलाई में चोट लगा बैठे। उप कप्तान बनाए गए बीरेंद्र लकड़ा अब भारतीय टीम की अगुआई करेंगे जबकि स्ट्राइकर एसवी सुनील 20 सदस्यीय टीम के उप कप्तान होंगे। संन्यास से वापसी करने वाले रूपिंदर की जगह नीलम संजीव जेस लेंगे। एशिया कप 23 मई से जकार्ता में शुरू होगा। भारत टूर्नामेंट का गत चैम्पियन है। कोच बीजे करियप्पा ने कहा, यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि रूपिंदर को ट्रेनिंग सत्र के दौरान चोट लग गई और वह हीरो एशिया कप का हिस्सा नहीं होगा। बीरेंद्र और सुनील दोनों को अपार अनुभव है और वे कई वर्षों से अगुआई करने वाले ग्रुप का हिस्सा रहे हैं। हमें रूपिंदर की कमी खलेगी लेकिन हमारे पास पूल में काफी विकल्प मौजूद हैं। हमारे पास काफी प्रतिभाशाली खिलाड़ी हैं और वे भी इस मौके का फायदा उठाने की कोशिश करेंगे।

# डेनमार्क को हराकर भारत ने थॉमस कप फाइनल में पहुंचकर इतिहास रचा

## ● प्रणय मैच जीते

भाषा। बैंकाक

**एच एस प्रणय** ने निर्णायक पांचवें मैच में गजब का जज्बा दिखाया जिससे भारतीय पुरूष बैडमिंटन टीम ने यहां रोमांचक सेमीफाइनल में डेनमार्क को 3-2 से हराकर थॉमस कप के फाइनल में पहुंचकर इतिहास रच दिया।भारतीय टीम 1979 के बाद से कभी भी सेमीफाइनल से आगे नहीं बढ़ सकी थी। लेकिन उसने जुझारू जज्बा दिखाते हुए 2016 के चैम्पियन डेनमार्क को हरा दिया। विश्व चैम्पियनशिप रजत पदक विजेता किदाम्बी श्रीकांत तथा सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की दुनिया की आठवें नंबर की युगल जोड़ी ने भारत को फाइनल की दौड़ में बनाए रखा लेकिन 2-2 की बराबरी के बाद एच एस प्रणय ने टीम को इतिहास रचने में मदद की। दुनिया के 13वें नंबर के खिलाड़ी रास्मस गेमके के खिलाफ प्रणय को कोर्ट पर फिसलने के कारण टखने में चोट भी लगी लेकिन इस भारतीय ने मेडिकल टाइमआउट लेने के बाद मुकाबला जारी रखा। वह कोर्ट पर दर्द में दिख रहे थे लेकिन इस परेशानी के बावजूद उन्होंने 13-21 21-9 21-12 से जीत दर्ज कर भारत का नाम इतिहास के पन्नों में दर्ज करा दिया। भारतीय टीम का यह शानदार प्रदर्शन रहा जिसने गुरूवार को पांच बार की चैम्पियन मलेशिया को 3-2 से हराकर सेमीफाइनल में जगह बनाकर 43 साल के इंतजार को खत्म किया था।



## ब्रेसवेल, पटेल न्यूजीलैंड के अनुबंधित खिलाड़ियों में शामिल

**वेलिंगटन।** ऑलराउंडर जिमी नीशाम को तीन साल में पहली बार न्यूजीलैंड क्रिकेट के अनुबंधित खिलाड़ियों की सूची से हटा दिया गया है और उनकी जगह वेलिंगटन के ऑफ स्पिन ऑलराउंडर माइकल ब्रेसवेल को दी गई है। इकतीस वर्षीय नीशाम ने 12 टेस्ट, 66 एक दिवसीय अंतरराष्ट्रीय और 38 टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच खेले हैं। उन्होंने 2019 में इंग्लैंड के खिलाफ विश्व कप फाइनल के सुपर ओवर में मार्टिन गुप्टिल के साथ बल्लेबाजी की थी। नीशाम नीदरलैंड के खिलाफ एकदिवसीय श्रृंखला में नहीं खेले थे। न्यूजीलैंड क्रिकेट ने उन्हें इंडियन प्रीमियर लीग में खेलने की अनुमति दी थी। ब्रेसवेल ने मार्च में नीदरलैंड के खिलाफ वनडे में पदार्पण किया और उन्हें इंग्लैंड दौरे के लिए भी टेस्ट टीम में शामिल किया गया है।

## कप्तानी ने हार्दिक को भावनाओं पर काबू पाने में मदद की : शमी

**मुंबई।** अनुभवी तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी का मानना है कि नेतृत्व की जिम्मेदारी ने मैदान पर आक्रामक हाव-भाव दिखाने वाले हार्दिक पंड्या को धैर्यवान बना दिया है जो इंडियन प्रीमियर लीग के मौजूदा सत्र में गुजरात टाइटंस की सफलता का मुख्य कारण भी है। शमी ने पंड्या के साथ काफी अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट खेला है लेकिन आईपीएल में पहली बार खेल रही टीम का कप्तान बनने के बाद उनके बर्ताव में काफी बदलाव आया है। शमी ने कहा, वह (हार्दिक) कप्तान बनने के बाद, काफी धैर्यवान हो गया है, उसकी प्रतिक्रिया में पहले की तरह आक्रामकता नहीं है।

## मैकुलम में थोड़ी भी नकारात्मकता नही , टेस्ट के माहौल में जल्दी ढलना सफलता की कुंजीः कार्तिक

**दुबई।** कोलकाता नाइट राइडर्स की टीम की अगुवाई कर चुके भारतीय विकेटकीपर दिनेश कार्तिक ने कहा कि कोच ब्रेंडन मैकुलम का नकारात्मकता से दूर-दूर तक कोई वास्ता नहीं है और इंग्लैंड टेस्ट टीम के मुख्य कोच के रूप में उनकी सफलता इस बात पर निर्भर करेगी कि वह टेस्ट मैचों के माहौल में कितनी अच्छी तरह से ढल पाते है। कार्तिक और मैकुलम 2019 सत्र में केकेआर के क्रमशः कप्तान और कोच थे। भारत के इस विकेटकीपर को उम्मीद है कि मैकुलम इंग्लैंड की टेस्ट टीम में सकारात्मक ऊर्जा भरेंगे। मैंने उनके साथ जो समय बिताया है, उसमें एक बात मैं आपको बता सकता हूं कि उनमें थोड़ी भी नकारात्मकता नहीं है।

## डीआरएस का न होना दुर्भाग्यपूर्ण, कुछ फैसले हमारे खिलाफ गए : फ्लेमिंग

**मुंबई।** चेन्नई सुपर किंग्स के मुख्य कोच स्टीफन फ्लेमिंग ने उनकी पारी के शुरू में निर्णय समीक्षा प्रणाली (डीआरएस) की सुविधा नहीं होने को दुर्भाग्यपूर्ण करार देते हुए कहा कि इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में मुंबई इंडियन्स के खिलाफ मैच में इस दौरान कुछ फैसले उनके खिलाफ गए। वानखेड़े स्टेडियम में शॉर्ट सर्किट की वजह से चेन्नई की पारी की पहली 10 गेंद तक डीआरएस की सुविधा उपलब्ध नहीं थी जिसका उसकी टीम को नुकसान हुआ क्योंकि इस बीच कुछ फैसले उसके खिलाफ गए। चेन्नई के फॉर्म में चल रहे बल्लेबाज डेवोन कॉनवे अपने खिलाफ गए पगबाधा के फैसले को नहीं बदलवा पाए जबकि रीप्ले से लग रहा था कि डेनियल सैम्स की गेंद लेग स्टंप से बाहर निकल रही थी।

# नडाल इटालियन ओपन के तीसरे दौर में हारे





## ● शापोवालोव जीते

भाषा। रोम

**फ्रेंच** ओपन टेनिस टूर्नामेंट शुरू होने से केवल 10 दिन पहले राफेल नडाल फिर से चोट से जूझ रहे हैं। यह दिग्गज खिलाड़ी इटालियन ओपन में गुरुवार को डेनिस शापोवालोव के खिलाफ तीसरे दौर के मैच में पांव में दर्द से परेशान रहा जिस कारण आखिर में उन्हें हार का सामना करना पड़ा। शापोवालोव ने नडाल को शुरुआती बढ़त का फायदा नहीं उठाने दिया और 1-6, 7-5, 6-2 से जीत दर्ज की। इस मैच के दौरान 35 वर्षीय नडाल को कुछ अवसरों पर दर्द के कारण लड़खड़ाते हुए देखा गया। बाएं पांव में चोट के कारण नडाल पिछले साल कई टूर्नामेंट में नहीं खेल पाए थे। नडाल ने कहा, मेरा पांव फिर से चोटिल हो गया है। बहुत दर्द हो रहा है। मैं ऐसा खिलाड़ी हूं जो चोटों के साथ जीवन व्यतीत करता रहा हूं। यह मेरे लिए नया नहीं है। दुर्भाग्य से चोट और मेरा चोली दामन का साथ है। दिन प्रतिदिन इससे मुश्किल हो रही है। पांव की चोट नडाल के लिए चिंता का विषय है क्योंकि फ्रेंच ओपन 22 मई से शुरू हो रहा है जिसमें उन्होंने रिकॉर्ड 13 खिताब जीते हैं। नडाल ने कहा, एक सप्ताह में क्या होगा, मैं वास्तव में नहीं जानता। इससे पहले विश्व के नंबर एक खिलाड़ी नोवाक जोकोविच ने स्टेन वावरिंका को 6-2, 6-2 से पराजित किया। वावरिंका बाएं पांव के दो आपरेशन के बाद अपना दूसरा टूर्नामेंट खेल रहे थे। इटालियन ओपन में में पांच बार के चैंपियन जोकोविच का अगला मुकाबला फेलिक्स ऑगर अलियासिम से होगा, जिन्होंने अमेरिकी क्वालीफायर मार्कोस गिरोन को 6-3, 6-2 से हराया।

## आंद्रेस्कू को हराकर स्वियाटेक सेमीफाइनल में पहुंची

**रोम।** इगा स्वियाटेक ने इटली ओपन टेनिस मे शुक्रवार को यहां 2019 की अमेरिकी ओपन चैम्पियन बियांका आंद्रेस्कू को 7-6, 6-0 से हराकर सेमीफाइनल में जगह पक्की की। ऐश बार्टी के अचानक संन्यास के बाद रैंकिंग मे शीर्ष पर पहुंची स्वियाटेक की यह लगातार 26वी जीत है। सेमीफाइनल मे उनका सामना तीसरी वरीयता प्राप्त आर्यना सबालेंका से होगा, जिन्होंने अमांदा अनिसिमोवा को 4-6, 6-3, 6-2 से हराया। पुरुषों के मुकाबले में पांचवी रैंकिंग वाले स्टेफानोस सितसिपास ने 20 वर्षीय यानिक सिनर को 7-6, 6-2 से हराया। सितसिपास का क्ले कोर्ट पर यह लगातार तीसरा मास्टर्स सेमीफाइनल है, उन्होंने पिछले महीने अपने मोंटे कार्लो मास्टर्स खिताब का बचाव किया था और फिर पिछले सप्ताह मैड्रिड ओपन सेमीफाइनल मे अलेक्जेंडर ज्वेरेव से हार गए थे। वह एक बार फिर सेमीफाइनल मे ज्वेरेव से भिड़ेंगे।

# ध्यान रखें अधिकारी, सड़कों की गुणवत्ता से समझौता बर्दाश्त नहीं: जितिन

संवाददाता। फर्रुखाबाद



**जनपद के** दौरे पर आये लोक निर्माण मंत्री जितिन प्रसाद ने कई सड़कों का लोकार्पण किया। इसके साथ ही उन्होंने जनपद के विकास के लिए भी कई घोषणायें की। उन्होंने अधिकारियों को चेताया की वह ध्यान रखें की सड़कों व पुलों के निर्माण में किसी तरह से गुणवत्ता से खिलबाड बर्दाश्त नही किया जायेगा।

जनपद में पंहुचे लोक निर्माण मंत्री नें पूर्व मंत्री स्वर्गीय ब्रह्मदत्त द्विवेदी की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की। इसके बाद कलेक्ट्रेट सभागार में कमरा बंद करके कार्यकर्ताओं और जनप्रतिनिधियों से भेट की। कलेक्ट्रेट सभागार के भीतर मीडिया कर्मियों के जानें पर प्रतिबन्ध लगा दिया गया। जिसके बाद उन्होंने जनप्रतिनिधियों व आलाधिकारियों के साथ कार्यकर्ताओं का दर्द जाना। अधिकतर कार्यकर्ताओं ने पुलिस से सम्बन्धित ही शिकायत की। कार्यकर्ताओ ने मंत्री से कहा की पुलिस उनकी सही बात को भी तबज्जो नही देती। लेखपालों द्वारा बिना पैसा लिए कार्य ना करनें की शिकायत की गयी। तकरीबन एक घंटे बाद सभागार से निकले पीडब्लूडी मंत्री निरीक्षण भवन पंहुचे। उन्होंने चाँदपुर भगौरा उखरा सम्पर्क व मोहम्मदाबाद–संकिसा मार्ग के चौड़ी करण व सुन्दरी करण कार्य का बटन दबाकर लोकार्पण किया।

कैबिनेट मंत्री ने कहा कि फर्रुखाबाद से शाहजहाँपुर मार्ग खस्ताहाल है। सड़क पर गड्ढे है। लेकिन प्रयास होगा की दोनों जनपदों के बीच किसी को एक झटका भी ना लगे। जनपद फर्रुखाबाद को गंगा एक्सप्रेस–वे नही मिल सका। लेकिन उनके विभाग से फर्रुखाबाद को विशेष सुविधा मिलेगी। उन्होंने कहा की फर्रुखाबाद एक धार्मिक स्थल है। यहाँ से गुजरी गंगा नदी से जल भरकर कांबड यात्रा निकलती है। जो शाहजहाँपुर से होते हुए गोला जाटी है। मंत्री ने कहा की इस मार्ग का 54 करोड़ की लागत से सड़क निर्माण कराया जायेगा। उन्होंने सख्त निर्देश देकर कहा की सभी अधिकारी उनके विभाग के कान खोलकर सुन लें। सड़क के निर्माण में गुणवत्ता से खिलबाड बर्दाश्त नही किया जायेगा। यदि गुणवत्ता खराब हुई तो कार्यवाही होगी। निर्माण कार्य में विलंब भी बर्दाश्त नही होगा। उन्होंने गंगा एक्सप्रेस–वे से लिंक रोड़ के साथ ही कमालगंज क्षेत्र के महमदगंज मढ़ैयनघाट गंगा नदी तट पर अब पक्कापुल बनवाए जाने की भी घोषणा की गयी। मंत्री सांसद मुकेश राजपूत से काफी देर तक गुफ्तगू करते दिखे। उन्होंने मंच से भी उन्हें भाषण के दौरान भी तबज्जो दी।

**वीआईपी कल्चर से घिरे दिखे मंत्री:** वीआईपी कल्चर समाप्त करने वाली योगी सरकार के मंत्री जितिन प्रसाद पूरी तरह से वीआईपी कल्चर से घीरे नजर आये। लाल कारपेट कलेक्ट्रेट से डाली गयी थी। वहीं निरीक्षण भवन को तो दुल्हन की तरफसजाया गया था। खाना बनाने से लेकर खिलाने तक की व्यवस्था से बाहरी जिले के कारीगर बुलाये गये थे। जानकारों की मानें तो इनमे मोटी रकम खर्च की गयी।

**फरियादियों से बनाये रहे दूरी:** निर्धरित कार्यक्रम से काफी देरी से पंहुचे मंत्री के इंतजार में फरियादी भटकते रहे । उन्होंने कलेक्ट्रेट सभागार में कार्यकर्ताओं के साथ बैठक की। उसके बाद सीधे निरीक्षण भवन निकल गये। जबकि उनका जनता दरबार का कार्यक्रम था। लिहाजा फरियादी निर्धारित समय पर आ गये लेकिन मंत्री से उनकी भेट नही हो सकी। इस दौरान जिलाधिकारी संजय कुमार सिंह, एसपी अशोक कुमार मीणा, सांसद मुकेश राजपूत, जिलाध्यक्ष रुपेश गुप्ता, विधायक भोजपुर नागेन्द्र सिंह राठौर, डॉ सुरभि गंगवार, सुशील शाक्य, मेजरसुनील दत्त द्विवेदी, जिला पंचायत अध्यक्ष मोनिका यादव,पूर्व विधायक अमर सिंह खटिक,सत्यपाल सिंह,भूदेव राजपूत, पूर्व चेयरमैंन विजय गुप्ता, भास्कर दत्त द्विवेदी, शैलेन्द्र सिंह राठौर, विमल कटियार, जिला मंत्री अभिषेक वाथम, डॉ प्रभात अवस्थी, जय गंगवार, रामवीर सिंह चौहान, शशांक शेखर मिश्रा, अंकित तिवारी, रानू दीक्षित, शिवम दुबे आदि रहे।

## क्विक न्यूज

### महिला ने जहर खाकर दी जान, हत्या का आरोप

**फर्रुखाबाद।** महिला ने जहरीला पदार्थ खाकर आत्महत्या कर ली। परिजनों ने हत्या का आरोप लगाया। पुलिस ने जाँच पड़ताल के बाद शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। थाना राजेपुर क्षेत्र के ग्राम जिठोली निवासी 28 वर्षीय शेलकुमारी उर्फशीलू पत्नी विपिन का विवाह लगभग 12 साल पूर्व हुआ। बीती रात गृह कलह से परेशान होकर शेलकुमारी नें जहरीला पदार्थ खा लिया। जिससे उसकी मौत हो गयी। शेलकुमारी की मौत की खबर पर जनपद हरदोई के हरपालपुर पचरोली निवासी मृतका के परिजन मौके पर आ गये। उन्होंने हत्या किये जानें का आरोप लगाया। मृतका के भाई नरेंद्र सिंह ने आरोप लगाया कि बहन के ससुराल वाले आये दिन उसके साथ मारपीट करते थे। लिहाजा उसकी हत्या कर दी। सूचना पर थानाध्यक्ष दिनेश गौतम, दारोगा जितेन्द्र चौधरी आदि मौके पर पंहुचे। दारोगा जितेन्द्र चौधरी ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। थानाध्यक्ष दिनेश कुमार गौतम ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।

### पेड़ से गिरने पर होमगार्ड की मौत

**घाटमपुर।** थाना सजेती क्षेत्र के गांव मवई भच्छन में पेंड़ से गिरने पर होमगार्ड की मौत हो गय बताया जाता है कि होमगार्ड पप्पू ( 50 ) पेंड़ में चढ़कर आम तोड़ रहा था कि अचानक डाली सहित नीचे आ गिरा, परिजन उसे इलाज के लिये सीएचसी में भर्ती कराया जहॉ डाक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद उसे हैलट कानपुर के लिये रिफर कर दिया जहॉ उसकी मौत हो गयी। थाना सजेती जनार्दन यादव ने घटना की जानकारी से इनकार किया है।

### अर्थ एवं संख्याधिकारी विभाग कानपुर देहात प्रदेश में प्रथम

**कानपुर देहात।** निदेशक अर्थ संख्या उत्तर प्रदेश लखनऊ द्वारा विभागान्तर्गत संचालित प्रावैदिक कार्यो यथा उद्योग सर्वेक्षण औद्योगिक उत्पादन सूचकांक ग्राम फुटकर भावए भवन निर्माण सम्बन्धित वस्तुओं के त्रैमासिक फुटकर भाव ग्रामीण मजदूरी दरेए नगरीय फुटकर भावए नगर अमानीय फुटकर आधार पर वर्ष 2021.22 जनपदवारध्मण्डलवार वार्षिक रैकिंग प्रेषित की गयी है जिसमें कानपुर देहात का प्रदेश में प्रथम स्थान रहा है।

### छत से गिरकर बुजुर्ग महिला की मौत

**पुखरायां, कानपुर देहात।** भोगनीपुर कोतवाली क्षेत्र के सिथरा बुजुर्ग गांव की एक बुजुर्ग महिला छत से गिरकर घायल हो गई एपरिजनों के द्वारा सीएचसी लाया गया जहां पर डॉक्टर ने जांच के बाद मृतक घोषित कर दिया गया परिजनों ने पुलिस को बिना सूचना के दाह संस्कार कर दिया गया । भोगनीपुर कोतवाली क्षेत्र के सिथरा बुजुर्ग गांव के राजेश कुमार ने बताया कि एउनकी माँ विमला देवी ;65द्ध पत्नी जय नरायण अपने घर के छत पर किसी कार्य के लिए गई थी एजहां पर छत से उतरते समय गिरकर घायल हो गई जैसे ही परिजनों को जानकारी हुई तो सीएचसी लाया गया डियूटी पर तैनात डॉ प्रीती ने जांच के बाद मृतक घोषित कर दिया गया शव को घर ले जाकर पुलिस को बिना सूचना के शव का दाह संस्कार किया गया ।

### सीता नवमी का किया गया आयोजन



**पुखरायां, कानपुर देहात।** पुखरायां स्थित गुलजार ईश्वर धाम में विश्व हिंदू परिषद द्वारा सीता नवमी कार्यक्रम आयोजित किया गया स इस अवसर पर नगर प्रखंड मातृशक्ति संयोजिका कुसुम सिंह ने कहा कि सीता माता देवी का अवतार थी । जो शरीर धारण कर पृथ्वी पर अवतरित हुई थी । और उन्होंने मानवता का पाठ पढ़ाया । उन्होंने कहा कि सीता नवमी के अवसर पर पुखराया की बहनों द्वारा कार्यक्रम आयोजित कर सीता माता के चरित्र की कथाएं भी कहीं गई । इस अवसर पर भजन कीर्तन भी संपन्न हुए । नवमी कार्यक्रम में उमाकांत यादव भारतीय अग्रवाल रानी पांडे गीता दीक्षित मंजू सचान कृष्णा गुप्ता गिरजा गुप्ता शशि द्विवेदी आदि उपस्थित थे ।

### साध्वी ने पीडी व बीडीओ को दिये सख्त निर्देश

**फतेहपुर।** केंद्रीय राज्य मंत्री साध्वी निरंजन ज्योति ने सर्किट हाउस में ग्रामीण विकास से जुड़े परियोजना निदेशक डीआरडीए व जिले के सभी खंड विकास अधिकारियों के साथ बैठक किया। ग्रामीण क्षेत्रों की चतुर्दिक प्रगति तथा मूलभूत आवश्यकताओं से सम्बंधित चल रहे विभिन्न विकास कार्यों पर समीक्षा बैठक की। इस दौरान ग्रामीण क्षेत्रों में प्रस्तावित अमृत सरोवर के निर्माण, हर घर नल-हर घर जल योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना सहित अन्य महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तृत संवाद कर, तय समय सीमा में कार्ययोजना प्रगति सम्बंधित आवश्यक निर्देश दिए। साध्वी ने सभी खंड विकास अधिकारियों को यह हिदायत दिया कि संचालित सभी गौशाला की देखरेख व जानवरों की सुरक्षा सुनिश्चित रखी जाए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि मनरेगा का समुचित उपयोग किया जाए। साथ ही इस बात का विशेष ध्यान रखा जाए कि 60-40 का अनुपात उसी गांव के विकास में खर्च किया जाए। किसी के दबाव में आकर किसी ग्राम सभा आने वाली धनराशि का हिस्सा किसी दूसरी ग्राम सभा को ना दिया जाए। इस बैठक में सांसद के प्रथम पीए राजेंद्र निषाद, प्रवक्ता शिव प्रताप सिंह, कार्यालय प्रभारी योगेंद्र सिंह आदि उपस्थित रहे।

### छत से गिरकर बालक की मौत

**फतेहपुर।** खागा कोतवाली क्षेत्र के ग्राम ईंट गांव में छत से गिरकर 05 वर्षीय बालक गम्भीर रूप से घायल हो गया। जिसे उपचार के लिए अस्पताल लाया गया जहां चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। जानकारी के अनुसार ईंट गांव निवासी दिलशाद का पुत्र उमर सुबह छत पर खेल रहा था। तभी अचानक पैर फिसल जाने से वह नीचे गिर पड़ा। जिससे वह बुरी तरह घायल हो गया। परिजन उसे लेकर नजदीक के अस्पताल पहुंचे। जहां चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। हादसे के बाद जहां पूरे परिवार में कोहराम मच गया। वहीं मृतक के परिजनों ने इसकी सूचना पुलिस को दे दी है।

### खाना खत्म होने की बात पर वधू पक्ष भड़का, बारातियों को दौड़ा-दौड़ा कर पीटा

**फतेहपुर।** शाम गाजीपुर सिमौर से हुसैनगंज थाना के अचाकापुर गई बारात में खाना खत्म होने की बात पर विवाद हो गया। जिस पर वधू पक्ष के परिजन व अन्य लोगों ने बरातियों को दौड़ा-दौड़ा कर लाठी-डण्डों व धारदार हथियार से पीट दिया। जिसमें दूल्हा के पिता समेत 05 लोग घायल हो गये। जिन्हें उपचार के लिए जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया गया। जानकारी के अनुसार थाने के सिमौर निवासी रामराज लोधी के बेटे अचल सिंह उर्फहुकुम सिंह की बारात लेकर हुसैनगंज के अहमदपुर उर्फअचाकापुर गांव आई थी। गांव के दयाराम लोधी की पुत्री लता से अचल की शादी होनी थी। अगवानी के बाद करीब रात 11 बजे बाराती खाना खाने पहुंचे। बारात में खाना खत्म होने की घरातियों ने बात कही। इसी बात पर विवाद होने लगा। दूल्हे के पिता रामराज ने बताया कि वह खाना खत्म होने से बारात की बेइज्जती का वास्ता देकर दयाराम से शिकायत की।

## डीएम ने उद्यमियों के साथ बैठक में की गोवंशों के लिए भूसा दान की अपील



उद्यमियों के साथ भूसा दान के लिये जिलाधिकारी ने की बैठक

**कानपुर देहात।** जिलाधिकारी नेहा जैन की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में उद्यमियों के साथ गौशालाओं में भूसा दान के सम्बन्ध में बैठक आयोजित हुई बैठक में जिलाधिकारी ने सभी उद्यमियों से कहा कि जनपद के गौशालाओं में गौवंशों को संरक्षित करने हेतु आप के सहयोग की आवश्यकता है, जन सहयोग के माध्यम से ही मुंख्यमंत्री के इस पुनीत कार्य को सफल बनाया जा सकता है। उन्होंने कहा कि गौवंश का संरक्षण किसी एक दायित्व नही है बल्कि हर किसी का कर्तव्य है, इसमें चाहे व्यापारी वर्ग हैए चाहे आम नागरिक हो हर किसी को अपना योगदान देना चाहिए। इस पुनीत कार्य को अपना सामाजिक उत्तरदायित्व समझते हुए आप सब इसमें योगदान करे जिससे गौवंशों को चारे की उपलब्धता हो सके और स्वस्थ्य गौवंश की अवधारणा चरितार्थ हो सके। इस मौके पर पशु चिकित्साधिकारी डा देवकी नन्दनलावनियांए जीएम डीआईसी चन्द्रभान सिंह आदि अधिकारीगण एवं उद्यमी उपस्थित रहे।

## पीएम मोदी व सीएम योगी के कुशल नेतृत्व के कारण यूपी में पुन: बनी बीजेपी की सरकार: जितिन प्रसाद

संवाददाता। फर्रुखाबाद

**कानपुर मंडल** प्रभारी मंत्री व प्रदेश सरकार के लोक निर्माण विभाग मंत्री जितिन प्रसाद जनपद दौरे पर रहे। लोक निर्माण मंत्री जितिन प्रसाद शाहजहांपुर से जनपद फर्रुखाबाद पहुंचने पर जमापुर मोड़ स्थित भाजपा जिला अध्यक्ष रूपेश गुप्ता के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने प्रथम जनपद आगमन पर स्वागत किया। जमापुर मोड़ से होते हुए प्रभारी मंत्री का काफिला पांचाल घाट स्थित भाजपा के कद्दावर नेता स्वर्गीय ब्रह्मदत्त द्विवेदी की प्रतिमा पर पहुंचाए जहां पर सदर विधायक मेजर सुनील दत्त द्विवेदी ने प्रभारी मंत्री का स्वागत किया और प्रभारी मंत्री ने ब्रह्मदत्त द्विवेदी की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की। प्रभारी मंत्री का काफिला फतेहगढ़ स्थित कलेक्ट्रेट ऑफिस पहुंचा। योजना सभागार परिसर में उन्होंने कार्यकर्ताओं का परिचय किया।

भाजपा जिला अध्यक्ष रूपेश गुप्ता ने कार्यकर्ताओं का परिचय कराया। तत्पश्चात प्रभारी मंत्री जितिन प्रसाद ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के कुशल नेतृत्व के कारण उत्तर प्रदेश में पुन: बीजेपी की सरकार बनना संभव हुआ है। जिसमें कार्यकर्ताओं के अथक मेहनत व परिश्रम को दरकिनार नहीं किया जा सकता है। कार्यकर्ताओं ने संयमित और अनुशासित होकर पिछले 5 वर्ष की सरकार में जनकल्याण कार्य की योजनाओं को जनता तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण योगदान निभाया। जिसके कारण भाजपा ने जनता का दिल जीतने में कामयाबी हासिल की। पिछली सरकारों के कार्यकर्ता सत्ता आने पर निरंकुश होकर कार्य करते थे। जिसके कारण जनता की जन भावनाओं के विरुद्ध कार्य हुआ जिसके कारण उत्तर प्रदेश के जनमानस ने सपा बसपा और कांग्रेस को नकार दिया। भाजपा कार्यकर्ताओं को जन विरुद्ध कोई भी कार्य नहीं करना चाहिए। सभी कार्यकर्ताओं को जनता सरकार व सत्रा के सेतु के रूप में कार्य करना चाहिए। आम जनता से सुझाव लेकर उनके कार्यों को पूर्ण कराने की जिम्मेदारी सभी पदाधिकारियों कार्यकर्ताओं और जनप्रतिनिधियों की बनती है। जिन जिन विभागों के अधिकारियों ने जन विरुद्ध कार्य व भ्रष्टाचार को बढ़ावा दियाए ऐसे विभागीय अधिकारियों के खिलाफ सख्त एक्शन लिया जाएगा। ऐसे अधिकारी अपनी कार्यप्रणाली को तुरंत बदलने का कार्य करें।

भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष डॉक्टर भूदेव सिंह राजपूतए सैनिक प्रकोष्ठ के क्षेत्रीय सह संयोजक ठाकुर वीरेंद्र सिंह राठौरए फर्रुखाबाद पश्चिम व पूर्वी मंडल अध्यक्ष विकास पांडे व राज कुमार वर्माए प्रदेश कार्यसमिति सदस्य डॉ रजनी सरीन, बढ़पुर पश्चिम मंडल अध्यक्ष शेर सिंह शाक्य, जिला महामंत्री डीएस राठौरए महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष बबीता पाठक आदि पदाधिकारियों ने प्रभारी मंत्री को जनपद की विभिन्न समस्याओं से अवगत कराया। इस बैठक के अवसर पर सांसद मुकेश राजपूत, सदर विधायक मेजर सुनील दत्त द्विवेदी, भोजपुर विधायक नागेंद्र सिंह राठौर, अमृतपुर विधायक सुशील शाक्य, कायमगंज विधायक डॉ सुरभि, दुग्ध संघ अध्यक्ष सत्यपाल सिंह, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य दिनेश कटियार, जिला महामंत्री फतेह चंद वर्मा, जिला महामंत्री हिमांशु गुप्ता, जिला महामंत्री सुनील रावत, शमशाबाद चेयरमैन प्रतिनिधि विजय गुप्ता, कायमगंज चेयरमैन सुनील कुमार चक, जिला उपाध्यक्ष ममता सक्सेना, जय गंगवार, जिला मंत्री अमरदीप दीक्षित, युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष मयंक सिंह बुंदेला, युवा मोर्चा जिला मंत्री विक्रांत तिवारी, युवा मोर्चा जिला उपाध्यक्ष अंकित तिवारी, जिला मीडिया प्रभारी शिवांग रस्तोगी, सह मीडिया प्रभारी पियूष त्रिपाठी, विश्वास गुप्ता आदि लोग मौजूद रहे।

## डीबीए का चुनाव चढ़ा परवान, मतदाताओं से घर-घर जाकर मांगा मत

संवाददाता। फतेहपुर





**डिस्ट्रिक्ट बार** एसोसिएशन का चुनाव दिन प्रतिदिन परवान चढता जा रहा है। ज्ञातव्य है कि मतदान आगामी 17 मई को संपन्न होगा। अपने पसंदीदा प्रत्याशियों को विजयश्री दिलाने के लिए अधिवक्ता प्रत्याशियों के साथ घर–घर में दस्तक दे रहे हैं। मालूम हो कि इस बार सर्व समाज व आदर्श अधिवक्ता संगठन के अलावा तीसरा गुट जागरूक अधिवक्ता संगठन भी अपने प्रत्याशियों को चुनाव लड़ा रहा है। जागरूक अधिवक्ता संगठन ने सुनील कुमार बाजपेई को अध्यक्ष, सुरेश कुमार यादव को वरिष्ठ उपाध्यक्ष, राज किशोर मिश्रा व रामअवतार को उपाध्यक्ष, ममता सिंह यादव को कनिष्ठ उपाध्यक्ष, दिनेश कुमार सिंह को महामंत्री, राम कुमार मिश्रा को संयुक्त सचिव प्रशासन, शत्रुघ्न सिंह को संयुक्त सचिव प्रकाशन, मनोज कुमार लोधी को संयुक्त सचिव पुस्तकालय पद का प्रत्याशी घोषित किया है। वहीं वरिष्ठ सदस्य पद पर महेश कुमार द्विवेदी, राम भजन, मिथिलेश गुप्ता को मैदान में उतारा है। जबकि कनिष्ठ सदस्य पद पर आलोक कुमार, मजहर हुसैन, बृजेश कुमार, छाया देवी सिंह को चुनावी समर में उतारा गया है। इसके अलावा सर्व समाज अधिवक्ता संगठन द्वारा प्रमोद कुमार रायजादा को अध्यक्ष, बृजेश चंद्र बाजपेई को सचिव, अमरनाथ कैथल को वरिष्ठ उपाध्यक्ष, निर्भय कुमार गुप्ता को उपाध्यक्ष, संदीप कुमार मिश्रा को उपाध्यक्ष, कनिष्ठ उपाध्यक्ष पद पर नीरव रमन सिंह यादव, विनोद कुमार पासवान, कोषाध्यक्ष पद पर नफीस अहमद खां, संजीव तो सचिव प्रशासन पद पर भूपेंद्र सिंह, संयुक्त सचिव प्रकाशन पद पर राम सनेही, संयुक्त सचिव पुस्तकालय पद पर इंद्रमोहन, वरिष्ठ सदस्य रवि शंकर पांडेय, हीराराम श्रीवास्तव, संगम लाल वर्मा, पंकज दीक्षित, राम प्रताप सिंह, वीरेंद्र सिंह, कनिष्ठ सदस्य पद पर अमित गुप्ता, पूजा देवी, सुधीर पटेल, शशी कांत श्रीवास्तव, संजय कुमार, जगदीश को मैदान में उतारा है। इसके अलावा आदर्श अधिवक्ता संगठन भी चुनावी समर में हो चुका है और अधिवक्ताओं के घर–घर जाकर अपने प्रत्याशियों के पक्ष में मतदान करने की अपील कर रहा है हालांकि इसकी कौन सफल होगा। यह तो आने परिणाम से ही पता चलेगा किन्तु जिस तरह से तीनों संगठन दिन रात मेहनत कर रहे हैं उससे चुनाव कांटे का नजर आ रहा है।

## भाड़े व कमीशन की मांग को लेकर कोटेदारों ने दिया ज्ञापन



नायब तहसीलदार को ज्ञापन देते कोटेदार

**घाटमपुर।** बीते कई माह से राशन दुकानदारों को मिलने वाला कमीशन व भाड़ा ने मिलने से आज यहाँ के कोटेदारों ने जिला पूर्ति अधिकारी को संवोधित एक ज्ञापन उप जिला अधिकारी की अनुपस्थित मे नायब तहसीलदार अतुल हर्ष को दिया और माँगें पूरी करने की माँग की। उचित दर बिक्रेता सेवा समिति कक बैनर तले तहसील के कोटेदार स्थानीय आपूर्ति कार्यालय में इक्कठा हुए और वहां से एसडीएम आयूष चौधरी के कार्यालय पंहुचे, बाद में उनके न मिलने पर कोटेदारो ने नायब तहसील दार अतुल हर्ष को ज्ञापन दिया, इस मौके पर आपूर्ति निरीक्षक अनुज कुमार के अलावा उचित दर बिक्रेता सेवा समिति के अध्यक्ष सुभाष चंद्र द्विवेदी भी मौजूद रहें। कोटेदारों ने बताया कि बीते वर्ष दिसम्बर से लेकर अभी तक का मिलने वाला कमीशन व खाद्यान ढुलाई का भाड़ा अभी तक नही मिला है। जबकि दुकानदार को हर माह वाहन भाड़ा व लेवर खर्च देना पड़ता है। यही नही मशीन से बितरण होने के बाद भी कोटेदारों को गोदाम से हर बोरे में कम खाद्न मिलता है। शिकायतों के बाद कोटेदारो तौल कर गेंहू–चावल नही दिया जाता है। ज्ञापन देने वालों में बिजय नरायन सचान, बलवंन्त सिंह, ज्ञानसिंह, शशि प्रकाश, शुशील कुमार और विद्यावती तथा शान्ती देवी भी मौजूद रहीं।

## जागरूकता अभियान को डीएम ने दिखायी हरी झंडी

**फतेहपुर।** जिलाधिकारी श्रीमती अपूर्वा दुबे ने विकास खंड तेलियानी के ग्रामपंचायत कोरांई के प्राथमिक विद्यालय–2 में स्थित आंगनवाड़ी केन्द्र से पानी नही केवल स्तनपान जागरूकता अभियान को हरी झंडी दिखाकर शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि पोषण एवं स्वास्थ्य सेवाओं के अंतर्गत सरकार द्वारा पोषण एवं स्वास्थ्य संबंधी संकेतकों में से एक आवश्यक संकेतक है कि जीरो से छ: माह तक के शिशुओं को केवल स्तनपान ही करना चाहिए। माँ का दूध शिशु के लिए अमृत समान होता है, जन्म के 01 घंटे के अन्दर स्तनपान कराये। माँ के दूध में अन्य पौष्टिक तत्वों के साथ–साथ पानी भी पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध होता है। जिससे कि शिशुओं को कई प्रकार के संक्रमण से लड़ने की क्षमता होती है। जो शिशु के लिए लाभदायक होता है। उन्होंने कहा कि बाल विकास एवं पुष्टाहार विभाग द्वारा जीरो से छ: माह तक के शिशुओं को गर्मी में केवल स्तनपान संबंधी व्यवहार के लिए 30 जून तक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग, बेसिक एवं माध्यमिक शिक्षा विभाग, ग्राम विकास विभाग, पंचायती राज विभाग, खाद्य एवं रसद विभाग व गैर सरकारी संस्थाए आदि के सहयोग से पानी नही केवल स्तनपान के अभियान को सफल बनायें। इस अवसर पर आंगनवाड़ी केन्द्र में गर्भवती, धात्री महिलाओं को स्तनपान तथा स्वास्थ्य संबंधी जानकारी हेतु जागरूक करते हुए बच्चों का अन्नप्रासन तथा गर्भवती/धात्री महिलाओं को अच्छे स्वास्थ्य के लिए पोषाहार जिलाधिकारी द्वारा वितरित किया गया। इस मौके पर जिला कार्यक्रम अधिकारी राजीव सिंह, खंड विकास अधिकारी तेलियानी, प्रभारी चिकित्साधिकारी, बाल विकास परियोजना अधिकारी सहित आंगनवाड़ी कार्यकत्री आदि उपस्थित रहीं।

## गोवंशों के संरक्षण में शिथिलता, लापरवाही न बरतें: धर्मपाल

- **जनप्रतिनिधि भी सप्ताह में एक बार गौशालाओं का करें औचक निरीक्षण**

संवाददाता। फतेहपुर



**पशुधन एवं** दुग्ध विकास, राजनैतिक पेंशन, अल्पसंख्यक कल्याण, मुस्लिम वक्फ एवं हज तथा नागरिक सुरक्षा विभाग राज्यमंत्री धर्मपाल सिंह की अध्यक्षता में विकास भवन सभागार में भूसा, गौआश्रय स्थल, संचारी रोगों के निराकरण संबंधी समीक्षा बैठक सम्पन्न हुई। उन्होंने कहा कि गौवंशो के लिए गौशालाओ में पर्याप्त मात्रा में भूसा, हरा चारा, पशु आहार, पानी, प्रकाश आदि की व्यवस्था सुद्रढ़ रखी जाए, गोवंशो के संरक्षण में शिथिलता, लापरवाही न बरती जाए। कहा कि ग्राम/शहर में ऐसे पशुपालकों को चिन्हित करें जो दूध न देने पर गायों को छुट्टा छोड़ देते है उनपर सुसंगत धाराओं/पशु क्रूरता अधिनियम के तहत कार्यवाही की जाए। इसके लिए ग्राम पंचायतों में चौकीदार, ग्राम विकास अधिकारी, पंचायत सहायक के माध्यम से ऐसे पशुपालकों को चिन्हित करते हुए कार्यवाही सुनिश्चित करायी जाए। गौवंशो के लिए गौचर भूमि में हरे चारे की बुवाई की जाए, गायों को लू से बचने के लिए टाट पट्टी आदि की व्यवस्था की जाए। गौशालाओं को अपने आप मे सबल हो सके और आर्थिक रूप से मजबूत हो सके इसके लिए गौशालाओ में दुग्ध उत्पादन बढ़ाने का प्रयास किया जाए जो एक अच्छी आमदनी का जरिया है, गौवंश के गोबर को एकत्रित करें जिससे वर्मी कम्पोस्ट, गोबर के लठ्ठे आदि बनाकर समूह की महिलाओं के माध्यम से आमदनी की जा सके। गौवंशो के खाने के लिए नगर पालिका में प्रात: एक वाहन निकाला जाए। जिससे लोग अपने घरों से गौवंशो के लिए भोजन, हरा चारा दे सके। उन्होंने कहा कि जनप्रतिनिधि भी सप्ताह में एक बार गौशालाओ का औचक निरीक्षण करे और कमियां हो उनमें सुधार लाने का प्रयास करें। उन्होंने कहा कि संचारी रोगों की रोकथाम हेतु गौशालाओ में गौवंशो का टीकाकरण, साफ-सफाई आदि की व्यवस्था की जाए, संचारी रोग की रोकथाम मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की शीर्ष प्राथमिकताओं में से एक है।

उन्होंने जनपद में संचालित गौशालाओ ग्रामीण क्षेत्र में 38 अस्थायी तथा 03 बृहद गौ–संरक्षण स्थापित है एवं शहरी क्षेत्र में 01 कान्हा गौशाला तथा 03 कांजी हाउस संचालित हैं। इस प्रकार जनपद में कुल 45 गौ–आश्रय स्थल संचालित हैं। विभिन्न विकास खण्डों में 07 बृहद गौ संरक्षण केन्द्र निर्माणाधीन हैं। बड़नपुर, कोण्डार, तारापुर, सांखा, बैंजानी, भैंसौली, महरहा वर्तमान में जनपद के गौशालाओ में 13640 निराश्रित गोवंश संरक्षित है। माह अप्रैल तथा मई में अब तक 19369 कुन्तल भूसा क्रय किया गया है तथा 802 कुन्तल दान के रूप में प्राप्त कर कुल 20171 कुन्तल भूसा गौ आश्रय स्थलों तथा प्रधानों द्वारा निजी संग्रह केन्द्रों में भण्डारण किया गया है। उक्त के अतिरिक्त लगातार भूसा भण्डारण की प्रक्रिया चल रही है। गोवंश हेतु हरा चारे की उपलब्धता सुनिश्चित करने हेतु कुल 168 बीघे चरी 37 बीघे बहुवर्षीय नैपियर घास लगायी गयी है तथा और नैपियर घास लगाने का कार्य चल रहा है। गौशालाओ को स्वायित्त बनाने के उद्देश्य से 04 गौशालाओं सलेमाबाद, रारा, रावतपुर, शिवराजपुर में स्वयं सहायता समूहों द्वारा गोबर के लट्ठे बनाये जा रहे हैं, जिसकी बिक्री अन्त्येष्ठी स्थलों में शवदाह हेतु तथा नगर पालिकायों को ठण्ड में अलाव की व्यवस्था हेतु की जा रही है, जिससे समूहों को साठ हजार रूपये की मासिक आय हो रही है आदि की बिंदुवार समीक्षा किया। बैठक में मंत्री के आह्वान पर भाजपा जिलाध्यक्ष द्वारा 50 कुन्तल, विधायक जहानाबाद द्वारा 50 कुन्तल, विधायक खागा द्वारा 50 कुन्तल, ब्लॉक प्रमुख हसवा 20 कुन्तल, खजुहा 20 कुन्तल, मलवां 20 कुन्तल, पूर्व जिलाध्यक्ष रघुवीर सिंह लोधी 30 कुन्तल भूसा गौशालाओ को दान देने को कहा। कहा कि देश गायों को विलुप्त न होने दिया जाए। इसका भरसक प्रयास किया जाए, क्योकि देशी गाय का दूध बहुत ही पवित्र माना जाता है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री सहभागिता योजनांतर्गत इच्छुक पशुपालकों को गाय दी जाए। उन्होंने कहा कि सरकार की नीतियों को समाज के अंतिम पायदान में खड़े व्यक्ति तक पहुचाया जाए। बेरोजगारो को समूह के माध्यम से उद्योगों से जोड़कर आत्मनिर्भर बनाया जाए। मुख्य विकास अधिकारी सत्य प्रकाश ने मंत्री एवं जनप्रतिनिधियों द्वारा दिये गए सुझावों/निर्देशो का अधिकारियों द्वारा अक्षरश: पालन कराया जाएगा। उन्होंने मंत्री, विधायकों, ब्लॉक प्रमुखों का बैठक में उपस्थित होने के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया। इस अवसर पर विधायक खागा श्रीमती कृष्णा पासवान, विधायक जहानाबाद राजेन्द्र सिंह पटेल, भाजपा जिलाध्यक्ष आशीष मिश्रा, ब्लॉक प्रमुख हसवा, खजुहा, मलवां, पूर्व जिलाध्यक्ष रघुवीर सिंह लोधी, मुख्य पशु चिकित्साधिकारी आरडी अहिरवार, परियोजना निदेशक डीआरडीए एमपी चौबे, जिला पंचायत राज अधिकारी, क्षेत्राधिकारी नगर, डिप्टी सीवीओ, प्रभारी पशु चिकित्सा अधिकारी आदि उपस्थित रहे।

# जिलाधिकारी की अध्यक्षता में जिला गंगा समिति की बैठक आयोजित

संवाददाता। अमेठी



बैठक की अध्यक्षता करते जिलाधिकारी

**जिलाधिकारी** राकेश कुमार मिश्र की अध्यक्षता में आज कलेक्ट्रेट सभागार में जिला गंगा समिति की बैठक आयोजित हुई। जिला गंगा समिति की बैठक में सदस्य सचिव प्रभागीय वनाधिकारी ने जिला गंगा समिति द्वारा गंगा नदी और इसकी प्रमुख सहायक नदियों के पुनरुद्धार, संरक्षण, मरम्मत और पुनर्वासन के लिए किए जाने वाले कार्यों के बारे में विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने कहा कि विभिन्न विभागों के द्वारा अमेठी जनपद में नदियों के पुनरुद्धार एवं प्रदूषण नियन्त्रण के लिए अपनी कार्ययोजनाएं जिला गंगा समिति के समक्ष प्रस्तुत की जानी हैं, जिससे समिति द्वारा कार्ययोजनाओं को समेकित कर नदियों के संरक्षण हेतु समन्वित कार्ययोजना बनाकर उच्च स्तर पर प्रेषित की जा सके। इस सम्बन्ध में जिलाधिकारी ने विभिन्न विभागों को निर्देशित किया कि नदियों के किनारे एवं घाटों पर नियमित सफाई हो तथा नदियों में कचरा आदि न डाला जाये, गोमती नदी में पशुओं के मृत शरीर प्रभावित ना हो इसके नियंत्रण के उपाय किए जाएंए नदी के संतुलन को बनाए रखने के लिए मछुआरों को मछली पकड़ने हेतु निर्धारित मानक के जाल के अतिरिक्त अन्य महीन जालों को लगाने से उन्हें रोका जाए ताकि अन्य जलीय जीवो एवं पादपों का संरक्षण सुनिश्चित हो सके, सभी सम्बन्धित विभाग अपनी कार्ययोजना अगली बैठक में प्रस्तुत करें। इसके अतिरिक्त उन्होंने कहा कि गोमती नदी के किनारे आने वाले 23 गांवों में ग्राम गंगा समिति का गठन किया जाना है जिसको लेकर जिला पंचायत राज अधिकारी को शीघ्र समितियों का गठन करने के निर्देश दिए। बैठक के दौरान प्रभागीय वनाधिकारी एमएन सिंह, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा सीमा मेहरा, परियोजना निदेशक डीआरडी, आशुतोष दूबे, अधिशासी अभियंता सिंचाई खंड 41 सहित अन्य संबंधित मौजूद रहे।

## रास के निर्वाचित 11 सदस्यों का द्विवार्षिक निर्वाचन कार्यक्रम जारी

संवाददाता। अमेठी

**अपर जिलाधिकारी/उप** जिला निर्वाचन अधिकारी राजकुमार द्विवेदी ने बताया कि उप्र विधान सभा के निर्वाचित सदस्यों द्वारा राज्य सभा के निर्वाचित 11 (ग्यारह) सदस्यों, जिनका कार्यकाल 04 जुलाई 2022 को समाप्त हो रहा है, के द्विवार्षिक निर्वाचन हेतु भारत निर्वाचन आयोग द्वारा कार्यक्रम नियत किया गया है। इस सम्बन्ध में उन्होंने बताया कि 24 मई 2022 (मंगलवार) को नाम निर्देशन की अधिसूचना, 31 मई 2022 (मंगलवार) को नाम निर्देशन हेतु अंतिम तिथि, 01 जून 2022 (बुधवार) को नाम निर्देशनों की जांच, 03 जून 2022 (शुक्रवार) को नाम वापसी, 10 जून 2022 (शुक्रवार) को मतदान समय 9 बजे पूर्वान्ह से 4 बजे अपरान्ह तकए 10 जून 2022 (शुक्रवार) को सायं 5 बजे मतगणना तथा 13 जून 2022 (सोमवार) के पूर्व निर्वाचन सम्पन्न करा लिया जायेगा।

## प्रवीण सिंह अध्यक्ष, दिलीप बने भादर शाखा के मंत्री



नव निर्वाचित शिक्षक संघ के पदाधिकारी गण

संवाददाता। अमेठी

**उत्तर प्रदेशीय** प्राथमिक शिक्षक संघ के जिला इकाई के नेतृत्व में शुक्रवार को विकास क्षेत्र भादर शाखा इकाई का निर्वाचन ब्लॉक संसाधन केंद्र भादर पर श्रीराम सोनी जिला मंत्री, प्रवीण कुमार जिला कोषाध्यक्ष एवं राम कुमार सिंह, अध्यक्ष. भेटुआ चुनाव अधिकारी की देखरेख में 180 सदस्यों के सापेक्ष 178 शिक्षकों की उपस्थिति में चन्द्रहास सिंह संरक्षक . उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ,भादर.अमेठी, की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। कार्यक्रम का संचालन उमेश कुमार त्रिपाठी , जिला संगठन मंत्री ने किया। निर्वाचन प्रक्रिया संगठन के संविधान के अनुसार लोकतांत्रिक तरीके से निष्पक्ष संपन्न कराई गई। अध्यक्ष पद पर प्रवीण कुमार सिंह एवं मंत्री पद पर दिलीप कुमार यादव को सर्वसम्मति से निर्विरोध निर्वाचित किया। जिला मंत्री एवं पर्यवेक्षक श्रीराम सोनी. ने दोनों पदों, अध्यक्ष एवं मंत्री पद पर निर्विरोध निर्वाचन की घोषणा की। जिलाध्यक्ष धीरेन्द्र प्रताप सिंह ने अध्यक्ष एवं मंत्री को पद पर निर्वाचित होने का प्रमाण पत्र प्रदान किया। उमेश कुमार त्रिपाठी, जिला संगठन मंत्री पद पर मनोनीत किया। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष धीरेन्द्र प्रताप सिंह ने नव निर्वाचित पदाधिकारियों को बधाई दी और कहा जिन शिक्षकों का वेतन नामांकन के नाम पर अवरुद्ध किया गया हैएउन सबका वेतन तत्काल बहाल कराया जाएगा। आप सब संगठन की रक्षा करेंए संगठन आपकी रक्षा करेगा।इस अवसर पर रमाकांत मौर्य, शिव सिंह,जगत बहादुर सिंह, मंजीत यादव, संजीव भारती, कपिलेश यादव, देवांशु सिंह, डॉक्टर बृज भूषण सिंह, शरद कुमार सिंह स्वामीनाथ गुप्ता हरिप्रसाद कपिल देव मौर्य, सुनील कुमार पवन कुमार तिवारी, इंद्रपाल गौतम, श्वेता सिंह सरिता सरोज ,अनुपम सिंह, सबीना आरिफ़ रागिनी, प्रीति जायसवाल , धनंजय सिंह, दुर्गेश सिंह, गजेंद्र प्रताप राठौर ,मोनू श्रीवास्तव, मोहम्मद यामीन, जामवंत मौर्य, राघवेंद्र राठौर ,ज्ञानचंद पांडे ,सुभाष सिंह सुमन सिंह, कृष्णावती मिश्रा, अजय सिंह, प्रमोद कुमार सिंह, सहित सैकड़ों शिक्षक शिक्षिकाएं उपस्थित रहे।

## क्विक न्यूज

### दिव्यांगजनों को योजनाओं का दिलाएं लाभः माला श्रीवास्तव



**रायबरेली।** जिलाधिकारी माला श्रीवास्तव की अध्यक्षता में बचत भवन के सभागार में दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग की जनपद स्तरीय जिला दिव्यांगता समिति एवं डिस्ट्रिक्ट डिसेबल टीम की बैठक करते हुए निर्देश दिये गये कि शासन द्वारा दिव्यांगजनो के लिए चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं एवं पुनर्वासन का लाभ दिलाया जाए तथा सम्पूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर दिव्यांगजनो के दिव्यांगता प्रमाण पत्र कैम्प लगाकर बनाये जाये तथा दिव्यांगों को योजनाओं के लाभ के लिए बार-बार कार्यालय ना बुलाया जाए बल्कि कैम्प में ही दिव्यांजनों को अधिक से अधिक योजनाओं का लाभ दिलाया जाए। इस मौके पर मुख्य विकास अधिकारी प्रभाष कुमार, जिला दिव्यांगजन अधिकारी मनीष कुमार मिश्रा सहित दिव्यांग सदस्य व अन्य अधिकारी/कर्मचारी उपस्थित रहे।

### जनता तक पहुंच रही है सरकार की लाभप्रद योजानायें: अदिति सिंह



**रायबरेली।** सदर विधायक अदिति सिंह ने फ़िरोज गाँधी इंस्टिट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एण्ड टेक्नोलॉजी छात्र-छात्राओं मे किया टेबलेट, स्मार्टफोन वितरण। शुक्रवार को फ़िरोज गाँधी इंस्टिट्यूट ऑफइंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी के अध्ययनरत छात्र-छात्राओं को तकनीकी उन्नयन हेतु उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा निःशुल्क टेबलेट, स्मार्टफोन वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर परं मुख्य अतिथि के रूप सदर विधायक अतिदि सिंह ने सम्मिलित होकर स्मार्टफोन का वितरण किया। सदर विधायक ने कहा कि प्रदेश सरकार के विभिन्न लाभप्रद योजानाओं का लाभ जनता तक पहुँच रहा है। कार्यक्रम पश्चात सदर विधायक अदिति सिंह ने शहर क्षेत्र के सुपरमार्केट से बस स्टॉप तक का भ्रमण कर जनसमस्याओं को जाना व उचित निराकरण हेतु सम्बंधित अधिकारियों को निर्देशित किया।

### गंगा मे नहाते समय बच्चा नदी में डूबा, मौत

**ऊंचाहार, रायबरेली।** कोतवाली क्षेत्र के पूरे तीर खरौली गंगा नदी के घाट पर स्नान करते समय दस वर्षीय मासूम की गंगा नदी में डूबने से मौत हो गई। गोताखोरों की मदद से शव को नदी से बाहर निकाला गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने पंचनामे के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। गाजियाबाद शहर निवासी राजू परिवार समेत दो दिन पूर्व चचेरे ससुर के लड़की की शादी में शामिल होने क्षेत्र के पूरे प्रसाद मजरे खरौली गांव आए हुए थे। वैवाहिक कार्यक्रम समाप्त होने के बाद शुक्रवार की सुबह पूरे तीर गंगा नदी के घाट पर परिवार समेत स्नान करने गए थे। तभी उनके दस वर्षीय बेटे जैविक का पैर फिसल गया और वह गहरे जल मे चला गया,जिसमें डूबने से उसकी मौत हो गई। गोताखोरों ने गंगा नदी में छलांग लगाकर बच्चे के शव को नदी से बाहर निकाला। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। कोतवाल शिवशंकर सिंह ने बताया कि गंगा में स्नान करते समय बच्चे की मौत हुई है। शव को पोस्टमार्टम हेतु भेजा गया है।

### सुंदरकांड समिति ने निकाली शोभा यात्रा



बछरावां रायबरेली। बछरावां नगर में सुंदरकांड समिति द्वारा बीसवें वार्षिक उत्सव के अवसर पर मंदिर प्रांगण में हनुमान जी की मूर्ति स्थापना व प्राण प्रतिष्ठा दुर्गा जी की मूर्ति की स्थापना के अवसर पर शोभा यात्रा का आयोजन किया गया। यह शोभायात्रा बुलाकेश्वर मंदिर से शिवगढ़ रोड, नगर भ्रमण करते हुए समाधानेश्वर मंदिर से चुरूवा मंदिर होकर पुनः बुलाकेश्वर मंदिर पर पहुंची। जहां पर वैदिक मंत्रोचार सहित हनुमान जी की मूर्ति पुनर्स्थापना व प्राण प्रतिष्ठा एवं दुर्गा जी की मूर्ति की स्थापना की गई।

### चोरी की बाइक समेत युवक गिरफ्तार



**लालगंज रायबरेली।** कोतवाली पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार करते हुए उसके कब्जे से चोरी की बाईक बरामद की है। इस सम्बन्ध में जानकारी देते हुए कोतवाली प्रभारी राजेश सिंह ने बताया कि पिछले दिनो क्षेत्र से कई बाईक चोरी की घटनायें प्रकाश में आई थी। जिन पर कार्रवाई करते हुए मुखबिर की सूचना पर बहादुरगंज नहर पुलिस के पास से एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी की पहचान सुजीत कुमार पुत्र वीरेंद्र पासवान निवासी भिटौरा हुसैनगंज जनपद फतेहपुर के रूप में हुई है। आरोपी के पास से पुलिस ने एक अपाचे बाईक भी बरामद की है जो बरस गांव के बाजार से चारी हुई बताई गई है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफसंबधित धाराओं में मामला पंजीकृत करते हुए उसे जेल भेज दिया हैं।

### 150 वैवाहिक जोड़े विवाह बन्धन में बधेंगे

**रायबरेली।** जिलाधिकारी माला श्रीवास्तव की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट बचत भवन सभागार में मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजनान्तर्गत सम्बन्धित अधिकारियों की बैठक कर निर्देशित किया कि वह उक्त योजना का व्यापक प्रचार प्रसार करते हुए अनु0जाति, पिछडावर्ग, अल्पसंख्यक एवं सामान्य वर्ग के गरीबी रेखा के नीचे जीवन यापन करने वाले परिवारों के पुत्र/पुत्रियों को उक्त योजनान्तर्गत लाभान्वित करायें। उन्होंने कहा कि जिला पंचायत, समस्त खण्ड विकास अधिकारी, नगर पालिका व नगर पंचायतों को आवंटित 222 जोड़ो के पंजीकरण के लक्ष्य के बारे में जानकारी ली। उन्होंने निर्देश दिये कि सम्बन्धित अधिकरियों को निर्देश दिये कि लक्ष्य को समय से पूर्ण कर अधिक जोड़ों का पंजीकरण कराये। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि इस सम्बन्ध में प्रचार-प्रसार कर इसके आवेदन पत्र जमा करायें तथा मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के तहत लोगों को लाभांवित करें। जिला समाज कल्याण अधिकारी ने बताया कि आगामी 27 मई व 10 जून को मेगा इवेन्ट के रूप में 150 वैवाहिक जोड़ो के वृहद सामूहिक विवाह कार्यक्रम सम्पन्न किया जायेगा। यह विवाह आईटीआई लि कैम्पस स्थित, वृद्धाश्रम परिसर के मैदान में सम्पन्न कराया जायेगा।

## पिकनिक स्पॉट की तरह विकसित किए जाएंगे अमृत सरोवरः अंकित पासी

संवाददाता। तिलोई, अमेठी


पूजा अर्चना करते हुए प्रमुख

**आजादी के** 75 वर्ष पूरे होने के अवसर पर अमृत महोत्सव के अंतर्गत अमृत सरोवर विकसित किये जायेंगे। उक्त उदगार सिंहपुर के व्लाक प्रमुख अंकित पासी ने सिंहपुर ग्राम सभा के रामपुर पंवारा स्थित दतेहरेश्वर तालाब का वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ भूमि पूजन करने के उपरांत व्यक्त किया। अंकित पासी ने कहा कि यह अम्रत सरोवर अपनी अलग पहचान बनायेंगे पुराने तालाबों का जीर्णोद्धार के साथ नए तालाबों का भी निर्माण कराया जाएगा। इसमें ऐसे तालाबों का चिह्नांकन किया जाएगा जो विकसित नहीं है। साथ ही वह तालाब एक एकड़ से बड़ा हो।जिससे वातावरण में परिवर्तन के साथ लोगों को लाभ हो। इसी क्रम में जल संरक्षण को ध्यान में रखते हुए अमृत सरोवर विकसित किए जाने हैं। जिससे बारिश से पूर्व कार्य पूर्ण किया जा सके, उन्होंने कहा कि तालाबों की खुदाई मनरेगा से ही कराया जाएगा। उन्होंने कहा कि अमृत सरोवर का भव्य सुंदरीकरण कराया जाए, जिसमें पौधारोपण, पाथ-वे, बैठने के लिए/बेंच, सीढ़ियां व झंडारोहण की व्यवस्था भी की जाए। इस मौके पर रामपुर पंवारा के ग्राम प्रधान नंदकिशोर विक्रम खण्ड विकास अधिकारी राकेश शुक्ल, ग्राम विकास अधिकारी प्रदीप पटेल, संजय कुमार, राजेश कुमार, वंदना, जीनत फातिमा, रितिका जायसवाल मौजूद रहे।

### अमृत सरोवर के शुभारंभ पर हुई पूजा अर्चना

**मुसाफिरखाना, अमेठी।** क्षेत्र के पिंडारा करनाई गांव में अमृत सरोवर के शुभारंभ अवसर पर विधि विधान के साथ पूजा अर्चना के साथ संपन्न हुआ ।कार्यक्रम में मुख्य अतिथि बसपा के पूर्व विधान सभा प्रत्याशी व पूर्व जिला पंचायत सदस्य राम लखन शुक्ला शामिल हुए ।

शुक्रवार को ग्राम पंचायत पिंडारा करनाई गांव में अमृत सरोवर के शुभारंभ अवसर पर विधि विधान के साथ पूजा अर्चना करने के बाद आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि पूर्व जिला पंचायत सदस्य राम लखन शुक्ला ने कहा वैश्विक स्तर पर्यावरण संरक्षण के साथ प्राकृतिक संसाधनों को संरक्षित करने की आवश्यकता है ।जिससे जीव जंतुओं के साथ ही सम्पूर्ण मानव जाति की जरूरतों को पूरा किया जा सके ।खंड विकास अधिकारी लालजी शुक्ला ने कहा कि सरकार इस दिशा में अत्यंत गंभीरता के साथ आवश्यक प्रयास कर रही है। जिसे सफल बनाने का दायित्व प्रत्येक नागरिक का है। उन्होंने बुद्धिजीवियों से आगे आने का आवाहन किया । कार्यक्रम में ग्राम प्रधान राम शंकर पंचायत सचिव अनीषा पटेल सहित अन्य लोग मौजूद रहे ।

## प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना से 49 हज़ार से अधिक गर्भवती हुईं लाभान्वित

**अमेठी।** पहली बार मां बनने वाली गर्भवती महिलाओं के लिए प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना वरदान साबित हो रही है। इस योजना का उद्देश्य गर्भवती और गर्भस्थ शिशु को पोषक तत्व पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध कराना है। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ सीमा मेहरा ने बताया कि इस योजना के तहत पहली बार गर्भवती होने पर महिलाओं को योजना के तहत तीन किश्तों में 5000 रुपए दिए जाते हैंए ताकि गर्भवती महिला को गर्भावस्था में आवश्यक पोषण प्राप्त हो सकेए जिससे कि जच्चा.बच्चा दोनों स्वस्थ रहे तथा एक स्वस्थ समाज का निर्माण हो सके। उन्होंने बताया कि इस योजना से सम्बंधित सभी लाभार्थी अपने बैंक में जाकर अपने खाता का नो योर कस्टमर ;केवाईसीद्ध अवश्य करा लें। एक बार लेन.देन अवश्य कर लें। ताकि लाभार्थियों को आसानी से इस योजना का लाभ मिल सके। प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना के नोडल अधिकारी डा राम प्रसाद ने बताया कि लाभार्थी का खाता जिस बैंक में है उसे आधार से लिंक होना जरुरी है जिससे ससमय भुगतान किया सके। उन्होंने कहा की कई बैंक आपस में अब मर्ज हो गये हैं इसलिए अपना आधार ज़रूर अपडेट करवा लें। उनका कहना है कि कभी भी मोबाइल पर आये ओटीपी को किसी से भी साझा ना करें। पीएमएमवीवाई की जिला कार्यक्रम समन्वयक शिखा पाण्डेय ने बताया कि प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना के अंतर्गत योजना की शुरुआत से अब तक जनपद के लक्ष्य 54136 के सापेक्ष 49719 को लाभ दिया जा चुका है जो कि लक्ष्य का 92 प्रतिशत है। योजना के तहत अबतक लाभार्थी के खाते में 17 करोड़ 63 लाख 95 हजार रुपये का भुगतान किया जा चुका है।

**यह दस्तावेज हैं जरूरी:** योजना के लिए पीएचसीध्सीएचसी पर पंजीकरण करा सकते हैं। इसके लिए माता.पिता का आधार कार्डए लाभार्थी मां की बैंक पासबुक की फोटो कापी जरूरी है। लाभार्थी मां का बैंक अकाउंट ज्वाइंट नहीं होना चाहिये। निजी अकाउंट ही मान्य होगा। यदि बच्चे का जन्म हो चुका है तो मां और बच्चे दोनों के टीकाकरण का प्रमाणिक पर्चा होना जरुरी है।

## गोवंशो के भरण पोषण के लिए भूसा दान कर जनहित के कार्य में करें सहयोगः डीएम

संवाददाता। रायबरेली

**जिलाधिकारी माला** श्रीवास्तव ने भूसा दान के सम्बन्ध में बचत भवन सभागार में बैठक करते हुए उपस्थित उद्योग बन्धु व सम्मानित नागरिकों से कहा कि मानव एवं गोवंशों का सदियों पुराना नाता है, गोवंश धरती पर अमरत्व (अमृत) प्रदान करने वाला जीव है। शासन द्वारा समय समय पर प्राथमिकता के आधार पर गोवंशों के भरण पोषण एवं रखरखाव के सम्बन्ध में दिशा निर्देश दिये जाते रहे है। जनपद रायबरेली में गोवंश संरक्षण हेतु 77 अस्थायी/स्थायी गोवंश आश्रय स्थल संचालित है, जिसमें कुल 15667 गोवंश संरक्षित है। जिनका भरण पोषण एवं रखरखाव उ0प्र0 शासन द्वारा प्रदत्त निर्देशों के अनुसार किया जा रहा है।

इस गर्मी में दयालुता का धर्म निभाते हुए जनपद के समस्त समृद्ध किसानों/पशुपालकों/व्यक्तिगत संस्थाओं से अपील है कि ''भूसा चारा दान महादान'' अभियान को अंगीकार करते हुए भूसा, हरा-चारा, दाना आदि गोवंशों के भरण पोषण के लिये दान कर, इस जनहित के कार्य में सहयोग प्रदान करें। आप स्वयं गोवंश को गोद लेकर उ0प्र0 शासन द्वारा संचालित मा0 मुख्यमंत्री गोवंश सहभागिता योजना के अन्तर्गत 30 रू0 प्रति गोवंश प्रतिदिन भरण पोषण की धनराशि प्राप्त कर गोवंशों का संरक्षण कर सकते हैं। दया मानवता का मूल है, आपके नेक और पवित्र सहयोग से गोवंशों की संख्या में वृद्धि और उनकी रक्षा होगी तथा गोवंश स्वस्थ एवं खुशहाल होगें। जन सहभागिता तथा भूसा चारा दान महादान के लिये निकटतम खण्ड विकास अधिकारी/ उपमुख्य/पशु चिकित्साधिकारी से सम्पर्क कर, इस अभियान को सफल बनायें।

## प्रधानों व बीडीसी सदस्यों को अधिकारी उपलब्ध कराएं प्रोटोकालः दिनेश सिंह

**लालगंज रायबरेली।** प्रदेश सरकार के मंत्री दिनेश सिंह ने ग्राम प्रधानो व बीडीसी सदस्यो को पूरा प्रोटोकाल उपलब्ध कराने के निर्देश अधिकारियों को दिये है। श्री सिंह आज विधानसभा क्षेत्र के सरेनी लालगंज व डलमऊ विकास खण्डो के सभागाकर में प्रदेश सरकार की सेवा संकल्प यात्रा के तहत पंचायत प्रतिनिधियों को संबोधित कर रहे थे। उन्होने अधिकारियो को स्पष्ट तौर पर निर्देश दिये कि ब्लाक व तहसीलो में ग्रामीण समस्याओं को लेकर पहुंचने वाले पंचायत प्रतिनिधियो को सम्मान दे और समस्याओं के निराकरण में कतई विलम्ब न करे। उन्होने यहां तक कहा कि यदि कार्यालयों में कुर्सिया नही है तो अधिकारी व कर्मचारी प्रतिनिधियो को कुर्सियां उपलब्ध करायें। क्षेत्र के विकास पर चर्चा करते हुए श्री सिंह ने कहा क्षेत्रीय नहरो में पानी लाना उनकी बडी उपलब्धि रही है। गांवो व किसानो का विकास प्रदेश सरकार की प्राथमिकता है। इसके लिये वे भी समर्पित है। उन्होने खण्ड विकास अधिकारी से लालगंज ब्लाक में प्रधानो व बीडीसी सदस्यो को बैठने के लिये हाल बनाने व वहां उन्हे एक अलमारी उपलब्ध कराने का प्रस्ताव तैयार करने को कहा। इस मौके पर लालगंज विकास समिति के अध्यक्ष एवं सभासद राघवेंद्र सूर्यवंसी ने लालगंज में बच्चो, युवाओं व वृद्वजनो के स्वास्थ्य संवर्धन हेतु उद्यान (पार्क) विकसित कर वहां वेलनेस सेंटर बनाने की मांग की। इसके लिये साढे तीन बीघा जमीन एक ग्रामसभा में उपलब्ध होने की जानकारी भी दिये गये ज्ञापन में की है।

## बछरावां की बिटिया संगीत को दे रही नया आयाम



**बछरावां रायबरेली।** ईश्वर हर किसी को कुछ ना कुछ देकर भेजता है। प्रतिभा मजहब किसी की मोहताज नहीं होती इसी कड़ी में बछरावां कस्बे की दिशा सिंह ने मात्र 18 वर्ष की आयु में गीत गाना शुरू किया जो कि लोगों के जुबान पर है आपको बता दें कि कस्बे के व्यवसाई सुनील कुमार सिंह की पुत्री है दिशा सिंह। दिशा सिंह के अनुसार अपना आदर्श स्वर कोकिला भारत रत्न प्राप्त स्वर्गीय लता मंगेशकर को मानती हैं और उन्हीं की तरह गीत गाती हैं दिशा सिंह में कई एल्बम्स में काम किया और अभी हाल ही में अपना खुद का चैनल दिशा सिंह ऑफिशियल तैयार किया है जिसको लेकर गीतकार बेटी को लोग बधाइयां व आशीर्वाद दे रहे हैं।

## डीएम ने प्रशिक्षार्थियों में वितरित की ड्रेस

संवाददाता। रायबरेली



**जिलाधिकारी माला** श्रीवास्तव ने बस स्टेशन के निकट दीनदयाल अंत्योदय योजना-राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन के अन्तर्गत डूडा द्वारा कौशल विकास प्रशिक्षण संस्थान का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने संस्थान में प्रशिक्षण कक्षाओं की व्यवस्थाओं का जायजा लिया तथा संस्था द्वारा योजनाओं के माध्यम से दिये जाने वाले प्रशिक्षण के बारे में जानकारी ली। संस्था के प्रबंधक ने कौशल प्रशिक्षण एवं सेवायोजन के माध्यम से रोजगार (मैं्ज-च) के बारे में बताया कि इस योजना के अन्तर्गत गरीब एवं अकुशल बेरोजगारों को प्रशिक्षण देकर कुशल बनाया जाता है। योजना के अंतर्गत प्रशिक्षण कार्य कराने हेतु सूडा/शासन द्वारा संस्था का चयन किया जाता है। उक्त योजना हेतु प्रशिक्षणार्थी नगर पालिका परिषद रायबरेली का निवासी होना चाहिए एवं प्रशिक्षणार्थी की वार्षिक आय 1.00 लाख से ज्यादा नहीं होनी चाहिये। वित्तीय वर्ष 2022-23 में सूडा/शासन द्वारा विकान्त एजूकेशनल स्किल्स एण्ड सोशल वेलफेयर सोसायटी ग्वालियर संस्था का चयन किया गया है, जिसे 140 प्रशिक्षार्थियों में से 90 प्रशिक्षार्थी सोलर पैनल इंस्टालेशन टेक्नीशियन एवं 50 प्रशिक्षार्थी फैशन डिजाइनर के प्रशिक्षार्थियों को प्रशिक्षण किया जा रहा है।

जिलाधिकारी माला श्रीवास्तव ने प्रशिक्षार्थियों को सम्बोधित करते हुए कहा कि शासन द्वारा विभिन्न कल्याणकारी योजनाएं चलाई जा रही है। जिसका लाभ लेकर आप सभी आत्मनिर्भर व स्वावलंबी व जागरूक बने तथा योजनाओं द्वारा दिये जा रहे प्रशिक्षण से बेरोजगारों को रोजगार देकर आत्मनिर्भर बनाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि प्रशिक्षण संस्थाओं द्वारा चयनित बेरोजगारों को प्रशिक्षण देकर स्वावलम्बी बनाना अथवा रोजगार उपलब्ध कराना होता है। प्रशिक्षित युवाओं को स्वावलंबी एवं आजीविका स्तर को बेहतर बनाने के लिये विभिन्न योजनाओं के माध्यम से प्रशिक्षण देकर जीवन स्तर हेतु आर्थिक मजबूती प्राप्त होती है।जिलाधिकारी ने इसी द्वारा प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे 140 प्रशिक्षार्थियों को बेग सहित ड्रेस वितरित किया गया। उन्होंने सभी प्रशिक्षार्थियां को नियमित प्रशिक्षण प्राप्त करने के लिए आग्रह किया गया। इस मौके पर परियोजना अधिकारी डूडा, अपर जिला सूचना अधिकारी इंजेश सिंह, शहर मिशन प्रबंधक डूडा, सामुदायिक आयोजक डूडा व संस्था के प्रबंधक व अन्य कर्मचारी सहित प्रशिक्षार्थी उपस्थित रहे।

## नर्सों के सम्मान में एनटीपीसी में हुआ भव्य आयोजन



**ऊँचाहार, रायबरेली।** विश्व नर्स दिवस के उपलक्ष तथा दुनियाभर की नर्सों की रोल मॉडल फ्लोरेंस नाइटिंगेल की जयंती के अवसर पर एनटीपीसी ऊंचाहार के परियोजना चिकित्सालय के द्वारा एक भव्य आयोजन किया गया। परियोजना प्रमुख अभय कुमार समैयार, प्रियदर्शिनी महिला क्लब की अध्यक्षा मनीषा समैयार तथा सभी महाप्रबंधकगणों ने जीवन ज्योति चिकित्सालय में कार्यरत सभी नर्सों को पुरस्कृत कर उनका अभिनंदन किया। इस अवसर पर परियोजना प्रमुख ने उपस्थित जनसमूह व परियोजना चिकित्सालय के डॉक्टरों एवं पैरामेडिकल स्टाफको सेवा शपथ दिलाते हुए कहा कि नर्सों एवं डॉक्टरों की सेवा का कोई विकल्प नहीं है। नर्सें एक मरीज की चिकित्सकीय एवं व्यक्तिगत रूप से जिस प्रकार से समर्पित होकर सेवा-सुश्रुषा करती हैं, उसका मूल्य किसी भी रूप में चुकाया नहीं जा सकता है। एनटीपीसी ऊंचाहार में कोविड के दौरान नर्सों ने जिस उदार सेवा भावना का परिचय दिया है। उसका जितना भी अभिनंदन किया जाए वे कम है। मुख्य चिकित्साधिकारी डॉक्टर संदीप कुमार गुप्ता ने सभी का स्वागत करते हुए चिकित्सालय के द्वारा परियोजना तथा आसपास के जरूरतमंदों को मुहैया कराई जा रही चिकित्सा संबंधी गतिविधियों की जानकारी दी। इस अवसर पर फ्लोरेंस नाइटिंगेल की जीवन गाथा तथा उनकी सेवा भावना का परिचय दिया गया। नर्सों तथा अन्य पैरामेडिकल स्टाफद्वारा गीत एवं संगीतमय नृत्यों का प्रस्तुतीकरण किया गया, जिसे देखकर उपस्थित जनसमूह भाव विभोर हो उठा। कार्यक्रम का संचालन डॉक्टर संगीता शर्मा ने किया। इस अवसर पर महाप्रबंधक (प्रचालन एवं अनुरक्षण) अरिंदम बनर्जी, महाप्रबंधक (अनुरक्षण) एस के झा, महाप्रबंधक (प्रोजेक्ट) स्वप्न कुमार मंडल, महाप्रबंधक (ईंधन प्रबंधन) के डी यादव, महाप्रबंधक (प्रचालन) राजेश कुमार, मानव संसाधन विभागाध्यक्ष वंदना चतुर्वेदी, अन्य विभागाध्यक्ष, यूनियन व एसोसिएशन के अध्यक्ष व महामंत्री, प्रियदर्शिनी महिला क्लब की उपाध्यक्षा विद्या झा सहित परियोजना चिकित्सालय के वरिष्ठ विशेषज्ञ डॉक्टर सुनील सिंह चौहान एवं अन्य चिकित्सकों की उपस्थिति उल्लेखनीय रही।

# भ्रष्टाचार पर वार करने वाले जिला पंचायत के इंजीनियर को जान से मारने की धमकी

- कार्यालय में ही ठेकेदार और उनके आदमी ने एई और एएमए के साथ की गाली गलौज
- एएमए और एई ने एसपी से मांगी सुरक्षा, एफआईआर दर्ज करने की दी तहरीर
- मेरे रहते एक भी जिला पंचायत का कार्य घटिया नहीं हो सकताः देवेंद्र सिंह

संवाददाता। बस्ती

**जिला** पंचायत के इतिहास में पहली बार ऐसा कोई ईमानदार इंजीनियर आया जो ठेकेदारों की मनमानी को नहीं चलने दे रहा है। अगर यह इंजीनियर रह गए तो कई ठेकेदारों के खिलाफ एफआईआर और कइयों को जिला पंचायत छोड़ कर भाग जाना पड़ेगा। इस सहायक अभियंता का नाम है, देवेंद्र कुमार सिंह है। इन्होंने मन बना लिया है, कि अगर वह जिले में रह गए तो वह जिला पंचायत के पुरानी परम्परा को समाप्त कर देगे। जिस तरह यहां के ठेकेदार घटिया काम करने और बिना कार्य कराए भुगतान लेने के आदी हो गएं हैं, उन्हें अपनी आदतों में या तो सुधार करना होगा, या फिर इंजीनियर का तबादला करवाना होगा, तभी उनकी मनमानी चल सकेगी। लोगों का कहना भी है, कि जिला पंचायत के ठेकेदारो के काकस को तोड़ना ही होगा, तभी शासकीय धन के दुरुपयोग को रोका जा सकता है। जिस तरह अभी तक ठेकेदारों ने जिला पंचायत में जो साम्राज्य खड़ा कर रखा था, अब वह साम्राज्य समाप्त होने के कगार पर पहुंच गया, अगर इस मामले में इंजीनियर का जिला पंचायत अध्यक्ष और प्रशासन का साथ मिला तो वाकई जिला पंचायत में विकास की गंगा बहने लगेगी। एसपी को दी गई तहरीर में कहा गया है, कि वह निर्माण कार्यो की गुणवत्ता बनाए रखने के लिए उनके द्वारा कई ठेकेदारों को इस बात की नोटिस दी गई, कि सड़क तोड़कर गुणवत्तापरक निर्माण करें, तभी भुगतान होगा। बताया कि 10 मई 22 को वह और जेई कार्य प्रभारी मनीष कुमार चौधरी के साथ नरखोरिया मार्ग से साड़ीजोत पिच कार्य का निरीक्षण के दौरान कार्य मानक के विपरीत मिला। जिसके चलते गुणवत्तापरक कार्य होने तक भुगतान रोकने का आदेश दिया गया। बताया कि 11 मई 22 को दिन में लगभग साढ़े सद बजे थाना कलवारी के ग्राम जनवल निवासी राजू चौधरी जयपुरवा निवासी ठेकेदार शिवप्रसाद चौधरी मेरे कार्यालय में कुछ अज्ञात व्यक्तियों के साथ आए और भुगतान करने का दबाव बनाने लगे। गाली गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी देते हुए एएमए को भी मेरे समक्ष गाली गलौज किया। कहा कि ऐसी स्थित शासकीय कार्य, शासकीय धन और स्वंय की सुरक्षा कर पाना संभव नहीं है। उन्होंने एसपी से अपने और एएमए के लिए सुरक्षा प्रदान करने और दोनों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराने की मांग की है। ताकि जिला पंचायत में शासकीय कार्य और शासकीय धन का सदुपयोग बेहतर तरीके से किया जा सके। कोतवाली प्रभारी को भी अपने स्तर से मुकदमा दर्ज करने को लिखा गया। इस घटना के बाद जिला पंचायत में एक तरह से दहशत का माहौल व्याप्त है। हर कोई अपने आप को असुरक्षित महसूस कर रहा है। ठेकेदार लाबी अलग परेशान हैं, और उन्हें अपनी दुकान बंद होती नजर आ रही है। भले ही चाहे इंजीनियर का समर्थन मिले या न मिले मगर जनसमर्थन अवश्य मिल रहा है, और हर कोई उनके इस साहस की प्रशसां कर रहा है। विपक्ष न जाने क्यों खामोश है, जब कि जिला पंचायत को घेरने के लिए विपक्ष को इइसे अच्छा मौका नहीं मिलता। एक विधायक का कामकाज देखने वाले जब विरोध करने को कहा गया तो कहने लगे कि जो कुछ काम मिलना है, वह विरोध के चलते नहीं मिलेगा। यानि विपक्ष को भी ठेकापटटी चाहिए। उन्हें इस बात से कोई मतलब नहीं कि शासकीय धन का नुकसान हो रहा है। चार विपक्ष के विधायक होते हुए भी अगर कोई भ्रष्टाचार के खिलाफ आवाज नहीं उठाता तो यह जिले के मतदाताओं की बदकिस्मती है, और उनके साथ धोखा है।

## गैस एजेंसी के चालक से लूटे दो लाख रुपये

**संतकबीरनगर।** थाना कोतवाली खलीलाबाद के उमरी कला रोड़ के रेलवे क्रासिंग के पास बीती रात बाइक सवार अज्ञात बदमाशों के द्वारा एक गैस एजेंसी के चालक से बैग से भरा करीब 2 लाख रूपये लूट कर फरार हो गए। पीड़ित चालक ने इसकी सूचना एजेंसी के मैनेजर को. दी। एजेंसी के मैनेजर ने शुक्रवार की सुबह कोतवाली पुलिसको तहरीर दी। मिली जानकारी के अनुसार 13 कई को लगभग 02 बजे बजे सुशील सिंह पुत्र स्व. मधुसुधन सिंह निवासी गंगा देवरिया थाना खलीलाबाद के द्वारा थाना खलीलाबाद पर लिखित तहरीर देकर कहा है कि वह आदित्य प्रताप एचपी गैस एजेसी राजापुर सैरेया में मैनेजर के पद पर कार्यरत हैं। चालक विश्वनाथ यादव पुत्र रोहित यादव थाना महुली 12 मई को समय करीब 07.00 बजे हमेशा की तरह गाडी नम्बर यूपी 58 टी 5792 टाटा पिकल से होम डिलवरी कर लेकर वापस आ रहा था कि उमरी कला रोड क्रासिंग के पास दो अज्ञात लोग आपाची गाडी (सफेद) द्वारा चालक विश्वनाथ यादव को रोककर उसके पास रखा करीब 2 लाख रूपये जबरन छीनकर भाग गये। कोतवाली पुलिस ने एक सफेद आपाची गाडी पर सवार दो व्यक्तियों नाम पता अज्ञात के खिलाफ अभियोग पंजीकृत किया है।

## बीडीए करेगा 676 लाख से क्षेत्र का विकास

संवाददाता। बस्ती


बीडीए के बैठक की अध्यक्षता करते कमिश्नर पायनियर

**कमिश्नर/अध्यक्ष** बस्ती विकास प्राधिकरण गोविंद राजू एन.एस. ने नगर की अवस्थापना संबंधी सुविधाओं के सुदृढीकरण के लिए रू0 676.32 लाख् के 15 कार्य स्वीकृत किए है। नगरों की अवस्थापना सुविधाओं के नियोजन, विकास, रख-रखाव एवं क्रियान्वयन संबंधी समिति की अध्यक्षता करते हुए उन्होने रेलवे स्टेशन तिराहे से पूर्बी केबिन सुगर मिल तक हाटमिक्स प्लांट से रू0 226.54 लाख से सड़क सुधार का कार्य किया जायेंगा। बताया कि डारीडीहा चौराहा से भदेश्वरनाथ मंदिर तक एल.ई.डी. स्ट्रीट का कार्य रू0 71.07 लाख से होगा। पचपेडिया पुलिया के आगे से देलही पब्लिक स्कूल होते हुए डूडा कार्यालय तक इंटरलाकिंग सड़क निर्माण का कार्य रू0 26.27 लाख की लागत से किया जायेंगा। बस्ती महसों महुली मार्ग पर सुनील मौर्या के घर से डारीडीहा नाला तक नाला निर्माण कार्य रू0 62.53 लाख की लागत से किया जायेंगा।

बताया कि निर्मली कुण्ड पर जल निकासी हेतु नाला निर्माण लागत रू0 30.00 लाख तथा कोतवाली के सामने उद्योग विभाग के बंगल नाला निर्माण का कार्य लागत रू0 36.00 लाख से किया जायेंगा। रेलवे स्टेशन से पंकज पुलिया तक नाला निर्माण का कार्य रू0 55.00 लाख तथा खीरीघाट भटोलवा स्थित बुद्धनगर बोर्ड से मंडवा नगर चौराहे को जोड़ने वाली सड़क तक नाली ढंक्कन सहित नाली निर्माण रू0 18.62 लाख की लागत से कराया जायेंगा। पचपेडिया मार्ग से लालशंकर श्रीवास्तव के घर के सामने से बेसिल रोड पर सी.सी. तथा नाली निर्माण कार्य रू0 4.28 लाख की लागत से किया जायेंगा। मड़वा नगर में अम्बेडकर पार्क से लेकर नेशनल हाईवे के सर्विस रोड तक 400 मीटर सी.सी. रोड का कार्य लागत रू0 64.29 लाख तथा मेन रोड से दीप नारायण के घर से नाली ढक्कन सहित नाली निर्माण का कार्य रू0 2.97 लाख की लागत से कराया जायेंगा। खीरीघाट रामजियावन की दुकान से काली माता मंदिर के बंगल की जोड़ने वाली सड़क तक सी.सी. मार्ग का निर्माण कार्य रू0 38.10 लाख तथा खीरीघाट भटोलवा स्थित पप्पू की दुकान से कलाकुंज तक इंण्टरलाकिंग का कार्य रू0 5.87 लाख की लागत से किया जायेंगा। मड़वानगर काली माता मंदिर से मड़वानगर चौराहे तक इण्टरलाकिंग का कार्य रू0 33.05 लाख तथा खीरीघाट भटोलवा स्थित किरन बिला से बुद्धनगर बोर्ड तक नाली निर्माण का कार्य रू0 1.73 लाख की लागत से कराया जायेंगा। बैठक में डीएम सौम्या अग्रवाल, सीआरओ/ परियोजना निदेशक डूडा नीता यादव, एसडीएम सूरज यादव, ईओ नगर पालिका अखिलेश त्रिपाठी, अधिशासी अभियन्ता जल निगम रेहान फारूकी, पीडब्ल्यूडी के शुभ नारायण, सहायक अभियन्ता संदीप उपस्थित रहें।

## क्विक न्यूज

### गंगा संरक्षण समिति की हुई बैठक, सीडीओ ने दिया निर्देश

**संतकबीरनगर।** जिलाधिकारी श्रीमती दिव्या मित्तल के निर्देश के क्रम में मुख्य विकास अधिकारी की अध्यक्षता में जिला गंगा संरक्षण समिति की बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित हुई। मुख्य विकास अधिकारी ने बताया कि शासन के निर्देशानुसार प्रत्येक माह के द्वितीय शुक्रवार को जिला गंगा संरक्षण समिति की बैठक आयोजित की जानी है। जिसमें जनपद के समस्त सम्बंधित विभागों, चिकित्सा विभाग, जिला पंचायती राज, कृषि विभाग, जल निगम, सिचाई विभाग, नगर पालिका/नगर पंचायत, प्रदूषण नियंत्रण, युवा कल्याण, रोटरी क्लब आदि विभागो के द्वारा विभागीय कार्यो एवं आपसी समन्वयता के साथ अन्य उपायों के माध्यम से जनपद के सीमान्तर्गत बहने वाली सभी नदियों में डिस्चार्ज/छोडे जाने वाले पानी का उचित ट्रीटमेंट/रेमिडाइजेशन अथवा ठोस अपशिष्ट पदार्थो/मेडिकल वेस्ट/केमिकल वेस्ट आदि की दशा में उसे डिस्पोज-ऑफ करने का उचित प्रबन्धन की समीक्षा की जाएगी। मुख्य विकास अधिकारी एस0एन0 श्रीवास्तव ने इसके दृष्टिगत उपस्थित अधिकारियों/समिति के सदस्यों को निर्देशित करते हुए कहा कि गंगा एवं सहायक नदियों को प्रदूषण मुक्त करने की दिशा में अधिकारीगण अपने विभाग से सम्बंधित कार्य योजना बना कर प्रस्तुत करें। उन्होंने अधिशाषी अधिकारी नगर पालिका सुरेश कुमार मौर्य सहित अन्य अधिकारियों से इस संबंध में जानकारी प्राप्त करते हुए आवश्यक दिशा निर्देश दिये। बैठक में जिला पंचायत राज अधिकारी राजेन्द्र प्रसाद ने बताया कि गंगा हरीतिमा अभियान के अन्तर्गत अभियान क्षेत्र/जनपद अन्तर्गत घाघरा, राप्ती, आमी एवं कुआनो आदि नदियों के किनारों के ग्राम पंचायतों में ग्राम गंगा सेवा समिति का गठन कर दिया गया है। इस अवसर पर प्रभागीय वनाधिकारी डा. टी0 रंगराजू, जिला कृषि अधिकारी पीसी विश्वकर्मा, एसीएमओ डा. मोहन झा सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी गण उपस्थित रहें।

### दुष्कर्म के आरोपी को हुई दस वर्ष सश्रम कारावास की सजा

**श्रावस्ती।** अपर सत्र न्यायाधीश परमेश्वर प्रसाद ने सिरसिया थाना क्षेत्र अंतर्गत एक गाँव निवासी युवती के साथ दुष्कर्म करने के आरोपी को 10 वर्ष सश्रम कारावास की सज़ा सुनाई है साथ ही 25 हज़ार रूपये के अर्थदंड से भी दंडित किया है। अपर जिला शासकीय अधिवक्ता फ़ौजदारी सत्येंद्र बहादुर सिंह ने बताया कि सिरसिया थाना क्षेत्र के एक गाँव निवासी युवती 3 सितंबर 2015 को अपनी बहन के साथ धान निराने के लिए जा रही थी ।पीछे.पीछे उसके पिता भी आ रहे थे। जैसे ही दोनों बहने काशीराम पाठक के मकई के खेत के पास पहुँची वहां पर गेंहुआ भारी गाँव निवासी ननके पांडे अपने साथी अर्जुन पांडे व रामू शुक्ला के साथ पहले से खड़े थे ।व तीनो उसे जबरदस्ती मकई के खेत में खीच ले गए ।जहाँ ननके ने उसके साथ दुष्कर्म किया ।उसकी बहन ने अपने पिता जो खेत की तरफ आ रहे थे को पूरी घटना बताया। मौके पर पहुँचे युवती के पिता ने अपनी बेटी को बचाने के लिए एक लाठी से ननके के ऊपर प्रहार भी किया। भागते समय ननके पांडे की मोटरसाइकिल घटनास्थल पर ही छूट गई जिसको गांव वालों ने फूंक दिया था ।इस मामले में सिरसिया थाने में मुकदमा दर्ज कर विवेचना हुई ।विवेचना में सिरसिया थाने की पुलिस ने ननके पांडे को आरोपी बनाकर आरोप पत्र न्यायालय पर प्रस्तुत किया मामले का विचारण अपर सत्र न्यायालय ; रेप अलांग विद पॉक्सो एक्ट द्ध की अदालत पर हुआ।

## पीस पार्टी में शामिल हुए दर्जनों सपा नेता

- डॉ. अय्यूब को लोकसभा में भेजने का लिया संकल्प

संवाददाता। संतकबीरनगर


पीस पार्टी के मंच पर सपा नेता पायनियर

**समाजवादी** पार्टी के वरिष्ठ नेता हफीजुल्लाह अंसारी अपने समर्थकों के साथ पीस पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. अय्यूब सर्जन की उपस्थिति में पीस पार्टी में शामिल हुए। स्पष्ट हो कि पीस पार्टी केंद्रीय कार्यालय धौरहरा खलीलाबाद में आयोजित बैठक में हफीजुल्लाह अंसारी के साथ समाज वादी पार्टी के दर्जनों कार्यकर्ता धर्मेंद्र शर्मा, परशुराम गुप्ता, मोहम्मद शादाब, शहजाद अहमद, शमशाद, मिर्जा कमरुद्दीन, मोहम्मद शकील, शफीक, साहिल अहमद, मुस्कान, औरंगजेब, मेराज अहमद, गयासुद्दीन, सिराज अहमद और मकसूद अहमद पीस पार्टी में शामिल हुए। इस मौके पर हाफिज़ुल्ला अंसारी ने कहा कि समाजवादी पार्टी मुसलमानों के साथ उतनी मजबूती से नहीं खड़ी है, जितनी कि अपने समुदाय यादव के साथ खड़ी है, जबकि मुस्लिम यादव समाज से तीन गुना अधिक हैं और मुसलमानों ने एकतरफा समाजवादी पार्टी को वोट दिया है लेकिन समाजवादी पार्टी भाजपा के नक्शेकदम पर चल रही है, इसलिए हम पीस पार्टी में शामिल हो गए हैं। उन्होने कहा कि पीस पार्टी वह पार्टी है जो पूरे समाज को एक साथ लेकर चलती है। इस मौके पर पीस पार्टी में शामिल हुए हफीजुल्लाह अंसारी और उनके समर्थकों का फूल माला पहनाकर स्वागत किया गया। इस मौके पर पीस पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. अयूब सर्जन ने भी हफीजुल्ला अंसारी और उनकी टीम का स्वागत किया। इस मौके पर जिलाध्यक्ष राधेश्याम पटेल, यासिर निजाम, मौलाना राशिद उमर मदनी व अन्य विशेष रूप से उपस्थित थे।

## गैंगेस्टर एक्ट के आरोपी की एक करोड़ 17 लाख की सम्पत्ति कुर्क

- डीएम नेहा प्रकाश के निर्देश पर तहसील प्रसाशन ने की कुर्की की कार्रवाई




**श्रावस्ती, सिरसिया।** सिरसिया थाना क्षेत्र के ग्राम भितुरिहिया निवासी गैंगेस्टर एक्ट के आरोपी राहुल बर्मा की करोड़ो की संपत्ति शुक्रवार को भिनगा तहसील प्रशासन की ओर से कुर्क की कार्यवाही की गई है यह कार्यवाही डीएम नेहा प्रकाश के निर्देश पर तहसील प्रशासन ने की है । सिरसिया थाना क्षेत्र के ग्राम भितुरिहिया गाँव निवासी राहुल वर्मा गैंगेस्टर एक्ट का आरोपी है ।शुक्रवार को डीएम नेहा प्रकाश के निर्देश के बाद एसडीएम भिनगा प्रवेंद्र कुमार तहसीलदार राम प्यारे पुलिस बल के साथ भितुरिहिया गाँव पहुँचे और राहुल वर्मा द्वारा अपराध से अर्जित की गई एक करोड़ 17 लाख की संपत्ति की कुर्क की कार्यवाही की गई। गैंगस्टर के आरोपी राहुल बर्मा की संपति एक ईंट भट्ठा एक ट्रैक्टर ट्रॉली व एक ब्रेजा कार को कुर्क किया गया है। ।यह कार्यवाई डीएम नेहा प्रकाश की ओर से 9 मई को जारी किए गए आदेश के अनुपालन में किया गया। इस दौरान सुरक्षा व्यवस्था के लिए मौके पर थाना सिरसिया प्रभारी निरीक्षक प्रेम पाल सिंह पुलिस बल के साथ मौजूद रहे।

## यू डाइस प्लस कार्यशाला का हुआ आयोजन



संवाददाता। श्रावस्ती भिनगा

**जिलाधिकारी** नेहा प्रकाश की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में गुरूवार को यूडाइस प्लस कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें जनपद के परिषदीय विद्यालयों के साथ.साथ सहायता प्राप्त मान्यता प्राप्त मदरसे एवं इंटर स्तर के समस्त विद्यालयों के विषय में जानकारी प्राप्त करने के लिए वर्ष 2021.22 का यूडाइस प्रपत्र भरा जायेगा। जिलाधिकारी ने बताया कि इस कार्यशाला का उद्देश्य विद्यालय की स्थापना सुविधाए विद्यालयों में मानव संसाधन की उपलब्धता के साथ ही साथ विद्यालय से संबंधित समस्त सूचनाओं का संकलन करते हुए भारत सरकार को प्रेषित किया जाना है। यू डाइस एक ऐसा प्रपत्र है जिसके माध्यम से सूचनाओं का संकलन होने के साथ ही साथ सूचनाओं के द्वारा बजट का निर्धारण भी होता है इसलिए यह आवश्यक है की विद्यालयों से प्राप्त यू डाइस प्रपत्र त्रुटिपूर्ण ना हो। यू डायस त्रुटिपूर्ण होने की दशा में जहां एक तरफ विद्यालयों की अवस्थापना सुविधा का ज्ञान नहीं हो पाता वही किस विद्यालय में किस प्रकार की आवश्यकता है इसका निर्धारण कर पाना बहुत कठिन होता है इस लिए यह जरूरी है की विद्यालयों के द्वारा यू डाइस प्रपत्र सही ढंग से भरा जाए।

इस अवसर पर जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी प्रभुराम चौहान ने उपस्थित जनपद स्तरीय अधिकारी एवं माध्यमिक विद्यालयों के प्रधानाचार्य तथा समस्त जिला समन्वयकों को यू डाइस प्रपत्र भराए जाने हेतु ब्लॉक स्तर एवं न्याय पंचायत स्तर पर कार्यशाला के आयोजन की जानकारी दी उन्होंने कहा की यू डाइस प्रपत्र में यदि गलत सूचना होती है तो ऐसी दशा में उस विद्यालय की कार्य.योजना तैयार किया जा पाना संभव नहीं होता हैए अतः 12 बिंदुओं की यू डाइस प्रपत्र को सही ढंग से भरते हुए 20 मई तक जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय को प्रेषित करें उसके पश्चात प्रपत्र का मूल्यांकन करते हुए उनमें जो त्रुटियां होंगी उनको संशोधित कर प्रपत्र भारत सरकार को प्रेषित किया जाएगा।

### समाजसेवा में दें सभी लोग योगदानः नूतन राय

**संतकबीरनगर।** खण्ड शिक्षा क्षेत्र बघौली के प्राथमिक विद्यालय कोल्हुआ लकड़ा में एक पर्यावरण सुरक्षा गोष्ठी विद्यालय प्रधानाध्यापिका नूतन राय द्वारा आयोजित की गई। जिसमें छात्र, अभिभावक, किसान तथा स्थानीय सामाजिक कार्यकर्ताओं ने सहभागिता की है। गोष्ठी में डॉ0 राम कुमार ने कहा कि पर्यावरण सुरक्षा राष्ट्र की सुरक्षा है। शरीर की रचना क्षिति, जल, पावक, आकाश तथा समीर से है। इस पंच तत्व की सुरक्षा से राष्ट्र एवं समाज की सुरक्षा होगी। इन तत्वों की सुरक्षा से प्रकृति का सतुलन ठीक रहेगा अहम सभी लोगों का आवाहन करते है कि इन पंच तत्वों को प्रदूषित न होने दे।

## ट्रामा वार्ड में फाल्ससीलिंग व एअरकंडीशनिंग का काम करवाएगा जिला पंचायत

संवाददाता। बस्ती


जिला अस्पताल का निरीक्षण करती डीएम एवं जिला पंचायत अध्यक्ष पायनियर

**जिला** पंचायत जिला अस्पताल के ट्रामा वार्ड में फालसीलिंग एवं एअरकंडीशनिंग लगवाने जा रहा है। साथ ही चिकित्सालय परिसर में पार्किंग का कार्य एवं परिसर में सड़क का निर्माण कार्य भी जिला पंचायत कराएगी। यह आश्वासन जिला पंचायत अध्यक्ष संजय चौधरी ने डीएम और सीडीओ के निरीक्षण के बाद दिया। वह जिलाधिकारी सौम्या अग्रवाल एवं सीडीओ डा. राजेश कुमार प्रजापति के साथ अस्पताल परिसर का निरीक्षण किया, वार्ड में गए तथा ट्रामा सेण्टर का निरीक्षण किया। उन्होने कहा कि गेट नं0 एक को चौड़ा करके इसे भव्य रूप दिया जाएगा। डीएम ने चौराहे पर टैऊफिक जाम से निजात दिलाने के लिए उन्होने विद्युत विभाग को रास्ते में आने वाले सभी विद्युत पोल को किनारे करने के निर्देश दिया। उन्होने कहा कि जल निगम द्वारा परिसर में स्थापित हैण्ड पम्पों की मरम्मत एवं जल परीक्षण कराया जाएगा। डीएम ने निर्देश दिया कि जिला पंचायत अध्यक्ष के निर्देशानुसार सभी कार्यो की सूची तैयार कर लें ताकि उसका स्टीमेट बनवाया जा सके। निरीक्षण के समय सीडीओ डा. राजेश कुमार प्रजापति, एसडीएम सदर सूरज, एसीएमओ डा. फखरेयार हुसैन, डा. जय सिंह, एस.आई.सी. डा. आलोक वर्मा, अधिशासी अभियन्ता विद्युत संतोष कुमार, ईओ नगर पालिका अखिलेश त्रिपाठी, अपर मुख्य अधिकारी विकास मिश्रा तथा जल निगम के अधिकारी उपस्थित रहें।

## करोड़ों की जमीन को भानपुर तहसील ने भू-माफियाओं के हवाले किया

- 14 साल पहले जिन जमीनों को तत्कालीन डीएम ने भू-माफियाओं से छुड़वाया था, उसे तहसील ने बेच दिया
- डीएम के आदेश को रददी की टोकरी में डाला, पुराने अभिलेखों को फाड़ दिया
- नये अभिलेखों में उन लोगों का नाम दर्ज हैं, जिनके खिलाफ एफआईआर दर्ज

संवाददाता। बस्ती

### सरकारी जमीनों पर हो रहे अवैध कब्जे पर सीएम योगी बुलडोजर चलवा रहे और तहसील वाले बेच रहे

**एक तरफ** पूरे प्रदेश में सरकारी जमीनों पर से भू-माफियाओं से कब्जा हटवाने के लिए योगजी का बुलडोजर चल रहा है, और दूसरी तरफभानपुर तहसील वाले उसी जमीन को भू-माफियाओं को बेच रहे हैं, तहसील में बकायदा इसकी बोली लगाई जाती है। इसकी शिकायत अजगैवाजंगल की प्रधान और गांव के जागरुक लोग सीएम और डीएम सहित राजस्व परिषद से कर चुके है। बता दें कि आज से लगभग 14 साल पहले तत्कालीन डीएम ने अभिलेखागार बहुत बड़ा फर्जीवाड़ा पकड़ा था। इस अभिलेखगार में मिली भगत से करीब 250 लोगों ने अभिलेखों में हेराफेरी करके अपने नाम दर्ज करवा लिया था। खुलासे के बाद जिले में तहलका मच गया। एक साथ 250 लोगों के खिलाफमुकदमा दर्ज हुआ, और जमीन को वापस ग्राम पंचायत के नाम किया गया। जिन लोगों ने इसका खुलासा किया था, आज भी वे लोग कार्यरत हैं, उनमें राघवेंद्र पांडेय और अशोक मिश्र का नाम शामिल है। आज फिर उसी जमीन को फर्जी इंद्राज के सहारे हथियाने की साजिश हो रही है, और इसमें भानपुर तहसील के लेखपाल, राजस्व निरीक्षक और तहसीलदार साथ देने में लगे हुएं है।

**सरकारी** जमीनों को बेचने और जमीनों का फर्जी पटटा करने सहित अन्य अनियमिताओं के कारण पिछले कई सालों से चर्चा में रहने वाला भानपुर तहसील प्रशासन, इस बार करोड़ों की सरकारी जमीनों को भू-माफियाओं के हवाले करने और डीएम के आदेश को रददी की टोकरी में डालने सहित पुराने अभिलेखों को नष्ट कर नये अभिलेख तैयार कर उसमें उन भू-माफियाओं का नाम फर्जी तरीके से दर्ज करने जिन पर तहसील खुद मुकदमा दर्ज करवा चुका है, के मामले में चर्चा में है। प्रदेश का शायद यह पहला ऐसा मामला होगा जहां पर धन के लालचे में तहसील वालों ने तत्कालीन डीएम के आदेश को कूड़ेदान में डाल दिया, और उस करोड़ों की जमीन को पुनः उन भू-माफियाओं को बेच दिया जिसे 14 साल पहले तत्कालीन डीएम ने फर्जी मानते हुए निरस्त किया था। इस फर्जीवाड़े की शिकायत प्रधान सहित दर्जनों गांव वाले कई बार सीएम से लेकर डीएम और एसडीएम से कर चुके हैं, कार्रवाई करने के बजाए तहसील वालों ने सरकारी जमीनों को ही बेच दिया। अब जब मामला डीएम के संज्ञान में आ चुका है, तो अभिलेखों में लीपापोती की जा रही है। वैसे डीएम सौम्या अग्रवाल कह चुकी है, कि सरकारी जमीनों का दुरुपयोग नहीं होने दिया जाएगा, मामला उनके संज्ञान में हैं, और वह खुद इसकी छानबीन कर रही है। मामला ग्राम पंचायत अजगैवाजंगल का है। इस गांव के प्रधान मधुबाला चौधरी, जीतेंद्र यादव, अनिल कुमार, राजेंद्र, राकेश बहादुर श्रीवास्तव, रमेशचंद्र त्रिपाठी और शेषराम पांडेय सहित अन्य ने बताया कि इस पूरे फर्जीवाड़े में गांव निवासी लेखपाल, राजस्व निरीक्षक और तहसीलदार की तिकड़ी की है। बताया कि इन तीनों ने मिलकर गांव के करोड़ों की जमीनों को धन के लालच में भू-माफियाओं के हाथों एक तरह से बेच दिया। इतना भी नहीं सोचा कि जिस जमीन को खुद डीएम फर्जी मानकर निरस्त कर चुके हैं, उस जमीन को ग्राम सभा के नाम दर्ज करने के बजाए चंद भू-माफियाओं के हवाले कर दिया। कहते हैं, कि इससे पता चलता है, कि इस तहसील के लोग डीएम को क्या समझते है। ताज्जुब तो तब होता है, जब सीएम, डीएम और एसडीएम को लिखने के बावजूद कोई कार्रवाई नहीं होती। कहते हैं, कि कार्रवाई न होने से ही तहसील वालों में फर्जी काम करने की इतनी हिम्मत आ जाती है। इन लोगों का आरोप है, स्थानीय लेखपाल होने के कारण लेखपाल ने भी भू-माफियाओं के साथ लाखों की जमीन को फर्जी तरीके से अपने नाम कर लिया।

# डीएम ने कुकरगांव से शुरू की भूसा दान यात्रा

**● बड़ी ग्राम पंचायत में 100 व छोटी में 50 कुंतल भूसा का रखा लक्ष्य**

संवाददाता। उरई (जालौन)


कुकरगांव में भूसा दान यात्रा में शामिल डीएम प्रियंका निरंजन। पायनियर

**जिलाधिकारी** प्रियंका निरंजन ने कहा कि शासन के दिशा निर्देशों के अंतर्गत डकोर विकासखंड के कुकरगांव से भूसा दान यात्रा का शुभारंभ किया है। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा व जन सहभागिता से गौशालाओं में विभिन्न पशुओं के लिए भूसा का प्रबंध किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि इस यात्रा का मुख्य मकसद गांव-गांव जाकर भूसा एकत्रित करना है, जिससे एकत्रित भूसे को गौशालाओं तक पहुंचाया जा सके। उन्होंने कहा कि भूसा दान यात्रा प्रत्येक ग्राम पंचायत व मजरे में जाकर भूसा एकत्रित करेगी और उन्हें गौशालाओं तक पहुंचाया जाएगा जिससे भूसे की कमी के कारण कोई भी मवेशी भूखा न रहे। डकोर विकासखंड के कुकरगांव से शुरू हुई इस भूसा दान यात्रा में स्कूली बच्चों के साथ-साथ किसानों ने भी साथ दिया, जिन्होंने पूरे गांव में जाकर लोगों को जागरूक किया और भूसा दान करने की अपील की। इस दौरान भूसा दान करने में किसान आगे आए और उन्होंने जिलाधिकारी के साथ चल रही ट्रैक्टर ट्रॉली में भूसा दान दिया, साथ ही जिलाधिकारी को आश्वासन दिया कि गांव में बनी गौशाला में भूसे की कोई भी कमी नहीं रहने देंगे। इस दौरान उन्होंने भूसा दान करने वाले किसानों को सम्मानित किया इस सम्मान में महिलाएं भी शामिल थी। जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन ने कहा कि शासन के निर्देश पर इस भूसा दान यात्रा का शुभारंभ किया गया है, जिलाधिकारी ने कहा कि भूसा दान करने के लिए प्रधानों के माध्यम से किसानों एवं अन्य लोगों को जागरूक किया जा रहा है, ताकि गौशाला पर भूसा भंडारण की व्यवस्था सुनिश्चित की जा सके।

### भूसा दान करने वाले किसानों को किया जायेगा सम्मानित

**उरई।** जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन ने सभी खंड विकास अधिकारियों को निर्देश दिए कि ग्राम प्रधानों के माध्यम से लोगों को जागरूक कर अधिक भूसा दान करने के लिए प्रेरित करें। उन्होंने कहा कि कोई भी छुट्टा पशु सड़क पर न घूमे। जो अन्ना जानवर घूम रहे हैं उन्हें उसे गौशाला में पहुंचाया जाये, वही यह भूसा दान यात्रा जनपद की सभी 574 ग्राम पंचायत और मजरों से निकलेगी जा रही है। उन्होंने 574 ग्राम पंचायतों में से सबसे बड़ी ग्राम पंचायत में 100 कुंटल छोटी ग्राम पंचायत से 50 कुंटल का भूसा दान हेतु प्रेरित भी किया जाए। इस दौरान कुकरगांव भूसा दान यात्रा में 48 ग्राम वासियों द्वारा लगभग 35 कुंटल भूसा दान किया गया। उन्होंने कहा कि किसी भी प्रकार की समस्या आने पर मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी को नोडल अधिकारी नामित किया गया है आप सीधे संपर्क कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि प्रधान, सचिव, खंड विकास अधिकारी, सहायक पंचायत अधिकारी आदि भूसा दान के लिये प्रेरित करेंगे। इस दौरान उन्होंने ग्रामीण वासियों से वार्ता की ग्रामीण वासियों ने जिलाधिकारी को अपनी समस्याओं से अवगत कराया। जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि इनकी समस्याओं को 2 दिन के अंदर समाधान किया जाए इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए।

# नगर पालिका अध्यक्ष ने उत्कृष्ट प्रतिभागियों को किया पुरस्कृत

**● स्वच्छ सर्वेक्षण 2022: निबन्ध प्रतियोगिता में बच्चों ने दिखाई प्रतिभा**



**चित्रकूट।** शासन की बहु आयामी स्वच्छ भारत मिशन योजनान्तर्गत स्वच्छ सर्वेक्षण 2022 के तहत कूडे कचरे के रियूज, रिसायकिल तथा रीडियूज विषय पर एक निबन्ध प्रतियोगिता नगर पालिका के अध्यक्ष नरेन्द्र गुप्ता की अध्यक्षता में चित्रकूट पब्लिक स्कूल में आयोजित की गई । जिसमें बच्चों ने बढ-चढकर हिस्सा लिया। विशेषज्ञों ने परीक्षण किया और प्रथम, द्वितीय, तृतीय बच्चों का चयन किया गया। इनमें पलक द्विवेदी कक्षा 9 प्रथम, ईषा गुप्ता कक्षा 10 द्वितीय, श्रद्धा पाण्डेय कक्षा 10 तृतीय रहीं । जिन्हें चेयरमैन द्वारा प्रमाण पत्र, शील्ड और पेन देकर पुरस्कृत किया गया। इसके अलावा अनुष्का पाण्डेय, अंकुर कुमार, जिज्ञाषा पटेल, प्रशांत द्विवेदी, अमित त्रिपाठी, श्रेया सोनी को भी सान्त्वना पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर चेयरमैन नरेन्द्र गुप्ता द्वारा स्वच्छ सर्वेक्षण 2022 के लिये नगर को प्रथम स्थान दिलाने के लिये नगर को साफ-सुथरा बनाने एवं कूडा प्रबन्धन विषय पर अपना विचार रखते हुये साफ-सफाई के प्रति नगर पालिका को आपेक्षित सहयोग प्रदान करने के लिये अपील की गई। उन्होंने स्थान पाने वाले व सभी प्रतिभागी बच्चों को बधाई दी और कहा कि साफ-सफाई के प्रति सभी लोग अपने घरों व आसपास के लोगों को जागरूक करते रहें और खुद अपने घरों को साफ-स्वच्छ रखें। कार्यक्रम में विद्यालय के प्रबन्धक रचित अग्रवाल, प्रधानाचार्य सुरेश वर्मा, नगर पालिका के अधिशाषी अधिकारी रामअचल कुरील, योजना के ब्राण्ड एम्बेसडर तथा पायनियर क्लब के राष्ट्रीय अध्यक्ष केशव शिवहरे, स्वच्छ भारत मिशन के जिला समन्वयक शिवा कुमार, अंकित जायसवाल, रोहित कुमार आदि मौजूद रहे।

## क्विक न्यूज

### बाइक सवार की टक्कर से पिकप ठीक कर रहे मिस्त्री की मौत

**जालौन (उरई)।** बबाई मार्ग पर पिकप ठीक कर रहे मिस्त्री के बाइक सवार ने टक्कर मार दी। मोटर साइकिल की टक्कर लगने से घायल मिस्त्री की उपचार के दौरान मौत हो गई है। शुक्रवार की सुबह बाबई मार्ग पर कुसमरा के पास जालौन निवासी नरेंद्र ठेकेदार की पिकअप खराब हो गयी थी। पिकअप को ठीक करने नारोभास्कर निवासी मिस्त्री जहीरूद्दीन 45 वर्ष पुत्र नासिर गये थे। वह पिकअप की बाड़ी खोलकर ठीक कर रहे थे। इसी दौरान पीछे से सब्जी लाद कर आ रहे बाइक सवार नरेंद्र कुमार ने टक्कर मार दी। मोटर साइकिल की जोरदार टक्कर से मिस्त्री के गम्भीर आयी तथा बाइक सवार भी घायल हो गया। राहगीरों की मदद से दोनों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया है। मिस्त्री की उपचार के दौरान मौत हो गयी जबकि घायल मोटरसाइकिल सवार को जिला चिकित्सालय रिफर किया गया है।

### किशोरी समेत दो ने फांसी लगाकर जान दी

**हमीरपुर।** अलग अलग थाना क्षेत्रो में मामूली विवाद में एक किशोरी व एक महिला ने फांसी लगाकर आत्म हत्या कर ली। पुलिस के मुताबिक कुरारा थाना क्षेत्र के पडुई गांव में नाबालिक किशोरी भूरी (15) पुत्री राम दुलारे निषाद ने अपने घर में अज्ञात कारण के चलते दुपट्टे से फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना की जानकारी होने पर घर में कोहराम मच गया। वही घटना की जानकारी मृतका के पिता राम दुलारे ने थाने में तहरीर देकर दी। तब पुलिस ने मौके पर जाकर शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। इसी प्रकार सुमेरपुर क्षेत्र के गौरी गांव में माया(20)पत्नी प्रशांत ने पति से मामूली विवाद होने पर सूनसान घर पाकर फांसी लगाकर आत्म हत्या कर ली। माया की शादी 30मई 2021 को हुई थी शुरु से पति से विवाद होना शुरु हो गया था। पुलिस ने दोनो शवो को पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया है।

### पुलिस ने 11 किलो गांजा के साथ दो को भेजा जेल

**सुमेरपुर (हमीरपुर)।** थाना सुमेरपुर क्षेत्र के ग्राम भौनिया में तिराहा के पास से पुलिस ने एक व्यक्ति को 11 किलो ग्राम अवैध गांजा के साथ गिरफ्तार करके उसे जेल भेज दिया। पुलिस के मुताबिक थाना क्षेत्र के ग्राम भौनिया में लम्बे समय से अवैध रूप से गांजा बेचे जाने का बीडीओ वायरल हुआ था जिसे देख कर पुलिस सक्रिय हुई और उसने एक टीम बनाकर भौनिया तिराहा से 11 किलो गाँजा लिये भौनिया निवासी जयराम कुशवाहा व रघुराज यादव को गिरफ्तार करके जेल भेज दिया। ग्रामीणों का कहना है कि पुलिस ने गांजा पड़कर अच्छा कार्य तो किया लेकिन यही कार्य वर्षों पहले किया जाता तो शायद गांव के अन्दर अवैध रूप से गांजा बेचने वालो के हौसले बुलंद न होते तथा युवा पीढ़ी गांजा के लती होकर बर्बाद नही होते, बताया जाता है कि कस्बा सहित ग्रामीण क्षेत्रों में जगह जगह अवैध रूप से गांजे का अवैध व्यापार फल फूल रहा है, ग्रामीणों का आरोप है कि पुलिस द्वारा गौर नही किया जाता है।

### नगर की समस्याओं का ज्ञापन भाजपा नेताओं ने नगर विकास राज्यमंत्री को सौंपा

**जालौन (उरई)।** नगर की समस्याओं को लेकर भाजपा जिला उपाध्यक्ष ने राज्य नगर विकास मंत्री को प्रत्यावेदन सौंपा। मंत्री ने समस्याओं के समाधान का आश्वासन दिया। भारतीय जनता पार्टी पिछड़ा मोर्चा जिला उपाध्यक्ष योगेन्द्र राठौर ने राज्य नगर विकास राकेश गुरु को प्रत्यावेदन सौंपा जिसमें कहा कि नगर में पानी की निकासी ठीक नहीं है। जल निकासी न होने के कारण बरसात में जल भराव की समस्या हो जाती। इस समस्या के समाधान के लिए नगर के तालाबों व नालों की सफाई होना आवश्यक है तथा इसके सिल्ट को हटाना जाय। इसके साथ ही बालाजी मंदिर से लेकर चुंगी 4 तक के मार्ग पर विद्युतीकरण कराने के साथ इस मार्ग को बाइपास मार्ग घोषित कराया जाय। नगर की पेयजल व्यवस्था के लिए जनसंख्या को देखते हुए ट्यूबवेल बढ़ाने की मांग उठाई। नगर के सौन्दर्यीकरण के लिए नगर के तालाबों व मुख्य मार्गो का सौन्दर्यीकरण कराने की मांग भी की। भाजप नेता की मांग पर राज्य मंत्री ने सहानुभूति पूर्वक विचार करने का आश्वासन दिया है।

### अज्ञात वाहन की टक्कर से अधेड़ घायल

**जालौन (उरई)।** कोंच चौराहे पर अज्ञात वाहन की टक्कर अधेड़ व्यक्ति घायल हो गया। घायल को चिकित्सालय में भर्ती कराया गया। हालत गम्भीर होने पर उसे जिला चिकित्सालय रिफर किया गया है। शुक्रवार की सुबह कोंच चौराहे पर तोपखाना निवासी इदरीश 40 वर्ष पुत्र उमर खां के पीछे से अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। टक्कर लगने के पैदल जा रहे अधेड़ जमीन पर गिर गया। इतने में टक्कर मारकर वाहन निकल गया।

# पिकअप खाई में पलटने से दो मजदूरों की मौत, एक दर्जन घायल

**राठ (हमीरपुर)।** शादी समारोह से लौट रहे खाना बनाने वाले मजदूरों से भरी पिकअप अनियंत्रित होकर सड़क किनारे खाई में पलट गई। इस हादसे में दो महिला मजदूरों की मौके पर मौत हो गई। जबकि एक दर्जन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर पहुंची एंबुलेंस ने घायलों को इलाज के लिए सीएचसी में भर्ती कराया। जहां एक युवक की हालत गंभीर होने पर चिकित्सक ने मेडिकल कालेज उरई रेफर कर दिया है। मौके पर पहुंची पुलिस ने दोनों शवों का पोस्टमार्टम कराया है। गुरूवार को क्षेत्र के मल्हौबा गांव निवासी ठेकेदार कुंवरलाल हलवाई बांदा खाना बनाने के लिए बिलरख गांव निवासी नीलेश पुत्र दीनदयाल, कृष्णकुमार, राहुल पुत्र मूलचंद्र, महेश, राजकुमार नैपुरा निवासी रामलखन, अकौनी निवासी लेखराज, जयहिंद, गुलाब नगर निवासी सुनीता, लुधियातपुरा मोहल्ला निवासी कुसुम, गिरजारानी, श्यामवती, 55 वर्षीय तिजिया पत्नी नृपत, 45 वर्षीय शांति पत्नी महिपाल अहिरवार को ले गया था। शुक्रवार की तड़के करीब चार बजे ठेकेदार ने मजदूरों को राठ आने के लिए एक पिकअप में बैठा दिया। तभी राठ-हमीरपुर मार्ग स्थित बिहूंनी के पास विरमा नदी के आगे पिकअप चालक को झपकी आने पर पिकअप सड़क किनारे खाई में पलट गई। पिकअप पलटने से उसमे सवार मजदूरों में चीख पुकार मच गई। हादसे के बाद पिकअप चालक मौके से फरार हो गया। इस हादसे में तिजिया और शांति की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। जबकि अन्य मजदूर गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को एंबुलेंस कर्मियों सीएचसी में भर्ती कराया। जहां चिकित्सक ने जयहिंद की हालत गंभीर होने पर उसे उरई रेफर कर दिया है। मौके पर पहुंचे सीओ अभयनारायण राय और मुस्करा थानाध्यक्ष विनोद कुमार ने घटना स्थल पर पहुंच जांच पड़ताल की।

# ग्राम पंचायतों में बगैर भेदभाव से कराएं विकास कार्यः बीडीओ

**● मीटिंग में ग्राम प्रधानों व बीडीसी सदस्यों ने खुलकर रखीं समस्याएं**

संवाददाता। रामपुरा (जालौन)



क्षेत्र पंचायत की बैठक में विधायक का स्वागत करते बीडीओ पायनियर

**शुक्रवार** को विकासखंड रामपुरा में क्षेत्र पंचायत सदस्य ग्राम प्रधान सचिव की मीटिंग आयोजित हुयी जिसकी अध्यक्षता अजीत सिंह सेंगर ब्लाक प्रमुख रामपुरा ने की जबकि संचालन खंड विकास अधिकारी ओम प्रकाश द्विवेदी ने किया।

क्षेत्र पंचायत रामपुरा की बैठक में मुख्य अतिथि माधौगढ़ विधायक मूलचंद निरंजन एमएलसी प्रतिनिधि ने की आज की इस बैठक का मुख्य उद्देश ग्राम सभाओं से जुड़े हुए समस्त विकास कार्यों पर जो डालते हुए ब्लाक प्रमुख अजीत सिंह मुख्य रूप से विकास कार्य से लेकर स्वास्थ शिक्षा गायों को टीका लगाकर वैक्सीनेशन करवाना सभी के बारे में जागरूक करते हुए कहा सभी ग्राम पंचायतों में ऑनलाइन व्यवस्था करवाएंगे जिससे वृद्धावस्था पेंशन विधवा पेंशन पात्रों को समय से मिल सके। जेएमआई राजेंद्र सिंह यादव ले जल संरक्षण एवं किसानों को गहरी बोर एवं ऋण उपलब्ध करवाने हेतु बहुत सारी जानकारियां दी। डॉक्टर समीर प्रधान ने स्वास्थ्य चिकित्सा पर कोविड-19 की तीसरी डोज जिसे बूस्टर डोज के रूप में लगवाने के लिए जोर दिया 12 साल से 14 वर्ष के किशोरों को कोविड-19 टीका लगवाने पर जोर दिया। खंड विकास अधिकारी ओम प्रकाश द्विवेदी ने विकास कार्यों पर जोर डालते हुए सभी ग्राम से आए हुए ग्राम प्रधानों एवं क्षेत्र पंचायतों को विकास कार्य करवाने के बारे में जो डालते हुए कहा जहां पर भी कोई समस्या हो मुझे तुरंत अवगत कराएं और मानक के अनुरूप विकास कार्यों को एवं सीसी निर्माण को नाला निर्माण को प्रभावी ढंग से करायें। विधायक मूलचंद निरंजन सभी प्रधानों को क्षेत्र पंचायत सदस्यों का अभिवादन करते हुए गांव में पंचायत भवन का अच्छा निर्माण कराने के लिए पार्को का निर्माण कराने की बात कही। बाद में अध्यक्षता कर रहे ब्लॉक प्रमुख अजीत सिंह ने क्षेत्र पंचायत सदस्य की बैठक का समापन किया ग्रामीण अंचलों से आए हुए सभी लोगों को वादन कर बैठक का समापन किया।

# डीएम ने समीक्षा बैठक कर जनपद विकास के लिये बनायी रणनीति

संवाददाता। चित्रकूट

**जिलाधिकारी** की अध्यक्षता में सिटी डेवलपमेंट प्लान के संबंध में समीक्षा बैठक संपन्न हुई।

उन्होंने कहा कि जनपद को डेवलपमेंट करने के लिए ऐसी रणनीति बनाई जाए जिससे कि इसका विकास हो सके। उन्होंने कहा कि यह धार्मिक स्थल है विचार विमर्श किया जाए इसके बारे में हम लोग क्या कर सकते हैं की पर्यटन को अधिक से अधिक आकर्षित कर सकें जिससे कि इसका विकास हो सके। उन्होंने कहा यहां पर कामदगिरि परिक्रमा मार्ग एवं रामघाट दो स्थल प्रमुख है इनको हम किस प्रकार बढ़ा सकते हैं इस पर विचार करने की जरूरत है कामदगिरि परिक्रमा मार्ग बहुत ही महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा विजन और बड़ा करें उन्होंने आर्किटेक्चर से पूछा कि आप लोग बड़े स्थलों पर कार्य किए हैं या नहीं अगर किया है तो बहुत ही अच्छा है। उन्होंने कहा कैसे इसको बड़ा कर सकते हैं रामघाट एवं परिक्रमा मार्ग के अलावा और आसपास के जगहों को किस प्रकार विकास किया जा सकता है। इस अवसर पर उप जिला अधिकारी कर्वी पूजा यादव, जिला पर्यटन अधिकारी शक्ति सिंह एवं आर्किटेक्चर मनु गोयल, मिशा, अत्रि प्रशांत उपस्थित रहे।

### डीएम-एसपी ने जिला कारागार का किया निरीक्षण,महिला बैरिक की कराई तलाशी

**चित्रकूट।** जिलाधिकारी शुभ्रान्त कुमार शुक्ल व एसपी अतुल शर्मा ने जिला कारागार का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने बैग स्कैनर का निरीक्षण किया तत्पश्चात उन्होंने हाता न0 5, 4, 3 में जाकर विभिन्न धाराओं में निरुद्ध एवं उनकी समस्याओं तथा खानपान आदि की जानकारी की। उन्होंने महिला बैरक में जाकर उनकी समस्याओं एवं खानपान के बारे में पूछे तथा खाना तलाशी भी कराई गई। जिलाधिकारी ने जेल अधीक्षक को निर्देश दिए की कैदियों को स्वास्थ्य लाभ को देखते हुए योगाभ्यास आदि भी कराते रहें। उन्होंने कहा कि जिसका वैक्सीनेशन नहीं हुआ है उनको वैक्सीनेशन कराएं तथा सेकंड डोज भी लगाया जाय। इस अवसर पर अपर पुलिस अधीक्षक शैलेश कुमार राय, पुलिस क्षेत्राधिकारी कर्वी शीतला प्रसाद पांडे, प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉ0 आशीष कंकोरिया, जेलर संतोष कुमार, उप कारापाल आलोक कुमार मौजूद रहे।

### सीएचसी प्रभारी ने दी डॉक्टर को धमकी

**चित्रकूट।** पहाडी ब्लाक क्षेत्र के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र बछरन में तैनात डॉ राजेश मौर्य ने सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पहाडी प्रभारी उदय सिंह पर गम्भीर आरोप लगाये हैं। देर रात थाने पहुंचकर प्रभारी डॉक्टर के खिलाफ तहरीर दी है और जानमाल की सुरक्षा की गुहार लगाई है। शुक्रवार को डॉ राजेश मौर्य ने बताया कि स्वास्थ्य केन्द्र में अनियमितताओं की शिकायत सीएमओ से की तो प्रभारी ने उन्हें जान से मरवा देने व पत्नी को गायब करने की फोन से धमकी दी है। स्वास्थ्य केन्द्र पहाडी प्रभारी ने कहा कि चुपचाप नौकरी करो। उसकी पहुंच दूर तक है। उसका कुछ नहीं बिगाड सकते। धमकी के बाद डॉ राजेश मौर्य का परिवार सदमे में है। परिवार समेत देर रात पहाडी थाना पहुंचे डॉ राजेश मौर्य ने थाना प्रभारी अजीत पाण्डेय से प्रभारी उदय सिंह की शिकायत की है। प्रभारी उदय सिंह ने बताया कि उन पर लगे आरोप बेबुनियाद हैं।

# नवविवाहिता की धारदार हथियार से हत्या, शक की सुई पड़ोसी पर

संवाददाता। कुरारा(हमीरपुर)

**कुरारा क्षेत्र** के उमराहट गांव में एक नवविवाहिता की धारदार हथियार से हत्या कर दी गयी। मायके वालो ने लाश उठाने से मना कर दिया,एएसपी मौके पर जाकर मामले की छानबीन की है। पुलिस के मुताबिक गांव के वंदना (25) पत्नी सत्यम निषाद का रक्त रंजित शव उसके कमरे में मिलने से हड़कंप मच गया सुबह जब पड़ोसी सोकर जगे तो कमरे के बाहर म्रतका की एक वर्षीय बच्ची रो रही थी। तथा कमरे का दरवाजा खुला हुआ था। तब उनको घटना की जानकारी हुई। तथा उन्होंने मृतका के ससुर फूल सिंह को घटना की जानकारी दी। तब पुलिस मौके पर पहुंची। तथा मृतका के मायके वालों को घटना की जानकारी दी गई। तब वह लोग गांव पहुंचे तथा मामले के खुलासे को लेकर पुलिस को शव नही उठाने दिया गया। इसके बाद अपर पुलिस अधीक्षक अनूपकुमार व सीओ सदर रवि प्रकाश सिंह तथा फोरेंसिक टीम, व डॉग स्क्वायड टीम मौके पर गयी। तथा पड़ोसी के मकान तक गया। म्रतका की मां छिदिया पत्नी स्वर्गीय राजबहादुर ने तहरीर दी है। वही पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है। मृतका का ससुर बहुरुपिया नाच में काम करता है। तथा बीती रात वह अकौना की बारात में कुम्हऊ पुर नाच गाना करने गया था। तथा सास रिश्ते दारी में निमन्त्रण करने गयी थी। बहु बन्दना अपने बच्ची के साथ अकेले घर में थी। डॉग स्क्वायड टीम ने घटना स्थल पर जाकर घटना की जानकारी के लिए प्रयास किया घटना स्थल से डॉग पड़ोसी के मकान तक जाकर रुक गया। मृतका की बहन ने बताया कि पड़ोसी ने दो बार मेरी बहन के साथ मारपीट व छेड़खानी की थी।जिसकी तहरीर पुलिस चौकी में म्रतका द्वारा 9 मई को पड़ोसी गोटे के खिलाफ दी थी।

# भदारी में ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि ने किसानों को भूसा दान के लिए किया प्रेरित



**कोंच ( जालौन )।** जिलाधिकारी की पहल के चलते शुक्रवार को कोंच विकासखंड के ग्राम ग्राम भदारी में ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि सतेंद्र पटेल शीलू पड़री, सचिव पवन तिवारी, प्रधान विनय कुमार पिंटू धर्मेंद चमरसेना,अंकुर पटेल ने गांव में भ्रमण कर किसानों से भूसा दान करने की अपील की। इसी के साथ नदीगांव विकासखंड के गांवों में भी भूसा दान अभियान जोरशोर से चलाया गया।

इस दौरान ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि शीलू पड़री ने किसानों से कहा कि इस यात्रा का मुख्य मकसद गांव-गांव जाकर भूसा एकत्रित करना है, जिससे एकत्रित भूसे को गौशालाओं तक पहुंचाया जा सके। उन्होंने कहा कि भूसा दान यात्रा प्रत्येक ग्राम पंचायत व मजरे में जाकर भूसा एकत्रित करेगी और उन्हें गौशालाओं तक पहुंचाया जाएगा जिससे भूसे की कमी के कारण कोई भी मवेशी भूखा न रहे। इस पर किसानों ने भी आश्वासन दिया कि गांव में बनी गौशाला में भूसे की कोई भी कमी नहीं रहने देंगे। इसीक्रम में कोंच विकासखंड के ग्राम भरसूड़ा में मुन्नालाल, सामी ने वसीम खान, बसोब में देवीशरण सोनी, कैथी में मनोज चतुर्वेदी, पिण्डारी में सुमित कुमार, नरी में अनुज गुप्ता, फुलैला में पूनम, लौना में अभिषेक यादव, छानी में शिल्पी, जखौली में नरेंद्र पटेल व भदारी में पवन तिवारी पंचायत सचिव ने भूसा दान अभियान चलाया। वहीं नदीगांव विकासखंड के ग्राम राजीपुरा में राकेश कुमार, देवगांव में केशवकांत त्रिपाठी, पचीपुरा खुर्द में प्रमोद, अकनीवा में हर्षित गुप्ता, कुसमरा में रामबिहारी, कुठौंदा में देवेंद्र निरंजन, रेढ़र में शीलनिधि शुक्ला, कटकरी बुजुर्ग में दीपक कुमार, धनौरा में गंधर्व सिंह, खुटेला में आयुष शर्मा, गड़ेरना में रोहित, कन्हरपुरा में संदीप रावत, सदूपुरा में लक्ष्मण चौरसिया व धंजा में प्रशांत सुभाष दुबे पंचायत सचिव ने भूसा दान अभियान चलाया।

### वसूली कर लौट रहे सर्राफा व्यापारी से नकदी, चैन लूटी

**जालौन ( उरई )।** वसूली करके लौट रहे सर्राफ व्यापारी को 2 लोगों ने मोटरसाइकिल लगा कर रोक लिया तथा मारपीट कर 20 हजार रुपए तथा सोने की जंजीर खींच ले गये हैं। रास्ते में रोक कर हुई लूटपाट की शिकायत पीड़ित ने पुलिस की है पुलिस मामले की जांच कर रही है।

कोतवाली क्षेत्र के ग्राम नैनपुरा निवासी सर्राफ व्यवसायी कुलदीप सोनी पुत्र श्याम सुंदर बाजार से बसूली करके आर घर लौट रहे थे। माड़री से नैनपुरा के रास्ते पर पहले से मौजूद नरेंद्र कुमार उर्फ अरविंद निवासी नैनपुरा तथा 1 अज्ञात व्यक्ति ने रास्ते में मोटरसाइकिल लगाकर रोक लिया। शराब के नशे में गाली-गलौज करने लगा। इसी दौरान इन लोगों ने सराफ व्यापारी से 20 हजार रुपए तथा 30 ग्राम की सोने की जंजीर खींच ले गये।पीड़ित ने बताया कि आरोपित जान से मारने की धमकी देकर अपाचे मोटरसाइकिल से फरार हो गये हैं। पीड़ित ने मारपीट के साथ 20 हजार रुपए तथा सोने की जंजीर लूटने की शिकायत पुलिस से की है।

# सचिवों ने भाजपाइयों की गिरफ्तारी को लेकर शुरू की अनिश्चितकालीन हड़ताल

संवाददाता। चित्रकूट


हडताल पर बैठे सचिव। पायनियर

**ग्राम पंचायत** अधिकारी-ग्राम विकास अधिकारी समन्वय समिति के बैनर तले शुक्रवार को सभी सचिव एकजुट होकर कार्यवहिष्कार करते हुये धरने पर बैठे रहे। विकास खंड कार्यालय में सचिव घनश्याम दास शुक्ला एवं भाजपा युवा मोर्चा के जिला अध्यक्ष सहित कई नेताओं के विरुद्ध दर्ज मामले को लेकर जिला के ग्राम विकास अधिकारी एवं ग्राम पंचायत अधिकारी ने एकजुट होकर विकास भवन चित्रकूट में अनिश्चितकालीन हड़ताल शुरू कर दिया। जिससे बड़े पैमाने पर विकास कार्य प्रभावित हुए। कर्मचारियों की सुरक्षा सहित कई बिंदुओं में मांग करते हुए कहा कि सचिव के साथ मारपीट करने वालों को गिरफ्तार कर जेल नहीं भेजा जाएगा तब तक अनिश्चितकालीन हड़ताल विकास भवन में जारी रहेगी। बताते चलें कि विकासखंड परिसर में शादी समारोह के पंचायत भवन मांग को लेकर सचिव घनश्याम दास शुक्ला एवं भाजपा युवा मोर्चा के नेताओं के बीच कहासुनी के साथ मारपीट हो गई जिसको लेकर दोनों पक्षों ने थाने में घेराव किया।सचिव घनश्याम दास शुक्ला के तहरीर में आधा दर्जन गंभीर धाराओं में भाजपा युवा मोर्चा के जिलाध्यक्ष हीरो मिश्रा समेत कार्यकर्ता के विरुद्ध मुकदमा पंजीकृत किया गया था। वही युवा मोर्चा के पदाधिकारी भी दोषी कर्मचारियों के विरुद्ध लिखित तहरीर देकर मुकदमा पंजीकृत कराने के लिए देर रात तक थाने में डटे रहे परंतु प्राथमिकी दर्ज नहीं हुई। आनन-फानन में जिलाध्यक्ष चंद्रप्रकाश खरे रात्रि में थाने पहुंचकर सभी कार्यकर्ताओं को समझा-बुझाकर मामले को जांच एवं कार्यवाही का भरोसा दिलाकर शांत कराया था। दूसरे दिन कर्मचारियों ने तालाबंदी के साथ पांचों ब्लॉक के कर्मचारियों ने विकास खंड में ताला जड़कर अनिश्चितकालीन हड़ताल शुरू कर दिया है। कर्मचारियों ने मांग करते हुए प्रशासन को चेतावनी दिया कि दो दिन के अन्दर सुरक्षा के साथ-साथ युवा मोर्चा के नामजद आरोपियों को गिरफ्तार करके जेल नहीं भेजा जाएगा तो 14 मई से अनिश्चितकालीन हड़ताल शुरू की जायेगी। आन्दोलन में सचिव सफाई कर्मचारी, रोजगार सेवक, तकनीकी सहायक, डीपीआरओ कार्यालय के सभी कर्मचारी शिरकत करेंगे।